सूर्योदय : 6:37
सूर्यास्त : 6:02
अधिकतम तापमान : 29.0
न्यूनतम : 15.0


RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्या:
SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-18 अंक-241 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, शनिवार, 22 फरवरी 2025
23 शाबान 1446 हिजरी

हिन्दी दैनिक
# अवधनामा
www.avadhnama.com

**मुख्यमंत्री योगी ने विधानसभा में अपने विचार व्यक्त किये**

# महाकुंभ से यूपी की अर्थव्यवस्था में होने वाली है तीन लाख करोड़ की ग्रोथ : योगी

**बजट सत्र**

- **छह करोड़ लोगों को गरीबी रेखा से बाहर निकाला गया**
- **भारत दुनिया की पांचवीं बड़ी अर्थव्यवस्था बना**



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शुक्रवार को विधानसभा में बजट सत्र के दौरान समाजवादी पार्टी पर जमकर बरसे।

सपा विधायक रागिनी सोनकर के आर्थिक संबंधी सवाल पर योगी आदित्यनाथ ने जवाब दिया। सीएम योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश ने 1 ट्रिलियन इकोनॉमी बनाने का लक्ष्य रखा है। भारत 3 नहीं 5 ट्रिलियन इकोनॉमी बनने की ओर अग्रसर हुआ है। इसके साथ ही सीएम योगी ने कहा कि प्रदेश में महाकुंभ मेले का दिव्य आयोजन किया गया है। इस महाकुंभ से उत्तर प्रदेश की अर्थव्यस्था में 3 लाख करोड़ की ग्रोथ होने वाली है। सीएम योगी ने कहा, आप की पीड़ा मैं समझ सकता हूँ कि आपके नेता कहते हैं कि भारत कभी विकसित नहीं बन सकता है। आप उनका अनुसरण करेंगी ही। भारत आज दुनिया की 5वीं बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है। 2027 में भारत 5 ट्रिलियन इकोनॉमी वाला देश बनेगा। इसमें कोई संशय नहीं है। सीएम योगी ने कहा, हो सकता है कि कुछ लोगों को यह अच्छा नहीं लग रहा होगा। क्योंकि जिनका अपना पर्सनल एजेंडा होता है। वो देश के विकास को नहीं मानेंगे। भारत ने प्रधानमंत्री मोदी जी के निर्देशन में एक विस्तृत कार्यक्रम बढ़ाया है।

**27 लाख करोड़ की अर्थव्यवस्था बनकर उभरेगा प्रदेश**

सीएम योगी ने कहा, इसी का परिणाम है कि जब हमारी सरकार 2017 में आई थी, तब 12 लाख करोड़ की इकोनॉमी थी। इस वित्तीय वर्ष के अंत मे साढ़े 27 लाख करोड़ की अर्थव्यवस्था बनकर उभरेगी। यह तब हो रहा है जब दुनिया वैश्विक महामारी कोरोना के बाद आर्थिक मंदी के दौर से गुजरी थी। इस देश ने प्रधानमंत्री के नेतृत्व में 10 साल में 25 करोड़ लोगों को गरीबी रेखा से उबारने का काम किया है। इसी तरह उत्तर प्रदेश सरकार ने 10 साल में 6 करोड़ लोगों को गरीबी से उबारा है। अकेले महाकुंभ का आयोजन उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था में 3 लाख करोड़ की ग्रोथ करने जा रहा है। महिलाओं को हर सेक्टर में मौका दिया जा रहा है।

# सुप्रीम कोर्ट की सुपरटेक की 16 रुकी परियोजनाओं पर रोक

- **करीब 50 हजार फ्लैट खरीदारों पर असर**
- **12 दिसंबर को एनबीसीसी को 16 परियोजनओं को पूरा करने की मिली थी जिम्मेदारी**
- **9945 करोड़ रुपये खर्च कर 12 से 36 माह में काम पूरा कर कुल 49,748 फ्लैट खरीदारों को दिया जाना था आशियाना**



**नोएडा।** राष्ट्रीय कंपनी अधिनियम अपीलीय न्यायाधिकरण (एनसीएलएटी) ने सुपरटेक समूह की उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, हरियाणा, कर्नाटक में अटकी 16 परियोजनाओं को पूरा करने की जिम्मेदारी दिसंबर में नेशनल बिल्डिंग कंस्ट्रक्शन कंपनी (एनबीसीसी) को सौंप दी है।

यह निर्माण कार्य एनबीसीसी को 12 से 36 माह में पूरा करना होगा, जिस पर 9945 करोड़ रुपये खर्च होंगे। परियोजनाओं के पूरा होने से कुल 49,748 फ्लैट खरीदारों को उनका आशियाना मिलेगा। इस आदेश पर शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट ने रोक लगा दी है। शीर्ष अदालत ने नए सिरे से सुपरटेक और अन्य कंपनियों से 16 प्रोजेक्टों को पूरा करने के लिए प्रस्ताव मांगे हैं। सुपरटेक ने दावा किया है कि वह 12 से 24 माह में 20 हजार लोगों को उनका आशियाना दे देगा, जिसका प्रस्ताव उसके पास तैयार है। बता दें कि 12 दिसंबर 2024 को एनसीएलएटी ने सभी प्रोजेक्टों को पूरा करने की जिम्मेदारी एनबीसीसी को सौंपी थी। सभी औपचारिकता पूरी करने के साथ मई में एनबीसीसी को काम शुरू करना था। एनबीसीसी को यह काम 12 से 36 महीनों में पूरा करने को कहा गया था। खासियत यह थी कि इसके लिए बायर्स को सिर्फ वहीं पैसा देना होता जो बिल्डर पर उसका पेंडिंग है। हालांकि इन प्रोजेक्ट में बनने वाले फ्लैट का अधिकांश पैसा बायर्स बिल्डर को दे चुके है। इन प्रोजेक्ट में नोएडा, ग्रेटर नोएडा और यमुना विकास के करीब 20 से 25 हजार बायर्स है।

**सीएम रेखा गुप्ता ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से की मुलाकात**

# विकास यात्रा में आपका मार्गदर्शन सदैव मिलता रहेगा : रेखा गुप्ता

- **उपराष्ट्रपति धनखड़ से भी की शिष्टाचार भेंट**



**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने पदभार संभालने के एक दिन बाद शुक्रवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ से मुलाकात की। उन्होंने राष्ट्रपति मुर्मू से राष्ट्रपति भवन में और उपराष्ट्रपति धनखड़ से राष्ट्रीय राजधानी में उपराष्ट्रपति एन्क्लेव में मुलाकात की। इससे पहले दिन में, रेखा गुप्ता ने समर्थकों से मुलाकात के दौरान आभार व्यक्त किया और कहा कि दिल्ली सरकार ने पहली कैबिनेट बैठक में ही आयुष्मान भारत योजना को मंजूरी दे दी, जिसे आप ने अवरुद्ध कर दिया था। दिल्ली के मुख्यमंत्री ने आगे के मुद्दों के बारे में भी बात की जिन पर आगामी कैबिनेट बैठकों में चर्चा की जाएगी। मीडिया से बात करते हुए दिल्ली के नए सीएम ने कहा कि विकास यात्रा में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का मार्गदर्शन सदैव मिलता रहेगा। आज, हमने कैबिनेट के साथ बैठक के लिए पीडब्ल्यूडी और जल बोर्ड के अधिकारियों को बुलाया है। हम गड्ढों के मुद्दे को उठाएंगे। सीएम रेखा गुप्ता ने भी लोगों से बातचीत की, क्योंकि शुक्रवार को बड़ी संख्या में लोग शालीमार बाग में उनके आवास के बाहर उनका स्वागत करने के लिए एकत्र हुए थे।

# मराठी अमृत भाषा में वीरता है : मोदी

**98वें मराठी साहित्य सम्मेलन**

- **अखिल भारतीय मराठी साहित्य सम्मेलन का प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया शुभारंभ**
- **यह सम्मेलन आजादी की लड़ाई का सार**



**मुंबई।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तालकटोरा स्टेडियम में शुक्रवार को 98वें अखिल भारतीय मराठी साहित्य सम्मेलन का उद्घाटन किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि आज दिल्ली की धरती पर मराठी भाषा का ये प्रतिष्ठित आयोजन हो रहा है।

अखिल भारतीय मराठी साहित्य सम्मेलन सिर्फ एक भाषा या एक राज्य तक सीमित नहीं है। मराठी साहित्य सम्मेलन में आजादी की लड़ाई का सार है। 1878 में अपने पहले आयोजन से लेकर अब तक अखिल भारतीय मराठी साहित्य सम्मेलन देश की 147 साल की यात्रा का साक्षी रहा है। पीएम मोदी ने कहा कि मराठी एक सम्पूर्ण भाषा है। मराठी में शूरता भी है, वीरता भी है। मराठी में सौंदर्य है, संवेदना भी है, समानता भी है, समरसता भी है। इसमें अध्यात्म के स्वर भी हैं और आधुनिकता की लहर भी है। मराठी में भक्ति भी है, शक्ति भी है और युक्ति भी है। पीएम मोदी ने कहा कि आज शरद पवार के निमंत्रण पर मुझे इस गौरवशाली परंपरा में शामिल होने का अवसर मिल रहा है। मराठी भाषा अमृत से भी मीठी है। इसलिए आप मराठी भाषा और मराठी संस्कृति के प्रति मेरे प्रेम से भली-भांति परिचित हैं। मैं आप विद्वानों जितना मराठी में पारंगत नहीं हूं, लेकिन मैंने मराठी बोलने, मराठी के नए शब्द सीखने का निरंतर प्रयास किया है। उन्होंने कहा कि कुछ महीने पहले, मराठी भाषा को शास्त्रीय भाषा का दर्जा दिया गया। भारत और दुनिया में 120 मिलियन से अधिक मराठी भाषी लोग हैं। लाखों मराठी भाषी दशकों से मराठी को यह मान्यता मिलने का इंतजार कर रहे थे। मुझे यह कार्य पूरा करने का अवसर मिला और मैं इसे अपने जीवन का एक बड़ा सौभाग्य मानता हूं। आज हम इस बात पर भी गर्व करेंगे कि महाराष्ट्र की इस धरती पर एक महान मराठी भाषी व्यक्ति ने 100 साल पहले राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के बीज बोए थे। आज यह एक वट वृक्ष के रूप में अपना शताब्दी वर्ष मना रहा है। मैं खुद को सौभाग्यशाली मानता हूं कि लाखों अन्य लोगों की तरह आरएसएस ने मुझे भी राष्ट्र के लिए जीने की प्रेरणा दी है। मराठी एक सम्पूर्ण भाषा है। मराठी में शूरता भी है, वीरता भी है। मराठी में सौंदर्य है, संवेदना भी है, समानता भी है, समरसता भी है।






# उत्तराखंड विधानसभा में भू-कानून बिल पास

**उत्तराखंड में बाहरी लोग नहीं खरीद सकेंगे जमीन**

**देहरादून।** उत्तराखंड विधानसभा में आज सशक्त भू-कानून के विधेयक को मंजूरी दे दी है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उत्तराखंड (उत्तर प्रदेश जमींदारी विनाश और भूमि व्यवस्था अधिनियम 1950) संशोधन विधेयक 2025 प्रस्तुत किया। इस दौरान उन्होंने इस कानून में होने वाले संशोधन पर भी बात की। उन्होंने सदन को बताया कि राज्य में जमीनों को भू-माफियाओं से बचाने, प्रयोजन से इतर उनका दुरुपयोग रोकने की जरूरत को समझते हुए कानून में बदलाव किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस बदलाव को लाने से पहले हमारे समक्ष भौगोलिक, निवेश, रोजगार को लेकर भी चुनौतियां थीं। सीएम ने कहा, पिछले वर्षों में देखा गया कि विभिन्न उपक्रम स्थापित करने, स्थानीय लोगों को रोजगार देने के नाम पर जमीन खरीदकर उसे अलग प्रयोजनों में इस्तेमाल किया जा रहा था। इस संशोधन से न केवल उन पर रोक लगेगी, बल्कि असल निवेशकों व भू-माफिया के बीच के अंतर को पहचानने में भी कामयाबी मिलेगी। सशक्त भू-कानून की मांग को देखते धामी सरकार करीब तीन साल से काम कर रही थी।

## अध्यापकों की नियुक्ति न होने से मूल अधिकारों का हो रहा हनन : हाईकोर्ट

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कहा है कि भारतीय संविधान के अंतर्गत प्राथमिक शिक्षा बच्चों का मूल अधिकार है और सरकार का दायित्व है कि वह छह से 14 साल के बच्चों को अनिवार्य रूप से शिक्षा प्रदान करें। यह तभी संभव है जब स्कूलों में अध्यापकों की नियुक्ति हो, लेकिन प्रदेश के प्राइमरी स्कूलों में बड़ी संख्या में अध्यापकों के पद खाली पड़े हैं और यह अनुच्छेद 21ए का उल्लघंन है। इस टिप्पणी के साथ कोर्ट ने अपर सचिव (बेसिक शिक्षा) से व्यक्तिगत हलफनामा दाखिल कर बताने का निर्देश दिया है कि बच्चों को शिक्षा के मूल अधिकारों का हनन करने वाले राज्य सरकार के अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई क्यों न की जाए? मामले में अगली सुनवाई 11 मार्च को होगी। यह आदेश न्यायमूर्ति प्रकाश पाडिया ने कृषि औद्योगिक विद्यालय बांदा की प्रबंध समिति की तरफ से दाखिल याचिका की सुनवाई करते हुए दिया है।

## 24 फरवरी को होने वाली हाईस्कूल इंटरमीडिएट की परीक्षा स्थगित

**महाकुंभ में भीड़ के चलते लिया गया निर्णय**




- **स्थगित परीक्षा नौ मार्च को होगी**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में यूपी बोर्ड की परीक्षाएं 24 फरवरी से शुरू हो रही हैं। जबकि प्रयागराज में महाकुंभ के दौरान 26 फरवरी को महाशिवरात्रि का स्नान होना है। स्नान के कारण श्रद्धालुओं की काफी संख्या व यातायात को देखते हुए प्रयागराज में 24 फरवरी को होने वाली बोर्ड परीक्षा स्थगित कर दी गई है। माध्यमिक शिक्षा मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गुलाब देवी ने शुक्रवार को राज्य स्तरीय कंट्रोल रूम के उद्घाटन के दौरान यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि प्रयागराज में 26 फरवरी को महाकुंभ के अंतिम स्नान महाशिवरात्रि पर काफी लोगों के आने व यातायात प्रबंधन को देखते हुए 24 फरवरी को होने वाली हाईस्कूल और इंटर की परीक्षाओं को स्थगित कर 9 मार्च रविवार को फिर से आयोजित किया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह संशोधन केवल प्रयागराज जिले के लिए लागू होगा, जबकि अन्य जिलों में परीक्षाएं पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार होंगी। इसके बाद माध्यमिक शिक्षा विभाग के संयुक्त सचिव अशोक कुमार की ओर से इसका आदेश जारी किया गया। उन्होंने बताया कि 24 फरवरी को होने वाली परीक्षाओं का विषय और पेपर उसी समय और स्थान पर नौ मार्च को होगा।




## सीएम आज आएंगे कुंभी व गोला, चप्पे-चप्पे पर तैनात रहेगी पुलिस

# डीएम-एसपी ने भ्रमणशील रहकर परखी तैयारिया

■ खीरी पहुंचे प्रभारी मंत्री, कमिश्नर व आईजी रेंज ने सीएम के कार्यक्रम की देखी तैयारियों



*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर-खीरी।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शनिवार को लखीमपुर खीरी के दौरे पर आ रहे हैं। सीएम के आगमन को लेकर पुलिस-प्रशासन ने तैयारियां पूरी कर ली है। डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल और एसपी संकल्प शर्मा ने ड्यूटी में तैनात सभी अधिकारियों के साथ दोनों कार्यक्रम स्थलो क्रमशः कुंभी और राजेंद्र गिरी स्टेडियम गोला में ब्रीफिंग की।वही जिले के प्रभारी मंत्री नितिन अग्रवाल, आयुक्त, लखनऊ मंडल डॉ रोशन जैकब और आईजी रेंज प्रशांत कुमार ने पहुंच कर कार्यक्रम की तैयारियो की गहन समीक्षा की, संबंधित को जरूरी दिशा निर्देश दिए।मुख्यमंत्री के गोला, कुंभी में प्रस्तावित कार्यक्रमों को लेकर जिला प्रशासन अलर्ट है। सीएम की सुरक्षा एवं योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी भी तरह की त्रुटि नहीं रह सके, इसको लेकर पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारी एक-एक बिन्दु पर काम कर रहे है। डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल और एसपी संकल्प शर्मा ने सीएम के कार्यक्रम के एक दिन पूर्व पुलिस एवं प्रशासनिक अफसरों के साथ ब्रीफिंग की। डीएम-एसपी ने पुलिस एवं प्रशासनिक अफसरों को कई आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिया। डीएम-एसपी ने कहा कि सीएम के कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा में किसी भी तरह की सुस्ती नहीं होनी चाहिए बैठक के दौरान डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों, कार्मिकों को उनके कार्य व कर्तव्यों के बारे में भी बोध कराया और सभी को पूरी निष्ठा से ड्यूटी करने को कहा। एसपी संकल्प शर्मा ने ड्यूटी पर लगे समस्त पुलिसकर्मियों को पूरी मुस्तैदी और सतर्कता के साथ अपने तैनाती स्थल पर ड्यूटी करने के निर्देश दिए। बाहर से आए अधिकारियों को स्थानीय अधिकारियों से पहले ही संपर्क स्थापित कर अपने तैनाती स्थलों का निरीक्षण और तैयारी समय से पूर्व कर लेने के निर्देश दिए। इस दौरान सीडीओ अभिषेक कुमार, एडीएम संजय कुमार सिंह, एएसपी नेपाल सिंह, सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता ने भी अपने सरकार के विचार व्यक्त किए।

# लाला काशीनाथ ज्वैलर्स के यहां आयकर विभाग का छापा

**लखीमपुर-खीरी।** आयकर विभाग की अलग-अलग टीमों ने एक साथ कई प्रतिष्ठानों पर छापा मारा। स्थानीय पुलिस के साथ अधिकारियों की टीम कचहरी रोड स्थित लाला काशीनाथ ज्वैलर्स, खीरी रोड स्थित रवि अग्रवाल के शोरूम नीलकमल समेत रानीगंज स्थित एक प्रतिष्ठान पर पहुंची। अधिकारी देर शाम तक जांच-पड़ताल में जुटे रहे वहीं शहर में छापे की खबर से कारोबारियों में खलबली मची रही। अधिकांश व्यापारियों ने प्रतिष्ठानों के शटर गिरा दिए। छापे की कार्रवाई के दौरान प्रतिष्ठानों के कर्मचारियों के मोबाइल फोन बंद करा दिए गए। कुछ कर्मचारियों के फोन और संदिग्ध दस्तावेजों को टीमों ने कब्जे में भी ले लिया है लाला काशीनाथ सेठ ज्वैलर्स शोरूम में आयकर विभाग के अफसर बृहस्पतिवार को पूर्वाह्न करीब 11 बजे पैदल पहुंचे थे। टीम ने अपने वाहन कहीं और खड़े किए। इसके बाद रात में रुकने के लिए शोरूम पर गद्दे और रजाइयां मंगवाई गईं। शोरूम के अंदर मौजूद स्टाफ को भी रोका गया था। बताया जा रहा है कि टीम अंदर सारे अभिलेख जांच रही है। स्टॉक भी चेक किया जा रहा है। दोपहर में टीम के सदस्यों के लिए पानी की बोतल और खाना आया आयकर विभाग के स्थानीय अधिकारी कुछ भी बोलने के लिए तैयार नहीं है। लखीमपुर स्थित शोरूम पर भी आयकर विभाग ने छापा मारा है। स्थानीय पुलिस को भी इसकी जानकारी नहीं दी गई है। टीम के साथ सुरक्षाकर्मी आए हैं। किसी भी व्यक्ति को अंदर जाने की इजाजत नहीं है। काशीनाथ सेठ का शोरूम काफी पुराना है अभी आयकर विभाग के किसी भी अधिकारी की ओर से बयान जारी नहीं किया गया है लाला काशीनाथ ज्वैलर्स के यहां आयकर के छापे की सूचना पर सर्राफा व्यापारियों में हड़कंप मच गया। इस दौरान कारोबारियों ने एक-दूसरे को फोन कर टीम की लोकेशन जानी। सुबह से शुरू हुई आयकर टीम की कार्रवाई रात तक जारी रही। शहर में कई अन्य बड़े सर्राफा कारोबारी भी हैं। ऐसे में आयकर टीम के मूवमेंट पर लोगों की नजर रही।

## माता पार्वती ने कठोर तपस्या कर भगवान शिव को अपने पति के रूप में प्राप्त किया

# चिन्मय मिशन के तत्वाविधान से 7 दिवसीय ज्ञान यज्ञ का हो रहा आयोजन

*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर-खीरी।** चिन्मय मिशन के तत्वाविधान से 7 दिवसीय ज्ञान यज्ञ का आयोजन बलवीर सिंह के आवास पर हो रहा। कार्यक्रम की शुरुवात राजेंद्र प्रसाद तिवारी कंटक ने भजन सुना करके प्रारम्भ किया।।कार्यक्रम के पांचवे दिन मिशन साध्वी ने भगवत गीता पर चर्चा करते हुए कहा की कृष्ण भगवान अर्जुन को ज्ञान देते हुए कहा की जो इस संसार मे आया है वो जायेगा इस लिए आप युद्ध से मत डरो भगवान कृष्ण ने बताया की धर्म की ड़गर पर चलने वाला सदैव सही माना जायेगा।शाम की बेला मे प्रवचन करते हुए शिव जी के विवाह पर चर्चा करते हुए कहा महादेव भगवान शिव और माता पार्वती के पवित्र विवाह का पर्व श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। यह दिव्य उत्सव शिव भक्तों के लिए अटूट आस्था और भक्ति का प्रतीक है।पौराणिक मान्यताओं के अनुसार, माता पार्वती ने कठोर तपस्या कर भगवान शिव को अपने पति के रूप




में प्राप्त किया था। देवताओं और ऋषियों की उपस्थिति में हिमालय राज के दरबार में उनका भव्य विवाह संपन्न हुआ। इस शुभ दिन को महाशिवरात्रि के रूप में भी मनाया जाता है, जब देशभर के मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना की जाती है।इस अवसर पर कार्यकम आयोजक व चिन्मय मिशन के जिला अध्यक्ष बलवीर सिंह, संरक्षक नरायण सिंह,मंत्री विष्णु दत्त अवस्थी, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि डॉ नरेंद्र सिंह, जिला मंत्री बृजेश सिंह,जिला पंचायत सदस्य सूरज सिंह, अजय प्रकाश त्रिवेदी, संजय वर्मा, विनय सिंह, लालता सिंह देवेंद्र सिंह, संतोष सेंगर बीरेंद्र यादव आदि सैकड़ो भक्त उपस्थित रहे।

## 04 नफर वारण्टी अभियुक्तों को किया गया गिरफ्तार

**लखीमपुर-खीरी।** थाना मैलानी पुलिस द्वारा, विभिन्न अभियोगो में 04 नफर वारण्टी अभियुक्तों दिलीप कुमार गौतम चन्द्रशेखर उर्फ शेखर राजाराम राजबहादुर को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के विरूद्ध नियमानुसार विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## मैरिज लॉन में जयमाल के दौरान हुए विवाद में दूल्हे के भाई को मारी गोली, हुई मौत

**लखीमपुर-खीरी।** सदर कोतवाली क्षेत्र के एक मैरिज लॉन में बृहस्पतिवार रात जयमाल के दौरान हुए विवाद में दूल्हे के भाई को गोली मार दी गई। उसे गंभीर हालत में जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना में दुल्हन के चचेरे भाई समेत तीन लोगों के खिलाफ नामजद तहरीर पुलिस को दी गई है। पुलिस जांच कर रही है। घटना शहर की बेहजम रोड पर स्थित हरिकरन मैरिज लॉन की है। यहां सीतापुर के थाना तंबौर अंतर्गत गांव चांदीभानपुर निवासी कृष्णकांत वर्मा के बेटे जितेंद्र वर्मा की बरात आई थी। लड़की पक्ष भी सीतापुर के बिसवां कस्बे का था। देर रात करीब एक बजे जब जयमाल का कार्यक्रम चल रहा था। इस दौरान दूल्हा जितेंद्र वर्मा के छोटे भाई आशीष वर्मा (24) से दुल्हन साधना के चचेरे भाई सुमित और दो अन्य रिश्तेदारों का विवाद होने लगा विवाद करने वाले तीनों युवक आशीष को जान से मार देने की धमकी देकर वहां से चले गए, लेकिन वह कुछ देर बाद ही वापस आए और तमंचे से आशीष को गोली मार दी। गोली चलते ही बरात में अफरातफरी और चीख-पुकार मच गई। आनन-फानन गंभीर घायल आशीष को जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इधर, घटना के बाद तीनों आरोपी युवक फरार हो गए। वारदात के बाद दूल्हा-दुल्हन के फेरे भी नहीं पड़ पाए ।

## तीन मार्च को प्रस्तुत कर सकते हैं साक्ष्य

**महराजगंज।** स्थानीय बस स्टेशन में वाहन संख्या-यूपी-78 एचटी-3840 से स्टेशन के अन्दर बस के पीछे मोटरसाईकिल टकरा जाने से एक महिला घायल हो गयी तथा उपचार के दौरान उसकी मृत्यु हो गई। महिला के मृत्यु की मजिस्ट्रियल जाँच एसडीएम सदर द्वारा किया जा रहा है। इसकी जानकारी उप जिला मजिस्ट्रेट द्वारा दी गई हैं।

उन्होंने बताया कि दुर्घटना के सम्बन्ध में किसी व्यक्ति को कोई मौखिक अथवा लिखित साक्ष्य/कथन प्रस्तुत करना हो तो आगामी तीन मार्च को सुबह 10 बजे उप जिला मजिस्ट्रेट सदर के न्यायालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकता है।

# एथलीट्स मोहम्मद नाइफ ने जीता रजक पदक



**सहारनपुर। (अवधनामा संवाददाता)** अखिल भारतीय सिविल सर्विसेज एथलेटिक्स प्रतियोगिता जो की सेक्टर 7 स्पोर्ट कंपलेक्स, चंडीगढ़ में आयोजित की गई है, जिसमे उत्तर प्रदेश एथलेटिक्स टीम के खिलाड़ी मोहम्मद नाइफ जो रजस्व विभाग में लेखपाल के पद पर जनपद बस्ती में तैनात हैं ने अपना शानदार प्रदर्शन करते हुए ओपन कैटेगरी में हैमर-थ्रो में रजत पदक प्राप्त किया हम सभी राज्य वासियों के लिए यह बड़े गर्व की बात है। प्रदेश वासियों मुख्य रूप से बस्ती के सभी संभ्रांत लोगों एवं खिलाड़ियों ने नाइफ के प्रदर्शन को सराहते हुए उनको उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभ कामनाएं पेश की हैं।

## जनपद में 14 अप्रैल तक लागू रहेगी धारा 163: एडीएम

**बदायूं।** कानून एवं शांति व्यवस्था के मद्देनजर जिले भर में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 लागू कर दी गई है।

अपर जिला मजिस्ट्रेट प्रशासन अरुण कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि माह फरवरी तथा अप्रैल में महाशिवरात्रि, होली, फाल्गुन पूर्णिमा, जमात-उल-विदा (अलविदा), चेटीचन्द, ईद-उल-फितर, चौत्र पूर्णिमा, महर्षि कश्यप एवं महाराजा निषाद राज गुहय जयन्ती, रामनवमी, महावीर जयन्ती, डॉ भीमराव अम्बेडकर जयन्ती तथा माध्यमिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश बोर्ड एवं केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड दिल्ली के अन्तर्गत हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट परीक्षा भी प्रस्तावित है,जिसके चलते कानून एवं शान्ति व्यवस्था के दृष्टिगत 20 फरवरी से भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 लागू कर दी गई है जो आगामी 14 अप्रैल तक प्रभावी रहेगी।

# प्रख्यात साहित्यकार डा.पूजा यादव की पुस्तक का राज्यपाल ने किया विमोचन



*अवधनामा संवाददाता*

**पलियाकलां-खीरी।** राज्यपाल श्रीमती आनंदी बेन पटेल ने प्रख्यात लेखिका एवं जानी-मानी साहित्यकार डा. पूजा यादव अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी आयुष्मान भारत योजना एवं प्रोफेसर राजलक्ष्मी श्रीवास्तव द्वारा लिखित पुस्तक ÷सामान्य संपत्ति संसाधनों का प्रबंधन÷ का विमोचन राजभवन में किया, पुस्तक के विषयवस्तु व प्रस्तावना को पढ़ते हुये राज्यपाल ने लेखकों द्वारा सामान्य संपत्ति के समुचित उपयोग एवं उसके संवर्धन व संरक्षण की तरफ जनसामान्य का ध्यान आकर्षित कर जागरूकता का संदेश देने हेतु साधुवाद दिया गया। पुस्तक में लखीमपुर खीरी जनपद के तहसील पलिया के अंतर्गत निवास करने वाली थारू जनजाति की जीवन शैली का समग्र ढंग से विवेचन किया गया है। जनजाति समाज के लोग किस तरह की आर्थिक गतिविधियों का संचालन करते हैं, उनके विभिन्न रीति रिवाजों का भी सम्यक् अध्ययन करने के साथ साथ उनकी समस्याओं तथा उनके निराकरण के संबंध में भी जानकारी दी गई है। उल्लेखनीय है की पुस्तक की लेखिका डॉक्टर पूजा यादव पूर्व में उप जिलाधिकारी पलिया के रूप में सफलतापूर्वक अपने दायित्वों का निर्माण कर चुकी है एवं अपने कार्यकाल के दौरान सीमावर्ती क्षेत्र में आदिवासी जीवन शैली एवं जैव विविधता पर काफी अनुसन्धान किया गया है, गद्य एवं पद्य दोनों विधाओं में हिंदी साहित्य पर अच्छी पकड़ होने के नाते साहित्यकारों के बीच में उनकी खासी लोकप्रियता है।विमोचन समारोह में फूल चंद यादव, निर्मला, पार्थ कृष्णा, एवं अरुण यादव आदि उपस्थित रहे। पुस्तक विमोचन के लिए प्रोफ़ेसर अनुराधा तिवारी , डॉ. भास्कर शर्मा एवं इग्नू के निदेशक डा. जे पी वर्मा सहित पलिया बार के पूर्व महामंत्री व वरिष्ठ अधिवक्ता अमित महाजन, पत्रकार विकास दीक्षित, रोटरी क्लब पलिया अध्यक्ष एड0 गगन मिश्रा आदि ने डाक्टर डा. पूजा यादव के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें शुभकामनाएं प्रेषित की गई।

# गरीब, युवा, किसान और महिलाओं को समर्पित है केंद्रीय बजट: दिनेश शर्मा

*अवधनामा संवाददाता*

**बदायूं।** भाजपा कार्यालय पर जिला प्रभारी दिनेश कुमार शर्मा की अध्यक्षता में केंद्रीय बजट को लेकर एक गोष्ठी का आयोजन किया गया।गोष्ठी में काफी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे। गोष्ठी में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित प्रदेश उपाध्यक्ष व जिला प्रभारी दिनेश कुमार शर्मा ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि मोदी सरकार का बजट गरीब, युवा, किसान और महिलाओं और देश के सर्वांगीण विकास को समर्पित है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में यह बजट 2047 में विकसित भारत का रोड मैप तय करेगा। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने सर्वाधिक बजट शिक्षा पर खर्च किया है क्योंकि शिक्षित समाज ही देश को आगे ले जा सकता है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने ही शिक्षा विभाग को मानव संसाधन




मंत्रालय से अलग किया और देश के अन्नदाता किसानों के लिए दोगुना बजट दिया है,जिससे अन्नदाता के चेहरे पर खुशहाली आए और उसकी फसल का उचित दाम मिल सके। जिलाध्यक्ष भाजपा राजीव कुमार गुप्ता ने कहा मोदी सरकार का आठवां बजट अभूतपूर्व और ऐतिहासिक बजट है। समाज के प्रत्येक वर्ग को समर्पित यह बजट नौकरीपेशा, व्यापारियों और मध्यम वर्ग के लिए बड़ी राहत दी है। उन्होंने कहा कि आयकर में 7 से बढ़ाकर 12 लाख तक छूट देने का काम किया है। केसीसी को 3 लाख से बढ़ाकर 5.5 लाख तक सीमा की गई है इससे अन्नदाता को बड़ी राहत मिली है।प्रदेश मंत्री भाजपा डीपी भारती ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का प्रत्येक संकल्प सबका साथ- सबका विकास और सबका विश्वास को समर्पित हैं। पूर्व सांसद डॉ0 संघमित्रा मौर्य ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश के सर्वांगीण विकास एवं सामाजिक न्याय की प्रतिबद्धता के साथ जारी किया गया आम बजट आम नागरिकों को सशक्त बनाएगा। इस मौके पर उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मण्डल के प्रदेश यूवा उपाध्यक्ष नवनीत गुप्ता, प्रदेश संगठन मंत्री सर्वेश गुप्ता, राष्ट्रवादी उद्योग व्यापार संगठन जिलाध्यक्ष जितेंद्र महाजन, बदायूं उद्योग व्यापार मण्डल जिलाध्यक्ष वीरेंद्र धींगडा, उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मण्डल जिलाध्यक्ष केवी गुप्ता, पूर्व चेयरमैन दीपमाला गोयल, जवाहर रस्तोगी, शिवशंकर गुप्ता, अजय मथुरिया, गोपाल शर्मा, संजीव गुप्ता एड0, राहुल रावत सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# जनपद में 111 केन्द्रों पर होगी यूपी बोर्ड परीक्षा

## हाईस्कूल में 39826 और इंटर में 34774 परीक्षार्थी होंगे शामिल



*अवधनामा संवाददाता*

**महराजगंज।** यूपी बोर्ड की 10 और 12वीं की आगामी 24 फरवरी से शुरू होने जा रही हैं। परीक्षा को सकुशल संपन्न कराने के लिए प्रशासनिक और शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने तैयारी कर ली हैं। जनपद में 111 केंद्रों पर यह परीक्षा आयोजित होगी। जिसके लिए 111 स्टैटिक मजिस्ट्रेट, 111 वाह्य केंद्र व्यवस्थापक, 09 सेक्टर मजिस्ट्रेट जोनल मजिस्ट्रेट की तैनाती की गई हैं। जबकि इंटर में परीक्षार्थी 34774 और हाई स्कूल में परीक्षार्थी 39826 परीक्षा देंगे। जिलाधिकारी अनुनय झा ने कहा कि बोर्ड परीक्षाएं शुरू हो रही हैं। कहा कि नकलविहीन परीक्षा सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। जिलाधिकारी ने सीएमओ को प्रत्येक सेंटर पर प्राथमिक उपचार की दवाओं के साथ एक स्वास्थ्यकर्मी को तैनात करने का निर्देश दिया। केंद्र व्यवस्थापकों को प्रत्येक केंद्र पर क्लॉक रूम सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। कक्ष निरीक्षकों से ÷नो रिलेशन सर्टिफिकेट÷ प्राप्त करने के लिए भी कहा पुलिस अधीक्षक सोमेंद्र मीना ने कहा कि यदि किसी परीक्षा केंद्र पर परीक्षा कक्ष सड़क से जुड़ा हुआ है, तो सुरक्षा हेतु खिड़कियों पर जाली आदि लगवा लें। उन्होंने संकलन केंद्रों पर 24 घंटे पुलिस कर्मियों की ड्यूटी लगवाने का भी निर्देश दिया। इससे पूर्व डीआईओएस द्वारा सभी को सम्पूर्ण प्रक्रिया की और निर्देशों की जानकारी दी गई। बैठक में सभी एसडीएम, सेक्टर/स्टैटिक मजिस्ट्रेट सहित परीक्षा केंद्र व्यवस्थापक उपस्थित रहे।

## 15-15 लाख से 10 पार्कों में बनाए जाएंगे ओपन जिम

**अयोध्या।** अयोध्या वासियों के स्वास्थ्य को उत्तम रखने के लिए योगी सरकार ने बड़ा कदम उठाया है। नगर निगम क्षेत्र के 10 पार्कों को जिम वाला लुक दिया जाएगा। इसके लिए पार्कों में जिम के उपकरण लगाए जाएंगे। अयोध्या में भव्य मंदिर में रामलला के विराजमान होने के बाद नगर विकास के कार्यों में दिन प्रतिदिन बढ़ोतरी होती जा रही है। हाल ही में राज्य स्मार्ट सिटी योजना के अंतर्गत नगर में 18 जगहों पर हेल्थ एटीएम की शुरुआत कराई गई है। इसमें खून की तमाम जाँचे मार्केट से कम रेट पर उपलब्ध हैं। अब सरकार ने पार्कों में व्यायाम के लिए जिम के उपकरणों को रखाने का इंतजाम कर रही है। नगर आयुक्त संतोष शर्मा ने बताया कि हमारी कोशिश है कि नगर वासियों को हर वो सुविधाएं दें, जो बड़े बड़े महानगरों में मिल रही है। पार्कों में जिम की योजना भी उसी में से एक है।

# आगरा में ढाबा संचालक की दबंगई, कुंभ नहाने जा रहे श्रद्धालुओं से की मारपीट, जानिए क्या हैं पूरा मामला




*अवधनामा संवाददाता*

**आगरा।** आगरा के फतेहाबाद से एक मारपीट की घटना सामने आई है। जहां अजमेर से प्रयागराज के महाकुंभ स्नान करने जा रहे लोगों के साथ ढाबे के मालिक और कर्मचारियों ने जमकर मारपीट की और उनकी गाड़ी के शीशे भी तोड़ दिए. इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। बताया जा रहा है की फतेहाबाद थाना क्षेत्र के फिरोजाबाद मार्ग पर नगला लोहिया पर ढाबे पर बने टॉयलेट के प्रयोग करने के नाम पर रुपये मांगे गए। जबकि इन लोगों ने टॉयलेट गंदे होने की वजह से उसका उपयोग भी नहीं किया था। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। जो देखने में काफी भयावह है। इस घटना को लेकर पीड़ितों ने पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज करवाई है। अजमेर की रहने वाली अंशुला सेन ने बताया कि मिनी बस से परिवार के लोगों के साथ प्रयागराज महाकुंभ जा रहे थे। सुबह फतेहाबाद क्षेत्र के नगला लोहिया कट से उतरकर एक ढाबे पर पहुंचे, तो टॉयलेट गंदे होने के कारण प्रयोग नहीं किए। इसके बाद गाड़ी में बैठकर वापस जाने लगे, तभी ढाबा संचालक आ गया और बस की चाबी निकाल ली। वो उन लोगों से रुपये मांगने लगा। जब पीड़ितों ने मना किया कि उन लोगों ने टॉयलेट का प्रयोग नहीं किया है, तो वो भड़क गया और झगड़े पर उतारू हो गया। ढाबा संचालक ने बस चालक के साथ मारपीट शुरू कर दी। इस दौरान उसके अन्य साथी भी आ गए। उन लोगों ने लाठी डंडों से हमला बोल दिया। बीच बचाव कराने आईं महिला श्रद्धालुओं के साथ भी अभद्रता की गई। बस के शीशे तोड़ दिए गए। इस दौरान पीड़ितों ने ढाबे के संचालक के खिलाफ फतेहाबाद पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज करवाई है।

# थाना हरीपर्वत पुलिस द्वारा मेट्रो के पाइप चोरी करने वाले 4 चोर गिरफ्तार



**आगरा।** ताजनगरी में मेट्रो का कार्य अभी पूरा नहीं हो सका परंतु चोरियां शुरू हो गई है। तो वही थाना हरीपर्वत पुलिस ने बिना देरी करते हुए महज 24 घंटे के अंदर ही चोर पकड़ लिए। दरअसल एफकोंस कम्पनी खंदारी चौराहे पर मेट्रो स्टेशन का कार्य करा रहा है। जहां गुरूवार को अज्ञात चोरों द्वारा मेट्रो स्टेशन में लगने वाले पाइप चोरी कर लिए गए। इस संबंध में प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना हरीपर्वत पर शुक्रवार को मु0अ0सं0-59/2025 धारा-303(2) बीएनएस पंजीकृत किया गया। पुलिस द्वारा दी गई जानकारी अनुसार शुक्रवार को थाना हरीपर्वत पुलिस द्वारा गस्त/चेकिंग की जा रही थी। इसी दौरान प्राप्त सूचना के आधार पर पाइप चोरी की घटना को अंजाम देने वाले 4 अभियुक्तों को आर.बी.एस. कॉलेज से विधायक धर्मपाल सिंह के घर की तरफ जाने वाले रास्ते से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तों के कब्जे से 1 ऑटो (घटना में प्रयुक्त) व 29 लोहे के पाईप (25 बडे व 4 छोटे पाईप) बरामद हुए। उपरोक्त बरामदगी के आधार पर थाना हरीपर्वत पर पंजीकृत अभियोग में धारा 317 (2) बीएनएस की बढ़ोतरी की गई।

# ईको सेंसिटिव जोन के संबंध में डीएम आगरा की अध्यक्षता में बैठक

*अवधनामा संवाददाता*

**आगरा।** सामाजिक वानिकी विभाग द्वारा आयोजित ईको सेंसिटिव जोन की एन जी टी द्वारा चाही गई सूचना के संबंध में शुक्रवार को एक अहम बैठक जिलाधिकारी अरविंद मलप्पा बंगारी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा निदेशक, सामाजिक वानिकी प्रभाग को निर्देश दिए कि शासनादेश के अनुसार सभी संबंधित विभाग से उनके द्वारा ईको सेंसिटिव जोन (कीठम/सूरसरोवर आदि) के संबंध में की जा रही कार्यवाही, कार्ययोजना आदि का विस्तृत विवरण एन जी टी द्वारा चाही गई सूचना के अनुसार प्राप्त कर लिया जाए साथ ही संबंधित विभागों को सम्मिलित करते हुए समिति का गठन कर लिया जाए। जिलाधिकारी ने उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण विभाग को निर्देश दिए कि जनपद में संचालित औद्योगिक संस्थानों में प्रदूषण नियंत्रण हेतु लगाए गए उपकरणों एवं संयंत्रों की क्रियाशीलता की निगरानी के लिए आई पी बेस क्लोज सर्किट कैमरे लगवाए जाए जिनके अवलोकन हेतु कन्ट्रोल रूम बनाया जाए।



उन्होंने सभी संबंधित विभागों को निर्देश दिए कि वह अपने अपने विभाग से संबंधित कार्यों का सर्वे करते हुए ईको सेंसिटिव जोन को दृष्टिगत रखते हुए आवश्य भी दे ताकि उस पर आवश्यक कार्यवाही की जा सके। निदेशक, सामाजिक वानिकी प्रभाग द्वारा मॉनिटरिंग समिति में सरकारी भूमि के दस्तावेज और कार्यवाही हेतु उप जिलाधिकारी को नामित करने के प्रस्ताव पर जिलाधिकारी द्वारा पत्रावली प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। निदेशक, सामाजिक वानिकी प्रभाग आदर्श कुमार ने बताया कि 1 मार्च को ताज नेचर वॉक तथा 2 मार्च को राष्ट्रीय चंबल अभयारण्य में पक्षी गणना, पक्षी वॉक तथा लाइव फोटोग्राफी प्रतियोगिता का आयोजन और 3 मार्च को सुबह 10:00 बजे लाइव फोटो प्रतियोगिता का पुरस्कार वितरण और समापन समारोह का आयोजन किया जाएगा। बैठक में निदेशक, सामाजिक वानिकी प्रभाग आदर्श कुमार, आई एफ एस चांदनी सिंह सहित संबंधित विभागों के अधिकारीगण आदि उपस्थित रहे।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में सदर देवरिया ब्लॉक अंतर्गत बगहा मठिया में चौपाल आयोजित

अवधनामा संवाददाता



**देवरिया।** सदर विकासखंड के बगहा मठिया गांव में गांव की समस्या, गांव में समाधान कार्यक्रम के तहत जन चौपाल का आयोजन जिलाधिकारी दिव्या मित्तल की अध्यक्षता में किया गया। इस अवसर पर उन्होंने ग्रामीणों से संवाद कर उनकी शिकायतें सुनीं और संबंधित विभागों को त्वरित समाधान के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि शासन की मंशा है कि सभी पात्र व्यक्तियों को सरकारी योजनाओं का लाभ मिले। योजनाओं के क्रियान्वयन में मुख्य बाधा जागरूकता की कमी है। यदि पात्र व्यक्ति निर्धारित प्रक्रियाओं का अनुपालन करते हुए आवेदन करते है, तो उनकी समस्याओं का समाधान हर हाल में किया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे ग्रामीणों को जागरूक करें और सभी सरकारी योजनाओं की जानकारी उपलब्ध कराएं। उन्होंने स्पष्ट किया कि वृद्धा पेंशन और विधवा पेंशन जैसी योजनाओं में कोई लक्ष्य सीमा (टारगेट) नहीं है। पात्र व्यक्ति द्वारा आवेदन करने पर सरकार द्वारा सीधे उनके बैंक खातों में धनराशि भेजी जाती है।उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि गांव के युवाओं को ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया का प्रशिक्षण दिया जाए ताकि वे स्वयं के साथ-साथ अन्य जरूरतमंदों की भी सहायता कर सकें। जिलाधिकारी ने कहा कि जन चौपाल का मुख्य उद्देश्य यही है कि कोई भी पात्र व्यक्ति सरकारी योजनाओं से वंचित न रहे। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे गांव में जाकर योजनाओं का प्रभावी निरीक्षण करें और सभी शिकायतों का त्वरित व निष्पक्ष समाधान सुनिश्चित करें। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि वे अपनी समस्याएँ अधिकारियों को अवश्य दर्ज कराएं, ताकि समयबद्ध समाधान किया जा सके। जिलाधिकारी ने विभिन्न लाभार्थियों को सरकारी योजनाओं के तहत सहायता प्रदान की। अन्नप्राशन एवं गोद भराई कार्यक्रम किया गया। विधवा पेंशन एवं निराश्रित महिला पेंशन के लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र वितरित किए गए। आयुष्मान भारत योजना के तहत लाभार्थियों को आयुष्मान कार्ड प्रदान किए गए। दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण दिए गए। स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र सौंपे गए। अंत्योदय एवं पात्र गृहस्थी कार्ड के लाभार्थियों को कार्ड वितरित किए गए। अच्छा कार्य करने वाले राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन समूह को जिलाधिकारी द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। जिलाधिकारी ने उच्च प्राथमिक विद्यालय में वृक्षारोपण किया। चौपाल कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी प्रत्यूष पाण्डेय, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. राजेश झा, उप जिलाधिकारी सदर श्रुति शर्मा, बेसिक शिक्षा अधिकारी शालिनी श्रीवास्तव, तहसीलदार, जिला विकास अधिकारी रविशंकर राय, खंड विकास अधिकारी, कृषि विभाग के अधिकारी, थाना प्रभारी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### उत्तर प्रदेश के पत्रकारों के लिए खुशखबरी

# जल्द लागू होगी पेंशन योजना मुख्यमंत्री योगी ने दिए संकेत

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के पत्रकारों के लिए एक बड़ी राहत की खबर सामने आई है। प्रदेश सरकार ने पत्रकारों के लिए पेंशन योजना लागू करने के संकेत दिए हैं। यह घोषणा उस समय हुई जब उत्तर प्रदेश मान्यता प्राप्त संवाददाता समिति (पुनर्गठित) की ओर से विधानसभा के तिलक हाल में आयोजित बजट प्रेस वार्ता के दौरान समिति के संयोजक प्रभात त्रिपाठी ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से इस मुद्दे पर विशेष ध्यान देने की अपील की। मुख्यमंत्री ने पूरी गंभीरता से पत्रकारों की इस मांग को सुना और सकारात्मक संकेत दिए कि सरकार जल्द ही इस योजना को अमल में लाएगी।

संयोजक प्रभात त्रिपाठी ने अपनी मांग में कहा कि प्रदेश के पत्रकार, जो लंबे समय से मीडिया क्षेत्र में काम कर रहे हैं, उनके लिए एक सुरक्षित भविष्य की गारंटी होनी चाहिए। खासतौर पर ऐसे वरिष्ठ पत्रकार जो अब सक्रिय पत्रकारिता में नहीं हैं, उनके लिए पेंशन योजना बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि पत्रकार लोकतंत्र के चौथे स्तंभ के रूप में कार्य करते हैं और समाज को सही जानकारी देने के लिए अपने जीवनभर संघर्ष करते हैं। ऐसे में उनके लिए सरकार को एक स्थायी आर्थिक सहायता योजना लानी चाहिए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस मांग को ध्यानपूर्वक सुना और स्पष्ट रूप से संकेत दिया कि उनकी सरकार इस दिशा में गंभीर है और जल्द ही पत्रकारों के लिए पेंशन योजना लागू की जाएगी। इस मौके पर सूचना निदेशक शिशिर ने भी कहा कि सरकार पत्रकारों की आर्थिक सुरक्षा को लेकर पूरी तरह संवेदनशील है और इस योजना को जल्द से जल्द लागू करने की दिशा में कार्य किया जाएगा। उत्तर प्रदेश मान्यता प्राप्त संवाददाता समिति (पुनर्गठित) ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और सूचना निदेशक शिशिर का आभार व्यक्त किया।

# मुख्य विकास अधिकारी द्वारा आलू की फसल की कटिंग कराकर गौवंश आश्रय स्थल का निरीक्षण किया गया



**फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** फर्रुखाबाद के विकासखंड क्षेत्र राजेपुर में मुख्य विकास अधिकारी अरविंद कुमार मिश्रा द्वारा दिनांक 21 फरवरी को ग्राम पंचायत खंडोली में आलू की फसल की क्रॉप कटिंग कराई गई इसके उपरांत ग्राम पंचायत खंडोली के गौवंश आश्रय स्थल का निरीक्षण किया गया निरीक्षण के समय सहायक विकास अधिकारी पंचायत, पशु चिकित्सा अधिकारी, ग्राम सचिव एवं गोपालक उपस्थित पाए गए। निरीक्षण के समय कुछ गोवंशों की ईयर टैगिंग नहीं पाई गई उपस्थित पशु चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित किया गया की समस्त गोवंशों की ईयर टैगिंग कराई जाए तथा अच्छे गोवंशों को अलग करके उनकी नस्ल सुधार हेतु आवश्यक प्रयास किए जाए जिससे गौशाला की आय बढ़ सके। ग्राम सचिव द्वारा गौशाला में 135 कुंतल भूसा एवं 18 बोरी दाना होना बताया गया। ग्राम सचिव को गौशाला की साफ सफाई कराने एवं हरे चारे की व्यवस्था कराने के निर्देश दिए गए।

# मण्डलायुक्त ने दो दिवसीय मण्डल स्तरीय फल, पुष्प एवं शाकभाजी प्रदर्शनी का किया उद्घाटन



**अलीगढ़ अवधनामा संवाददाता।** आयुक्त अलीगढ़ मण्डल अलीगढ़ संगीता सिंह द्वारा राजकीय औद्योगिक एवं कृषि प्रदर्शनी स्थित नीरज-शहरयार पार्क में दो दिवसीय मण्डल स्तरीय फल, पुष्प एवं शाकभाजी प्रदर्शनी का फीता काटकर एवं दीप प्रज्वलन कर शुभारंभ किया गया। मण्डलायुक्त ने उद्यान विभाग द्वारा की गई इस सराहनीय पहल की प्रशंसा करते हुए कहा कि इससे निश्चित रूप से दूर-दराज के फल, सब्जी एवं पुष्प उत्पादक किसान लाभान्वित और प्रोत्साहित होंगे। उन्होंने कहा कि बहुत सी महिलाएं एवं पर्यावरण प्रेमी किचन गार्डन या गमलों में तरह-तरह के पौधे एवं सब्जियां लगाते हैं, उनके लिए अपने उत्पादों को प्रदर्शित करने का यह बेहतर मंच है। उन्होंने आमजन से आव्हान किया कि वह किसानों एवं व्यावसायिक उत्पादकों के साथ वह भी अपने उच्च कोटि के उत्पाद यहां प्रदर्शित करें ताकि और लोग भी पर्यावरण के प्रति जागरूक हो सकें। उन्होंने इस अवसर पर किसानों एवं किसानों एवं आमजन द्वारा लगाए गए पुष्प, फलों एवं शाकभाजी की प्रदर्शनी का अवलोकन कर उनकी सराहना की। इस अवसर पर संयुक्त विकास आयुक्त मंशाराम यादव, उप निदेशक उद्यान बलजीत सिंह समेत संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी में एमए के छात्र ने लगाई फांसी, हॉस्टल में लटका मिला शव

**अलीगढ़ अवधनामा संवाददाता।** अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी में एक छात्र की आत्महत्या का मामला सामने आया है। छात्र का शव शुक्रवार को हॉस्टल के कमरे में फंदे से लटका मिला. वह लखीमपुर खीरी के कस्ता क्षेत्र का रहने वाला था और यहां आफताब हॉल के मुमताज हॉस्टल में रहकर एमए फाइनल की पढ़ाई कर रहा था. जब अन्य छात्रों ने उसे फंदे से लटका हुआ देखा, तो उन्होंने तुरंत प्रोवोस्ट और प्रॉक्टर टीम को सूचना दी. इसके बाद प्रॉक्टर और अन्य अधिकारी मौके पर पहुंचे और मामले की जांच शुरू की. घटना के बाद छात्रों में आक्रोश फैल गया और उन्होंने अधिकारियों के देरी से पहुंचने का विरोध किया। सिविल लाइंस पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को पुलिस को तुरंत सूचित किया गया और सिविल लाइंस पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को फंदे से उतारकर मोर्चरी में रखवाया. छात्र के परिजनों को भी सूचित किया गया है. पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया जाएगा. लखीमपुर खीरी के रहने वाले मोहम्मद शाकिर, जो अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी से एमए की पढ़ाई कर रहे थे, की अचानक मौत हो गई. वह यूनिवर्सिटी के आफताब हॉल के मुमताज हॉस्टल में रहते थे. उनके दोस्तों ने बताया कि शाकिर पिछले कुछ दिनों से परेशान थे, लेकिन वह अपनी परेशानी के बारे में कुछ नहीं बता रहे थे।

# फांसी लगाकर युवक ने जान देने की कोशिश

**कसया, कुशीनगर अवधनामा संवाददाता।** थाना क्षेत्र के ग्राम सभा चकदईया में एक युवक ने ससुराल पहुंचकर फांसी लगाकर आत्महत्या का प्रयास किया। बताया जा रहा है युवक की मानसिक स्थिति ठीक नहीं है। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस की तत्परता से युवक की जान बचाई गई। शुक्रवार की सुबह राजन राजभर पुत्र रामनाथ राजभर उम्र करीब 25 वर्ष निवासी ग्राम पोखरा टोला कारखाना महुआ थाना तुर्कपट्टी द्वारा थाना कसया क्षेत्र के अपने ससुराल चकदईया में एक पेड़ से लटककर फांसी लगाने की सूचना पर तत्काल पुलिस द्वारा मौके से पहुंचकर स्थानीय लोगों की मदद से युवक को बचाया गया और मौके पर परिजनों को बुलाकर युवक को सकुशल सुपुर्द किया गया। इस सराहनीय कृत्य के लिए परिजनों द्वारा पुलिस टीम को धन्यवाद ज्ञापित किया गया। चर्चा है कि पत्नी के छोड़ देने से युवक काफी आहत और मानसिक तनाव में है।

# एमपीपीजी कॉलेज में महाकुंभ पर दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी आज से

अवधनामा संवाददाता

**सिद्धपीठ श्रीहनुमन्निवास धाम अयोध्या के महंत आचार्य मिथिलेश नंदिनी शरण होंगे उद्घाटन सत्र के मुख्य अतिथि**

**गोरखपुर।** महाराणा प्रताप महाविद्यालय, जंगल धूसड़ के कला संकाय के तत्वावधान में 'महाकुंभ 2025 परम्परा, अनुष्ठान और महत्ता' विषयक दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी का शुभारंभ शनिवार (22 फरवरी) को होगा।

संगोष्ठी के उद्घाटन सत्र के मुख्य अतिथि सिद्धपीठ श्रीहनुमन्निवास धाम अयोध्या के महंत आचार्य मिथिलेशनंदिनी शरण होंगे जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में काशी हिंदू विश्वविद्यालय में आयुर्वेद संकाय के आचार्य प्रो. के. रामचंद्र रेड्डी और त्रिभुवन विश्वविद्यालय नेपाल में संस्कृत विभाग के आचार्य डॉ. सुबोध कुमार शुक्ल की सहभागिता होगी। यह जानकारी अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी की आयोजन समिति की सदस्य एवं महाराणा प्रताप महाविद्यालय, जंगल धूसड़ की उप प्राचार्या शिप्रा सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि संगोष्ठी का शुभारंभ शनिवार को पूर्वाह्न 11 बजे से होगा और समारोप सत्र रविवार (23 फरवरी) को दिन में 12 बजे आहुत होगा। समारोप सत्र के मुख्य अतिथि अपोलो मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल कोलकाता के वरिष्ठ कार्डियोथोरेसिक एवं वैस्कुलर सर्जन डॉ. भबातोष विश्वास तथा विशिष्ट अतिथि दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय में रक्षा अध्ययन विभाग के आचार्य प्रो. हर्ष कुमार सिन्हा तथा भारतीय इतिहास अनुसंधान परिषद नई दिल्ली के सदस्य सचिव डॉ. ओमजी उपाध्याय होंगे। उन्होंने बताया कि संगोष्ठी में महाकुंभ से संबंधित कई विषयों पर शोध पत्र भी प्रस्तुत किए जाएंगे।

# जिला कारागार उरई में निरूद्ध बंदियों को संगम प्रयागराज के पवित्र जल से अमृत स्नान कराया गया





अवधनामा संवाददाता

**उरई (जालौन)।** कारागार मन्त्री उप्र शासन के निर्देशानुक्रम में जिला कारागार उरई में निरूद्ध बंदियों को संगम प्रयागराज के पवित्र जल से जेल के अन्दर अमृत स्नान कराया गया।

कारागार प्रशासन एवं सुधार सेवाये उप्र लखनऊ से प्राप्त निर्देशों के क्रम में जेल प्रशासन द्वारा विशेष वाहक भेज कर दिव्य महाकुंभ संगम प्रयागराज से पवित्र जल मंगाते हुए जिला कारागार उरई पर पूजा अर्चना, मन्त्रोच्चार इत्यादि विधि विधान से कलश स्थापना की गयी एवं बंदियों द्वारा भजन कीर्तन इत्यादि का कार्यक्रम किया गया। कारागार की प्रत्येक बैरकों में निरूद्ध बंदियों के स्नान की व्यवस्था हेतु पानी के टेंक को फूलमाला इत्यादि से सजाया गया। इसके उपरांत संगम प्रयागराज से लाये गये महाकुंभ के पवित्र जल को टेंक में मिलाया गया। कतारवद्ध होकर बंदियों ने एक एक करके शान्ति व हर्षोल्लास के साथ अमृत स्नान किया। अमृत स्नान के पश्चात बंदियों के अन्दर सकारात्मकता की लहर दौड़ गयी और समस्त कारागार परिसर ओंमकार और हर हर गंगे के जयकारों से गूंज उठा। ऐसा सकारात्मक माहौल बंदियों को मानसिक शांति प्रदान करते हुए उनके द्वारा पूर्व में कारित बुरे कृत्यों के प्रति पश्चाताप की भावना तथा भविष्य में कभी कोई गलत कार्य न करने की प्रेरणा से ओत प्रोत हो गया। अमृत स्नान के उपरांत कारागार में निरूद्ध समस्त बंदियों द्वारा कारागार प्रशासन द्वारा किये गये प्रयास के प्रति कृतज्ञता / प्रशंसा व्यक्त की गयी। इस अवसर पर जेल अधीक्षक नीरज देव, कारापाल प्रदीप कुमार, कारागार चिकित्साधिकारी राहुल वर्मन, उप कारापाल अमर सिंह अन्य कारागार स्टाफ व समस्त बंदीगण उपस्थित रहे। अमृत स्नान का कार्यक्रम सफलता पूर्वक सम्पन्न हुआ।

## लगाई गई विज्ञान प्रदर्शनी

**उरई (जालौन)।** बच्चों द्वारा समय समय पर विज्ञान प्रदर्शनियों में अपने हाथों से स्वयं विज्ञान पर आधारित प्रोजेक्ट बनाने से उनका विज्ञान के प्रति ज्ञान को बढ़ावा मिलता है। इसलिए विद्यालय भी इन आयोजन से विद्यालय में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं का उत्साह बढ़ते हैं। यह बात महाराणा प्रताप साइंस इंटर कॉलेज के प्रबंधक मंगल सिंह चौहान ने कही। महाराणा प्रताप साइंस इंटर कॉलेज विद्यालय में सामाजिक विषय तथा विज्ञान पर आधारित प्रोजेक्ट बच्चों द्वारा तैयार किए गए जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में श्रीमती सुनीता शर्मा प्रधानाचार्य आनंदीबाई इंटर कॉलेज ,श्री रामेंद्र गुप्ता प्रवक्ता कर्नल ई इंटर कॉलेज, महेश सिंह बघेल ,धीरज गुप्ता उपस्थित रहे। जिसमें कक्षा 8 से मोहिनी ने योग मॉडल चार्ट, नित्या ने संसद भवन ,महल महक ने टाइल शॉप एग्रीकल्चर ,गौरी गुप्ता ने सोलर सिस्टम ,कक्षा 9 से संध्या ने अपना स्कूल ,आरती ने ऑटोमेटिक स्ट्रीट लाइट, नैंसी ने मिक्स फार्मिंग एंड हार्वेस्टिंग, सावन ने रोड एक्सीडेंट, अग्रज ने जलियांवाला बाग मॉडल और कक्षा 7 से समर ने ग्रीन हाउस, आदित्य ने नेशनल सिंबल ऑफ इंडिया, साइंस प्रोजेक्ट में लव कुश, रुस्तम, कार्तिक, सोम, कन्हैया, सूर्यन, सौरभ, आशीष आदि ने भाग लिया।

# उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड ने उत्तर प्रदेश के घोसी में शाखा शुरू की

अवधनामा संवाददाता



**मऊ।** उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड ने उत्तर प्रदेश के मऊ के घोसी में अपने नए बैंकिंग आउटलेट के उद्घाटन की घोषणा की। इस लॉन्च के साथ, बैंक ने उत्तर प्रदेश में 219 बैंकिंग आउटलेट और देश भर में 1052 आउटलेट खोल दिए हैं। घोसी के निवासियों को बचत खाते, चालू खाते, सावधि जमा और आवर्ती जमा सहित बैंकिंग उत्पादों के व्यापक सूट से लाभ होगा। बैंक विभिन्न ऋण उत्पाद भी प्रदान करता है, जैसे कि आवास ऋण, व्यवसाय ऋण, संपत्ति के विरुद्ध ऋण, ऋण, बीमा और निवेश उत्पाद। बैंक का बुनियादी ढांचा, डिजिटल बैंकिंग क्षमताएं और एटीएम नेटवर्क एक सहज बैंकिंग अनुभव सुनिश्चित करते हैं।

विस्तार पर टिप्पणी करते हुए, उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड के एमडी और सीईओ श्री गोविंद सिंह ने कहा, घोसी में हमारे नए बैंकिंग आउटलेट का उद्घाटन उत्तर प्रदेश में वित्तीय समावेशन को बढ़ाने के लिए हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। घोसी, ऐतिहासिक रूप से तमसा नदी के तट के पास अपने रणनीतिक स्थान और अपनी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत के लिए जाना जाता है, जो लंबे समय से कृषि और आर्थिक गतिविधि का केंद्र रहा है। इस जीवंत समुदाय को अनुरूप बैंकिंग सेवाएँ प्रदान करके, हमारा उद्देश्य व्यक्तियों को सशक्त बनाना, स्थानीय उद्यमों का समर्थन करना और क्षेत्र की निरंतर वृद्धि और समृद्धि में योगदान देना है। ये बैंकिंग आउटलेट वंचित या कम आय वाले व्यक्तियों या समूहों को व्यवसाय विकास सेवाओं के लिए माइक्रो-बैंकिंग ऋण प्रदान करेंगे, जिनकी वित्तीय सेवाओं तक सीमित पहुंच है। समूह ऋण देने के जेएलजी मॉडल में एक सहकर्मी-गारंटी ऋण मॉडल शामिल है, जो व्यक्तियों को व्यक्तिगत आधार पर संपार्श्विक या सुरक्षा प्रदान किए बिना ऋण लेने में सक्षम बनाता है, जबकि समूह के भीतर आपसी समर्थन के माध्यम से ऋण अनुशासन को बढ़ावा देता है।

# आध्यात्म के साथ-साथ त्याग और समन्वय की संस्कृति का भी वाहक है महाकुंभ : प्रो. मुश्ताक़



**प्रयागराज /लखनऊ।** ऐतिहासिक ग्रंथों, पुराणों, रामायण, रामचरित मानस जैसे महत्वपूर्ण साहित्यिक ग्रंथों में प्रयागराज, गंगा- स्नान और गंगा के किनारे लगने वाले मेले का तो खूब उल्लेख है, लेकिन कुंभ पर्व का कोई स्पष्ट उल्लेख नहीं मिलता है। किंतु भारतीय जनमानस में कुंभ मेले का विशेष महत्व है। कुंभ मेला केवल आध्यात्म और कल्पवास के लिए ही महत्वपूर्ण नहीं है, यह विभिन्न सांस्कृतिक परंपराओं के सम्मिलन की दृष्टि से भी महत्वपूर्ण है। सरकार को नदियों की सफाई पर विशेष ध्यान देना चाहिए। उक्त बातें आज उत्तर प्रदेश भाषा संस्थान एवं हिन्दी विभाग, इलाहाबाद विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में साहित्य और संस्कृति के आइने में कुंभ विषय पर आयोजित गोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए हिंदी विभाग, इलाहाबाद विश्वविद्यालय के पूर्व अध्यक्ष प्रोफेसर मुश्ताक़ अली ने कहा। गोष्ठी का आरंभ प्रो. विवेक निराला के वक्तव्य से हुआ। उन्होंने विस्तार से कुंभ के इतिहास को रेखांकित करते हुए यह स्थापित किया कि साहित्य में कुंभ की प्रशंसा और आलोचना- दोनों मिलते हैं । कुंभ और कल्पवास आत्ममंथन और त्याग की चेतना को उन्नत करता है। मार्क टुली, निर्मल वर्मा , त्रिलोचन आदि ने कुंभ पर सॉनेट, संस्मरण और रपट लिखा है। चांद में इसके प्रति आलोचनात्मक टिप्पणी भी छपी थी। कुंभ का महत्व तप, त्याग और मानव कल्याण की त्रिवेणी में स्नान करने से बढ़ता है, जाति और ऊंच- नीच का भेद मिटाने से बढ़ेगा।

# किसान दिवस बैठक का आयोजन हुआ

अवधनामा संवाददाता

**उरई (जालौन)।** जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय की अध्यक्षता में किसान दिवस बैठक का आयोजन विकास भवन उरई में स्थित रानी लक्ष्मीबाई सभागार में किया गया। जिसमें मुख्य विकास अधिकारी जालौन, उप कृषि निदेशक जालौन, जिला कृषि अधिकारी जालौन, अग्रणी जिला प्रबन्धक इंडियन बैंक, प्रतिनिधि जिला उद्यान अधिकारी जालौन, अधिशासी अभियन्ता बेतवा नहर प्रखण्ड प्रथम एवं द्वितीय, अधिशाषी अभियन्ता नलकूप खण्ड प्रथम एवं द्वितीय, अधिशाषी अभियन्ता विद्युत वितरण खण्ड प्रथम एवं द्वितीय, अधिशाषी अभियन्ता लघु सिंचाई विभाग उरई, सहायक अभियन्ता जल निगम उरई, सहायक अभियन्ता डाल नहर उरई, जिला खाद्य विपणन अधिकारी जालौन, समस्त भूमि संरक्षण अधिकारी जनपद जालौन, जिला विकास प्रबन्धक नाबार्ड जालौन, सचिव कृषि उत्पादन मण्डी समिति उरई, अध्यक्ष भूमि परीक्षण प्रयोगशाला उरई, प्रतिनिधि सहायक आयुक्त एवं सहायक निबन्धक उ0प्र0 सहकारी समितियां जालौन, रेशम अनुरक्षक जालौन, प्रतिनिध जिला प्रबन्धक फसल बीमा कम्पनी सहित सम्बन्धित विभागों के जनपद स्तरीय अधिकारी एवं भारतीय किसान संघ के प्रांत अध्यक्ष साहब सिंह चौहान, जिला प्रवक्ता भारतीय किसान यूनियन दिनेश प्रताप सिंह, सहित अधिक संख्या में किसान उपस्थित रहे।



लखनऊ ऑल इंडिया शिया हुसैनी फंड द्वारा शिया कॉलेज में होने वाले जश्न ए ज़ैनब की महफ़िल से पूर्व संस्था के कैंप पर नज़्र देते मौलाना ज़हीर अब्बास व संस्था के पदाधिकारी।

# पीडीए सरकार मांग रहा है देश, 27 में होगी सपा सरकार : चन्द्रपाल सिंह यादव

अवधनामा संवाददाता



**फर्रुखाबाद।** देश में समाजवादी पार्टी तीसरा स्थान पाने के बाद अब 27 की तैयारी के लिए कमर कस रही है, समाजवादी पार्टी फर्रुखाबाद की विधानसभा अमृतपुर में कई जन चौपाल जिला अध्यक्ष के द्वारा लगाई जा रही हैं जिसमें आज हरसिंहपुर में सुमित यादव छोटू, अमलैया आशानंद मे वीके गंगवार, खिनमिनी में पूर्व जिला पंचायत सदस्य भजन लाल यादव, सादिकपुर में जिला उपाध्यक्ष बृजेश पाल, इसी के साथ में काँधेमई मिल्किया में शेर सिंह प्रधान रिंकू यादव के यहां जन चौपाल लगाई गई।

जिसमें सपा जिला अध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव ने नेताजी की शुरुआती राजनीति सियासत से शुरू होकर पार्टी की कई सारी योजनाओं को जनता को बताते हुए भारतीय जनता पार्टी पर काला प्रहार किया उन्होंने बीजेपी को धन्ना सेठियों की पार्टी बताया इसी के साथ समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव अमृतसर विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी रहे डॉक्टर जितेंद्र सिंह यादव ने उपस्थित लोगों को धन्यवाद देकर प्रणाम किया साजिद अली खान अनुराग यादव लोहिया वाहिनी बाबा साहब वाहिनी के जिला अध्यक्ष अमन सूर्यवंशी ने भी जनता को संबोधित किया इसी के साथ वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष सुरेंद्र सिंह गौर,विधानसभा अध्यक्ष भोला यादव,लोहिया वाहिनी जिला अध्यक्ष अनुराग यादव,अल्पसंख्यक जिला अध्यक्ष साजिद अली,विनय यादव,विकास कुमार दीपू, आज के कार्यक्रम में संगठन प्रभारी बाबा साहब वहिनी जिला अध्यक्ष अमन सूर्यवंशी, नागेंद्र यादव, अंकुर शाक्य,छोटू यादव, शुभम सिंह हनी, संजू प्रधान,भजन लाल यादव, अजीत यादव,रजनी सक्सेना, सनोज पाल,नीटू यादव,आशीष उखरा,संचालन अभय यादव, कार्यक्रम आयोजन रिंकू यादव प्रधान आदि क्षेत्रीय लोग मौजूद रहे।

## सूचना

प्र. वाद अन्तर्गत धारा 7 व 29 गार्जन वार्डस एक्ट 1890 में नोटिस न्याया0 जिला न्यायाधीश सहारनपुर वाद मुतफर्रिका नं0 319 सन 2024 जुनैद अहमद पुत्र रशीद अहमद निवासी देवबन्द रोड मौहल्ला शिवपुरी,परगना व तहसील रामपुर मनिहारान जिला सहारनपुर (प्रार्थी)....बनाम 1. श्रीमति यासमीन बेगम पत्नि साबिर हुसैन मरहूम 2.जाकिर पुत्र महबूब 3-फात्मा पत्नि स्व0 महबूब नि0 देवबन्द रोड मौहल्ला शिवपुरी ,रामपुर मनिहारान पर0तह0रामपुर मनिहारान जिला सहारनपुर 4.जाबिर पुत्र महबूब नि0नजदीक सरकारी अस्पताल,पीर कालोनी रामपुर मनिहारान, ज़ि0 सहारनपुर 5.आम जनता (विपक्षी) चूंकि उपरिनामांकित जुनैद अहमद नाबालिग के ताऊ ने अन्तर्गत धारा 7 व 29 गार्जन एंड वार्डस एक्ट 1890 बाबत अपने भतीजे मौहम्मद हुसैन आयु 10 वर्ष की जात व जायदाद का स्वंय को संरक्षक नियुक्त किये जाने एंव उसके हिस्से की प्रार्थना पत्र के अन्त में वर्णित सम्पत्ति निम्नलिखित को विकय / हस्तान्तरित करने की अनुमति हेतु प्रस्तुत किया है अतः आपको एतदद्वारा चेतावनी दी जाती है कि इस आवेदन के खिलाफ संदर्भित करने के लिए 25/2/2025 को 10 बजे दिन स्वंय या अपने सम्यकरूपेण अनुदिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपसजात हो और ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा विवरण सम्पत्ति1.भूमि स्थित ग्राम रामपुर मजबता बैरून हदूद प0 व तह0 रामपुर मनिहारान जि0 सहारनपुर खसरा नंबर 2928/0.6770 हे0 में से 0.2257 हेक्टेयर जानिब दक्षिण 2.भूमि स्थित ग्राम रामपुर मजबता बैरून हदूद प0 व तह0 रामपुर मनिहारान जि0सहारनपुर खसरा नंबर 2863/0.5200 हेक्टेयर मे से 0.1733 हेक्टेयर जानिब उत्तर हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित दि012.2.2025 को निकाली गयी।

**आज्ञा से प्रशासनिक अधिकारी ज़िला जज सहारनपुर**

## सूचना

इश्तहार मजरिया न्यायालय मा.सिविल जज सीडी,सहारनपुर प्रकीर्ण वाद स0 34 सन 2025 राजकुमार उम्र करीब 39 वर्ष पुत्र श्री साधुराम मृतक निश इन्द्रा कालोनी, पेपर मिल रोड जिला सहारनपुर .. प्रार्थी..... बनाम....1-मुख्य सरक्षक मालवीय भवन मैस सहारनपुर परिसर भारतीय प्रौद्योगकी संस्थान रूडकी ज़िला हरिद्वार2- श्रीमती अनीता रानी उम्र करीब 37 वर्ष पुत्री साधुराम मृतक नि0 मौहल्ला इन्द्रा कालोनी पेपर मिल रोड सहारनपुर 3-रविन्द्र कुमार पुत्र नकली निवासी ग्राम नियामतपुर बन्हेडा खास सहारनपुर 4..रामकेश तथाकथित पुत्र साधुराम उर्फ नंदलाल नि0 ग्राम सिरगोटवा डा0 दीहुक पुरा जिला बस्ती 5-आम जनता ....विपक्षीगण दरख्वास्त श्री राजकुमार आदि ने प्रा0पत्र वास्ते हसूल सार्टिफिकेट दर मु0 21,20904/रू0 किफायत द्वारा दरख्वास्त मुतावफ्फी साधुराम मुतबफफा के अपने वसूजिब एक्ट 39 सन 1925 ई0 21,20904/...हरगाह मुसम्मा ने बरख्वास्तहुसूल सर्टिफिर्किट गुजरानी है और तारीख 21 माह 3 सन 2025 वास्ते समात दरख्वास्त के मुकर्रर हुई है लिहाजा जिस किसी को निसबत दरख्वास्त के कोई उजर हो असालतन या वकालतन बवक्त दस बजे दिन अदालत सिविल जज (सीडी) सहारनपुर मे तारीख मुकर्ररा पर हाजिर होकर अपना उजर पेश करें दर सूरत इन्कजाये तारीख मजकूर के फिर उजर किसी का ना सुना जायेगा और हुक्म मुनासिब निसबत दरख्वास्त मजकूर के सादिर होगा। अलमरकूम 6 माह 2 सन 2025

**आज्ञा से प्रबन्धक**
**सिविल जज सी.डी. सहारनपुर**

अवधनामा

लखनऊ, शनिवार, 22 फरवरी 2025



# अधिवक्ता संशोधन बिल के प्रस्ताव पर अधिवक्ताओं में आक्रोश




*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** बार एसोसिएशन बीकापुर के अधिवक्तागण काला कानून वापस लेने की मांग को लेकर बार काउंसिल के आह्वान पर काली पट्टी बांधकर प्रदर्शन किया।राष्ट्रपति भारत सरकार नई दिल्ली के नाम संबोधित 6 सूत्रीय मांग पत्र तहसीलदार के माध्यम से भेजा गया। दिए गए मांग पत्र में अधिवक्ता तथा उनके परिवार के लिए एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट लागू कराए जाने, परिषदों में निर्वाचित सदस्यों के अतिरिक्त कोई समाहित न किए जाने तथा उनके लोकतांत्रिक स्वरूप को यथावत रखने एवं सदस्यों के अस्तित्व पर सुझाए गए संशोधन को तुरंत समाप्त कराए जाने , पूरे प्रदेश के अधिवक्ताओं को 10 लाख रुपए का मेडिकल क्लेम दिलाने ,किसी अधिवक्ता के मृत पर 10 लाख की बीमा राशि प्रदान करने, केरल राज्य सरकार के समान पंजीकृत के समय अधिवक्ताओं को 500 कल्याणकारी योजनाओं पर खर्च करने का अधिकार तथा नियम बनाने का अधिकार पूर्व में एडवोकेट एक्ट में प्राविधानिक था उसको उसी प्रकार रखे जाने, केंद्र सरकार द्वारा जो संशोधन की बातें कही जा रही है उसे निरस्त करने जैसी मांगे शामिल है। बीकापुर अधिवक्ताओं के द्वारा हाथ में काली पट्टी बांध कर शुक्रवार को कानून मंत्री मुर्दाबाद, मोदी सरकार मुर्दाबाद, अधिवक्ता संशोधन बिल वापस लो, काला कानून वापस लो अधिवक्ता प्रोटेक्शन एक्ट लागू कराने जैसे नारे लगाते हुए बीकापुर कस्बे में मार्च किया। प्रदर्शन कारियों में अध्यक्ष बैजनाथ तिवारी,

वरिष्ठ अधिवक्ता ओमप्रकाश तिवारी, पूर्व अध्यक्ष आबाद अहमद खां, उमेश प्रसाद पांडे, अवध राम यादव, सदानंद पाठक, बैजनाथ यादव, श्याम मनोहर पांडे, शेख मोहम्मद इस्हाक़, अवधेश प्रताप सिंह, बृजेश यादव, बलराम यादव, अवधेश वर्मा,अशोक सिंह, अमरनाथ दुबे मंत्री, मनोज कुमार यादव, पुष्पेंद्र, तुलसीराम तिवारी, आनंद नारायण पांडे, राम तेज वर्मा, ओम प्रकाश यादव, प्रमोद शर्मा, आदि अधिवक्ता शामिल रहे।


## सिमुलेशन सॉफ्टवेयर वर्तमान समय मे सभी के लिए उपयोगीः प्रो. के. के वर्मा




**अयोध्या।** डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के पीएम-उषा के सॉफ्ट कॉम्पोनेंट योजनान्तर्गत भौतिकी एवं इलेक्ट्रानिक्स विभाग में 'सिमुलेशन टूल्स एण्ड टेक्निक्स' विषय पर आयोजित पांच दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला के तीसरे दिन मुख्य अतिथि दीन दयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय के भौतिकी विभाग के डॉ. उमेश यादव रहे। उन्होंने बायोमालिकुलर सिमुलेशन पर व्याख्यान देते हुए ड्रग डिजाइन में सिमुलेशन तकनीक के उपयोग व उससे होने वाले लाभ पर चर्चा की। इस कार्यशाला में वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय जौनपुर के इलेक्ट्रॉनिक इंजीनियरिंग विभाग के सेवानिवृत्त प्रो. बी. बी. तिवारी ने छात्र-छात्राओं को फाइबर आप्टिकल कम्युनिकेशन व सिमुलेशन के विभिन्न पहलुओं से अवगत कराया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे प्रो. के. के. वर्मा ने बताया कि सिमुलेशन सॉफ्टवेयर आज के समय में सभी के लिए उपयोगी है। भौतिकी एवं इलेक्ट्रानिक्स विभागाध्यक्ष एवं संयोजक प्रो. गंगाराम मिश्र ने अतिथियों का स्वागत करते हुए गणितीय कैलकुलेशन व मैट्लैब सॉफ्टवेयर से अवगत कराया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. अनिल कुमार ने किया। इस अवसर पर डॉ. सिंधू सिंह सहित अन्य शिक्षक एवं छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

# सरकारी डॉक्टर के निजी क्लीनिक संचालन पर बड़ा खुलासा, जांच की मांग

*अवधनामा संवाददाता*



**अयोध्या।** जनपद के कुमारगंज स्थित 100 शैय्या अस्पताल, में तैनात डॉ. अरविंद मौर्या पर गंभीर आरोप लगे हैं। बीजेपी नेता डॉ0 रजनीश सिंह आरोप है कि वे अस्पताल के नजदीक स्थित अपने निजी क्लीनिक ÷जीवन क्लीनिक÷ का संचालन कर रहे हैं और अस्पताल में आने वाले मरीजों को वहां जाने के लिए मजबूर करते हैं।सूत्रों के अनुसार, डॉ. मौर्या अपने क्लीनिक पर आने वाले मरीजों की जांच अस्पताल में कराते हैं लेकिन उसका शुल्क निजी क्लीनिक पर ही वसूला जाता है। इस मामले में और भी चौंकाने वाली बात यह सामने आई है कि उनकी पत्नी, श्रीमती सुरभि मौर्या, भी अस्पताल परिसर में निजी मरीजों का परीक्षण करती हैं और उसी क्लीनिक पर निजी प्रैक्टिस में संलिप्त हैं। इसके अलावा, उनके भाई अरुण कुमार मौर्या भी अस्पताल के गेट पर ही मेडिकल स्टोर संचालित कर रहे हैं, जहां डॉक्टर मौर्या के द्वारा मरीजों को दवा लेने के लिए बाध्य किया जाता है। इसके समर्थन में सैकड़ों दवा पर्चियों के प्रमाण भी प्रस्तुत किए गए हैं।

**सख्त कार्रवाई की मांग**

यह आरोप कई वर्षों से जारी हैं और शासन व न्यायालय के आदेशों की अवमानना का स्पष्ट संकेत देते हैं। मामले को लेकर माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी महाराज से यह निवेदन किया गया है कि इस डॉक्टर के विरुद्ध फॉरेंसिक जांच कराई जाए और सख्त से सख्त कार्रवाई की जाए, जिससे सरकारी सेवा का दुरुपयोग करने वालों पर नकेल कसी जा सके।

## छात्राओं ने पीएम उषा के अन्तर्गत कला, डिजाइन एवं उद्यमिता के गुर सीखे



**अयोध्या।** डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के पीएम-उषा योजनान्तर्गत प्रौढ़ एवं सतत शिक्षा विभाग द्वारा संचालित फैशन डिजाइनिंग पाठ्यक्रम में 'हैंडीक्राफ्ट ऑफ अयोध्या' विषय पर पांच दिवसीय कार्यशाला में विभिन्न रचनात्मक और व्यावहारिक सत्रों का आयोजन किया गया। इसमें छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और कला, डिजाइन एवं उद्यमिता से संबंधित महत्वपूर्ण कौशल सीखे। इस कार्यशाला में दूसरे दिन फैशन डिजाइनिंग के समन्वयक डॉ. सुरेंद्र मिश्रा ने बताया कि ग्रामीण भारत की लोककला आज भी अपनी विशिष्ट पहचान बनाए हुए है। यदि इसे आधुनिक डिजाइन और आंतरिक सजावट में शामिल किया जाए, तो यह कला न केवल जीवंत बनी रहेगी, बल्कि रोजगार के नए अवसर भी प्रदान करेगी। रिसोर्स पर्सन श्रीमती विनीता पटेल ने 'लिपन आर्ट' पर से प्रशिक्षित किया। उन्होंने बताया कि यह आर्ट केवल एक पारंपरिक कला नहीं है, बल्कि यह आधुनिक जीवनशैली और डिजाइनिंग में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। इस कार्यशाला के तीसरे दिन छात्राओं ने मोमबत्ती निर्माण पर कार्य किया गया। रिसोर्स पर्सन के रूप में श्रीमती शालिनी पांडे ने छात्रों को डिजाइनर, अरोमा, डेकोरेटिव मोमबत्ती के बनाने की प्रक्रिया के तकनीकी गुर सीखाएं। कार्यशाला में चैथे दिन मधुबनी पेंटिंग पर एक विशेष कार्यशाला आयोजित हुई जिसमें विशेषज्ञ डॉ. सृष्टि पुरवार, इलाहाबाद विश्वविद्यालय उपस्थित रहीं। उन्होंने छात्रों को मधुबनी चित्रकला की परंपरा, तकनीक, डिजाइन और रंग संयोजन के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस कार्यशाला का संचालन रत्नेश यादव, श्रीमती शालिनी पाण्डेय व विनीता पटेल द्वारा किया गया। इस कार्यशाला में फैशन डिजाइनिंग के छात्राओं ने बढ़चढ कर हिस्सा लिया।

## डीएम ने दिए जल जीवन मिशन के कार्यों में तेजी लाने के निर्देश

**बाराबंकी।** शुक्रवार को जिलाधिकारी श्री शशांक त्रिपाठी की अध्यक्षता में जल जीवन मिशन की बैठक लोकसभागार में आयोजित की गयी। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा जल जीवन मिशन के अन्तर्गत जिले में कराये जा रहे कार्यों की समीक्षा की गयी। अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण) श्री अमित कुमार द्वारा अवगत कराया गया कि जल जीवन मिशन के अन्तर्गत 1581 राजस्व ग्राम हैं एवं कुल 849 नग पेयजल योजनायें निर्माणाधीन हैं। जिलाधिकारी द्वारा जल जीवन मिशन के अन्तर्गत निर्माणाधीन शिरोपरि जलाशयों के निर्माण की प्रगति धीमी होने पर कार्यदायी फर्मों को मैनपावर बढ़ाते हुए समयान्तर्गत निर्माण कार्य पूर्ण कराने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने कहा कि जिन गांवों में पाइप लाइन बिछाते समय सड़कें टूट गयी हैं एक माह में उन सभी सड़कों की मरम्मत का कार्य गुणतापूर्वक पूर्ण कराया जाये। सभी कार्यदायी संस्थाए कार्यो में तेजी लाये। जिलाधिकारी ने कहा कि सम्बंधित कार्यदायी संस्थाए कार्य पूर्ण होने की सूचना लिखित में देंगे। अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि कनेक्शन, रोड रेस्टोरेशन, डिस्ट्रीब्यूशन सिस्टम सहित टंकी का निर्माण, और अन्य सभी कार्य समयान्तर्गत पूरे किये जाए जिससे सभी स्थानों पर रेगुलर वाटर सप्लाई का कार्य सुचारू रूप से शुरू किया जाए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी श्री अन्ना सुदन, अधिशासी अभियन्ता, जल निगम ग्रामीण, अधिशासी अभियन्ता, सिंचाई विभाग के अधिकारी एवं कार्यदायी संस्था के प्रतिनिधि उपस्थिति रहे।

## गुटखा कारोबारी के यहां फिर आयकर विभाग की छापेमारी

*अवधनामा संवाददाता*

**बरेली।** गुटखा कारोबारी अमित भारद्वाज और उनके भाई रामसेवक के घर बीते दिनों आयकर की टीमों ने छापा मारा था। टीम ने अमित भारद्वाज के घर जांच की थी। वहीं उनके भाई रामसेवक के त्रिवटी नाथ मंदिर के पास स्थित बीडीए कालोनी के मकान में ताला तोड़कर जांच की थी। रामसेवक के घर में नहीं थे, मकान को सील कर लैपटॉप समेत कई दस्तावेज अपने साथ ले गई थी। अब एक बार फिर आयकर की टीम कार्रवाई करने रामसेवक के घर पहुंची है।

बीती 12 फरवरी को नई दिल्ली से आई आयकर विभाग की टीम ने गुटखा कारोबारी अमित भारद्वाज और उनके भाई रामसेवक के यहां छापा मारा था। अगले दिन रामसेवक का मकान सील कर आयकर की टीमें लौट गईं थीं। रामसेवक महाकुंभ गए थे, अभी तीन दिन पहले वह महाकुंभ से वापस लौटे। शुक्रवार को नई दिल्ली से आई करीब 35 सदस्यीय टीम ने सुबह नौ बजे रामसेवक के घर की सील तोड़ी। इस दौरान रामसेवक भी मौजूद रहे। मकान के अंदर मौजूद आयकर विभाग की टीमें जांच में जुटी हुईं हैं । सप्ताह भर के अंदर दो बार छापेमारी करना किसी बड़ी टैक्स चोरी की तरफ इशारा कर रहा है। आयकर के अधिकारियों ने अभी कुछ भी बोलने से इन्कार कर दिया है। जानकारी के मुताबिक आयकर की एक टीम गुप्ता चौराहा स्थित रामसेवक के भाई गुटखा कारोबारी अमित भारद्वाज के गोदाम पर भी मौजूद थी। यहां भी तमाम दस्तावेज खंगालने में टीम लगी हुई थी। बीती



12 फरवरी को हुई कार्रवाई के दौरान गुटखा कारोबारी अमित भारद्वाज की तबियत बिगड़ गई थी। जिसके बाद उनको अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा था। कार्रवाई का दूसरे व्यापारियों ने विरोध भी किया था। डॉक्टरों ने अमित को चिकन पॉक्स की शिकायत बताई थी।

## शॉर्ट फिल्म जायज की शूटिंग शहर के कई हिस्सों में की गई

**बाराबंकी।** शुक्रवार के वार्ड सत्यप्रेमी नगर में सार्थक एंटरटेनमेंट के बैनर तले शॉर्ट फिल्म जायज की शूटिंग की गई। नगर के नागेश्वर नाथ धाम व कैलाश आश्रम मंदिर परिसर में भी सीन फिल्माए गए। फिल्म के निर्माता निर्देशक एसके प्रसाद ने बताया कि इस फिल्म में मुख्य रूप से इस्लाम के कानूनों के बारे में उजागर किया गया है। उन्होंने बताया फिल्म की कहानी एक शादीशुदा फातिमा नाम की मुस्लिम औरत की है, जिसके लिए धर्म बहुत मायने रखता है और उसका शौहर एक हिंदू लड़की के प्रेम संबंध में लिप्त है। फिल्म मुस्लिम लड़की और हिंदू लड़के की प्रेम कहानी और लव जिहाद जैसे विषय को बहुत ही मार्मिक एवं खूबसूरत तरीके से आधे घंटे की इस फिल्म में प्रस्तुत किया गया है। फिल्म के मुख्य अभिनेता वैभव सिंह व अभिनेत्री गरिमा कपूर है।

## तेज रफ्तार बस की मोटर साइकिल से टक्कर में दो छात्रों की मौत



*अवधनामा संवाददाता*

**बरेली।** भोजीपुरा क्षेत्र में एक दर्दनाक सड़क दुर्घटना में दो छात्रों की जान चली गई। दोनों छात्र बोर्ड परीक्षा का प्रवेश पत्र लेने के लिए निकले थे, लेकिन रास्ते में ही एक स्कूली बस की चपेट में आने से दोनों की मौत हो गई। हादसा अग्ररास रोड पर रामियापुर गांव के पास हुआ, जब एक स्कूली बस ने बाइक सवार छात्रों को टक्कर मार दी। बताया जा रहा है कि यह बस एक बारात से लौट रही थी और इसी दौरान यह भीषण दुर्घटना हो गई। भोजीपुरा थाना प्रभारी ने जानकारी दी कि दुर्घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने बस को जब्त कर लिया है और कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी गई है। हादसे में अर्जुन पुत्र कल्याण सिंह और मनोज पुत्र नत्थू सिंह दोनों निवासी रामियापुर, थाना भोजीपुरा, की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद पूरे क्षेत्र में शोक की लहर है। परिजनों को घटना की सूचना दे दी गई है, वहीं, स्थानीय लोग इस हादसे से आक्रोशित हैं और सड़क सुरक्षा को लेकर सवाल उठा रहे हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही है और कानूनी कार्रवाई जारी है।

## अल्लाह की इबादत के साथ अपने माँ बाप की खिदमत किया करोः मौलाना रफीक



*अवधनामा संवाददाता*

**मसौली बाराबंकी।** कस्बा बड़ागांव स्थित बड़ी मस्जिद मैदान मे कारी मौलाना अबू सुफियान रजा नूरी की सरपस्ती मे जश्ने ईद मिलादुन्नबी हाफ़िज कुतुबुद्दीन अंसारी की सदारत एव मौलाना दिलशाद अहमद की निजामत मे सम्पन हुई। हाफ़िज मेराज कुरैशी की तिलावत ए कुरान शरीफ से जश्ने ईद मिलादुन्नबी की शुरुआत हुई जलसे को ख़िताब करते हुए मुफ़्ती मौलाना रफीक खन्नापुरी ने कहा कि कुरान व हदीस में वालिदैन के साथ हुस्ने सुलूक करने की खुसूसी ताकीद की गई है। अल्लाह तआला ने बहुत सी जगहों पर अपनी तौहीद व इबादत का हुकुम देने के साथ वालिदैन के साथ अच्छा बरताव करने का हुकुम दिया है, जिससे वालिदैन की इताअत, उनकी खिदमत और उनके अदब व एहतेराम की अहमियत वाज़ेह हो जाती है। वालिदैन की फमांबरदारी की खास अहमियत व ताकीद और उसकी फज़ीलत बयान की गई है। अल्लाह तआला हम सबको वालिदैन के साथ अच्छा बरताव करने वाला बनाए, उनकी फरमांबरदारी करने वाला बनाए उनके हुक़ूक़ की अदाएगी करने वाला बनाए।

# भाकियू टिकैत की मासिक बैठक में किसानों की समस्याओं पर जोर

*अवधनामा संवाददाता*

फोटो 02

बाराबंकी। भारतीय किसान यूनियन टिकैत की जिला इकाई की मासिक बैठक शुक्रवार को जिला कार्यालय, गोकुल नगर पर आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष अनुपम वर्मा ने की, जबकि संचालन जिला कोषाध्यक्ष ओम प्रकाश ने किया। बैठक में किसानों से जुड़ी विभिन्न समस्याओं पर चर्चा की गई, जिसमें मुख्य रूप से पुलिस उत्पीड़न, तहसील कर्मियों की उदासीनता और जिले में संचालित निजी अस्पतालों द्वारा मरीजों के शोषण जैसे मुद्दे शामिल रहे। बैठक में जिलाध्यक्ष अनुपम वर्मा ने कहा कि किसानों को पानी की आवश्यकता है लेकिन नहरों से पानी नदारद है जिससे मेंथा की नर्सरी और गेंहू की सिंचाई बाधित हो रही है। इसके अलावा, पुलिस उत्पीड़न की शिकायतें भी सामने आईं। किसानों ने आरोप लगाया कि पुलिस बिना किसी ठोस कारण के उन्हें परेशान करती है, जिससे उनके कामकाज में बाधा उत्पन्न होती है।

बैठक में निर्णय लिया गया कि इस विषय पर संबंधित अधिकारियों से मिलकर ज्ञापन सौंपा जाएगा। बैठक में तहसील कर्मियों की उदासीनता पर भी चिंता व्यक्त की गई।

किसानों का कहना था कि तहसील कार्यालयों में उनके काम समय पर नहीं किए जाते और उन्हें इधर-उधर भटकाया जाता है। इस समस्या के समाधान के लिए किसान यूनियन जल्द ही प्रशासन से वार्ता करेगी। इसके अलावा, जिले में संचालित निजी अस्पतालों द्वारा मरीजों से अधिक पैसे वसूलने और इलाज में लापरवाही बरतने की शिकायतें भी बैठक में उठाई गईं। संगठन के पदाधिकारियों ने कहा कि यह एक गंभीर मुद्दा है और जल्द ही इस पर ठोस कार्रवाई के लिए प्रशासन को अवगत कराया जाएगा।



इस मौके पर प्रदेश उपाध्यक्ष राम किशोर पटेल,दिनेश कुमार, मीडिया प्रभारी सतीश वर्मा रिन्कू संतोष सिंह, रामानन्द वर्मा, भगौती प्रसाद, शिव शंकर सोनी, चंद्रभाल वर्मा, राम मदन, महेन्द्र प्रताप सिंह, डॉ हरीराम पाल, जागेश्वर चौधरी, संदीप पटेल आदि मौजूद रहे।

### संघर्ष जारी रहेगा

बैठक में उपस्थित सभी किसान नेताओं और कार्यकर्ताओं ने संकल्प लिया कि यदि उनकी मांगों पर उचित कार्रवाई नहीं हुई तो वे आगे आंदोलन करने से पीछे नहीं हटेंगे। संगठन ने सभी किसानों से एकजुट रहने और अपने अधिकारों के लिए संघर्ष जारी रखने की अपील की।

बैठक के अंत में जिलाध्यक्ष अनुपम वर्मा ने सभी पदाधिकारियो को आश्वस्त किया कि उनकी समस्याओं के समाधान के लिए संगठन हरसंभव प्रयास करेगा और आवश्यकता पड़ने पर बड़े स्तर पर आंदोलन किया जाएगा।

# अगर मेले में किसी प्रकार की कोताही पाई गई तो ज़िम्मेदार पर होगी कार्यवाहीः डीएम

*अवधनामा संवाददाता*



**रामनगर बाराबंकी।** लोधेश्वर महादेवा के फाल्गुनी मेले की व्यवस्थाओं का निरीक्षण करने जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी व पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह शुक्रवार दोपहर पहुंचे। उन्होंने मंदिर परिसर,मेला क्षेत्र का भ्रमण कर साफ सफाई समेत अन्य व्यवस्थाओं के सख्त दिशा निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि अगर मेले में किसी प्रकार की कोताही पाई गई तो सख्त कार्रवाई के लिए जिम्मेदार तैयार रहें।निरीक्षण के दौरान उन्होंने मंदिर परिसर में लगी हाई मास्ट लाइट को ठीक करवाने तथा मेला क्षेत्र में अस्थाई शौचालय को शीघ्र बनवाने को कहा।वही बोहनिया तालाब के किनारे मिट्टी डालकर आवागमन मार्ग को तुरंत ठीक करने मेला क्षेत्र में उचित प्रकाश व्यवस्था के साथ साफ सफाई की व्यवस्था ठीक करने को कहा। घाघरा नदी के किनारे महिलाओं के कपड़े बदलने के लिए चेंजिंग रूम व उचित प्रकाश व्यवस्था के लिए भी निर्देश दिए।महादेवा चौकी के बगल बने रैन बसेरे की साफ सफाई व प्रकाश की व्यवस्था कराने के लिए भी एसडीएम से कहा। डीएम ने अधिकारियों कर्मचारियों से कहा कि श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की कोई असुविधा न होने पाए।वही पुलिस अधीक्षक ने श्रद्धालुओं के लिए बनाई गई बैरिकेडिंग को मजबूत बनाने व सुरक्षा व्यवस्था सख्त रखने के निर्देश कोतवाल को दिए।

जिलाधिकारी के साथ के मेला भ्रमण में उप जिलाधिकारी पवन कुमार पुलिस क्षेत्राधिकारी सौरभ श्रीवास्तव,कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अजय कुमार त्रिपाठी खंड विकास अधिकारी सूरतगंज देवेंद्र प्रताप सिंह, चौकी प्रभारी संतोष कुमार त्रिपाठी ग्राम प्रधान अजय कुमार तिवारी सहित भारी लाभ लश्कर मौजूद रहा।

### संशोधन बिल को लेकर मुखर हुए अधिवक्ता, राष्ट्रपति को भेजा ज्ञापन

**महराजगंज।** (अवधनामा संवाददाता) टैक्स बार एसोसिएशन के तत्वावधान में शुक्रवार को अधिवक्ताओं ने राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा। जिसमें उन्होंने अधिवक्ता संशोधन बिल 2025 को लेकर कई बिंदुओं पर आपत्ति जताई। अधिवक्ताओं ने कहा कि यह बिल संविधान के मूल भावना के खिलाफ हैं। अधिवक्ताओं ने कहा कि भारत सरकार अधिवक्ता संशोधन बिल 2025 द्वारा संविधान के मूल भावना और जनमानस को प्रदत्त अधिकार को दबाना चाहती हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार अधिवक्ताओं के सर्वोच्च संस्था बार कौंसिल ऑफ इंडिया में अपनी तीन सदस्यों की नियुक्ति कर संस्था की स्वायता का हनन करना चाह रही हैं। कहा कि इस संशोधन के द्वारा केंद्र सरकार को बार कौंसिल को बाध्यकारी निर्देश देने की असीमित शक्ति मिल जाएगी जिससे कौंसिल का स्वनियमन की व्यवस्था कमजोर पड़ जाएगी। कहा कि इससे भारत के अंदर अधिनियमित विदेशी कानूनी प्रथाओं के उत्पन्न होने का खतरा बना रहेगा। कहा कि इस अधिनियम में अधिवक्ताओं के कल्याणकारी उपायों की कमी दिख रही हैं। इसमें बीमा स्वास्थ्य सेवा और पेंशन सहित अधिवक्ताओं के कल्याणकारी और सुरक्षात्मक उपायों की व्यवस्था होनी चाहिए। इस दौरान अध्यक्ष उमाशंकर जयसवाल, महामंत्री कपिल देव प्रजापति, उपाध्यक्ष अभिषेक कुमार मिश्र, राघवेंद्र सिंह, चंदन केडिया, पवन वर्मा, आलोक कुमार शाही, डीके सिंह, संतोष कुमार पांडेय, आलोक कुमार जयसवाल, अरविन्द कुमार पटेल सहित काफी संख्या में अधिवक्ता मौजूद रहे।

### ग्राम पंचायत सदस्य का चुनाव संपन्न

**मिठौरा (महराजगंज)।** (अवधनामा संवाददाता) विकासखंड मिठौरा अंतर्गत ग्राम पंचायत रामपुर महुअवा मे ग्राम पंचायत सदस्य का मतगणना शुक्रवार को मिठौरा ब्लॉक में स्थित मीटिंग हॉल में हुई । जिसमें वार्ड नंबर 4 से ग्राम पंचायत सदस्य पद पर तुलसी को 58 मत मिला और विजई रहे। जबकि वार्ड नंबर 6 से प्रवेश ने 65 मत पाकर जीत हासिल किया। इस दौरान निर्वाचन अधिकारी वीरेंद्र कुमार , बीडीओ राहुल सागर , विजय प्रताप सिंह , सर्वोत्तम विश्वकर्मा सहित अन्य लोग मौजूद रहे ।

# प्राण प्रतिष्ठा पर मां दुर्गा की धूमधाम से निकली शोभा यात्रा

*अवधनामा संवाददाता*



**बाराबंकी।** सिद्धौर ब्लॉक क्षेत्र के मीरापुर गांव में मां दुर्गा की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर शुक्रवार को श्रद्धालुओं ने ढोल नगाड़े अमीर गुलाल उड़ाते हुए बीबीपुर गांव तक शोभायात्रा निकाली। मंदिर परिसर लौटी शोभायात्रा बाद पुरोहितों ने मंत्रोपचार से प्राण प्रतिष्ठा कराई। शनिवार को पूर्णआहुति यज्ञ व भंडारा समापन किया जाना है। इस दौरान कोठी पुलिस मौजूद रहा। सिद्धौर ब्लॉक क्षेत्र के क्षेत्रीय विधायक हैदरगढ़ दिनेश रावत के गांव निवासी मनोहर कनौजिया के द्वारा मां दुर्गा की प्राण प्रतिष्ठा का संकल्प लिया गया। 17 फरवरी से उनके द्वारा पुरोहितों द्वारा पूजन अर्चन कार्य नर शुरू कर दिया गया। शुक्रवार की सुबह वाहन में मां दुर्गा की मूर्ति रखकर ढोल नगाड़े अमीर गुलाल के साथ-साथ डीजे पर नाचते गाते हुए श्रद्धालुओं ने बीबीपुर स्थित प्राचीन दुर्गा मंदिर तक शोभायात्रा निकाली। जहां पर पुजारी और पुरोहितों द्वारा मूर्ति में प्राणों का संचार किया गया। यह शोभा यात्रा पुनः मीरपुर गांव स्थित मंदिर पर स लौटी। जहां पर मंत्रोपचार के साथ मूर्ति का प्राण प्रतिष्ठा की गई। श्रद्धालुओं के सहयोग से शनिवार को पूर्ण आहुति यज्ञ के साथ भंडारे का आयोजन है। इस मौके पर प्रधान मीरापुर संतोष चौरसिय, डीडीसी प्रतिनिधि छोटू यादव समेत मिथिलेश रावत, राकेश, सोनी यादव, गोकर्ण यादव, रामकिशोर कनौजिया, धीरज कनौजिया, मनोज कनौजिया, श्याम नारायण, तिलकराम, सतीश व राजाराम आदि थे। शांति व्यवस्था के मद्देनजर कोठी थाने के हलका दरोगा विशेष कुमार कुरील समेत दीवान बलिकरन व सिपाही दिनेश आदि मौजूद थे।

# डीएम ने किया आईजीआरएस प्रार्थना-पत्रों के निस्तारण की समीक्षा

**अवधनामा संवाददाता**



**सिद्धार्थनगर।** आई.जी.आर.एस. के प्रार्थना-पत्रों के निस्तारण की समीक्षा बैठक जिलाधिकारी डा0 राजा गणपति आर0 की अध्यक्षता एवं मुख्य विकास अधिकारी जयेन्द्र कुमार की उपस्थिति में शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक सम्पन्न हुई।

बैठक में आई.जी.आर.एस. पर प्राप्त शिकायतो के निस्तारण की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी डा0 राजा गणपति आर0 ने आईजीआरएस की शिकायतों के निस्तारण के संबध में प्रत्येक तहसीलों की समीक्षा की। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि सभी विभागो के अधिकारी स्थल पर जाकर समस्याओं का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण ढंग से कराये। निस्तारण से शिकायतकर्ता संतुष्ट होना चाहिए। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि भूमि विवाद से सम्बन्धित प्रकरण थानाध्यक्ष को न भेजे। उपजिलाधिकारी राजस्व निरीक्षक के साथ जाये। सभी उपजिलाधिकारी राजस्व के प्रकरणों को गम्भीरता से लेकर निर्धारित समय में निस्तारित कराना सुनिश्चित करे। इसके साथ ही सभी शिकायतों का समय एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराना सुनिश्चित करें। तहसील डुमरियागंज एवं बांसी में सबसे अधिक प्रकरण लम्बित है। इसके साथ ही विद्युत विभाग के अधिक प्रकरण लम्बित है। जिलाधिकारी ने कहा कि आईजीआरएस के शिकायतों के निस्तारण में स्थल पर शिकायतकर्ता के साथ फाटोग्राफ्स भी अपलोड कराये तथा शिकायतकर्ता का हस्ताक्षर भी कराया जाये। राजस्व विभाग के निस्तारण आख्या में उपजिलाधिकारी के हस्ताक्षर हो। लेखपाल व कानूनगो द्वारा शिकायतकर्ता के चिन्हित स्थल पर जाकर निस्तारण कराये। चकमार्गो पर अतिक्रमण की शिकायतों का निस्तारण उपजिलाधिकारी स्वयं मौके पर जाकर शिकायतों का करायेंगे। गरीब व्यक्तियों को समय से न्याय मिले। इसके अलावा नगर पंचायत, ग्राम्य विकास विभाग, लोनिवि, पुलिस विभाग की शिकायते प्राप्त हुई है। समस्त विभागो के अधिकारियों को आईजीआरएस के प्रकरणो को शीघ्र निस्तारित करने का निर्देश दिया। तहसीलों में राजस्व विभाग की शिकायतों के निस्तारण की समीक्षा उपजिलाधिकारी/ तहसीलदार स्वयं करे और निस्तारण की कार्यवाही गुणवत्तापूर्ण हो पीड़ित व्यक्ति के परिवार को सही न्याय दिलाने की जिला प्रशासन की जिम्मेदारी है। जिलाधिकारी ने समस्त उपजिलाधिकारी एवं तहसीलदार को निर्देश दिया कि आप सभी अपने कार्यालय में समय से बैठकर जन सुनवाई करे जिससे लोगो की समस्याओं का निस्तारण हो सके। तहसीलदार डुमरियागंज, अधिशासी अभियन्ता विद्युत डुमरियागंज को स्पष्टीकरण देने का निर्देश दिया। इस अवसर पर सभी उप जिलाधिकारी, तहसीलदार, डीडीओ गोपाल प्रसाद कुशवाहा, डीसीमनरेगा सन्दीप सिंह, एआईजी स्टाम्प राजेश कुमार सिंह, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी जीवनलाल, जिला आबकारी अधिकारी वीर अभिमन्यु कुमार, समस्त अधिशासी अधिकारी नगर पालिका/नगर पंचायत व अन्य संबधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## मुख्यमंत्री के दावों के बावजूद स्वास्थ्य सुविधाएं बदहाल

**नौतनवा, महराजगंज।** मुख्यमंत्री द्वारा प्रदेश में स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर बनाने के लाख दावों के बावजूद जमीनी हकीकत कुछ और ही बयां कर रही है। नौतनवा कस्बे के बीचोंबीच स्थित न्यू प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र नौतनवा में तैनात डॉक्टर सरकार की उम्मीदों पर पानी फेरते नजर आ रहे हैं। अस्पताल में उपलब्ध दवाओं और सुविधाओं के बावजूद डॉक्टर मरीजों को सादे पर्चे पर बाहरी दवा लिख रहे हैं, जिससे गरीब और जरूरतमंद मरीजों का शोषण हो रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि डॉक्टर मरीजों को अस्पताल की मुफ्त सुविधाओं का लाभ देने के बजाय उन्हें निजी मेडिकल स्टोर से महंगी दवाएं खरीदने पर मजबूर कर रहे हैं। इस रवैये से मरीजों को काफी आर्थिक परेशानी उठानी पड़ रही है, जिसके कारण अब अस्पताल में आने वाले मरीजों की संख्या लगातार घट रही है। 50,000 से अधिक की आबादी वाले इस क्षेत्र में यह स्वास्थ्य केंद्र एक महत्वपूर्ण चिकित्सा सुविधा है, लेकिन डॉक्टरों की मनमानी और लापरवाही के कारण लोग सरकारी अस्पताल में जाने से कतराने लगे हैं।

# डीएम ने किया नीति आयोग एवं सीएसआर के अन्तर्गत कराये जाने वाले कार्यो की समीक्षा

**अवधनामा संवाददाता**



**सिद्धार्थनगर।** जिलाधिकारी डा0 राजागणपति आर0 की अध्यक्षता एवं मुख्य विकास अधिकारी जयेन्द्र कुमार की उपस्थिति में नीति आयोग एवं सी0एस0आर0 के अन्तर्गत कराये जाने वाले कार्यो की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुआ। जिलाधिकारी डा0 राजागणपति आर0 द्वारा नीति आयोग में चिन्हित स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि, पेयजल व अन्य विन्दुओं की समीक्षा की गयी।

जिलाधिकारी ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को सभी परिषदीय विद्यालयों में स्मार्ट क्लास, पेयजल, शौचालय की साफ-सफाई व्यवस्था, बाला पेन्टिंग, फर्नीचर आदि की उपलब्धता सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया। नीति आयोग योजना के अन्तर्गत क्रिटिकल गैप के अंतर्गत जो भी निर्माण एजेंसी कार्य कर रही है उसे गुणवत्ता पूर्ण व समय से पूर्ण कराये। को-लोकेटेड आंगनबाड़ी केन्द्र जो बन रहे है वह विद्यालय के नदीक ही उसका निर्माण कराये। अधिशासी अभियन्ता जल निगम को निर्देश दिया हर घर जल योजनान्तर्गत सभी घरों को कनेक्शन से आच्छादित करने का निर्देश दिया। कैम्प लगाकर प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में किसानों का पंजीकरण कराकर प्रगति लाये। कौशल विकास योजनान्तर्गत विभिन्न ट्रेडों में युवाओ का प्रशिक्षण पूर्ण कराये। आयुष्मान भारत योजनान्तर्गत लाभार्थियें का गोल्डेन कार्ड बनवाने का निर्देश दिया। वाररूम एवं रेफरल रूम में रजिस्टर रहना चाहिए। टीवी के मरीजों को चिन्हित कर उनका पंजीकरण कराये। एक्स-रे, नैट जांच में प्रगति लाये। सैम-मैम बच्चों का चिन्हांकन कराये। मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिया कि सभी टीकों का शत-प्रतिशत टीकाकरण करायें। इस अवसर पर उपरोक्त के अतिरिक्त परियोजना निदेशक डीआरडीए नागेन्द्र मोहन राम त्रिपाठी, जिला विकास अधिकारी गोपाल प्रसाद कुशवाहा, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी बी.एस.यादव, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ0 जीवन लाल, कार्यदायी संस्थाओं के अधिशासी अभियन्ता व अन्य सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# थाना ढेबरुआ पुलिस ने चोरी के वांछित चार को किया गिरफ्तार

**अवधनामा संवाददाता**



**अभियुक्तो के कब्जे से 15 बोरी गेहूं/चावल, 12,000/- नगद व घटना में प्रयुक्त 01 अदद मारुती ईको बरामद**

**इटवा सिद्धार्थनगर।** डॉ. अभिषेक महाजन पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत, सिद्धार्थ अपर पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में बृजेश वर्मा क्षेत्राधिकारी शोहरतगढ के कुशल पर्यवेक्षण व गौरव सिंह प्रभारी निरीक्षक ढेबरुआ के कुशल नेतृत्व में थाना ढेबरुआ पुलिस द्वारा दिनांक 20.02.2025 को मु0अ0सं0- 28,29/2025 धारा-303(2),317(2) BNS से सम्बंधित अभियुक्तगण को गिरफ्तार/बरामद कर आवश्यक विधिक कार्यवाही पूर्ण कर आज दिनांक 21.02.2025 को मा न्यायालय भेजा गया। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि पकड़े गए लोगो में रवीन्द्र कुमार पाण्डेय पुत्र रामेश्वर प्रसाद पाण्डेय साकिन वार्ड नं0 15 रामजानकी नगर कस्बा व थाना इटवा, सहबाज खान पुत्र मो0 मुस्तकीम साकिन डॉ मुस्तफा गली कस्बा व थाना इटवा, रवि सोनी पुत्र जटाशंकर सोनी साकिन वार्ड नं0 13 गुरुगोविन्द नगर कस्बा व थाना इटवा, विशाल अग्रहरि पुत्र सरजू नाथ अग्रहरि साकिन सिरसिया रोड कस्बा व थाना इटवा हैं उनके पास से 15 बोरी गेहू /चावल, घटना में प्रयुक्त 01 अदद वाहन UP 51 BR 4593 मारुती ईको कार, 12,000/- नगद बरामद हुआ है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उ0नि0 रामजी यादव, जयप्रकाश प्रसाद थाना ढेबरुआ, मु0आ0 अजीत कुमार, अवनीश प्रताप सिंह थाना ढेबरुआ, आ0 विशाल सिंह, पंचम यादव थाना ढेबरुआ जनपद सिद्धार्थनगर।

# अकरहरा व चन्दवा में लगा चौपाल गाँव की समस्या गाँव में समाधान

**अवधनामा संवाददाता**



**बढ़नी सिद्धार्थनगर।** विकास खण्ड बढ़नी क्षेत्र के अन्तर्गत ग्राम पंचायत अकरहरा में शुक्रवार को गाँव की समस्या गाँव में समाधान करने हेतु ग्राम चौपाल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें ग्राम पंचायत चौपाल कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम पंचायत सचिव रविकांत यादव ने करते हुए केंद्र और प्रदेश सरकार द्वारा चलाई गई विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी।

चौपाल कार्यक्रम में मुख्य रूप से अटल पेंशन योजना,राशनकार्ड, वृद्धावस्था, विधवा पेंशन व दिव्यांग पेंशन, आयुष्मान कार्ड, पीएम आवास योजना, मनरेगा योजना, किसान सम्मान निधि, व्यक्तिगत शौचालय व युवाओं को रोजगार से जोड़ने आदि विविध योजनाओं पर विस्तार से प्रकाश डाला गया। इस दौरान आयुष्मान कार्ड व परिवार कार्ड बनाये जाने पर जोर देते हुए शासन द्वारा चलायी जा रही गरीब कल्याण व अन्य लाभकारी योजनाओं के बारें में जानकारी देते हुए लोगों को स्वच्छता के प्रति भी जागरूक किया गया है। उक्त अवसर पर पंचायत सचिव रविकांत यादव, ग्राम प्रधान हमीद हसन, आदि लोग उपस्थित रहे। वहीं ग्राम पंचायत चंदवा चौपाल कार्यक्रम की अध्यक्षता पंचायत सचिव अनुपम सिंह ने करते हुए सरकार द्वारा चलाई जा रही तमाम योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। जहां पर घरौनी भी वितरण किया गया, उक्त कार्यक्रम में सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण जुटे रहे। वहीं Aroh फाउंडेशन के AFC अंबुज श्रीवास्तव ने प्रधानमंत्री जन-धन योजना व मुद्रा योजना बचत खाता खोलने के लाभ, अटल पेंशन योजना, सुकन्या समृद्धि योजना, आदि योजनाओं के बारे में जानकारी दिया। उक्त अवसर पर पंचायत सचिव अनुपम सिंह, महिला ग्राम प्रधान मालती देवी, प्रतिनिधि अक्षय कुमार यादव, रोजगार सेवक शिवशंकर, पंचायत सहायक ज्योति, आशा शर्मिला, आंगनबाड़ी कार्यकत्री ममता, सफाई कर्मी कृष्ण कुमार शुक्ल सहित तमाम ग्रामीण उपस्थित रहे।

## समाज के हर वर्ग की लड़ाई लड़ रही सपा : उग्रसेन सिंह

**सिद्धार्थनगर।** सपा नेता व विधानसभा क्षेत्र शोहरत गढ़ से पूर्व सपा प्रत्याशी उग्रसेन सिंह ने कहा कि हमारे राष्ट्रिय अध्यक्ष सांसद व पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने ने पिछड़े, दलितों और अल्पसंख्यकों सहित हर वर्ग के हक की लड़ाई शुरू कर दी है। पीडीए एक मंच है जिसके तहत पार्टी इस लड़ाई को आगे बढ़ा रही है। मौजूदा सरकार बटेंगे तो कटेंगे का नारा उछाल कर समाज के इस वर्ग को डरा रही है। दलित समाज का कोई भाई मंदिर में जाता है तो मंदिर गंगा जल से धुला जाता है,दलित समाज का दूल्हा घोड़ी पर जाता है तो उसकी मार पिटाई होती है,और ये कहते हैं कि बटेंगे तो कटेंगे। हिंदुओं की तमाम जातियों को अछूत मानने वाले ये लोग वोट के लिए हिंदुत्व की बात करते हैं। इनके झूठे वायदे और बहकावे में आने वाले पिछड़े समाज के लोगों को सतर्क व जागरूक करने का ही बैनर है पीडीए। पूर्व सपा प्रत्याशी उग्रसेन सिंह राष्ट्रिय नेतृत्व के आवाहन पर शुक्रवार को अपने विधानसभा क्षेत्र के जोगीबारी में पीडीएफ जनचौपाल में लोगों को संबोधित कर रहे थे।

## डिग्री कालेज इटवा : एक दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर का हुआ आयोजन



**इटवा, सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** डॉ राम मनोहर लोहिया स्नातकोत्तर महाविद्यालय इटवा में शुक्रवार को राष्ट्रीय सेवा योजना का दूसरा एक दिवसीय शिविर लगाया गया जिसमें नैतिक मूल्यों में आई गिरावट कारण एवं निवारण विषय पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जानकारी के अनुसार राष्ट्रीय सेवा योजना के संचालित इकाई के कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 पवन कुमार पाण्डेय के निर्देशन में 21 फरवरी 2025 को डॉ राम मनोहर लोहिया स्नातकोत्तर महाविद्यालय इटवा में दूसरा एक दिवसीय शिविर लगाया गया। जिसमें नैतिक मूल्यों में आई गिरावट, कारण एवं निवारण विषय पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसके साथ ही बच्चों (स्वयं सेवकों) को महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ अष्टभुजा पाण्डेय ने अच्छी शिक्षा कैसे हासिल करें, अच्छे संस्कार से ही नैतिकवान एवं चरित्रवान बन सकते हैं, भविष्य में हम कैसे देशहित में काम कर सकते हैं, आदि विषयों पर व्याख्यान दिया गया। पूर्व कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 प्रमोद कुमार दिवेदी ने एनएसएस के उद्देश्यों के बारे में विस्तार से बताया। विशेष सहयोग के लिए अम्बिकेश्वर त्रिपाठी, अंकित चतुर्वेदी, डॉ0 लालबहादुर यादव, राम अजोरे प्रजापति, राकेश दुबे, डॉ0 विवेक त्रिपाठी, डॉ0 नुरुल हसन आदि स्टाफ उपस्थिति थे।

## चक्रधारी पांडेय के आकस्मिक निधन से मधेश की राजनीति में आई शून्यता

**सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** भारत सीमा से सटे नेपाल के कपिलवस्तु जिले के बड़े मधेशी नेता चक्रधारी पांडेय के आकस्मिक निधन से नेपाल के तराई की मधेश राजनीति में बड़ी शून्यता आ गई है। जनता प्रगतिशील पार्टी के राष्ट्रिय अध्यक्ष पूर्व मंत्रि हृदयेश त्रिपाठी और उपाध्यक्ष तथा पूर्व मंत्री ईश्वर दयाल मिश्र ने मधेश नेता के निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए कहा कि स्व.पांडेय नेपाल में सरकार किसी की भी हो,मधेश की आवाज उठाते रहते थे। यही वजह रही कि मधेशी जनता में वे काफी लोकप्रिय थे। जनता उन्हें अपना रहनुमा मानने लगी थी। मधेश की राजनीति में वे माओवादियों की आंख की किरकिरी थे। दो बार उन पर जानलेवा हमला भी हुआ। स्व.चक्रधारी पांडेय का राजनीतिक कद और कौशल यह था कि काठमांडू की सरकारें भी उनकी बात सुनती थी। उनका नाम यूं तो हरि प्रकाश पांडेय था लेकिन लोग उन्हें चक्रधारी के नाम से ही जानते थे। उनका राजनीतिक सफर बड़ा उतार चढ़ाव भरा था। 2005 में नेपाल की उभरती हुई सबसे बड़ी मधेश की पार्टी मधेशी जन अधिकार फोरम के वे कपिलवस्तु जिले के बड़े नेता थे। वे 2006 में मधेसी जनाधिकार फोरम के संयोजक चुने गए। पार्टी के राष्ट्रिय अध्यक्ष उपेंद्र यादव के नेतृत्व में चल रहे विशाल जनसभा में इनके ऊपर माओवादी पार्टी के युवा शाखा वाईसीएल द्वारा जानलेवा हमला किया गया। इस हमले में उपेन्द्र यादव सहित दर्जनों लोग भाग कर अपनी जान बचाई थी। 2008 में आम निर्वाचन के समय अभिषेक प्रताप शाह की सभा से लौटते समय इनके ऊपर एक और हमला अज्ञात समूह द्वारा किया जिससे उनके पीछे कोहनी पर गोली लगी। घायल अवस्था में वे बाइक से अस्पताल पहुंचे। मुश्किल से इलाज के बाद उनकी जान बच पाई। मधेश की सक्रिय राजनीति करते करते उन्हें कैंसर हो गया जिसका पता बहुत दिन बाद चला। उनके आकस्मिक निधन के बाद जगह हो रहे श्रद्धांजलि सभा में नम आंखों से उन्हें याद कर लोग उनके राजनीतिक सफर और जुझारूपन की चर्चा करते नहीं थक रहे।

## विद्यालय में दिव्यांग बच्चों के लिए सुनिश्चित करें समावेशी शिक्षा : अरुण कुमार



**सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** सभी नोडल शिक्षकों को दिव्यांग बच्चों के प्रति विचारशील, संवेदनशील, और निष्पक्ष होना चाहिए।अभिभावकों एवं स्पेशल एजुकेटर्स के साथ एक समन्वय रणनीति बनाकर समावेशी शिक्षा के तहत सभी बच्चों को शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ने का प्रयास करना चाहिए। दिव्यांग बच्चा किसी एक मामले में अक्षम होता है, बाकी सभी मामलों में सक्षम होता है। उसके अन्दर सीखने समझने की क्षमता अधिक होती है। उपरोक्त आशय का विचार खण्ड शिक्षा अधिकारी अरुण कुमार ने समेकित शिक्षा के अंतर्गत दिव्यांग बच्चों के समावेशी शिक्षा हेतु नोडल शिक्षकों के पांच दिवसीय द्वितीय चक्र के प्रशिक्षण के समापन के अवसर पर शिक्षकों को संबोधित करते हुए व्यक्त किया। उन्होंने सभी शिक्षकों से दिव्यांग बच्चों के मध्य आत्म विश्वास जागृत करने का सुझाव दिया। प्रशिक्षण का सफल संचालन प्रशिक्षक एवं स्पेशल एजुकेटर्स विनोद कुमार मिश्र, राकेश चौधरी, सतीश चन्द्र ने किया। प्रशिक्षण के दौरान पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ के जिला महामंत्री कलीमुल्लाह, जिला स्काउट मास्टर महेश कुमार, बुद्धिराम, अब्दुल अज़ीज़, ओम प्रकाश त्रिपाठी, ज़ुबैर अहमद उस्मानी, सालिक राम चौधरी, मोहम्मद आजाद, राम सेवक, शब्बीर अनवर अंसारी, सेराज अहमद, फौजिया नाज़, रुचि त्यागी, बंदना सिंह, आरती सिंह, रीना मालिक, रेनू खान, उमा मिश्रा, विभा यादव आदि शिक्षक मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# पुलिस ने चार के खिलाफ किया मुकदमा पंजीकृत

**अवधनामा संवाददाता**

**बांसी सिद्धार्थनगर।** गोल्हौरा थाना की पुलिस ने राज्य महिला आयोग की पहल पर शादी का झांसा देकर यौन उत्पीड़न करने का मुकदमा चार आरोपियों के खिलाफ बृहस्पतिवार को दर्ज किया है। थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया है कि वह गरीब एवं धोबी जाति अनुसूचित महिला है। उसका पति मजदूरी के सिलसिले में बाहर रहते है गांव का सागर पुत्र रामफेर जो मेरे प्रति वर्षो से बुरी नजर रखता है मुझे आज से करीब एक वर्ष पूर्व शादी का झांसा देकर जब मैं दवा कराने हेतु सिद्धार्थनगर आई थी, साडी तिराहा से मुझे अपने साथ पिपरा करीम अपने एक रिश्तेदार के घर ले गया तथा मेरे साथ मेरे मर्जी के विरूद्ध लगातार चार दिनो तक घर में बन्द करके भिन्न-भिन्न समयों व तिथियों पर निरन्तर शारीरिक शोषण और दुष्कर्म करता रहा मैने विरोध किया तो काफी मारा पीटा और जाति सूचक शब्दों का प्रयोग किया। इसके बाद मुझे नशीला दवा खिलाकर बस्ती ले गया वहां ट्रेन से मुझे अपनी बहन के घर पूना ले गया तथा मेरे साथ उसके सहयोगियों ने गैंगरेप किया जब मैं विरोध करती तो काफी मारते पीटते कमरे में बन्द कर देते और मेरे ऊपर वैश्यावृत्ति का धंधा करने का दबाव बनाते। इस तरह मेरे साथ आठ महीने तक लगातार सागर ने शारीरिक उत्पीड़न किया। किसी तरह मै अपने पिता व एक सहयोगी बसंत को जरिए मोबाइल फोन से सूचना दी तथा जान बचाकर मायका आई और आप बीती से अपने पिता को अवगत कराया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर दुष्कर्म करने, मारने पीटने, एससी एसटी उत्पीड़न आदि का मुकदमा पंजीकृत कर लिया है। थानाध्यक्ष बृजेश सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

## डीएम ने नगर पालिका परिषद, सिद्धार्थनगर के निर्माणाधीन खजुरिया रोड का निरीक्षण किया



**सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** जिलाधिकारी डा राजा गणपति आर द्वारा नगर पालिका परिषद, सिद्धार्थनगर के निर्माणाधीन खजुरिया रोड निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी डा राजा गणपति आर द्वारा खजुरिया रोड का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियन्ता विद्युत को ट्रान्सफार्मर एवं विद्युत पोल शिफ्ट करने का निर्देश दिया। सम्बन्धित जे0ई0 को निर्देश दिया कि मार्च के लास्ट तक गुणवत्ता ढंग से सड़क का निर्माण कार्य पूर्ण कराना सुनिश्चित करे।

## राष्ट्रीय गुणवत्ता मंडल सम्मेलन का किया आयोजन

**अंबेडकरनगर।** एनटीपीसी टांडा थर्मल पावर स्टेशन द्वारा 20-21 फरवरी 2025 को राष्ट्रीय गुणवत्ता मंडल सम्मेलन (NQCC) 2025 का सफल आयोजन किया गया। इस सम्मेलन में छह क्षेत्रों से 14 क्वालिटी सर्कल (QC) / लीन क्वालिटी सर्कल (LQC) टीमों ने भाग लिया। सम्मेलन का उद्घाटन अनिल कुमार जाडली, निदेशक (मानव संसाधन), एनटीपीसी द्वारा किया गया। इस अवसर पर एन श्रीनिवास राव, क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक (उत्तर), जयदेव परिदा, मुख्य महाप्रबंधक, एनटीपीसी टांडा, समीरन सिन्हा राय, महाप्रबंधक (मानव संसाधन) उत्तर, अभय मिश्रा, महाप्रबंधक (ओ एंड एम) एनटीपीसी टांडा एवं क्यूसीएफआई के निर्णायक मंडल उपस्थित रहे।

## जलालपुर बार एसोसिएशन ने क़ानून मंत्री के नाम एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**जलालपुर अंबेडकरनगर।** केंद्र सरकार द्वारा प्रस्तावित एडवोकेट अधिनियम संशोधन बिल 2025 से क्षुब्द होकर जलालपुर बार एसोसिएशन जलालपुर अंबेडकर नगर ने एक आपात कालीन बैठक की। बैठक में सर्व सम्मति से प्रस्ताव पारित किया गया कि विधिक परिषद उत्तर प्रदेश के पत्र दिनांक 19 फरवरी 2025 के अनुपालन में हम जलालपुर बार एसोसिएशन जलालपुर जनपद अंबेडकर नगर के अधिवक्ता गण 6 सूत्री ज्ञापन माननीय विधि मंत्री भारत सरकार नई दिल्ली के नाम उप जिलाधिकारी जलालपुर को सौंप कर केंद्र सरकार द्वारा प्रस्तावित एडवोकेट अधिनियम संशोधन बिल 2025 का विरोध करते हैं और 6 सूत्री मांगों को लेकर बांह में काली पट्टी बांधकर अनिश्चितकालीन तक कार्य बहिष्कार की घोषणा की है। आपातकालीन बैठक बार एसोसिएशन जलालपुर के अध्यक्ष घनश्याम शर्मा की अध्यक्षता में संपन्न हुई।

# अवैध गोदाम में रखा नेपाल तस्करी का कपड़ा कस्टम ने किया बरामद

## सीमा पर कपड़े की तस्करी का बड़ा नेटवर्क सक्रिय, कस्टम की छापेमारी में बड़ा खुलासा

**अवधनामा संवाददाता**

**कपड़ा तस्करी के जरिए नेपाल भेजा जाना था, लेकिन इससे पहले ही कस्टम के अधिकारियों ने इसे पकड़ लिया**

**नौतनवां, महराजगंज।** भारत-नेपाल सीमा पर कपड़ों की तस्करी का खेल बड़े पैमाने पर जारी है। नौतनवा कस्टम विभाग की टीम ने अवैध गोदाम से छापेमारी कर तस्करी का भारी पैमाने पर कपड़ा बरामद किया है। मिली जानकारी के अनुसार बृहस्पतिवार को देर रात नौतनवा कस्टम विभाग ने सोनौली के एक अवैध गोदाम से बड़ी कार्रवाई करते हुए नेपाल भेजने के लिए रखे गए अवैध गोदामों से भारी मात्रा में लाखों रुपए मूल्य का कपड़ा जब्त किया है।

यह कपड़ा तस्करी के जरिए नेपाल भेजा जाना था, लेकिन इससे पहले ही कस्टम के अधिकारियों ने इसे पकड़ लिया। सूत्रों के अनुसार, तस्करों ने सीमा के आसपास कई अवैध गोदाम बना रखे हैं, जहां से कपड़ों को छोटे-छोटे वाहनों, और अन्य साधनों के जरिए पगडंडी रास्ते से नेपाल भेजा जाता है। इस अवैध धंधे में कई बड़े नेटवर्क के जुड़े होने की आशंका जताई जा रही है। कपड़ा तस्कर अन्य प्रदेशों से ट्रांसपोर्ट के माध्यम से कपड़ा मंगा कर सोनौली व नौतनवा में अलग-अलग गोदाम में इकट्ठा कर रात के अंधेरे में या गुप्त रास्तों से इसे नेपाल भेजते हैं। कस्टम विभाग को लंबे समय से इस गतिविधि की सूचना मिल रही थी, जिसके बाद यह कार्रवाई की गई। कस्टम विभाग के सुपरिंटेंडेंट एस के पटेल ने कहा कि एक अवैध गोदाम से तस्करी का कपड़ा बरामद किया गया है।

# नौ दिवसीय विष्णु महायज्ञ कलश के साथ निकली यात्रा



**अवधनामा संवाददाता**

**लोटन सिद्धार्थनगर।** विकास खण्ड लोटन क्षेत्र अन्तर्गत ग्राम पंचायत सुसनहा मे ग्राम वासियो एवं क्षेत्र वासियों के सहयोग से नौ दिवसीय विष्णु महा यज्ञ राम लीला एवं रासलीला का आयोजन किया गया। प्रवचन 22 फरवरी से शुरु होकर 1 मार्च को पूर्णाआहूति एंव भण्डारा होगा। शुक्रवार को भारी जनसमूह के बीच महिलाए एवं पुरुष कलश के साथ यात्रा शुरू हुई साथ मे डी जे व बाजे के साथ यज्ञ स्थल से शुरु होकर लोटन चौराहा होते हुए लोटन जगन्नाथ स्वामी मन्दिर के पास कलश भर कर यज्ञ स्थल पर वापस लौट गये। कलश उठाने वाली महिलाये व लड़किया यज्ञ मंण्डप मे पहुंच कर अपनी अपनी कलश का पूजन की। बाबा बालक दास ने कहा यज्ञ से जहाँ मन की चेतना का विकास होती है वही वातावरण मे फैली अशुद्धिया दूर होती है। यज्ञकर्ता ने कहा कि धर्म की चर्चा होने से पूरे क्षेत्र मे शान्ति का वातावरण कायम रहता है। बाबा ने कहाँ कि जिन हिन्दूओ ने यज्ञ मे सहयोग किया है वह क्षेत्र के लिए मिसाल है। इस दौरान विधायक प्रतिनिधि सत्य प्रकाश रही, भाजपा मण्डल अध्यक्ष दृग्नरायन सिंह,भावी जिला पंचायत सदस्य शैलेश कुमार चौरसिया, प्रधान प्रतिनिधि राजकुमार, प्रधान पटखौली कमलेश चौरसिया, पूर्व प्रधान राम बहाल चौरसिया, अर्जुन राजेन्द्र यादव, राम समुझ चौरसिया,राम रेखा यादव, कृष्ण दत्त तिवारी, अनुराग कसौधन आदि तमाम क्षेत्र वासि मौजूद रहे।

## दिल्ली की नेतृत्व-रेखा

भाजपा ने महिला विधायक रेखा गुप्ता को दिल्ली अर्द्धराज्य का मुख्यमंत्री चुना है। दिसंबर, 1998 में मुख्यमंत्री रहीं सुषमा स्वराज के बाद रेखा गुप्ता दिल्ली की दूसरी भाजपाई मुख्यमंत्री हैं। यदि शीला दीक्षित और आतिशी को भी गिनें, तो वह दिल्ली की चौथी महिला मुख्यमंत्री हैं। देश के 13 राज्यों में भाजपा मुख्यमंत्री हैं, लेकिन महिला मुख्यमंत्री कोई नहीं थी। एनडीए सरकारों का नेतृत्व भी पुरुष मुख्यमंत्री कर रहे हैं। अलबत्ता राजस्थान और ओडिशा में भाजपा की उपमुख्यमंत्री जरूर हैं। अब भाजपा की सूची में मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता महिला और वैश्य समुदाय का प्रतिनिधित्व करेंगी, लेकिन अब भी भाजपा किसी दलित को मुख्यमंत्री नहीं बना पाई है। आरएसएस प्रमुख भी आज तक किसी दलित को नहीं बनाया गया है। यह संयोग है अथवा परंपरागत प्रयोग है? रेखा गुप्ता 2025 के विधानसभा चुनाव में पहली बार ही विधायक बनी हैं। हालांकि उन्होंने दिल्ली विश्वविद्यालय छात्र संघ के सचिव तथा अध्यक्ष, तीन बार नगर निगम पार्षद, भाजपा में पदाधिकारी और राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य के तौर पर 30 लंबे सालों का राजनीतिक सफर पार किया है, लेकिन सवाल किया जा रहा है कि रेखा गुप्ता को ही दिल्ली की मुख्यमंत्री का दायित्व क्यों दिया गया? जबकि कई अनुभवी और 5-6 बार के चुने हुए विधायक भी पार्टी में हैं। इसका साफ जवाब है कि महिला और वैश्य समाज को साधने का प्रयास किया गया है। प्रधानमंत्री मोदी अब महिला सशक्तिकरण की राजनीति पर ज्यादा फोकस करना चाहते हैं। दरअसल वैश्य 'जनसंघ' के दिनों से ही संघवादी राजनीति के कोर समर्थक रहे हैं। भाजपा को भी 1980 के दौर में ब्राह्मणों-बनियों की पार्टी माना जाता था।

बाद में पंजाबियों का समर्थन भी मिलने लगा। प्रधानमंत्री मोदी ने आदिवासी, ओबीसी और कुछ हद तक दलितों को भी भाजपा के साथ जोड़ने की सफल राजनीति की है, नतीजतन 20 से अधिक राज्यों में भाजपा-एनडीए की सरकारें हैं। बहरहाल दिल्ली का परिदृश्य कुछ अलग रहा है। दिल्ली में साक्षरता दर 88 फीसदी से अधिक है। प्रति व्यक्ति आय भी औसतन 4 लाख रुपए से ज्यादा है। नागरिक जागरूकता भी काफी है। दिल्ली देश की राजधानी के साथ-साथ 'मिनी भारत' भी है। चूंकि केजरीवाल भी बनिया समाज के हैं, लिहाजा उनके नेतृत्व में जब आम आदमी पार्टी (आप) की राजनीति परवान चढ़ी, तो वैश्य भी उनकी ओर ध्रुवीकृत हुए, लिहाजा भाजपा ने अपने कोर वोटर को खिसकने का संकट महसूस किया। प्रधानमंत्री मोदी ने 2025 के चुनाव में महिलाओं पर खूब फोकस रखा, नतीजतन पार्टी को 45 फीसदी से अधिक महिला वोट मिले। अब रेखा गुप्ता को दिल्ली का मुख्यमंत्री बना कर महिला और बनियों के जनाधार को साधने की कोशिश की गई है। दिल्ली में वैश्य आबादी सिर्फ 8 फीसदी है। जाट आबादी भी लगभग इतनी ही है। भाजपा ने नई नेतृत्व-रेखा खींच कर दिल्ली की करीब 1 करोड़ महिलाओं को प्रतिनिधित्व दिया है। भाजपा भी नए मुख्यमंत्री की व्याख्या इसी तरह कर रही है। अब पूरे देश में ममता बनर्जी और रेखा गुप्ता, दो ही महिला मुख्यमंत्री हैं। बहरहाल केजरीवाल सरकार की मुफ्त योजनाओं को जारी रखना, प्रदूषण कम करने की शुरुआत करना, स्वच्छ पेयजल, सड़कों का परिसंस्कार और यमुना की सफाई जैसे मसलों पर परीक्षा होगी।

## शांति की संस्कृति एवं समझ को विकसित करने जरूरत

ललित गर्ग

एक शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण समाज के निर्माण, विविध संस्कृतियों, धर्मो और क्षेत्रों के बीच सद्भाव, करुणा और सहयोग की स्थायी भावना की अपेक्षा को आकार देने के लिये हर वर्ष विश्व शांति एवं समझ दिवस 23 फरवरी को विश्व स्तर पर मनाया जाता है। यह अवसर मानवीय सेवा, शांति और सद्भावना के प्रतीक रोटरी इंटरनेशनल की संस्थापक बैठक से जुड़ा है, जो एक अधिक समावेशी और शांतिपूर्ण दुनिया को बढ़ावा देने के लिए दुनिया में सामूहिक जिम्मेदारी का एक मार्मिक अनुस्मारक एवं महा अनुष्ठान है। साल 2025 में इस दिवस का उद्देश्य दुनियाभर में शांति और समझ को बढ़ावा देते हुए शांति की संस्कृति का विकास करना है। यह विषय एक ऐसी दुनिया की दिशा में सक्रिय रूप से काम करने के महत्व पर जोर देता है जहाँ शांति की समझ केवल एक आकांक्षा नहीं बल्कि हमारे दैनिक जीवन, व्यवहार और बातचीत का एक हिस्सा हो। यह दुनिया में संघर्ष को रोकने के लिए विभिन्न संस्कृतियों और दृष्टिकोणों के लिए सहानुभूति और सम्मान को सक्रिय रूप से बढ़ावा देने के लिए प्रोत्साहित करता है एवं शांति की संस्कृति को विकसित करने के लिए व्यक्तियों, समुदायों और राष्ट्रों से सामूहिक प्रयास की आवश्यकता को उजागर करता है। दुनिया में प्रेम-भाईचारा और शांति को बनाए रखना एवं हिंसारहित दुनिया निर्मित करना भी इस दिवस का ध्येय है।

रोटरी इंटरनेशनल की यात्रा 1905 में पॉल पी. हैरिस के साथ शुरू हुई, जिन्होंने राजनीति और धर्म की सीमाओं से परे विभिन्न पृष्ठभूमि के पेशेवरों को शामिल करते हुए एक भाईचारे एवं बंधुत्व भावना की कल्पना की थी। यह दृष्टिकोण पहले रोटरी क्लब में साकार हुआ, जिसे आधिकारिक तौर पर 1908 में शामिल किया गया था, जिससे एक ऐसे आंदोलन की शुरुआत हुई जिसने अंततः एक वैश्विक आयाम ग्रहण किया। पहले प्रमुख अमेरिकी शहरों और बाद में दुनियाभर में रोटरी क्लबों की स्थापना ने 1925 तक रोटरी इंटरनेशनल के रूप में प्रतिष्ठा प्राप्त की, आज, 200 से अधिक देशों और भौगोलिक क्षेत्रों में फैले 46,000 से अधिक क्लबों में 1.4 मिलियन से अधिक सदस्यों के साथ, रोटरी इंटरनेशनल मानवीय सेवा में वैश्विक एकजुटता का प्रतीक है।

आज जबकि पूरी दुनिया युद्ध, हिंसा, आतंक एवं क्रूरता से त्रस्त है, इन जटिल एवं विषम परिस्थितियों में दुनिया में शांति की समझ पैदा करना पूरी मानव जाति का कर्तव्य है। समाज में समझ से ही शांति स्थापित की जा सकती है। इसके लिए सामूहिक प्रयास करने की आवश्कता है। इसके विपरीत यदि, पूरी दुनिया के लोग एक दूसरे को घृणा, द्वेष और नफरत की दृष्टि से देखेंगे तो उसका परिणाम युद्ध और विनाश के रूप में सामने आएगा। संघर्ष, अविश्वास, गलतफहमी और विद्रोह समाज को बांटता है और उसे एक अन्नत संघर्ष की खाई में धकेल देता है। अविश्वास, अहंकार एवं महत्वाकांक्षाएं समाज को गलतफहमी, विद्रोह, लड़ाई और संघर्ष की ओर ले जाती है। इसलिए समाज में विश्वास और शांति स्थापित करने के लिए सभी मनुष्यों को एक दूसरे के साथ कंधे से कंधा मिलाकर सहयोगी के रूप में कार्य करना होगा। यह दिवस दुनिया की सबसे गंभीर चुनौतियों से निपटने में सामूहिक कार्रवाई की शक्ति की याद दिलाता है। यह हमें अपने मतभेदों से परे देखने और सभी के लिए शांति, समृद्धि और कल्याण के सामान्य लक्ष्यों की दिशा में मिलकर काम करने के लिए प्रोत्साहित करता है। सामुदायिक सेवा, अंतर्राष्ट्रीय सहयोग और नैतिक मानकों को बढ़ावा देने के माध्यम से, विश्व शांति और समझ दिवस स्थायी शांति प्राप्त करने में सद्भावना के महत्व को रेखांकित करता है। मनुष्य, पशु, पक्षी, कीड़े, मकोड़े आदि सभी जीना चाहते हैं। कोई मरने की इच्छा नहीं रखता। जब कोई मृत्यु चाहता ही नहीं, तो उस पर उसको थोपना कहां का न्याय है। शांति, सहजीवन एवं अहिंसा में विश्वास रखने वाले लोग किसी प्राणी को सताते नहीं, मारते नहीं, मर्माहत करते नहीं, बल्कि एक दूसरे का सहयोग करते हुए एक उन्नत दुनिया का निर्माण करते हैं। शांति की समझ है स्वयं के साथ सम्पूर्ण मानवता को ऊपर उठाने में, आत्मपतन से बचने में और उससे किसी को बचाने में। अशांति अंधेरा है और शांति उजाला है।

विश्व शांति और समझ दिवस

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़्वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

किसी भी लेख में कोई विवाद के लिए 'अवधनामा' जिम्मेदार नहीं होगा, इसकी जिम्मेदारी लेखक की है। किसी भी समाचार के विवाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ ही होगा।

पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन

स्थानीय संपादक

मोहम्मद आलम रिज़्वी

RNI No UPHIN/2010/31173

टेली फैक्स नं. : 2288091, 4065716

avadhnamahindi@gmail.com,

**कुंभ का आयोजन समाज, धर्म और संस्कृति के समन्वय का प्रतीक है। इसमें प्रमुख अखाड़ों के संत, महात्मा और नागा संन्यासी संसार के संपूर्ण कष्टों के निवारण हेतु तथा समाज, राष्ट्र, और धर्म आदि के कल्याण के लिए अमूल्य दिव्य उपदेश प्रदान करते हैं। प्रयाग में कुंभ के तीन प्रमुख स्नान होते हैं–मकर संक्रांति, मौनी अमावस्या और वसंत पंचमी पर। इन तीनों स्नानों में सर्वप्रथम स्नान निर्वाणी अखाड़े का, द्वितीय स्नान निरंजनी अखाडे का और तृतीय स्नान जूना अखाडे का होता है। इसके पश्चात् समस्त संप्रदाय के लोगों का होता है।**

# सर्वसमावेशी संस्कृति का प्रतीक महाकुंभ

यदि आप भारत के गांव-कस्बों से गुजरें तो ऐसे असंख्य लोग मिल जाएंगे. जो प्रातः स्नान करते समय 'गंगे च यमुने चैव गोदावरी सरस्वती । नर्मदे सिंधु कावेरी जलेऽस्मिन् संनिधि कुरु॥' का मंत्रोच्चार कर रहे होंगे। इस मंत्र का अर्थ है- हे यमुना, गोदावरी, सरस्वती, नर्मदा, सिंधु, और कावेरी हमारे जल में उपस्थित होकर इसे पवित्र करो। स्नान के नित्यकर्म में राष्ट्र की सभी पवित्र नदियों का आह्वान यह बताता है कि भारतभूमि के लोगों की नदियों के प्रति कितनी गहरी श्रद्धा है। विश्व की लगभग सभी सभ्यताओं का जन्म नदी तटों पर हुआ है, लेकिन भारत तो नदी संस्कृति का ही देश है।



गजेन्द्र सिंह शेखावत

उत्तर में सिंधु से लेकर दक्षिण में कृष्णा-कावेरी तक और पूर्व में ब्रहमपुत्र से लेकर पश्चिम में नर्मदा तक भारत की ये पुण्य सलिलाएं अनंतकाल से कोटि-कोटि भारतवासियों के जीवन का उद्धार करती रही हैं। ये नदियां माँ की तरह ही हमारा भरण-पोषण करती हैं। हम जब भी समस्याओं में उलझे होते हैं तो इन नदी रूपी माताओं के निकट आकर शांति की तलाश करते हैं और अपनी इहलौकिक यात्रा को समाप्त कर पारलौकिक यात्रा के लिए भी इन्हीं नदियों की गोद में पहुंचते हैं। इन नदियों का न केवल हमारे धार्मिक-आध्यात्मिक जीवन में विलक्षण महत्व है, अपितु ये सामाजिक, आर्थिक, वैज्ञानिक तथा अन्य कई रूप से भी सहायक मानी जाती हैं।

यही कारण है कि हमारे धार्मिक ग्रंथों में नदियों को माता का दर्जा दिया गया है। ऋग्वेद के नदी सूक्त से लेकर आधुनिक साहित्य तक, नदियों की महिमा को व्यापक रूप से दर्शाया गया है। महाभारत, मत्स्य पुराण, ब्रह्म पुराण और कालिदास के ग्रंथों में भी नदियों की पवित्रता को रेखांकित किया गया है। कुंभ महापर्व, नदियों के महात्म्य का ही महापर्व है, जो विविधतता में एकता प्रदर्शित करने में केंद्रीय भूमिका निभाता है। कुंभ मेला भारत की सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक परंपराओं का सबसे बड़ा पर्व है। यह महापर्व खगोल विज्ञान, आध्यात्मिकता, कर्मकांड की परंपराओं और सामाजिक तथा सांस्कृतिक ज्ञान-विज्ञान की बहुवर्णीयता से सभी को आकर्षित करता है।

अथर्ववेद में उल्लेख मिलता है कि भगवान ब्रह्मा ने हरिद्वार, प्रयागराज, उज्जैन और नासिक चार कुंभ स्थापित किए, जिससे यह आयोजन पवित्र माना जाता है। स्कंद पुराण में कुंभ योग बताते हुए कहा गया है मेषराशिंगते जीवे मकरे चन्द्र भास्करी। अमावास्या तदा योगः कुम्भाख्यस्तीर्थनायके ।। अर्थात जिस समय बृहस्पति मेष राशि पर स्थित हो तथा चंद्रमा और सूर्य मकर राशि पर हों तो उस समय तीर्थराज प्रयाग में कुंभ-योग होता है। कुंभ का आयोजन



समाज, धर्म और संस्कृति के समन्वय का प्रतीक है। इसमें प्रमुख अखाड़ों के संत, महात्मा और नागा संन्यासी संसार के संपूर्ण कष्टों के निवारण हेतु तथा समाज, राष्ट्र, और धर्म आदि के कल्याण के लिए अमूल्य दिव्य उपदेश प्रदान करते हैं। प्रयाग में कुंभ के तीन प्रमुख स्नान होते हैं–मकर संक्रांति, मौनी अमावस्या और वसंत पंचमी पर। इन तीनों स्नानों में सर्वप्रथम स्नान निर्वाणी अखाड़े का, द्वितीय स्नान निरंजनी अखाडे का और तृतीय स्नान जूना अखाडे का होता है। इसके पश्चात् समस्त संप्रदाय के लोगों का होता है।

कुंभ-पर्व की प्राचीनता के संबंध में तो किसी संदेह कीआवश्यकता ही नहीं, किंतु यह बात अवश्य महत्त्वपूर्ण है कि कुंभ मेले का धार्मिक रूप में श्रीगणेश किसने किया? विद्वानों ने यह सिद्ध किया है कि कुंभ मेले के प्रवर्तक आदि शंकराचार्य हैं। उन्होंने कुंभ-पर्व के प्रचार की व्यवस्था धार्मिक संस्कृति को सुदृढ़ रखने के लिए तथा जगत कल्याण की दृष्टि से की थी। उन्हीं के आदर्शानुसार आज भी कुंभपर्व के चारों सुप्रसिद्ध तीर्थों में सभी संप्रदाय के साधु-महात्मागण देश-काल-परिस्थिति अनुरूप लोककल्याण की दृष्टि से धर्म-रक्षार्थ धर्म का प्रचार करते हैं, जिससे सर्वजन कल्याण होता है।

कुंभ का इतिहास कान्यकुब्ज के शासक सम्राट हर्षवर्धन के साथ भी जुड़ा है। हर्षवर्धन कुंभ के अवसर पर प्रयाग में ही रहकर सर्वधर्म सम्मेलन का आयोजन करते और सभी मतावलंबियों के विचार सुनते थे। धार्मिक सहिष्णुता के साथ-साथ महाराज हर्षवर्धन इस अवसर पर अपनी दानशीलता का भी परिचय देते थे। चीनी यात्री ह्वेनसांग के यात्रा विवरण के अनुसार कुंभ में वह अपना सर्वस्व मुक्तहस्त से दान कर देते थे। सम्राट् हर्षवर्धन ने अपना समूचा कोष प्रयाग कुंभ के अवसर पर दान कर दिया। जब दान के लिए कुछ और शेष नहीं रहा, तब उन्होंने अपने वस्त्राभूषण तथा मुकुट तक उतार कर दे दिए। जब शरीर पर वस्त्र भी नहीं बचे तो उनकी बहन राज्यश्री ने उन्हें पहनने के लिए वस्त्र दिए। । महाराज हर्षवर्धन के त्याग और दान की यह प्रेरक परंपरा कुंभ में अब तक अक्षुण्ण चली आ रही है।

कुंभ केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि इसका वैज्ञानिक और ज्योतिषीय पक्ष भी महत्त्वपूर्ण है। जब सूर्य मकर राशि में और गुरु कुंभ राशि में होते हैं, तब स्नान करने से व्यक्ति के मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य पर सकारात्मक प्रभाव पड़ता है। संगम के जल में प्राकृतिक खनिज और औषधीय गुण होते हैं, जिससे यह स्नान शरीर की शुद्धि का माध्यम बनता है। करोड़ों की संख्या में श्रद्धालुओं के आने के बावजूद यहां आधुनिक तकनीक के प्रयोग और कुशल प्रबंधन ने कुंभ मेले को विश्व का सबसे बड़ा और व्यवस्थित आयोजन बना दिया है। स्वच्छता, सुरक्षा और सुविधा का ऐसा संगम शायद ही कहीं और देखने को मिले। सरकार और प्रशासन ने इसे पर्यावरण अनुकूल बनाने के लिए विशेष प्रयास किए हैं, जिससे यह आयोजन न केवल धार्मिक, बल्कि सामाजिक और पर्यावरणीय संदेश भी देता है।

कुंभ केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि सामाजिक समरसता और वैश्विक भाईचारे का प्रतीक भी है। यह 'वसुधैव कुटुंबकम्' की भावना को साकार करता है, जहाँ जाति, धर्म और वर्ग से परे सभी श्रद्धालु एक समान होते हैं। यह पर्व हमें आत्मशुद्धि, परोपकार और सामाजिक सद्भाव का संदेश देता है। कुंभ के माध्यम से भारतीय संस्कृति और जीवन-दर्शन को वैश्विक स्तर पर पहचान मिलती है। विदेशी पर्यटक यहां भारतीय परंपराओं को समझने और आत्मसात करने आते हैं। कुंभ मेला भारतीय संस्कृति की गहराई, सहिष्णुता और एकता का अद्भुत संगम है। यह केवल पवित्र स्नान का पर्व नहीं, बल्कि जीवन के गूढ़ रहस्यों को जानने, आत्मचिंतन करने और मानवता के प्रति समर्पण व्यक्त करने का एक अवसर भी है। भारत की सनातन परंपरा में यह आयोजन अनूठी आस्था, संस्कृति और दर्शन का परिचायक बना रहेगा।

# रेवड़ी कल्चर से उद्भव होता एक नया सामाजिक वर्ग

**मुफ्त की योजनाएं बांटने वाले राजनीतिक दल यह दावा करते हैं कि वे गरीबों के कल्याण के लिए काम कर रहे हैं, लेकिन सच्चाई इससे बिल्कुल अलग है। ये योजनाएं गरीबों को सशक्त बनाने के बजाय उन्हें सरकार पर निर्भर बना रही हैं। स्वतंत्रता संग्राम के समय महात्मा गांधी ने 'स्वावलंबन' पर जोर दिया था, लेकिन आज की राजनीति स्वावलंबन के विपरीत 'परावलंबन' को बढ़ावा दे रही है। राजनीतिक दलों की प्राथमिकता यह होनी चाहिए कि वे ऐसी नीतियां बनाएं जो नागरिकों को आत्मनिर्भर बनने में मदद करें, लेकिन इसके बजाय वे उन्हें मुफ्त की चीजें देकर और अधिक कमजोर बना रहे हैं।**

कर्मप्रधान देश में काम से जी चुराने वाले एक नए वर्ग का उद्भव हो रहा है। इस वर्ग के उद्भव का श्रेय हमारे देश के राजनैतिक दलों को जाता है। जिन्होंने देश की भोली भाली जनता को रोजगार, शिक्षा, स्वास्थ्य सुविधाओं की अपेक्षा मुफ्त की रेवड़ियां बांटना शुरू किया। ये रेवड़ियां जिन्हें जनता लोक कल्याण के लिए राजनैतिक दलों का उद्योग मानकर उन्हें अपने बहुमूल्य वोट प्रदान करती है, वास्तव में उनके वोटों को खरीदने का एक परोक्ष तरीका मात्र है। इन रेवड़ियों में अफीम का वह नशा है जिसकी लत एक बार जनता को लग गई तो उससे निजात पाना लगभग असंभव है। सुप्रीम कोर्ट को भी इस पर आखिरकार टिप्पणी करनी पड़ी कि राजनैतिक दल अब मुफ्त की रेवड़ियां बांटकर जनता को परजीवी न बनाएं। जी हां, गरीबी, बेरोजगारी, बेकारी के तवे पर अपने दल के लिए वोटों को सेंकने का कार्य करने वाले राजनैतिक दल अपने स्वार्थ के लिए इस देश को परजीवी बनाने पर तुले हुए हैं। यह कार्य आज से नहीं वर्षो से चल रहा है। यह प्रवृत्ति धीरे-धीरे देश की आत्मनिर्भरता और उत्पादकता को निगल रही है, जिससे राष्ट्रीय प्रगति बाधित हो रही है।



बलदेव राज भारतीय

लोकतंत्र की बुनियाद स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व पर टिकी होती है। लेकिन जब राजनीति का मूल उद्देश्य सत्ता प्राप्ति मात्र रह जाता है, तो यह लोकतंत्र की भावना के विपरीत कार्य करने लगता है। राजनीतिक दलों ने सत्ता में बने रहने और चुनाव जीतने के लिए जनता को मुफ्तखोरी की आदत डाल दी है। राशन मुफ्त, बिजली मुफ्त, पानी मुफ्त, बस यात्रा मुफ्त, बेरोजगारी भत्ता, किसानों के कर्ज माफ–यह सब सुनने में भले ही लोक-कल्याणकारी योजनाएं लगें, लेकिन जब इन्हें बिना किसी दीर्घकालिक योजना के लागू किया जाता है, तो यह समाज में एक गलत संदेश फैलाता है। यदि जनता को मेहनत किए बिना सुविधाएं मिलती रहेंगी, तो परिश्रम की भावना स्वतः ही कम हो जाएगी। जब कोई समाज श्रम को त्यागकर केवल अनुदान पर निर्भर हो जाता है, तो उसकी आर्थिक और सामाजिक स्थिति धीरे-धीरे कमजोर होने लगती है। यह समस्या सिर्फ भारत तक सीमित नहीं है, बल्कि विश्व के कई देशों में इसी तरह की राजनीति देखी गई है। उदाहरण के लिए, वेनेजुएला, जहां सरकार ने जनता को मुफ्त की सुविधाओं का आदी बना दिया और जब देश की अर्थव्यवस्था चरमरा गई, तो जनता भुखमरी के कगार पर पहुंच गई। मुफ्त की योजनाएं बांटने वाले राजनीतिक दल यह दावा करते हैं कि वे गरीबों के कल्याण के लिए काम कर रहे हैं, लेकिन सच्चाई इससे बिल्कुल अलग है। ये योजनाएं गरीबों को सशक्त बनाने के बजाय उन्हें सरकार पर निर्भर बना रही हैं। स्वतंत्रता संग्राम के समय महात्मा गांधी ने 'स्वावलंबन' पर जोर दिया था, लेकिन आज की राजनीति स्वावलंबन के विपरीत 'परावलंबन' को बढ़ावा दे रही है।



राजनीतिक दलों की प्राथमिकता यह होनी चाहिए कि वे ऐसी नीतियां बनाएं जो नागरिकों को आत्मनिर्भर बनने में मदद करें, लेकिन इसके बजाय वे उन्हें मुफ्त की चीजें देकर और अधिक कमजोर बना रहे हैं। उदाहरण के लिए, यदि सरकारें रोजगार के अवसर सृजित करने के बजाय बेरोजगारी भत्ता बांटती रहेंगी, तो युवाओं के मन में नौकरी करने की प्रेरणा समाप्त हो जाएगी। जब लोगों को बिना मेहनत किए ही पैसे मिल रहे हैं, तो वे काम क्यों करेंगे?

सरकारों को ऐसी योजनाएं बनानी चाहिए, जो लोगों को आत्मनिर्भर बनाए, जैसे–व्यावसायिक प्रशिक्षण, उद्यमिता को बढ़ावा देना, स्टार्टअप्स के लिए अनुकूल माहौल तैयार करना और कृषि तथा अन्य उद्योगों में निवेश बढ़ाना। लेकिन आसान रास्ता चुनते हुए राजनीतिक दल मुफ्तखोरी को बढ़ावा दे रहे हैं, जिससे वोट बैंक की राजनीति को बढ़ावा मिलता है। मुफ्त की योजनाएं देश की अर्थव्यवस्था पर भारी बोझ डालती हैं। किसी भी सरकार के पास सीमित संसाधन होते हैं, और जब इन संसाधनों का इस्तेमाल बिना किसी उचित योजना के किया जाता है, तो इसका खामियाजा पूरे देश को भुगतना पड़ता है। सरकारी खजाने से मिलने वाली ये मुफ्त सुविधाएं आखिरकार करदाताओं के पैसे से ही आती हैं। जब सरकार मुफ्त की योजनाओं पर जरूरत से ज्यादा खर्च करती है, तो इसके लिए या तो कर बढ़ाने पड़ते हैं या फिर सरकार को कर्ज लेना पड़ता है। दोनों ही स्थितियों में देश की आर्थिक स्थिरता पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है।

उदाहरण के तौर पर, अगर किसी राज्य सरकार ने मुफ्त बिजली देने का वादा किया है, तो उसे इसकी भरपाई या तो अन्य जरूरी योजनाओं के बजट में कटौती करके करनी पड़ेगी या फिर अधिक कर्ज लेकर। इससे एक असंतुलन उत्पन्न होता है, जिससे दीर्घकालिक आर्थिक विकास बाधित होता है। विकसित देशों की ओर नजर डालें, तो हमें पता चलता है कि उन्होंने अपने नागरिकों को मुफ्त की आदत डालने के बजाय उन्हें उत्पादन और उद्यमशीलता की ओर प्रेरित किया है। जापान, जर्मनी और दक्षिण कोरिया जैसे देशों ने अपने नागरिकों को मुफ्त की रेवड़ियों के बजाय कौशल और तकनीक से सशक्त बनाया, जिससे वे आज वैश्विक आर्थिक शक्ति के रूप में खड़े हैं। मुफ्त की योजनाओं का असर केवल आर्थिक नहीं, बल्कि सामाजिक भी होता है। जब लोगों को बिना मेहनत किए ही सरकारी सहायता मिलने लगती है, तो उनमें आत्मनिर्भरता की भावना कम होने लगती है। जब कुछ लोगों को बिना काम किए ही सरकारी लाभ मिलने लगते हैं, तो समाज के मेहनती लोग भी हतोत्साहित होते हैं। उन्हें लगता है कि जब बिना मेहनत किए ही जीवन यापन किया जा सकता है, तो कड़ी मेहनत करने की क्या जरूरत है?

मुफ्त की योजनाओं में भ्रष्टाचार की संभावना बहुत अधिक होती है। सरकारी योजनाओं का लाभ असली जरूरतमंदों तक पहुंचे, यह सुनिश्चित करना मुश्किल हो जाता है। कई बार देखा गया है कि ये सुविधाएं उन तक पहुंच ही नहीं पातीं, जिन्हें इनकी वास्तव में आवश्यकता होती है। जब कार्यशील जनसंख्या को मुफ्त में चीजें मिलने लगती हैं, तो वे काम करने के बजाय सरकारी लाभ लेने में ही अधिक रुचि दिखाने लगते हैं। इससे देश की उत्पादकता प्रभावित होती है और विकास दर धीमी पड़ जाती है। मुफ्त की रेवड़ियों की प्रवृत्ति को रोकने के लिए सरकार और जनता, दोनों को मिलकर काम करना होगा। सरकार को मुफ्त की योजनाओं पर खर्च करने के बजाय बुनियादी ढांचे, शिक्षा और औद्योगिकीकरण पर निवेश करना चाहिए। इससे नए रोजगार के अवसर सृजित होंगे और लोग आत्मनिर्भर बनेंगे। युवाओं को मुफ्त भत्ते देने के बजाय उन्हें कौशल प्रशिक्षण दिया जाए, जिससे वे नौकरी पाने या खुद का व्यवसाय शुरू करने के लिए सक्षम बन सकें। सरकारी योजनाओं का उद्देश्य लोगों को आत्मनिर्भर बनाना होना चाहिए, न कि उन्हें सरकार पर निर्भर बनाना।

# उम्मीद और संघर्ष से जुड़े हैं गांव

**सीमा देवी की आवाज में एक गहरी पीड़ा छुपी नज़र आती है। वह कहती हैं कि गांव में पानी की पाइपलाइन तो बिछी है लेकिन पीने के साफ़ पानी के लिए संघर्ष करनी पड़ती है क्योंकि नल से मीठे पानी की बजाय खारा पानी उपलब्ध होता है। ऐसे में हमें रोज़ पानी की तलाश में मीलों चलनी पड़ती है। सीमा देवी के शब्द हमें याद दिलाते हैं कि केवल सुविधाओं का होना ही पर्याप्त नहीं, बल्कि उसकी गुणवत्ता भी उतनी ही महत्वपूर्ण है।**


जब भी विकास की बात आती है तो अक्सर गांव को इसमें पीछे समझा जाता है। यह कल्पना कर ली जाती है कि गांव में विकास की कमी होगी। आर्थिक रूप से पिछड़ा होगा। यह सही है कि शहरों की तुलना में गांव के विकास की प्रक्रिया धीमी होती है लेकिन दैनिक जीवन में ग्रामीणों के संघर्ष और उम्मीद विकास के अवसर को बढ़ा देते हैं। बीकानेर, राजस्थान का वह क्षेत्र है जहां इतिहास, संस्कृति और रेगिस्तानी जीवन का अद्भुत संगम देखने को मिलता है। यहां के ग्रामीण इलाकों में विकास की कहानी केवल योजनाओं और नीतियों तक सीमित नहीं है, बल्कि यह उन लोगों की भावनाओं, संघर्षों और सपनों का प्रतिबिंब है जो दिन-रात मेहनत करके अपने जीवन को सुधारने की कोशिश करते हैं। हर सुबह जब सूरज की किरणें सुनहरी रोशनी बिखेरती है तो गांव के लोगों के दिलों में एक नई उम्मीद जगती है। यह उम्मीद उनके जीवन में सकारात्मक बदलाव की कहानी को बयां करती है। बदलाव की ऐसी ही कहानी हमें बीकानेर के लूणकरणसर ब्लॉक स्थित करणीसर गांव में भी देखने को मिलती है।



निर्मला टाक

गांव की मिट्टी से जुड़ी हर कहानी में कठिनाइयों के साथ-साथ जीत की भी झलक मिलती है। करीब 335 लोगों की आबादी वाला यह गांव भले ही विकास के सभी पहलुओं को पूरा न करता हो, लेकिन यहां के निवासी इन्ही कमियों के बीच प्रतिदिन जीवन के संघर्ष की नई कहानियां गढ़ते हैं। गांव की 50 वर्षीया सीमा देवी की आवाज में एक गहरी पीड़ा छुपी नज़र आती है। वह कहती हैं कि गांव में पानी की पाइपलाइन तो बिछी है लेकिन पीने के साफ़ पानी के लिए संघर्ष करनी पड़ती है क्योंकि नल से मीठे पानी की बजाय खारा पानी उपलब्ध होता है। ऐसे में हमें रोज़ पानी की तलाश में मीलों चलनी पड़ती है। सीमा देवी के शब्द हमें याद दिलाते हैं कि केवल सुविधाओं का होना ही पर्याप्त नहीं, बल्कि उसकी गुणवत्ता भी उतनी ही महत्वपूर्ण है। वहीं 30 वर्षीय शारदा, जिसकी जिंदगी में मेहनत की गंध बसी है, कहती है, हमें रोजमर्रा की जिंदगी में रोजगार की उम्मीद तो दिखाई देती है परंतु मेहनत का फल प्राप्त करने के लिए बहुत संघर्ष करनी पड़ती है। रोजगार के सीमित अवसर इस संघर्ष को बढ़ा देते हैं। उसकी पीड़ा बताती है कि मेहनत के उचित मूल्य के बिना विकास की कहानी अधूरी है।

शहरी क्षेत्रों की तरह करणीसर गांव के युवाओं में भी आज बदलाव की नई हवा चल रही है। 18 वर्षीय एक किशोरी माया, जिसकी आंखों में सपने पूरे होने की चमक साफ झलकती है, बताती है, मेरे पास फोन जैसे आधुनिक तकनीक की सुविधा उपलब्ध है, जिससे मेरी पढ़ाई में काफी मदद हो रही है। अब मैं ऑनलाइन कक्षाएं लेती हूं, नई-नई चीजें सीखती हूं और अपनी रुचियों को बढ़ावा देती हूं। माया की बातों में एक नयी दिशा की झलक है, जहां तकनीक ने उसके जीवन में नई उमंग भर दी है। यह छोटी-सी सफलता उसके लिए एक बड़े बदलाव का संकेत है, जो बताती है कि जब युवा सही साधनों से लैस हों, तो न केवल वे अपने सपनों को साकार कर सकते हैं बल्कि विकास को एक नई दिशा भी दे सकते हैं।





विकास की यही झलक गांव के किसानों में भी नज़र आती है। जिनकी मेहनत की खुशबू सुबह की रोशनी के साथ ही उनके खेतों में फैल जाती है। यह खुशबू खाद्यान्न के मामले में आत्मनिर्भर भारत की कहानी कहती है। 52 वर्षीय किसान गुलाब सिंह कहते हैं, मेरी मेहनत और धैर्य से जब हल चलते हैं और फसल उगते हैं, तो हर बूंद पसीने के साथ एक नई उम्मीद जगमगाती है। यह उम्मीद मेरी लहलहाती फसल की कहानी बुनती है। राजासर की बातों में प्राकृतिक आपदाओं, अनिश्चित मौसमी परिस्थितियों और आर्थिक चुनौतियों के बावजूद उनके अटूट साहस की झलक दिखाती है।

हालांकि बदलाव की दिशा में चुनौतियां भी कम नहीं हैं। 46 वर्षीय सविता कहती हैं, जब भी कुछ नया होता है, तो हमारी उम्मीदें बढ़ जाती हैं, लेकिन अक्सर विकास का सपना अधूरा रह जाता है। हालांकि विकास का रास्ता सिर्फ सुविधाओं के बढ़ने से ही नहीं, बल्कि उनके सही क्रियान्वयन और जनभागीदारी से भी तय होते हैं। अगर गांव में विकास करनी है तो सभी को अपनी पूरी भागीदारी निभानी होगी। केवल विभाग और पंचायत को ज़िम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता है। गांव के एक बुजुर्ग परमबीर कहते हैं कि विकास का सफर कोई सरल नहीं होता है, परंतु हर छोटी सफलता उसका एक आधार ज़रूर बनती है। वह कहते हैं कि पहले भी कठिनाइयां हुआ करती थी, लेकिन अब लोगों की अपेक्षाएं बढ़ गई है।

वास्तव में, गांव में हर किसी की अपनी अलग अलग कहानियां होती हैं, जो उनके संघर्ष को दर्शाती है। लेकिन यह तभी संभव हो सकता है जब हर व्यक्ति को उसकी मेहनत का सही फल मिले और उनके सपनों को पूरा करने का अवसर मिले। करणीसर गांव में भी विकास की कहानी अपने अपने स्तर पर लिखी जा रही है। हर छोटी सफलता, चाहे वह पीने के पानी का मसला हो, एक खुशहाल परिवार की मुस्कान हो या युवा पीढ़ी की पढ़ाई में हुई प्रगति का विषय हो, उन सब में विकास की असली कहानी छुपी होती है। जो हमें उम्मीद, आत्म-सम्मान और कठिनाइयों के बावजूद आगे बढ़ने का हौसला सिखाती है। हालांकि विकास की राह में कई उतार-चढ़ाव आते हैं, पर लोगों की भावनाओं में हमेशा एक नई रोशनी बनी रहती है। यह रोशनी उनके संघर्षों, मेहनत और उम्मीदों में समाई हुई है। जब हम उनकी कहानियों को पढ़ते हैं, तो हमें यह एहसास होता है कि विकास का असली पैमाना उन दिलों में बसती आशा और मेहनत का मेल है। जहां हर व्यक्ति अपनी मेहनत और लगन से अपने सपनों को हकीकत में बदलने की कोशिश करता है, और हर दिन एक नई सुबह के साथ जीवन में आशा की किरण जगाता है।

# निरंकारी भक्तों के संग 'आओ सवारें, यमुना किनारे'

अवधनामा सवांददाता

- 'प्रोजेक्ट अमृत ' के तृतीय चरण में फिर होगी यमुना के घाटों की सफाई
- निरंकारी मिशन का स्वच्छ जल, स्वच्छ मन की ओर एक सार्थक कदम

**मथुरा।** संत निरंकारी मिशन की सेवा भावना और मानव कल्याण के संकल्प को साकार करने हेतु 'प्रोजेक्ट अमृत' के अंतर्गत 'स्वच्छ जल, स्वच्छ मन' परियोजना के तृतीय चरण का देशव्यापी भव्य शुभारंभ परम श्रद्धेय सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज एवं सत्कार योग्य निरंकारी राजपिता रमित जी के पावन सान्निध्य में 23 फरवरी रविवार को होगा। इस परियोजना का उद्देश्य जल संरक्षण एवं स्वच्छता के प्रति जागरूक करना है, ताकि भावी पीढ़ियों को निर्मल जल और स्वस्थ पर्यावरण का वरदान प्राप्त हो सके।

मीडिया सहायक किशोर स्वर्ण ने बताया कि देशभर के 1600 जल स्त्रोत स्थलों पर देशव्यापी स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। जिसका हिस्सा लगभग दस लाख निरंकारी भक्त बनेंगे। दिल्ली स्थित यमुना नदी के छठ घाट, आई.टी.ओ. सहित मथुरा - आगरा तक इस अभियान की थीम 'आओ सवारें, यमुना किनारे' रहेगी। मथुरा में 23 फरवरी रविवार को प्रातः 8 बजे से सैंकड़ों निरंकारी भक्त यमुना के मुख्य स्थल विश्राम घाट से आगरा होटल बंगाली घाट के आसपास यमुना किनारे जमी काई, कीचड़, प्लास्टिक कचरा आदि गंदगी को साफ कर स्वच्छ जल स्वच्छ मन का संदेश देंगे, वहीं फरह के दीनदयाल धाम क्षेत्र तथा कोसीकलां के गोमती कुंड बालाजी घाट में भी स्चच्छता अभियान चलाया जाएगा।

मथुरा के जोनल इंचार्ज श्री एच के अरोड़ा जी ने बताया कि संत निरंकारी मिशन ने बाबा हरदेव सिंह जी महाराज की प्रेरणादायक शिक्षाओं को आत्मसात करते हुए वर्ष 2023 में संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार के सहयोग से 'प्रोजेक्ट अमृत' का शुभारंभ किया था। इस दिव्य पहल का उद्देश्य केवल जल स्त्रोतों की स्वच्छता सुनिश्चित करना ही नहीं, बल्कि जल संरक्षण को मानव जीवन का अभिन्न अंग बनाने की सोच को विकसित करना है। नदियों, झीलों, तालाबों, कुओं और झरनों जैसे प्राकृतिक जल स्रोतों की स्वच्छता एवं संरक्षण को समर्पित इस महाअभियान ने अपने पहले दो चरणों में अभूतपूर्व सफलता प्राप्त की। इसी प्रेरणा के साथ, इस वर्ष तृतीय चरण को और अधिक व्यापक, प्रभावी एवं दूरगामी दृष्टि से आगे बढ़ाया गया है, ताकि यह अभियान निरंतर विस्तार पाकर समाज में जागरूकता, सेवा और समर्पण की एक सशक्त लहर उत्पन्न करे। संत निरंकारी मंडल के सचिव आदरणीय श्री जोगिंदर सुखीजा जी ने जानकारी देते हुए बताया कि यह वृहद अभियान देशभर में 27 राज्यों एवं केंद्रशासित प्रदेशों के 900 से अधिक शहरों में 1600 से भी अधिक स्थानों पर एक साथ आयोजित किया जाएगा। इस महाअभियान की यह अभूतपूर्व व्यापकता इसे एक ऐतिहासिक स्वरूप प्रदान करेगी, जिससे जल संरक्षण एवं स्वच्छता का संदेश और अधिक प्रभावशाली रूप से जन-जन तक पहुंचेगा। इस अभियान को पूर्व की भांति 'आओ सवारें, यमुना किनारे' के प्रेरक संदेश के साथ आयोजित किया जा रहा है। संत निरंकारी मिशन के लगभग 10 लाख समर्पित स्वयंसेवक के साथ-साथ विश्वविद्यालयों सहित विभिन्न संस्थानों के युवाओं के साथ मिलकर जल संरक्षण और स्वच्छता का संदेश जन-जन तक पहुंचाएंगे। गीतों की संगीतमय प्रस्तुति, समूह गान, जागरूकता सेमिनार और सोशल मीडिया अभियानों के माध्यम से जल जनित रोगों और स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाई जा रही है। यह पहल केवल सफाई तक सीमित न रहकर आज की युवा पीढ़ी को समाज कल्याण की दिशा में सकारात्मक कार्य करने के लिए प्रेरित करने का एक सशक्त माध्यम बनेगी।

सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज भी अक्सर यही प्रेरणा देते हैं कि हम इस धरती को और भी अधिक सुंदर स्वरूप में छोड़कर जाएं। यह अभियान उसी संकल्प का एक साकार स्वरूप है, जो समाज को जागरूकता, सेवा और समर्पण की दिशा में आगे बढ़ाने का कार्य करेगा।

## पीस कमेटी की हुई मीटिंग

**लखनऊ।** तहसील सभागार संभल में जिलाधिकारी डॉ0 राजेंद्र पैंसिया व श्रीमान पुलिस अधीक्षक श्री कृष्ण कुमार की अध्यक्षता में आगामी त्यौहारों एवं कानून एवं शांति व्यवस्था के दृष्टिगत पीस कमेटी के सदस्यों के साथ बैठक आयोजित की गयी, जिसमें थाना क्षेत्र से आये प्रमुख सभी धर्मों के धर्मगुरुओं एवं संभ्रांत व्यक्तियों के साथ वार्ता की गई तथा आगामी त्यौहारों (महाशिवरात्रि, रमजान, होली) को सौहार्दपूर्ण वातावरण में शांतिपूर्वक मनाये जाने, किसी नई परंपरा के नहीं डाले जाने, किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान नहीं देने के सम्बन्ध में बताया गया तथा साथ ही किसी घटना के होने की सूचना तत्काल स्थानीय पुलिस को दिये जाने एवं पुलिस/ प्रशासन का सहयोग करने की अपील की गई।

गोष्ठी में अपर जिलाधिकारी , अपर पुलिस अधीक्षक (उत्तरी) , उपजिलाधिकारी संभल, समस्त क्षेत्राधिकारी गण सम्बन्धित अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहें।

# वाद विवाद से ज्ञान की नई शाखाएं अस्तित्व में आती हैं : प्रो. नसीम

अवधनामा सवांददाता



- मुमताज़ पीजी कॉलेज में अन्तर-महाविद्यालयी वाद-विवाद प्रतियोगिता

**लखनऊ।** मुमताज पीजी कॉलेज लखनऊ के स्मार्ट क्लास रूम में कक्षा शिक्षण बनाम ऑनलाइन शिक्षण शीर्षक पर स्वर्गीय क़मरयाब जीलानी मेमोरियल अंतर-महाविद्यालय वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता के अंतर्गत छात्र-छात्राओं ने टीम के आधार पर हिंदी या अंग्रेज़ी या उर्दू में अपने विचारों को उपर्युक्त विषय के पक्ष एवं विपक्ष के रुप में व्यक्त किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुमताज पीजी कॉलेज के प्राचार्य प्रोफ़ेसर नसीम अहमद खान ने किया तथा अपने अध्यक्षीय संबोधन में प्राचार्य ने वाद विवाद प्रतियोगिता के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वाद विवाद के माध्यम से ही हमें सत्य का बोध होता है और ज्ञान की नई शाखाएं अस्तित्व में आती हैं।

इस प्रतियोगिता में मुमताज़ पीजी कॉलेज, शिया पीजी कॉलेज, केकेसी कॉलेज, इस्लामिया डिग्री कॉलेज, नवयुग कॉलेज,लखनऊ क्रिश्चियन कॉलेज एवं करामत हुसैन पीजी कॉलेज की टीमों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में मुमताज़ पीजी कॉलेज की टीम को प्रथम पुरस्कार तथा केकेसी कॉलेज व शिया पीजी कॉलेज की टीम को क्रमशः द्वितीय एवं तृतीय स्थान का पुरस्कार प्रदान किया गया। नवयुग पीजी कॉलेज की टीम एवं मुमताज़ पीजी कॉलेज की टीम को सांत्वना पुरस्कार प्रदान किया गया।

इस कार्यक्रम में शिया पीजी कॉलेज के रसायन विज्ञान विभाग के प्रोफ़ेसर सरवत तक़ी तथा लखनऊ विश्वविद्यालय के जंतुविज्ञान विभाग की डॉ. हादिया हुसैन ने इस प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका अदा की। कार्यक्रम का सफ़ल संचालन मुमताज़ पीजी कॉलेज अंग्रेज़ी विभागाध्यक्ष प्रो0 शाज़िया सिद्दीक़ी खान ने किया। प्रो0 शाज़िया सिद्दीकी ने प्रतिभागियों को भाषा संस्कार पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता पर बल दिया। मुमताज़ पीजी कॉलेज की स्टूडेंट्स लिटरेरी एंड वेलफेयर सोसाइटी की संयोजिका डॉ0 उमा पांडेय ने सभी प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया।

## डीएम के निर्देशन में जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रन चला रहा अभियान

**संभल।** शुक्रवार को एक्सेस टू जस्टिस फॉर चिल्ड्रन के प्रोजेक्ट मैनेजर गौरीशंकर चौधरी की संयुक्त टीम द्वारा जिलाधिकारी जनपद संभल डॉ राजेंद पेंसिया निर्देशन में ,बाल विवाह बाल श्रम एवं बाल तस्करी के खिलाफ विशेष जागरूकता अभियान चलाया गया जिसमें पंजू सराय के आस पास होटलों दुकानों पर बाल श्रम मुक्ति अभियान चलाया गया जहां पर बाल मजदूरी में संलिप्त नाबालिक बच्चों को स्कूल भेजनें के बिषय में उनके परिजनों को समझाया गया तथा साथ ही सरकार द्वारा चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी इस अभियान के तहत दी गई आम जनमानस को टोल फ्री नंबर 1098, 112, के महत्व के बारे में बताया गया। गौरीशंकर चौधरी ने कहा कि बाल विवाह एक सामाजिक बुराई और कानून का उल्लंघन है, जो बालिकाओं की शिक्षा, सुरक्षा, स्वास्थ्य और विकास में बाधा है।

# राघवेन्द्र द्विवेदी को मिली सुभासपा मुख्य प्रदेश प्रवक्ता की जिम्मेदारी



अवधनामा सवांददाता

**लखनऊ।** सुभासपा नेता राघवेन्द्र द्विवेदी को सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी ने मुख्य प्रदेश प्रवक्ता की जिम्मेदारी सौंपी है। गुरुवार को जारी नियुक्ति पत्र में वह प्रदेश के मुख्य प्रदेश प्रवक्ता बनाए गए हैं। वह पिछली मीडिया टीम में प्रदेश प्रवक्ता की भूमिका में थे।

सुभासपा ने अपने नेता राघवेंद्र द्विवेदी को 2023 में पहली बार प्रदेश प्रवक्ता की जिम्मेदारी सौंपी थी. पुनः श्री द्विवेदी को पार्टी द्वारा वर्ष 2024 में दोबारा उत्तर प्रदेश का प्रदेश प्रवक्ता बनाया गया था। एक बार फिर राघवेंद्र द्विवेदी के कार्य को देखकर उन्हें संगठन ने प्रदेश का मुख्य प्रदेश प्रवक्ता बनाकर तीसरी बार मौका दिया है साथ ही श्री द्विवेदी से उम्मीद किया है वे पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष माननीय ओमप्रकाश राजभर जी के कार्य को जन जन में पहुँचाने का कार्य करेंगे एवं सुभासपा के विचार को आगे बढ़ायेंगे। राघवेंद्र द्विवेदी के मुख्य प्रदेश प्रवक्ता बनने पर सुभासपा के सभी कार्यकर्ताओं ने खुशी जाहिर की व बधाई दी है।

# इंटीग्रल यूनिवर्सिटी में धूमधाम से मना 'फिएस्टा 2025', छोड़ गया अमिट छाप



अवधनामा सवांददाता

**लखनऊ।** इंटीग्रल यूनिवर्सिटी, लखनऊ में 18 से 20 फरवरी 2025 तक तीन दिनों का सांस्कृतिक, साहित्यिक, तकनीकी और खेल महोत्सव ÷फिएस्टा 2025÷ का आयोजन किया गया। इस दौरान इंटीग्रल यूनिवर्सिटी में उत्सव का माहौल रहा। यह आयोजन छात्रों के समग्र विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से किया गया, जिसमें उन्हें अकादमिक गतिविधियों से आगे बढ़कर अपनी प्रतिभा और टैलेंट दिखाने का मौक़ा मिला। फिएस्टा में न सिर्फ इंटीग्रल यूनिवर्सिटी के छात्रों ने बल्कि लखनऊ की दूसरी यूनिवर्सिटी और कॉलेजों के छात्रों ने भी हिस्सा लिया। इस आयोजन में वाद-विवाद, स्लोगन लेखन, फैशन शो, नुक्कड़ नाटक, रोबोट वॉर, मुशायरा, खेल प्रतियोगिताएं, बैत बाज़ी, सिंगिंग, कव्वाली, नृत्य जैसी कई संगीतमय प्रस्तुतियां शामिल थीं।

समापन समारोह के मुख्य अतिथि यूपी काउंसिल ऑफ एग्रीकल्चरल रिसर्च के अध्यक्ष कैप्टन विकास सिंह ने इंटीग्रल यूनिवर्सिटी द्वारा छात्रों के बहुमुखी विकास पर दिए जा रहे जोर की सराहना की। उन्होंने कहा कि इंटीग्रल यूनिवर्सिटी न केवल शैक्षणिक उत्कृष्टता पर बल देता है, बल्कि छात्रों को व्यक्तिगत रूप से भी आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करता है।

सम्माननीय चांसलर एवं संस्थापक प्रोफेसर सैयद वसीम अख्तर ने छात्रों को अपनी शुभकामनाएं देते हुए उनकी लगन और प्रतिबद्धता की सराहना की। उन्होंने भारत की समृद्ध सांस्कृतिक और ऐतिहासिक धरोहर को सहेजने और गर्व के साथ अपनाने की ज़रूरत पर बल दिया। उन्होंने सभी को एकता और प्रगति की दिशा में काम करने का संदेश दिया।

## संक्षिप्त समाचार

### इसरार हुसैन हुए निर्वाचित ग्राम प्रधान



**सुल्तानपुर (अवधनामा सवांददाता)** । विकासखंड दुबेपुर के करौंदिया देहात में हुए ग्राम प्रधान के उपचुनाव के मतदान की मतगणना संपन्न हो गई। इसरार हुसैन 438 वोट पाकर विजयी हुए।तो वहीं दूसरे स्थान पर रवि कुमार 392 वोट पाकर रनर रहे। बताते चलें कि विकासखंड दुबेपुर के करौंदिया देहात में प्रधान पद के लिये हुए उपचुनाव में 19 तारीख को मतदान हुआ था। जिनकी गुरुवार को विकासखंड के बी सी हाल में कड़ी सुरक्षा के बीच मत गणना संपन्न हुई। जिसमें इसरार हुसैन निर्वाचित घोषित किए गए।

### जिला कारागार में दिखा महाकुंभ जैसा नजारा



**सुलतानपुर।** जिला कारागार सुलतानपुर में प्रयागराज महाकुंभ जैसा नजारा दिखाई दिया। बनाए गए कुंड में मंत्रोच्चार के साथ महाकुंभ संगम का जल डाला गया। विधि- विधान के साथ कुंड के जल में जेल अधीक्षक प्रांजल अरविंद की अध्यक्षता में गंगा जमुना और सरस्वती नदियों का लाया गया संयुक्त जल मिलाया गया। कैदियों ने लिया जेल से बाहर रिहा होने के बाद बेहतर सामाजिक जीवन जीने का संकल्प लिया। कैदियों और जेल कर्मचारियों की मौजूदगी में स्वच्छ समाज एवं स्वच्छ मानसिकता के साथ अपराध से दूर रहने का आह्वान किया गया।

### बच्चों को किया नि:शुल्क खेल किट वितरित



**सुल्तानपुर।** जिला क्रीडा अधिकारी सिराजुद्दीन के द्वारा पंत स्टेडियम सुल्तानपुर के टेबल टेनिस हाल में खेलो इंडिया टेबल टेनिस सेंटर के नामांकित छात्रों को खेल किट का वितरण किया गया। बच्चों को खेलो इंडिया कार्यक्रम के अंतर्गत ट्रैकसूट, खेल किट, जूता -मोजा तथा टेबल टेनिस रैकेट का वितरण किया गया। जिला क्रीड़ा अधिकारी ने इस अवसर पर बच्चों का हौसला बढ़ाते हुए खुद भी टेनिस प्रशिक्षक शमा बनो के साथ खेल कर उन्हें टेनिस के खेल में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित भी किया।

### जनपद की बाजारों के अध्यक्ष व महामंत्री हुए मनोनीत

**सुल्तानपुर।** जिला उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के जिलाध्यक्ष विजय प्रताप सिंह ने नगर अध्यक्ष आनंद पांडेय, जिला उपाध्यक्ष अभिषेक सिंह,जिलामंत्री रामतीरथ सोनी,मनीष सिंह के साथ कस्बों में बैठक कर सर्व सम्मति से अध्यक्ष व महामंत्री मनोनीत किए। रामपुर कुर्मियान अध्यक्ष राजकरण सिंह,अतुल यादव महामंत्री शाहगढ़ कुटिवा कस्बे में अध्यक्ष पद पर ज्ञानेंद्र पाल व महामंत्री पद पर कृपाशंकर साहू को बनाया गया दियरा बाजार में अजीत वर्मा को अध्यक्ष, दिलीप जायसवाल को महामंत्री बनाया गया मोतिगर पुर बाजार में अध्यक्ष पद पर बृजेश कुमार अग्रहरि,महामंत्री श्याम सुंदर जायसवाल को बनाया गया।

# अयोध्या मंडल ने स्पोर्ट्स कॉलेज गोरखपुर को किया पराजित

अवधनामा सवांददाता



- खेल निदेशालय द्वारा आयोजित मंडल स्तरीय सीनियर महिला बॉलीबॉल प्रतियोगिता हुई संपन्न

**सुल्तानपुर।** खेल निदेशालय के द्वारा आयोजित मंडल स्तरीय सीनियर महिला वॉलीबॉल स्टेट चैंपियनशिप जो 18 फरवरी से 20 फरवरी तक प्रतापगढ़ जनपद में आयोजित की गई। प्रतियोगिता में फाइनल मैच फैजाबाद मंडल और स्पोर्ट्स कॉलेज गोरखपुर के बीच खेला गया। जिसमें अयोध्या मंडल ने स्पोर्ट्स कॉलेज गोरखपुर को सीधे चार सेट में पराजित किया।

26-21,16-25,14-25,22-25 अयोध्या मंडल की टीम की तरफ से जनपद सुल्तानपुर की छह खिलाड़ियों ने जबरदस्त प्रदर्शन करते हुए अयोध्या मंडल को विजयी बनाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया। प्रतिभाग करने वाले खिलाड़ियों में कुमारी हैप्पी (कैप्टन),जानसि सिंह, संजना, गुनगुन, साक्षी, प्रियंसी शामिल रहे।जिला ओलम्पिक संघ के अध्यक्ष पूर्व खेल मंत्री ओपी सिंह, जिला वालीबाल संघ के अध्यक्ष चंद्र भद्र सिंह सोनू, जिला ओलंपिक सचिव पंकज दुबे, जिला वालीबाल संघ के कार्यवाहक सचिवशिवनारायण सिंह, क्रीड़ा अधिकारी सिराजुद्दीन सिद्दीकी, प्रदीप सिंह पूर्व प्रमुख नागेंद्र प्रताप सिंह भोला, पवन सिंह डॉक्टर अब्दुल हमीद ,डॉ प्रवीण सिंह , मनीषा पांडे, राष्ट्रीय वॉलीबॉल खिलाड़ी सरिता सिंह, रामकुमार मिश्र, राकेश सिंह, संयुक्त सचिव दीपक श्रीवास्तव, कबड्डी संघ के सचिव महेश यादव, इरशाद अहमद, उपाध्यक्ष सर्वेश सिंह, आरिफ नियाज, मोहम्मद सईद, वॉलीबॉल प्रशिक्षक प्रदीप यादव, टेबल टेनिस खेलो इंडिया की प्रशिक्षक समबानो आदि की भागीदारी रही।

## इन्फोसिस के ट्रेनिंग प्रोग्राम में चुने गए राणा प्रताप पीजी कॉलेज के साठ विद्यार्थी

**सुलतानपुर।** राणा प्रताप पीजी कालेज के साठ विद्यार्थियों का चयन चर्चित बहुराष्ट्रीय कंपनी इंफोसिस के प्रशिक्षण कार्यक्रम हेतु किया गया है। शुक्रवार को कालेज के प्लेसमेंट सेल द्वारा पुस्तकालय कक्ष में आयोजित कैम्पस सेलेक्शन कार्यक्रम में यह चयन किया गया। जिसमें महाविद्यालय के स्नातक उत्तीर्ण हो चुके लगभग दो सौ विद्यार्थी शामिल हुए थे। प्लेसमेंट सेल के संयोजक डॉ.सुनील कुमार त्रिपाठी ने बताया कि पयागीपुर स्थित ट्रेनिंग संस्थान में इंफोसिस द्वारा पच्चीस दिन का ग्रेजुएट इम्प्लायविलिटी इन्हैसमेंट प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण के बाद सभी को बैंकिंग, वित्त, स्वास्थ्य व आइटी सेक्टर में नौकरियां दी जायेंगीं। प्राचार्य प्रोफेसर दिनेश कुमार त्रिपाठी ने इस अवसर पर कहा कि महाविद्यालय के विद्यार्थी प्राइवेट सेक्टर में काम करने के लिए तैयार हो सकें इसके लिए समय समय पर अनेक कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं।

# ढाबों में अवैध रूप से शराब न पिलायी जाए : डीएम

अवधनामा सवांददाता

- डीएम व एसपी की अध्यक्षता में कानून व्यवस्था की हुई समीक्षा बैठक

**सम्भल (बहजोई)।** आज कलक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी डॉ राजेन्द्र पैंसिया एवं पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार बिश्नोई की अध्यक्षता में कानून व्यवस्था की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया।

शस्त्र अधिनियम के अन्तर्गत कार्यवाहियों को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। अपर पुलिस अधीक्षक अनुकृति शर्मा द्वारा एनडीपीएस एवं आबकारी के अन्तर्गत कार्यवाहियों के विषय में चर्चा की। अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा समस्त थानाध्यक्षों को निर्देशित करते हुए कहा कि प्रमुख मार्गो के किनारे होटल ढाबों में अवैध रूप से शराब न पिलायी जाए इस पर नजर रखी जाए तथा ऐसा अगर संज्ञान में आता है तो उस पर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने थानाध्यक्षों को निर्देशित करते हुए कहा कि अपने अपने क्षेत्रों में भ्रमण पर रहें। अगर कोई सील अस्पताल संचालित मिलता है उस पर भी कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। पुलिस अधीक्षक द्वारा समस्त थानाध्यक्षों को निर्देशित करते हुए कहा कि निरोधात्मक कार्यवाहियों में अच्छे से कार्य करें। ठियेबंदी को लेकर निर्देशित करते हुए कहा कि अगर पैमाईश के बाद भी कोई ठिया तोड़ता है उस पर गुण्डा एक्ट के अन्तर्गत कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। जिलाधिकारी ने जनपद की अच्छी रैंकिंग को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक द्वारा गैंगस्टर एक्ट के अन्तर्गत सम्पत्ति कुर्क की कार्यवाही को लेकर भी संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। क्षेत्राधिकारियों को भी पर्यवेक्षण के लिए निर्देशित किया।

# पत्रकार अपने हितों के लिए लड़ाई लड़ रहा : डॉ इफ्तेखार

अवधनामा संवाददाता



**संभल।** आल इंडियन मीडिया एसोसिएशन के सदस्य एवं स्वतंत्र पत्रकार, डॉ इफ्तेखार अहमद कुरैशी ने कहा। ऑल इंडिया मीडिया संगठन जनपद संभल में पत्रकारों के सम्मान हेतु सम्मेलन व संगोष्ठी का आयोजन करेगी। इस कार्यक्रम में जनपद के सैकड़ों पत्रकारो को सम्मानित किया जाएगा। ऑल इंडिया मीडिया एसोसिएशन के सदस्य एवं कुरेश कॉन्फ्रेंस के प्रदेश अध्यक्ष डॉक्टर इफ्तेखार अहमद कुरैशी ने सरकार पर कटाक्ष करते हुए कहा कि सरकार ने पत्रकार सुरक्षा कानून तो बना दिया है। मगर सही मायने में अभी तक उसका लाभ पत्रकारों को नहीं मिल रहा है। वैसे तो पत्रकारों को देश का चौथा स्तंभ कहा जाता है मगर आज भी पत्रकार अपने हितों के लिए लड़ाई लड़ रहा है। सरकार को इस पर ध्यान देने की आवश्यकता है। पत्रकार सुरक्षा कानून बनाने के लिए सड़क से लेकर संसद तक संघर्ष जारी रहेगा। एसोसिएशन सरकार विधान परिषद में शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र की तरह पत्रकार निर्वाचन क्षेत्र बनाएं। जिससे पत्रकारों की समस्याओं के निस्तारण के लिए पत्रकार विधायक विधान परिषद में अपनी बात रख सके। पत्रकार हितों की रक्षा एवं वर्तमान परिवेश में पत्रकारिता की चुनौती पर कहा कि पत्रकारों को सुचिता एवं सकारात्मक पत्रकारिता पर बल देने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि हर शब्द का अपना कलेवर होता है इसलिए शब्दों के चयन पर पत्रकारों को विशेष रूप से ध्यान देने की आवश्यकता है।

# नशे के विरुद्ध 'नशा मुक्ति' अभियान से करें जागरूक

## सप्लाई करने वाली चेन पर रखें कड़ी नजर

अवधनामा संवाददाता

- मेडीकल स्टोरों पर सीसीटीवी कैमरे लगवाने के दिए निर्देश

**सम्भल (बहजोई)।** कलक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी डॉ राजेन्द्र पैंसिया की अध्यक्षता में एक युद्ध नशे के विरुद्ध/नशा मुक्त भारत अभियान की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के अन्तर्गत एनडीपीएस एक्ट के अन्तर्गत कार्यवाहियों के विषय में जानकारी प्राप्त की चरस, गांजा, ड्रग्स आदि की सप्लाई करने वाली चेन पर कड़ी नजर रखते हुए कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। ड्रग्स पहचान किट के लिए डिमांड पत्र प्रेषित संबंधित विभाग को प्रेषित करने को लेकर भी निर्देशित किया। डॉक्टर द्वारा प्रिस्क्रिप्शन में मरीजों को मन प्रभावी औषधि अधिकतम एक सप्ताह से ज्यादा की दवाई न लिखने के बिन्दु पर चर्चा की गयी। जिलाधिकारी ने औषधि निरीक्षक को निर्देशित करते हुए कहा कि अधोहस्ताक्षरी की तरफ से इसको लेकर एक संदेश मैडीकल स्टोर तथा डॉक्टर के पास प्रेषित किया जाए। समस्त मेडीकल स्टोरों पर सीसीटीवी कैमरे लगवाने को लेकर भी निर्देशित किया तथा एक युद्ध नशे के विरुद्ध एवं तम्बाकू निषेध के बैनर लगाने को लेकर भी निर्देशित किया। बैठक में अनुपस्थित रहने पर स्वास्थ्य विभाग के एनकार्ड से संबंधित नोडल के स्पष्टीकरण जारी करने के निर्देश दिए। मैडीकल स्टोरों के स्वामियों को पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के प्रति जागरूक करने के निर्देश भी दिए। प्रजापिता ब्रह्मकुमारी संस्था एवं गायत्री परिवार से जुड़े लोगों से उनके द्वारा इसके अंतर्गत किये गये कार्यों के विषय में जानकारी प्राप्त की। बेसिक एवं माध्यमिक शिक्षा विभाग द्वारा इससे संबंधित रैली तथा प्रतिज्ञाओं के विषय में जानकारी प्राप्त की एवं संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

# लक्ष्य के सापेक्ष शतप्रतिशत प्रगति की जाए

अवधनामा संवाददाता



- पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के संबंध में हुई समीक्षा बैठक

**सम्भल (बहजोई)।** कलक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी डॉ राजेन्द्र पैंसिया की अध्यक्षता में पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के संबंध में समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया।

जिलाधिकारी ने संबंधित को निर्देशित करते हुए कहा कि कलक्ट्रेट परिसर में स्थित डीपीएमयू से पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना पर फोकस किया जाए। जिलाधिकारी ने विभाग बार योजना के अन्तर्गत कनेक्शन की प्रगति के विषय में जानकारी प्राप्त की गयी तथा संबंधित को निर्देशित करते हुए कहा कि लक्ष्य के सापेक्ष शतप्रतिशत प्रगति की जाए। विद्युत विभाग के अंतर्गत जेई, एसडीओ तथा एक्सईएन का योजना के अन्तर्गत कनेक्शन कराने का लक्ष्य निर्धारित किया गया तथा निर्देशित करते हुए कहा कि योजना के प्रति लोगों को जागरूक किया जाए। कृषि विभाग के अन्तर्गत कीटनाशकों की दुकान के स्वामियों तथा औषधि निरीक्षक को मैडिकल स्टोर स्वामियों तथा जिला पूर्ति अधिकारी को गैस एजेन्सी एवं पेट्रोल पंप स्वामियों को योजना के प्रति जागरूक करने के लिए निर्देशित किया।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट, वरिष्ठ परियोजना अधिकारी यूपी नेडा एस.के सिंह, अधीक्षण अभियंता विद्युत विनोद कुमार गुप्ता, कृषि उपनिदेशक अरुण कुमार त्रिपाठी, एलडीएम अमित बिश्नोई एवं संबंधित अधिकारी तथा एफ पी ओ एवं पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के वेंडर उपस्थित रहे।

## सभी वर्गो के लिए कार्य कर रही सरकार : तंजीम रज़ा

**संभल (अवधनामा संवाददाता)।** सुहेलदेव भारतीय समाज पाटी के प्रदेश उपाध्यक्ष तंजीम रज़ा का संभल पहुँचने पर जोरदार स्वागत किया गया इस अवसर पर उत्तर प्रदेश महासचिव जावेद अंसारी समेत मण्डल व जिला अध्यक्ष पाटी के नेतागण मौजूद रहे तंजीम रजा के ग्राम शाहपुर सिरपुडा में स्वागत समारोह का आयोजन किया गया जिसमें भारी संख्या में ग्रामीण शमिल रहे इस दौरान तंजीम रज़ा ने कहा कि पार्टी सदस्यता अभियान कार्यक्रम की शुरुआत करके पाटी को मजबूत करने का काम किया जायेगा उत्तर प्रदेश सरकार सभी वर्गो को लेकर काम कर रही हैं सरकार ने बजट मे सभी वर्गो का ध्यान रखा कर पेश किया है जिसका लाभ सभी वर्गो को मिलेगा सरकार सबका साथ सबका विकास की नीति को लेकर कार्य कर रही हैं । इस दौरान डॉ साईम रज़ा इकलिम रज़ा गुलशन अब्बास गुलफ़ाम हैदर कमाल अख्तर अनीस रज़ा आदि लोगों ने फूल मालाओ से स्वागत किया।

# अधिवक्ताओं ने संशोधन विधेयक के खिलाफ जुलूस निकालकर किया प्रदर्शन



■ प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा

अवधनामा संवाददाता

**महोबा।** वकीलों ने केन्द्र सरकार के प्रस्तावित अधिवक्ता संशोधन विधेयक के खिलाफ शहर में मार्च निकालकर विरोध प्रर्दशन किया, और अधिवक्ता संरक्षण अधिनियम लागू किए जाने की मांग की। केन्द्र सरकार के प्रस्तावित अधिवक्ता संशोधन विधेयक 2025 को वापस लिए जाने की भी मांग की साथ ही प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी सदर जितेंद्र कुमार को सौंपा। जिला अधिवक्ता समिति के अध्यक्ष रामसहायं राजपूत और महामंत्री अजीत सिंह के नेतृत्व में कचहरी परिसर से जुलूस निकाला गया। जुलूस दौरान अधिवक्ता वकील एकता जिंदाबाद प्रस्तावित अधिवक्ता विधेयक वापस लो के नारे लगाते हुए चल रहे थे। जुलूस दौरान अधिवक्ताओं में विशेष उत्साह दिखाई दिया। जुलूस पीपीएन चैराहा, रोडवेज तिराहा, आल्हा चैक से होता हुआ तहसील पहुंचा। जहां पर प्रधानमंत्री और कानून मंत्री को संबोधित ज्ञापन उप जिलाधिकारी सदर को सौंपा गया। उप जिलाधिकारी ने वकीलों द्वारा सौंपे गए ज्ञापन को प्रधानमंत्री को पहुंचाए जाने का अश्वासन दिया। एसडीएम के सौंपे गए ज्ञापन में बताया कि अधिवक्ता संरक्षण अधिनियम चाहते है, जबकि सरकार अधिवक्ता संशोधन अधिनियम ला रही है। संशोधन विधेयक लागू हो जाने के बाद वकील एक स्थान से दूसरे स्थान पर वकालत नही कर सकेंगे, और धारा 35 में झूटी शिकायतों पर वकालत का अधिकार छीनने का भी प्रावधान है। ज्ञापन में बताया कि वकीलों को कोई वेतन नही मिलता ऐसे में यह कार्रवाई गलत है। धारा 36 में बिना जांच के वीलों का लाइसेंस निलंबित करने का प्रावधान है। वकीलों का कहना है कि यह संशोधन अधिवक्ताओं को कमजोर करने का केन्द्र सरकार की कोशिश है। ज्ञापन में बताया कि अनुशासनात्मक कार्रवाई के दर से उनकी स्वतंत्रता ख्त्म की जाप रही है। वकीलों ने विधेयक वापस लिए जाने की मांग की है। जुलूस दौरान पूर्व अधिवक्ता समिति के पुर्व अध्यक्ष इंद्रपाल सिंह यादव, भारत विशाल शुक्ला, पूर्व वरिष्ठ उपाध्यक्ष मुकीतुर्रहमान खां, ओम प्रकाश द्विवेदी, जितेंद्र कुमार, सिद्धगोपाल यादव, ज्योति शुक्ला, सहित तमाम अधिवक्ता शामिल रहे।

# बिजली का खंभा सड़क के बीचों बीच पड़ा दे रहा दुर्घटना को दावत



■ शहर के व्यस्तम आल्हा चैक में एक सप्ताह से पड़े बिजली के खंभे को नही उठा रहा प्रशासन

अवधनामा संवाददाता

**महोबा।** शहर के मुख्य मार्ग में आल्हा चैक के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से सड़क के बीचों बीच गिरा पड़ा बिजली का खंभा दुर्घटनाओं को दावत दे रहा है। जिला प्रशासन और बिजली विभाग की अंदेखी के चलते कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। शहर के इस व्यस्तम मार्ग में दिन रात तमाम वाहन दौड़ते रहते है। गौरतलब है कि करीब एक सप्ताह से आल्हा चैक के पास सड़क के बीचों बीच पड़े विद्युत पोल में बाइक, स्कूटी या अन्य को वाहन चढने पर दुर्घटना होना तय माना जा रहा है। जहां एक तरफ लोगों को विद्युत पोल से दुर्घटानाओं का खतरा बढ गया है, वही दूसरी तरफ बिजली बिभाग द्वारा खंभे को न गाड़े जाने से रात में अंधेरा छाया रहता है। इससे राहगीरों को आवागमन में भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। खंभे से कोई वाहन न टकरा सके इस गरज से पुलिस ने सर्तकता बरतते हुए पोल के एक हिस्से की तरफ बेरीकेडिंग लगा दी है। जबकि खंभे का दूसरा हिस्सा पूरी तरह से खुला हुआ दुर्घटना को दावत दे रहा है। लेकिन बिजली विभाग और पालिका प्रशासन की अभी तक नींद नही टूटी है। इसीलिए अभी तक न तो बिजली के खंभे को लगाया गया और न ही सड़क से हटाया गया। जिससे दुर्घटनाओं का खतरा बना हुआ है।

# एलयूसीसी में छोटे निवेशकों के भी लाखों रुपये फंसे

■ निवेशकों ने एसपी को दिये शिकायती पत्र, जांच कर कार्यवाही की मांग



अवधनामा संवाददाता

**ललितपुर।** एलयूसीसी नाम से चिट्फण्ड कम्पनी बनाकर हजारों लोगों के करोड़ों रुपये का गबन करने का मामला अभी भी शान्त नहीं हुआ है। थोड़े-थोड़े करके रुपये जमा करने वाले छोटे-छोटे निवेशकों की मुश्किलें भी बढ़ रहीं हैं। शुक्रवार को करीब दो दर्जन से अधिक निवेशकों ने लामबंद होकर मोहल्ला नदीपुरा में रहने वाले एलयूसीसी कम्पनी के एजेण्ट मु.रिजवान खान पुत्र मु.चिल्ले पर लोगों से लाखों रुपये जमा कराने के बाद अब रुपये वापस नहीं करने का आरोप लगाया है। मोहल्ला रावतयाना, नदीपुरा इत्यादि मोहल्लों में रहने वाले निवेशकों ने पुलिस अधीक्षक को दिये शिकायती पत्र में रावतयाना निवासी मुहम्मद सायर पुत्र मु.इस्लाम ने बताया कि नदीपुरा में रहने वाला मु.रिजवान खान पुत्र मु.चिल्ले कुछ समय पहले उसके बड़े भाई साहिल खान के पास आया और उसने कम समय में रुपये दोगुने कराने और आर.डी. खोलने पर अधिक ब्याज दिलाने का प्रलोभन दिया। बताया कि रिजवान के विश्वास में आकर उसने एलयूसीसी कम्पनी में एफ.डी. खोल दी, जिसमें उसने 1 लाख 20 हजार रुपये जमा भी कर दिये। बताया कि इसी प्रकार अरशद खां पुत्र स्व.सलीम अहमद ने 30 हजार रुपये एलयूसीसी कम्पनी में जमा किये, तो वहीं घुसयाना मोहल्ले में रहने वाले गौरव सिंह पुत्र शंकर ग्वाला ने भी 1 लाख 20 हजार रुपये जमा किये थे। इसके अलावा कई लोगों ने आर.डी. और एफ.डी. के जरिए लाखों रुपये जमा करा दिये। लेकिन जब आर.डी. और एफ.डी. की परिपक्वता पूर्ण हुयी और उन्होंने रिजवान से रुपये वापस मांगे तो रिजवान द्वारा रुपये देने में टाल-मटोल कर दिया। आरोप है कि अब रुपये वापस मांगने पर रिजवान द्वारा गालियां देते हुये मारपीट पर आमादा होते हुये रुपये वापस करने से इंकार किया जा रहा है। निवेशकों ने पुलिस अधीक्षक से मामले की जांच करायी जाकर कार्यवाही किये जाने की गुहार लगायी है। शिकायती पत्र देते समय मु.सायर, गौरव सिंह, अरसद खान के साथ अनेकों निवेशक मौजूद रहे।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में हुई शासी निकाय की बैठक



अवधनामा संवाददाता

**हरदोई।** विवेकानंद सभागार में जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में स्वास्थ्य विभाग के शासी निकाय की बैठक हुई। जिलाधिकारी ने बिलग्राम, भरखनी, हरपालपुर, शाहाबाद में कम जन्म पंजीकरण या सरकारी अस्पतालों में कम संस्थागत प्रसव पर नाराजगी जताते हुए पिछले एक वर्ष में तैनात रहे अधीक्षकों के सम्बन्ध में शासन को रिपोर्ट प्रेषित करने के निर्देश दिए तथा अहिरोरी, बेहदर, माधोगंज व कोथावां विकास खण्ड के अधीक्षकों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। जननी सुरक्षा योजना के लंबित भुगतान को लेकर उन्होंने 100 बेड व जिला महिला चिकित्सालय के अधीक्षक का वेतन रोकने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि एक माह से अधिक पुराना जननी सुरक्षा योजना के भुगतान का कोई भी प्रकरण लंबित न रखा जाये। एनआरसी में भर्ती बच्चों को मेन्यू के अनुसार पोषाहार उपलब्ध कराया जाये। आरबीएसके की रिपोर्टिंग की नियमित समीक्षा की जाये। आभा आईडी बनाने के कार्य में तेजी लायी जाये। उन्होंने हरपालपुर व पिहानी में धीमी प्रगति पर नाराजगी जतायी। एनसीडी स्क्रीनिंग का कार्य 15 मार्च से पहले पूर्ण किया जाये। क्षयरोगियों के चिंहीकरण में तेजी लायी जाये। आयुष्मान आरोग्य मित्रों की समस्याओं का समाधान किया जाये। टीकाकरण के कार्य में तेजी लायी जाये। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सौम्या गुरूरानी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी रोहतास कुमार व अन्य सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# भारतीय किसान यूनियन ने सात सूत्री मांगों को लेकर दिया धरना

■ धरना उपरांत मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा



अवधनामा संवाददाता

**महोबा।** सात सूत्री मांगों को लेकर भरतीय किसान यूनियन ने यूनियन के जिला प्रभारी रामआसरे शुक्ला के नेतृत्व में कलेक्ट्रेट परिसर में धरना प्रर्दशन कर विरोध जताया। बाद में मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी मृदुल चैधरी को सौंपा। ज्ञापन में मूंगफली क्रय केन्द्रों पर बकाया भुगतान कराए जाने की मांग की है।

किसानों ने डीएम के सौंपे ज्ञापन में बताया कि किसानों द्वारा मूंगफली की बिक्री की गई थी, जिसका केन्द्र प्रभारी ने आज तक भुगतान नही किया है। और तमाम किसानों को टोकन देने के बाद भी मूंगफली की खरीद नही की गई। ऐसे क्रय केन्द्र प्रभारी पर कार्रवाई की जाने जाने की मांग की है। ज्ञापन में बताया कि बैंको द्वारा खाद बीज के लिए भुगतान करने में आना कानी की जाती है।

ज्ञापन में बैंको से दलालों का वर्चस्व खत्म करने, भरवा क्रय केन्द्र प्रभारी पर किसानों से की जाने वाली अवैध वसूली पर रोक लगाने, किसान सम्मान निधि की समस्या से निजात दिलाने, बैंक द्वारा खाद बीज के लिए परेशान किए जाने, भरभौली सिरसीखुर्द जरजर मार्ग का निर्माण कराने और भूलेख नक्शा प्रक्रिया में सुधार कराने की मांग की गई। धरने में इशहाक खान, माधुरी दीक्षित, मनमोहन, अनिल कुमार राजपूत, सुरेंद्र सिंह राजपूत सहित जमाम किसान मौजूद रहे।

## बी0एस0ए0 में एनिमेशन एवं साइबर सिक्योरिटी विषय पर कार्यशाला

**मथुरा।** बी0एस0ए0 कॉलेज, मथुरा के कम्प्यूटर सांइस विभाग में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन ÷एनिमेशन एवं साइबर सिक्योरिटी विषय पर सम्पन्न हुआ जिसमें सौरभ गुप्ता, निदेशक, मैक एनीमेशन इन्स्टीट्यूट, मथुरा, अर्पित अग्रवाल, सेल्स हैड एवं अनुपम गुप्ता, तकनीकि विशेषज्ञ साइबर सिक्योरिटी ने छात्र-छात्राओं को सम्बोधित करते हुए आधुनिक समय में तकनीकि ज्ञान से अवगत कराते हुए तकनीकि ज्ञान को रोजगार प्राप्त करने में महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने अपने-अपने उद्बोधन में छात्र-छात्राओं को वर्तमान समय में तकनीकि शिक्षा के महत्वपूर्ण योगदान से अवगत कराया और तकनीकि ज्ञान को ही भविष्य के लिए आवश्यक बताया। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो0 (डॉ0) ललित मोहन शर्मा ने कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कहा कि वर्तमान भारतीय शिक्षा के परिप्रेक्ष्य में रोजगारपरक पाठ्यक्रम की महती भूमिका है जिसके लिए तकनीकि ज्ञान ही एक मात्र विकल्प है।

## संक्षिप्त समाचार

### डीएम ने किया निर्माणाधीन अटल चौक का निरीक्षण



**हरदोई।** जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने आज अटल चौक के निर्माण कार्य को देखा। जिलाधिकारी ने कहा कि चौराहे का कार्य जल्द पूर्ण किया जाए। उन्होंने चौराहे के चारों ओर लगाए गए लोहे के एंगल की मजबूती की जांच की। उन्होंने कहा कि कार्य की समाप्ति तक अनवरत कार्य किया जाए। हुए पत्थरों को तत्काल बदल जाए। सोल्जर बोर्ड चौराहे की ओर जाने वाले मोड़ को गोलाई में बनाया जाये। इस अवसर पर जिला सूचना अधिकारी संतोष कुमार, जेई अशोक कुमार व अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### जिलाधिकारी ने दस्तावेज सत्यापन प्रक्रिया को देखा




**हरदोई।** विकास भवन स्थित स्वर्ण जयंती सभागार में जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने आँगनबाड़ी कार्यकत्रियों के खाली पदों को भरने के लिए दस्तावेज सत्यापन प्रक्रिया का औचक निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने कहा कि भर्ती प्रक्रिया में पूरी तरह से शासनादेश का अनुपालन सुनिश्चित किया जाये। प्रक्रिया को पारदर्शी रखा जाये। उन्होंने कहा कि किसी भी स्तर पर लापरवाही व शासनादेश के उल्लंघन के मामले में कठोर कार्रवाई की जाएगी। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सौम्या गुरूरानी व अन्य सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### सर्किल रेट की आपत्तियों का हुआ निस्तारण

**हरदोई।** विवेकानंद सभागार में जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में नये सर्किल रेट के सम्बन्ध में बैठक हुई। बैठक में सभी आपत्तियों का निस्तारण किया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि नये सर्किल रेट को न्याय संगत बनाया गया। शहरी व विकसित ग्रामों का सर्किल रेट तुलनात्मक रुप से अधिक रखा गया है। रेट निर्धारण से पूर्व तहसील स्तरीय समिति से जाँच करायी गयी है। दर निर्धारण में किसानों के हितों का पूरा ध्यान रखा गया है। बैठक में कुल 17 आपत्तियों का निस्तारण किया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि अंतिम सर्किल रेट का जल्द प्रकाशन कराया जाये। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रियंका सिंह, नगर मजिस्ट्रेट सुनील कुमार त्रिवेदी, एआईजी स्टाम्प प्रवीण यादव, अन्य सम्बंधित अधिकारी व आपत्तिकर्ता उपस्थित रहे।

### जिलाधिकारी ने हरी झंडी दिखाकर अभिषेक को यात्रा के लिए किया रवाना



**हरदोई।** शहीद सैनिकों के प्रति अपनी एकजुटता प्रदर्शित करने के लिए शहीद सेना सम्मान भारत साईकिल यात्रा पर देवरिया से निकले अभिषेक आज अपनी यात्रा के 68वें दिन हरदोई कलेक्ट्रेट परिसर पहुँचे। यहाँ उनका स्वागत जिला अधिकारी मंगला प्रसाद सिंह व मुख्य विकास अधिकारी किया। जिलाधिकारी ने हरी झंडी दिखाकर उनको आगे की यात्रा के लिए रवाना किया। अधिकारी ने कहा कि अभिषेक का यह जुनून सैनिकों का उत्साहवर्धन करेगा। वीर सैनिकों का यह आंतरिक समर्थन भी हमारी सेना की ताकत है। देख अपनी संपूर्ण यात्रा के दौरान कुल 47000 किलोमीटर की दूरी तय करेंगे। यह यात्रा 31 राज्य और 61 छावनी होते हुए 900 दिन में समाप्त होगी। अभिषेक अपने साथ एक टेंट लेकर चलते हैं जिसमें वह रात्रि विश्राम करते हैं। रात्रि विश्राम के लिए वह किसी की सहायता नहीं लेते हैं। कलेक्ट्रेट परिसर से उनके रवाना होने के समय जिला सैनिक कल्याण अधिकारी ओपी मिश्रा, बड़ी संख्या में पूर्व सैनिक व अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

### पुनरोद्धार के लिए कोर्ट की ली जाएगी अनुमति

**मथुरा।** वृंदावन के ठाकुर बांकेबिहारी मंदिर के गर्भ ग्रह की दीवार और फर्श जीर्ण हो चुका है जिसके पुनरोद्धार के लिए कोर्ट की अनुमति लेना परम आवश्यक है उसी के बाद ही निर्माण कार्य प्रारंभ होगा। अभी प्रबंधन की ओर से केवल सेवायतों से सुझाव मांगे हैं। मंदिर के मैनेजर मुनीश शर्मा ने बताया कि गर्भगृह निर्माण में धार्मिक परंपराओं और कानूनी प्रक्रियाओं का पालन करना आवश्यक है। इसी को ध्यान में रखते हुए सेवायतों से राय ली जा रही है, जिससे उनकी परंपराओं और मान्यताओं का सम्मान हो। गर्भगृह का जीर्णोद्धार कोर्ट की बिना कानूनी अनुमति के नहीं होगा। बांकेबिहारी मंदिर के गर्भगृह की दीवारें और फर्श कमजोर हो गया। जिसका अब निर्माण किया जाना है। मंदिर का 1864 निर्माण हुआ था। मंदिर प्रशासक ने सिविल जज को प्रार्थना पत्र दिया था।

## सनातन बोर्ड गठन के लिए प्रधानमंत्री को फलहारी बाबा ने लिखा खून से पत्र

**मथुरा/प्रयागराज।** श्री कृष्ण जन्मभूमि संघर्ष न्यास के अध्यक्ष एवं श्री कृष्ण जन्मभूमि /ईदगाह केस में हिंदू पक्षकार पं दिनेश फलाहारी ने महाकुंभ में अपने खून से पत्र लिखकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से जल्द सनातन बोर्ड गठन करने एवं बफ बोर्ड को समाप्त करने की मांग की है। याद रहे यह वही दिनेश फलाहारी है जिन्होंने श्री कृष्ण जन्मभूमि पर कब्जा मुक्त होकर भव्य मंदिर निर्माण न होने तक नंगे पर रहकर अन्न का परित्याग कर संकल्प लिया है और वह इस संकल्प पर आज भी कायम है।समय-समय पर आंदोलन के माध्यम से मुखर भूमिका निभाते हैं। 1 साल पहले इन्होंने मोहम्मद पैगंबर साहब पर विवादित बयान दिया था, जिसके कारण इन्हें जेल जाना पड़ा था। दिनेश शर्मा के अनुसार लगभग 3 वर्ष से अन्न ग्रहण नहीं किया है।

# पानी गांव का जैविक खाद केंद्र की हुई दुर्दशा

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** प्रदेश सरकार जनता की भलाई के लिए तमाम योजनाओं को लागू कर धरातल पर उतारती है पर निचले पायदान पर बैठे अधिकारियों की लापरवाही के कारण प्रदेश सरकार की योजनाओं में पलीता लगा कर बदहाल कर दिया जाता हैं, ऐसा ही एक मामला मथुरा के मांट तहसील के पानी गांव का सामने आया है। मथुरा के मांट ब्लॉक की पानी गांव पंचायत में सरकारी जैविक खाद केंद्र की स्थिति चिंता का विषय बनी हुई है। लगभग दो वर्ष पूर्व लाखों रुपयों की लागत से बन कर तैयार हुआ यह केंद्र अपनी बदहाली पर आंसू बहाने को मजबूर है। जनता की मेहनत की कमाई के लाखों रुपए खर्च करने के बाद यह केंद्र आज तक शुरू नहीं हो पाया। केंद्र की दुर्दशा का आलम यह है कि इसकी दो साल पूर्व बनी दीवारें तक टूटने लगी है, कुछ हिस्से में बड़ी बड़ी दरारें भी साफ देखी जा सकती है, स्थानीय महिलाओं ने दीवारों के बाहर गोबर डालना भी शुरू कर दिया है, धीरे धीरे केंद्र के आगे गंदगी का अंबार लगता जा रहा है। सूत्रों से ज्ञात हुआ कि आर आर सी जैविक खाद केंद्र पर निर्माण के बाद से कोई अधिकारी निरीक्षण करने तक नहीं पहुंचा, ग्राम सचिव की मानें तो इस केंद्र को बने हुए दो साल बीत चुके है, निर्माण की स्थिति देखने से प्रतीत होता है कि निर्माण कार्य में कुछ बड़ा गोलमाल हुआ है, जैविक खाद केंद्र सिर्फ अभी तक शो पीस की तरह खड़ा है,मथुरा के आला अधिकारियों को जनता की गाढ़ी कमाई से बने ऐसे सभी सरकारी संपतियों को देखरेख कर सुरक्षित रखने का कार्य तत्काल प्रभाव से करना चाहिए।

# ट्रक की टक्कर से महिला की मौत, दो घायल

अवधनामा संवाददाता

■ शादी समारोह में जाते समय हुआ हादसा

**ललितपुर।** शादी समारोह में शामिल होने जा रहे दम्पत्ति को तेज गति से अनियंत्रित होकर भाग रहे ट्रक ने जोरदार टक्कर मार दी। गुरुवार रात करीब आठ बजे गल्ला मण्डी के ठीक सामने घटी इस सड़क दुर्घटना में महिला की मौत हो गयी, जबकि उसका पति व पुत्र घायल हो गये। घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल भिजवाया गया। वहीं पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

सिविल लाइन स्थित जिला पंचायत के पीछे रहने वाले 30 वर्षीय अर्पित जैन जो कि ललितपुर कलेक्ट्रेट स्थित एनआईसी में अधिकारी हैं, अपनी पत्नी 28 वर्षीय सिम्मी जैन उप डाकपाल के पद पर कार्यरत थीं। दोनों अपने पुत्र के साथ शादी समारोह में शामिल होने के लिए गल्ला मण्डी के आगे स्थित एक मैरिज गार्डन जा रहे थे। बताया जा रहा है कि जैसे ही अर्पित जैन गल्ला मण्डी के सामने पहुंचे ही थे कि तभी तेज रफ्तार से भाग रहे ट्रक ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी, जिससे अर्पित जैन व उनका पुत्र अयांश उछलकर दूर जा गिरे, जबकि ट्रक की चपेट में आने से सिम्मी जैन बुरी तरह घायल हो गयीं। घटना को देखकर वहां से गुजर रहे राहगीर हतप्रभ रह गये। राहगीरों ने घायल अर्पित जैन, सिम्मी जैन व उनके पुत्र अयांश को तत्काल उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया। जिला अस्पताल में मौजूद चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के दौरान ही सिम्मी जैन को मृत घोषित कर दिया। वहीं सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंच कर शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। सड़क दुर्घटना में एनआईसी अधिकारी के घायल होने की सूचना पाते ही जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी, अपर जिलाधिकारी अंकुर श्रीवास्तव व जिले के अन्य अधिकारी भी जिला अस्पताल जा पहुंचे।

**ट्रकों की आवाजाही रात 11 बजे तक हो पूर्णतया बंद**

ललितपुर से हाईवे जाने वाले पुराने शाही रोड पर इलाइट चौराहा से लेकर मन्नू पेट्रोल पंप तक शादी घरों का संचालन किया जा रहा है। इन शादी घरों में पार्किंग की व्यवस्था न होने के कारण वैवाहिक कार्यक्रमों में वाहन बेतरतीब तरीके से सड़क तक खड़े कर दिये जाते हैं, जिससे पैदल राहगीरों को भी चलने में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। ऐसे में यहां से गुजरने वाले भारी वाहनों में ट्रक व डम्फरों के कारण लोगों के साथ दुर्घटनाएं होने की संभावनाएं आये दिन बनी रहती हैं।

# पूर्व महिला प्रधान पर धोखाधड़ी का आरोप

■ फर्जी तरीके से रजिस्ट्री कराने और चैक बाउंस होने का आरोप

■ पीड़ित वृद्ध दम्पत्ति कलेक्ट्रेट परिसर में बैठे आमरण अनशन पर



अवधनामा संवाददाता

**ललितपुर।**निकटवर्ती ग्राम घटवार में रहने वाले रतिराम अहिरवार के पुत्र रामकिशन ने क्षेत्राधिकारी सदर को विगत 18 फरवरी को शिकायती पत्र दिया था। पत्र में उन्होंने पूर्व में गांव में महिला प्रधान व उनके पति पर फर्जी तरीके से जमीन की रजिस्ट्री करा लेने के साथ ही दिये गये चैक के बाउंस हो जाने का आरोप लगाया था। प्रकरण की पुलिस द्वारा जांच-पड़ताल की ही जा रही थी कि रतिराम ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट परिसर में आमरण अनशन पर बैठते हुये दिये गये चैक को बाउंस होने के बाद बैंक मैनेजर द्वारा रख लेने का आरोप लगाया है। रतिराम ने इस दौरान जिलाधिकारी को एक शिकायती पत्र भी भेजा है। शिकायती पत्र में रतिराम पुत्र कल्ला अहिरवार ने बताया कि उसने ग्रामीण बैंक से किसान क्रेडिट कार्ड लिया हुआ था, जिसकी समस्त धनराशि ब्याज सहित जमा कर दी थी। लेकिन बैंक मैनेजर ने बिना अनुमति से भार मुक्त प्रमाण पत्र अपने रिश्तेदार जिन्होंने उससे धोखाधड़ी करते हुये फर्जी तरीके से 78 डिस्मिल जमीन की रजिस्ट्री करा ली को दे दिया है। बताया कि बिना अनुमति से कृषि भूमि बंधक मुक्त करा दिया गया है। आरोप लगाया कि घटवार की पूर्व प्रधान रही महिला व उसके पति ने उसके नाम की जमीन अपनी पत्नी के नाम करा दी और एक फर्जी चैक संख्या 036278 दे दिया, जब उसने अपने खाते में उक्त चैक को लगाया तो चैक बाउंस हो गया। आरोप है कि चैक बाउंस होने के बाद उक्त बैंक मैनेजर ने अपने रिश्तेदार को लाभ पहुंचाने के लिए उक्त चैक उसे वापस नहीं किया। पीड़ित ने बताया कि उसने जब बैंक मैनेजर से चैक वापस मांगा तो मैनेजर ने धमकाते हुये झूठे मुकद्दमें में फंसाने की धमकी दी और बैंक से भगा दिया। आमरण अनशन पर बैठे वृद्ध दम्पत्ति ने जिलाधिकारी से मामले में कार्यवाही किये जाने की गुहार लगायी है।

## बार एसोसिएशन ने मांगों को लेकर सोपा ज्ञापन

**मथुरा।** बार काउंसिल आफ उत्तर प्रदेश के निर्देश पर अधिवक्ताओं ने शुक्रवार को बार एसोसिएशन कार्यालय से डीएम कार्यालय तक बार एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रदीप शर्मा के नेतृत्व में मार्च प्रदर्शन करते हुए जिलाधिकारी की अनुपस्थिति में मौजूद महिला एसडीएम को अपनी मांगों को लेकर ज्ञापन सोंपा।अध्यक्ष प्रदीप शर्मा ने बताया ज्ञापन में अधिवक्ताओं व उनके परिवार के लिए एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट, अधिवक्ताओं को 10 लाख का मेडिकल क्लेम व मृत्यु होने पर 10 लाख की बीमा राशि देने, नियम बनाने का अधिकार पूर्व में जो एडवोकेट एक्ट में प्रावधानितक था उसको यथावत रखा जाए, केंद्र सरकार द्वारा जो रेगुलेशन बनाने की जो बात कही उसे समाप्त किया जाए तथा राज्य सरकार द्वारा वैदिक स्टांप की बिक्री से प्राप्त धनराशि का दो प्रतिशत अधिवक्ताओं की कल्याणकारी योजनाओं पर खर्च किए जाने आदि की मांग की गई है। इस दौरान उपाध्यक्ष भानु प्रकाश गौतम एडवोकेट, जॉइंट सेक्रेटरी संदीप शर्मा एडवोकेट, ऑडिटर यशवंत सिंह एडवोकेट, कोषाध्यक्ष पंकज गोला आदि सैकड़ो अधिवक्ता मौजूद रहे।

# पुलिस की मुठभेड़, दो गोकश गोली लगने से घायल

अवधनामा संवाददाता

मथुरा । थाना बरसाना पुलिस की बृहस्पतिवार की रात तीन गो तस्करों से मुठभेड़ हो गई। गो तस्करों ने पुलिस पर फायरिंग की। जवाबी कार्रवाई में दो बदमाश गोली लगने से घायल हो गए, जबकि तीसरे ने खुद ही अपने हथियार डाल दिए और पुलिस के सामने आत्मसमर्पण कर दिया।

बरसाना थाना प्रभारी निरीक्षक अरविन्द कुमार निर्वाल सिंह को सूचना मिली कि क्षेत्र में कुछ गो तस्कर घूम रहे हैं। उन्होंने इसकी जानकारी वरिष्ठ अधिकारियों को दी, अधिकारियों से बदमाशों की गिरफ्तारी के आदेश मिलते ही गो तस्करों की तलाश शुरू कर दी।

पुलिस ने हाथिया राकौली तिराहा रोड पर ग्राम नगला नसरु के पास बाइक सवार तीनों गो तस्करों को घेर लिया। पुलिस ने उन्हें रोकने का इशारा किया तो गो तस्करों ने पुलिस पर फायरिंग कर दी। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में बरसाना थाना क्षेत्र के गांव हथिया निवासी शमशीर उर्फ़ कल्लन, हथिया निवासी हसन की टांग में गोली लगने से वह घायल हो गया, जबकि तीसरे गो तस्कर मुस्ताक उर्फ वहरा ने पुलिस के सामने खुद ही हथियार डाल कर सरेंडर हो गया।

एसपी ग्रामीण त्रिकोण बिसेन ने बताया बृहस्पतिवार की देर रात मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने घेराबंदी कर मुठभेड़ में तीन बदमाशों को दबोचा है। इनके कब्जे से 12800 रुपये, दो तमंचे, कारतूस, रस्सी और बिना नंबर की बाइक बरामद की है।

शमशीर उर्फ़ कल्याण पिछले 10 साल से को तस्करी के काम में लगा हुआ है। एसपी देहात ने बताया कि शमशेर के खिलाफ सबसे पहले 2015 में बरसाना थाने में मुकदमा दर्ज हुआ था। उसके बाद मुकदमों की लिस्ट लंबी होती गई। वर्तमान में शमशेर के ऊपर 14 मुकदमे विभिन्न थाना में दर्ज हैं।

# इस दाल की मदद से घर पर तैयार करें टैन रिमूवल साबुन, इस्तेमाल के बाद दमक उठेगी त्वचा



**नई दिल्ली।** मसूर की दाल टैनिंग हटाने और त्वचा को नेचुरली ग्लोइंग बनाने के लिए बेहद फायदेमंद है। ऐसे में इसकी मदद से घर पर ही साबून तैयार करें, जो आपकी त्वचा को दमकाएगी। जब भी बात आती है स्किन केयर प्रोडक्ट की तो लोगों के जहन में एक ही बात आती है कि स्किन केयर में तो हजारों रुपये खर्च करने ही पड़ेंगे। जबकि ऐसा नहीं है। आप कम पैसे खर्च करके भी अपनी त्वचा का खास ध्यान रख सकते हैं। यदि आप टैनिंग से परेशान हैं, तो आपको घबराने की जरूरत नहीं है। यहां हम आपको ऐसी साबुन बनाने का तरीका बताने जा रहे हैं, जिसके इस्तेमाल से आपकी त्वचा खिल उठेगी और टैनिंग भी खत्म हो जाएगी। इस साबुन को घर पर बनाने के लिए आपको ज्यादा चीजें भी नहीं चाहिए होंगी। बस इसके इस्तेमाल से पहले एके बार पैच टेस्ट अवश्य कर लें, ताकि किसी तरह की एलर्जी की संभावना नहीं रहे। मसूर की दाल की साबुन बनाने के लिए सबसे पहले मसूर की दाल पाउडर तैयार करें। इसके लिए आपको मसूर की दाल को धोकर अच्छी तरह से सुखाना है। जब ये पूरी तरह से सूख जाए तो इसका बारीक पाउडर बना लें। पाउडर बनाने के बाद जो ग्लिसरीन की साबुन ली है उसे छोटे टुकड़ों में काट लें। टुकड़ों में काटने के बाद इस साबुन को डबल बॉयलर या माइक्रोवेव में पिघला लें। जब साबुन पूरी तरह पिघल जाए, तो उसमें मसूर की दाल पाउडर, हल्दी, एलोवेरा जेल, नींबू का रस, तेल और गुलाब जल डालें। इसे अच्छी तरह से मिक्स करें, ताकी सभी चीजें आपस में मिल जाएं। आखिर में चाहें तो खुशबू के लिए कोई तेल भी इसमें मिक्स कर सकते हैं। जब सभी चीजें मिक्स हो जाएं तो इस मिश्रण को साबुन के सांचे (मोल्ड) में डालें। अब इसे 6-8 घंटे या पूरी रात के लिए सेट होने दें। जब साबुन पूरी तरह जम जाए, तो इसे सांचे से निकाल लें। अब हर रोज इसका इस्तेमाल कर सकते हैं।

## एक लिपस्टिक लगाकर हो गई हैं बोर तो पुराने शेड्स को ऐसे करें इस्तेमाल

**नई दिल्ली।** पुरानी लिपस्टिक को फेंकने की बजाय इन आसान ब्यूटी हैक्स से नए और खूबसूरत लिप शेड तैयार किए जा सकते हैं। आइए आपको भी इस बारे में जानकारी देते हैं। महिलाएं चाहे किसी भी उम्र में हों, उन्हें लिपस्टिक लगाने का हमेशा से क्रेज रहता है। शायद ही कोई ऐसी महिला होगी, जिसके पास लिपस्टिक का कलेक्शन नहीं होगा। इसी के चलते कई बार तो लिपस्टिक रखे-रखे पुरानी होने लगती है। वहीं कई बार एक ही रंग लगाते-लगाते बोरियत होने लगती है।

ऐसे में हम आपको पुरानी लिपस्टिक इस्तेमाल करने के कुछ आसान ट्रिक्स बताने जा रहे हैं। इन ट्रिक्स को अपनाने के बाद आपकी पुरानी लिपस्टिक दोबारा इस्तेमाल हो जाएगी और आपको नया शेड भी मिल जाएगा।

## बदलते मौसम में खो रही है पैरों की रंगत तो अपनाएं ये नुस्खे



**नई दिल्ली।** अगर आपके पैरों की रंगत भी खो रही है और आप उन्हें मखमली मुलायम बनाना चाहते हैं, तो ये घरेलू नुस्खे आपके लिए फायदेमंद साबित हो सकते हैं। जिस तरह से बदलते मौसम का असर लोगों के स्वास्थ्य पर पड़ रहा है, ठीक उसी तरह से इसका असर लोगों की त्वचा पर भी देखा जा रहा है। ऐसे में लोग अपने चेहरे और हाथों का तो खास ध्यान रख लेते हैं, लेकिन वो अक्सर पैरों पर ध्यान देना भूल जाते हैं। जिस वजह से लोगों से पैरों में रूखापन बढ़ने लगता है और पैरों की रंगत खोने लगती है। इसी वजह से आज हम आपको पैरों की रंगत सुधारने के लिए कुछ टिप्स देने जा रहे हैं। इन टिप्स को अपनाकर आप अपनी त्वचा को और भी ज्यादा खूबसूरत बना सकते हैं। इन टिप्स को आप हफ्ते में एक से दो बार फॉलो कर सकते हैं। यदि आप अपने पैरों को साफ और मुलायम बनाना चाहते हैं तो पैरों गुनगुने पानी में भिगोने से आपको लाभ मिल सकता है। इसके लिए सबसे पहले एक टब या फिर बाल्टी में गुनगुना पानी लेकर उसनें थोड़ा सा नमक और नीबू का रस डालें। पैरों को कम से कम 20 मिनट के लिए पानी में भिगो कर रखें।

# चुकंदर की मदद से घर पर तैयार करें हेयर कलर, आसान है इसे लगाने का तरीका भी



**नई दिल्ली।** यदि आप बाजार में मिलने वाले हेयर कलर के इस्तेमाल के इस्तेमाल से डरते हैं, तो घर पर ही चुकंदर की मदद से घर पर ही इसे तैयार करें और अपना लुक बदलें।

आज के समय में कम उम्र में ही युवाओं के बाल सफेद हो जा रहे हैं। ऐसे में बेहद कम उम्र में ही लोगों को हेयर कलरों का इस्तेमाल करना पड़ रहा है। वैसे तो बाजार में कई कंपनियों के हेयर कलर आते हैं, जो न सिर्फ लुक बदल देते हैं, बल्कि इनके इस्तेमाल से बालों में शाइन भी आती है। पर, बहुत से लोग केमिकल वाले इन रंगों के इस्तेमाल करने से डरते हैं। इसी के चलते हम आपको यहां घर पर ही हेयर कलर बनाने का तरीका बताने जा रहे हैं, ताकि आपको किसी तरह की एलर्जी का खतरा नहीं रहे। यहां हम आपको चुकंदर की मदद से हेयर कलर बनाना बताएंगे, ताकि आप घर पर ही अपने बालों का लुक बदल सकें। यदि आप अपने बालों में चुकंदर से बने हेयर कलर का इस्तेमाल करते हैं, इससे बालों को कोई नुकसान नहीं होता। चुकंदर में आयरन, विटामिन ष्ट और एंटीऑक्सीडेंट होते हैं, जो बालों को मजबूत बनाते हैं। ये हेयर कलर बालों का रंग बदलने के साथ-साथ स्कैल्प को हाइड्रेट करता है और बालों की ग्रोथ को बढ़ाता है। अगर आप चाहते हैं कि बालों में हल्का रेड-बर्गंडी शेड आए, तो इस मिश्रण को अपनाएं। इसके लिए आपको चुकंदर के साथ-साथ गाजर और नारियल के तेल की जरूरत पड़ेगी। हेयर कलर तैयार करने के लिए चुकंदर और गाजर को छोटे टुकड़ों में काटकर मिक्सी में ब्लेंड कर लें। सही से ब्लेंड करने के बाद इसका गाढ़ा रस निकाल लें और इसमें 1 चम्मच नारियल तेल मिलाएं। अब इस मिश्रण को बालों में ब्रश से लगाएं और 1 घंटे के लिए छोड़ दें। एक घंटे के बाद अपने बालों को अच्छी तरह से धो लें। इससे आपके बालों में हल्का लाल कलर आ जाएगा। यदि आपके बाल रूखे हैं तो सिंपल हेयर कलर की बजाए चुकंदर के साथ एलोवेरा को मिक्स करें। इस पैक से आपके बालों की नमी बरकरार रहेगी। इसे तैयार करने के लिए 2 चुकंदर के साथ एलोवेरा जेल की जरूरत पड़ेगी।

## चेहरे के लिए रामबाण है चावल और एलोवेरा से बना जेल



**नई दिल्ली।** चावल और एलोवेरा दोनों ही प्राकृतिक रूप से त्वचा को निखारने और हाइड्रेट करने में मदद करते हैं। ऐसे में आप इसका चेल बनाकर स्किन केयर में कर सकते हैं। यदि आप ग्लोइंग और दमकती त्वचा पाना चाहते हैं तो उसके लिए या तो महंगे-महंगे स्किन केयर प्रोडक्ट का इस्तेमाल कर सकते हैं, वरना घरेलू नुस्खे अपना सकते हैं। आज के समय में ज्यादातर लोग घरेलू नुस्खे अपनाना पसंद करते हैं। यदि आप भी उन लोगों में से हैं, जिन्हें घरेलू चीजें इस्तेमाल करना पसंद है तो यहां हम आपको एक ऐसे जेल के बारे में बताने जा रहे हैं, जिसके इस्तेमाल से आपका चेहरा खिल उठेगा। हम बात कर रहे हैं चावल और एलोवेरा से बने जेल की, जो आपका चेहरा दमकाने में आपकी मदद उठेगा। इसका इस्तेमाल आप पैच टेस्ट के बाद कर सकते हैं। यहां हम आपको न सिर्फ से जेल तैयार करना बताएंगे, बल्कि इसके इस्तेमाल का सही तरीका भी बताएंगे। चावल का जेल बनाने के लिए चावल को धोकर 30 मिनट तक पानी में भिगो दें। इसके बाद इन चावलों को एक कप पानी में तब तक उबालें, जब तक कि ये पूरी तरह से नरम न हो जाए। इस जेल को पूरी तरह से ठंडा करके इसमें 2 चम्मच एलोवेरा जेल मिलाएं। इन दोनों चीजों को अच्छी तरह से मिक्स करने के बाद गुलाब जल और विटामिन श्व कैप्सूल भी मिला सकते हैं। आखिर में इसे एयरटाइट कंटेनर में पैक कर लें। इस जेल को चेहरे पर लगाने के लिए पहले चेहरे को अच्छी तरह से धो लें। अब साफ चेहरे पर हल्के हाथों से मसाज करते हुए लगाएं। इसे 15-20 मिनट* तक लगा रहने दें। आखिर में इसे गुनगुने पानी से धो लें। इसे हफ्ते में 3-4 बार इस्तेमाल करें और कुछ दिनों में ही आपको ग्लोइंग और सॉफ्ट स्किन नजर आने लगेगी।

# इंडिया पोस्ट के नाम पर ऑनलाइन ठगी! पैकेज डिलीवरी के नाम पर हो सकता है बड़ा धोखा




**नई दिल्ली।** इंडिया पोस्ट के नाम पर चल रहे ऑनलाइन स्कैम का भंडाफोड़ हुआ है। इस नए तरह के स्कैम में लोगों को डिलीवरी एड्रेस अपडेट करने के लिए स्म्स पर लिंक भेजा जा रहा है। लिंक पर क्लिस करते ही फोन हैक होने के मामले सामने आए हैं।

क्या आपको भी एक एसएमएस आया है जिसमें कहा गया है कि आपका पैकेज किसी वेयरहाउस में अटका हुआ है और अगर आपने 24 घंटे के अंदर अपना पता अपडेट नहीं किया, तो पैकेज वापस कर दिया जाएगा? अगर हां, तो अलर्ट हो जाइए!

यह एक नया ऑनलाइन स्कैम है, जो मासूम लोगों को ठगने के लिए फैलाया जा रहा है। यह फर्जी मैसेज एकदम असली लग सकता है, जिससे लोगों को जल्दी से एक्शन लेने के लिए मजबूर किया जाता है। मैसेज में एक लिंक दिया जाता है, जो दिखने में इंडिया पोस्ट की वेबसाइट जैसा लगता है, लेकिन असल में यह धोखाधड़ी वाली फेक साइट होती है। जब कोई यूजर इस लिंक पर क्लिक करता है, तो उसे अपना नाम, पता, फोन नंबर, बैंक डिटेल्स और यहां तक कि क्रेडिट कार्ड की जानकारी भरने के लिए कहा जाता है। इस डेटा का इस्तेमाल पहचान की चोरी, फर्जी ट्रांजैक्शन या फिर इसे डार्क वेब पर बेचने के लिए किया जाता है। कई मामलों में, यह फर्जी साइट आपके डिवाइस में मैलवेयर भी इंस्टॉल कर सकती है, जिससे आपका फोन या कंप्यूटर हैक हो सकता है। प्रेस इंफॉर्मेशन ब्यूरो फैक्ट चेक ने इस फेक मैसेज का भंडाफोड़ किया है और बताया है कि इंडिया पोस्ट कभी भी ऐसे मैसेज नहीं भेजता, जिसमें पता अपडेट करने के लिए किसी बाहरी लिंक पर क्लिक करने को कहा जाए। किसी भी अनजान लिंक पर क्लिक न करें। हमेशा यूआरएल चेक करें और किसी भी संदेहजनक वेबसाइट से बचें। ऑफिशियल सोर्स से जानकारी लें। अगर कोई भी डिलीवरी अपडेट चाहिए, तो 222.indiapost.gov.in पर जाकर खुद चेक करें। अगर आपको ऐसा कोई मैसेज मिले, तो इसे तुरंत cybercrime.gov.in पर रिपोर्ट करें या फिर PIB Fact Check के सोशल मीडिया हैंडल पर जानकारी दें।


## गूगल ने भारत में शुरू किया अपना सबसे बड़ा कैम्पस, 5000 सीटों का है इंतजाम

**नई दिल्ली।** Ananta, जो अब गूगल के सबसे बड़े कार्यालयों में से एक है, इसी विश्वास और भारत के डिजिटल भविष्य को सशक्त बनाने की हमारी प्रतिबद्धता का प्रमाण है। यह उन सभी के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है जो इस भविष्य को आकार देने में योगदान दे रहे हैं। गूगल ने बुधवार को भारत में अपना सबसे बड़ा कैंपस ÒAnantaÓ (जिसका संस्कृत में अर्थ असीम होता है) लॉन्च किया। यह न केवल भारत में बल्कि गूगल के वैश्विक स्तर पर सबसे बड़े परिसरों में से एक है। यह कैंपस बेंगलुरु के महादेवपुरा में स्थित है और इसमें 5,000 से अधिक लोगों के बैठने की क्षमता है। इस कैंपस का डिजाइन सुगमता (एक्सेसिबिलिटी) को ध्यान में रखते हुए तैयार किया गया है और इसके निर्माण में उपयोग किए गए अधिकांश सामग्री स्थानीय स्रोतों से ली गई है। गूगल इंडिया की वाइस प्रेसिडेंट और कंट्री मैनेजर, प्रीति लोबाना ने इस अवसर पर कहा, "Ananta केवल उन इनोवेशन के लिए नहीं जाना जाएगा जो इसकी दीवारों के भीतर से उभरेंगे, बल्कि इसके स्थायी प्रभाव के लिए भी पहचाना जाएगा। छह साल पहले हमने AI-फर्स्ट दृष्टिकोण को अपनाने का एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया। हमने भारत को न केवल एक प्रतिभा संपन्न देश के रूप में देखा, बल्कि एक ऐसे स्थान के रूप में भी पहचाना, जहां AI बड़े पैमाने पर जीवन को बदल सकता है। यह नया कैंपस तकनीकी क्षेत्र में हो रहे व्यापक बदलावों में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। गूगल डीपमाइंड के वाइस प्रेसिडेंट और बेंगलुरु साइट लीड आनंद रंगराजन ने कहा, भारत जटिल चुनौतियों का समाधान करने के लिए एक बेहतरीन मंच प्रदान करता है। भारतीय उपयोगकर्ताओं की समस्याओं को हल करने से वैश्विक समाधान तैयार होते हैं। Ananta, जो अब गूगल के सबसे बड़े कार्यालयों में से एक है, इसी विश्वास और भारत के डिजिटल भविष्य को सशक्त बनाने की हमारी प्रतिबद्धता का प्रमाण है। यह उन सभी के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है जो इस भविष्य को आकार देने में योगदान दे रहे हैं। गूगल का भारत में 10,000 से अधिक कर्मचारियों के साथ एक मजबूत कार्यबल है। कंपनी की बेंगलुरु, मुंबई, हैदराबाद और गुरुग्राम सहित कई शहरों में उपस्थिति है। वर्तमान में, गूगल




हाइब्रिड वर्क मॉडल का अनुसरण करता है, जिसमें कर्मचारियों को प्रति सप्ताह तीन दिन कार्यालय में काम करने की आवश्यकता होती है। Ananta कैंपस के लॉन्च के साथ, गूगल भारत में अपने विश्व-स्तरीय उत्पादों और जटिल उपयोगकर्ता चुनौतियों को हल करने की क्षमता को और मजबूत करेगा।

# ब्राजील के न्यायालय ने एक्स पर 1.4 मिलियन डॉलर का लगाया जुर्माना, आदेशों के उल्लंघन पर सख्त कार्रवाई




**ब्रासीलिया।** ब्राजील के सर्वोच्च न्यायालय ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स के लिए बुधवार को एक अहम आदेश जारी किया। इसके तहत उन्होंने एक्स को 8.1 मिलियन ब्राज़ीलियाई रीसिस (करीब 1.4 मिलियन अमेरिकी डॉलर) का जुर्माना भरने का आदेश दिया। ब्राजील के सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश, एलेक्जेंडर डी मोरेस ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स (पहले ट्विटर) के लिए बुधवार को एक अहम आदेश जारी किया। इसके तहत उन्होंने एक्स को 8.1 मिलियन ब्राज़ीलियाई रीसिस (करीब 1.4 मिलियन अमेरिकी डॉलर) का जुर्माना भरने का आदेश दिया। यह जुर्माना तब लगाया गया जब एक्स ने अदालत के आदेश के बावजूद एलन डॉस सैंटोस के प्रोफ़ाइल से संबंधित पंजीकरण डेटा देने से इनकार कर दिया।

बता दें कि डी मोरेस ने जुलाई 2024 में आदेश दिया था कि एक्स और मेटा को सैंटोस के एकाउंट को ब्लॉक करने, उसे प्रतिबंधित करने और उसका डेटा प्रदान करने के लिए कार्रवाई करनी चाहिए। एक्स ने इस आदेश का पालन करते हुए एकाउंट तो ब्लॉक किया, लेकिन यह दावा किया कि उसके पास डेटा नहीं है क्योंकि यह डेटा एकत्र नहीं किया गया था और उपयोगकर्ता का ब्राजील से कोई तकनीकी संबंध नहीं था। हालांकि, न्यायाधीश ने इस तर्क को खारिज कर दिया। इसके बाद, एक्स को डेटा देने में नाकाम रहने पर अगस्त 2024 में 100,000 ब्राज़ीलियन रीसिस (करीब 17,500 अमेरिकी डॉलर) का दैनिक जुर्माना लगाया गया। अक्टूबर तक यह जुर्माना बढ़कर 8.1 मिलियन रीसिस हो गया।

एक्स ने इस जुर्माने के खिलाफ अपील की थी, लेकिन बाद में उसने अदालत को सूचित किया कि वह जुर्माना भरने को तैयार है। अदालत ने बुधवार के फैसले में कंपनी को तुरंत पूरी राशि का भुगतान करने का आदेश दिया। हालांकि, यह स्पष्ट नहीं है कि एक्स ने न्यायालय के अनुरोध के अनुसार पंजीकरण डेटा प्रदान किया या नहीं। वहीं पिछले वर्ष, डी मोरेस ने एक्स के खिलाफ एक और कदम उठाया था जब कंपनी ने ब्राज़ील में अपने सारे कर्मचारियों को निकालने की योजना बनाई थी। तब उन्होंने देश में एक्स के कानूनी प्रतिनिधि को गिरफ्तारी की धमकी दी थी। ब्राज़ील के कानून के अनुसार, विदेशी कंपनियों को देश में एक स्थानीय कानूनी प्रतिनिधि नियुक्त करना पड़ता है, ताकि वे अदालत के फैसले प्राप्त कर सकें और त्वरित कार्रवाई कर सकें।

# सरकार ने दी बड़ी चेतावनी, एक झटके में हो सकते हैं हैकर्स के शिकार

**नई दिल्ली।** यह चेतावनी Vulnerability Note CIVN-2025-0024 के तहत जारी की गई है, जिसमें बताया गया है कि यदि इन सुरक्षा खामियों का फायदा हैकर्स द्वारा उठाया जाता है, तो वे प्रभावित सिस्टम पर मनचाहा कोड एडिट कर सकते हैं और अनधिकृत रूप से पहुंच प्राप्त कर सकते हैं। ऐसे में उपयोगकर्ताओं को तत्काल अपना ब्राउजर अपडेट करने की सलाह दी गई है। यदि आप macOS, Windows Øæ Linu× पर Google Chrome ब्राउजर का इस्तेमाल कर रहे हैं, तो आपके लिए एक महत्वपूर्ण सुरक्षा चेतावनी जारी की गई है। भारतीय कंप्यूटर इमरजेंसी रिस्पांस टीम ने एक उच्च-स्तरीय (हाई-रिस्क) सुरक्षा चेतावनी जारी की है, जो Google Chrome ब्राउजर में मौजूद कई खतरनाक कमजोरियों की ओर इशारा करती है। CERT-In के अनुसार, Windows, macOS ¥õÚU Linu× उपयोगकर्ताओं के लिए Google Chrome में कई गंभीर सुरक्षा खामियां पाई गई हैं। ये खामियां Chrome के आर्किटेक्चर में मौजूद विभिन्न कमजोरियों के कारण पैदा हुई हैं, जिनमें शामिल हैं CERT-In का कहना है कि हैकर्स इन कमजोरियों का उपयोग गलत वेबसाइटों के जरिए कर सकते हैं। यदि कोई उपयोगकर्ता इन वेबसाइटों पर क्लिक करता है, तो मैलवेयर के जरिए हैकर्स उसके सिस्टम पर नियंत्रण प्राप्त कर सकते हैं। इसका परिणाम निम्नलिखित हो सकता है उपयोगकर्ता की संवेदनशील जानकारी चोरी हो सकती है। सिस्टम क्रैश हो सकता है या पूरी तरह से हैक हो सकता है। सरकारी संस्थानों और व्यवसायों पर साइबर हमले का खतरा बढ़ सकता है। CERT-In ने बताया कि यह सुरक्षा खामी उन उपयोगकर्ताओं को प्रभावित कर सकती है, जो Google Chrome का पुराना संस्करण चला रहे हैं। प्रभावित संस्करणों में शामिल हैं।



## पाकिस्तानी नागरिक की जानकारी का तुरंत करें खुलासा



**गुवाहाटी।** असम विधानसभा में विपक्ष के नेता देबब्रत सैकिया ने मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा से पाकिस्तानी नागरिक अली तौकीर शेख के बारे में जानकारी सार्वजनिक करने की मांग की और भाजपा के केंद्रीय मंत्रियों को शेख की कथित भारत विरोधी गतिविधियों के लिए जिम्मेदार ठहराया। असम विधानसभा में विपक्ष के नेता देबब्रत सैकिया ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा से आग्रह किया कि वह पाकिस्तानी नागरिक अली तौकीर शेख के बारे में उनके पास मौजूद किसी भी जानकारी को तुरंत खुलासा करें, अगर यह जानकारी राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ी हो। सैकिया ने यह भी मांग की कि भाजपा के केंद्रीय मंत्रियों अमित शाह और राजनाथ सिंह को भारत विरोधी गतिविधियों में शेख की कथित संलिप्तता के लिए जवाबदेह ठहराया जाए। राज्य पुलिस ने सोशल मीडिया पर असम और भारत के आंतरिक मामलों पर टिप्पणी करने को शेख की जांच के लिए सोमवार को विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया। शेख पाकिस्तान योजना आयोग के सलाहकार हैं और कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई की पत्नी एलिजाबेथ के पूर्व सहयोगी रहे हैं। उनके खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) और गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) के तहत मामले दर्ज किए गए हैं।

## सुप्रीम कोर्ट ने अब्बास अंसारी मामले में आदेश वापस लिया; पुलिस से पूछा- क्या उनके खिलाफ कोई जांच लंबित?

**निर्वाचन**

**अंसारी मऊ निर्वाचन क्षेत्र से सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (सुभासपा) के विधायक हैं।**



**नई दिल्ली।** अब्बास अंसारी मऊ निर्वाचन क्षेत्र से सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (सुभासपा) के विधायक हैं। जमानत याचिका खारिज करते हुए हाईकोर्ट ने कहा था कि मामले में जांच जारी है। इस मामले में उन्हें छह सितंबर, 2024 को गिरफ्तार किया गया था।सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को अपना आदेश वापस ले लिया, जिसमें पुलिस से गैंगस्टर एक्ट के तहत एक मामले में विधायक अब्बास अंसारी के खिलाफ जांच 10 दिनों के भीतर पूरी करने को कहा गया था। कोर्ट ने इसकी बजाय यह जानना चाहा कि क्या उनके खिलाफ कोई जांच लंबित है? जस्टिस सूर्यकांत और न्यायमूर्ति एन कोटिश्वर सिंह की पीठ ने मामले की अगली सुनवाई 6 मार्च को तय की। आदेश वापस लेने का वाकया तब हुआ, जब अब्बास अंसारी की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने कहा कि जांच पूरी हो चुकी है और यूपी गैंगस्टर एक्ट के तहत दर्ज मामले में आरोपपत्र दाखिल किया जा चुका है। उन्होंने कहा कि राज्य ने मामले में गलत हलफनामा दाखिल किया है और अब्बास अंसारी के खिलाफ कुछ भी लंबित नहीं है। यूपी सरकार की ओर से पेश हुए अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल के एम नटराज ने कहा कि उन्हें मामले पर और स्पष्टीकरण की जरूरत है। इससे पहले सुप्रीम कोर्ट ने उत्तर प्रदेश पुलिस को गैंगस्टर अधिनियम के तहत विधायक अब्बास अंसारी के खिलाफ एक मामले में 10 दिनों के अंदर जांच पूरी करने का निर्देश दिया था। पीठ ने कहा था कि मामले की जांच पूरी होने के बाद वह अंसारी की जमानत याचिका पर विचार करेगी। दरअसल, अब्बास अंसारी ने मुठभेड़ के डर से 31 जनवरी को 'गैंगस्टर' अधिनियम के तहत एक मामले में अधीनस्थ अदालत की कार्यवाही में डिजिटल माध्यम से पेश होने की मांग की थी।

पिछले साल 18 दिसंबर को इलाहाबाद हाईकोर्ट ने उस मामले में अंसारी की जमानत याचिका खारिज कर दी थी, जिसमें उन पर और कुछ अन्य लोगों पर वित्तीय एवं अन्य लाभ के लिए गिरोह बनाने का आरोप लगाया गया था। चित्रकूट जिले के कोतवाली कर्वी थाने में 31 अगस्त, 2024 को अंसारी, नवनीत सचान, नियाज अंसारी, फराज खान और शाहबाज आलम खान के खिलाफ उत्तर प्रदेश गैंगस्टर्स एवं असामाजिक क्रियाकलाप (रोकथाम) अधिनियम, 1986 की धारा दो, तीन के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई थी। उन पर जबरन वसूली और मारपीट का आरोप लगाया गया था। अंसारी मऊ निर्वाचन क्षेत्र से सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (सुभासपा) के विधायक हैं। जमानत याचिका खारिज करते हुए हाईकोर्ट ने कहा था कि मामले में जांच जारी है। इस मामले में उन्हें छह सितंबर, 2024 को गिरफ्तार किया गया था। भारत के मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना की अध्यक्षता वाले सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने बॉम्बे हाईकोर्ट में तीन अतिरिक्त न्यायाधीशों को स्थायी न्यायाधीश के रूप में नियुक्त करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। 20 फरवरी को हुई बैठक में कॉलेजियम ने न्यायमूर्ति शैलेश प्रमोद ब्रह्मे, फिरदौस फिरोज पूनीवाला और जितेंद्र शांतिलाल जैन के नामों को स्थायी न्यायाधीश के रूप में मंजूरी दी।

कॉलेजियम ने यह भी सिफारिश की कि बॉम्बे हाईकोर्ट में अतिरिक्त हाईकोर्ट न्यायाधीश न्यायमूर्ति मंजूषा अजय देशपांडे का कार्यकाल एक साल के लिए बढ़ाया जाना चाहिए।

## स्टेशन पर बगैर टिकट वाले यात्री रहे सावधान




**नई दिल्ली।** रेलवे से सूत्रों का कहना है कि, रेलवे स्टेशनों पर लोगों के प्रवेश को रेग्युलेट करने की जरूरत है। स्टेशनों पर केवल उन लोगों को ही अनुमति दी जानी चाहिए जिनके पास वैध टिकट है। रेलवे कुछ बड़े और व्यस्त स्टेशनों पर इस विकल्प को लागू करने पर विचार कर रहा है। राजधानी दिल्ली में बीते शनिवार को भगदड़ से 18 लोगों की मौत हो गई थी। इसमें कई यात्री घायल भी हो गए थे। इस घटना को गंभीरता से लेते हुए भारतीय रेलवे स्टेशनों पर बगैर टिकट यात्रियों के प्रवेश पर रोक लगाने पर विचार कर रहा है। यह व्यवस्था सिर्फ 60 व्यस्त स्टेशनों पर ही लागू होगी। इन स्टेशनों पर होल्डिंग एरिया बनाने का भी विकल्प है, जहां यात्री अंदर जाने से पहले प्रतीक्षा कर सकते हैं। हालांकि रेलवे ने कुछ स्टेशन के नाम बताए है जहां पर ये होल्डिंग एरिया बनाया जाएगा। इनमें नई दिल्ली रेलवे स्टेशन, आनंद विहार स्टेशन, लखनऊ, वाराणसी, मुगलसराय, कानपुर, झांसी, पटना, दरभंगा, आरा, मुंबई, सूरत, सोनपुर, बंगलौर, हावड़ा, मालदा और अन्य स्टेशन शामिल है। रेलवे से सूत्रों का कहना है कि, रेलवे स्टेशनों पर लोगों के प्रवेश को रेग्युलेट करने की जरूरत है। स्टेशनों पर केवल उन लोगों को ही अनुमति दी जानी चाहिए जिनके पास वैध टिकट है। रेलवे कुछ बड़े और व्यस्त स्टेशनों पर इस विकल्प को लागू करने पर विचार कर रहा है। ताकि स्टेशन पर बगैर टिकट आने वाले यात्रियों को रोका जा सके। सूत्रों का कहना है कि, राजधानी दिल्ली समेत कई बड़े स्टेशन पर रेलवे होल्डिंग एरिया तैयार किए जा रहे है। इन स्टेशनों पर अनाधिकृत एंट्री और एग्जिट पाइंट को बंद कर दिए जाएंगे। इन होल्डिंग एरिया को अमृत भारत स्टेशन योजना के साथ इंटीग्रेटेड किया जाएगा। इसका उद्देश्य भारतीय रेलवे नेटवर्क में रेलवे स्टेशनों को बेहतर बनाना और उनका आधुनिकीकरण करना है। अमृत भारत स्टेशन योजना का उद्देश्य वर्तमान में कुल 1275 स्टेशनों को एडवांस और मॉर्डन बनाना है। स्टेशनों पर भीड़भाड़ कम करने के लिए रेलवे का यह कदम काफी मददगार साबित हो सकता है।

इन सभी स्टेशनों पर एआई और अन्य नई तकनीकों के जरिए स्टेशन पर भीड़ प्रबंधन करेगा। इन सभी रेलवे स्टेशनों पर रेलवे विशेष अभियान भी शुरू करेगा। इस अभियान के तहत रेलवे यात्रियों, कुलियों और दुकानदारों से राय और सुझाव लिए जाएंगे। इस अभियान के दौरान, रेलवे यात्रियों और अन्य हितधारकों से फीडबैक प्राप्त करेगा और इसके आधार पर बड़े स्तर पर बदलाव किए जाएंगे।

## संसदीय समिति की बैठक में गरजे विपक्षी सांसद, बजट के कम उपयोग और दिल्ली में बढ़ते अपराधों का उठाया मुद्दा

**नई दिल्ली।** गृह मंत्रालय की संसदीय समिति की बैठक गुरुवार और शुक्रवार को भाजपा सांसद राधा मोहन दास अग्रवाल की अध्यक्षता में हुई। इसमें 2025-26 के लिए गृह मंत्रालय की अनुदान मांग पर चर्चा हुई। सूत्रों के मुताबिक तृणमूल कांग्रेस के सांसद ने निर्भया फंड के बजट का उपयोग न किए जाने का मुद्दा उठाया। सांसद ने कहा कि लगभग दो-तिहाई फंड का इस्तेमाल ही नहीं किया गया है। गृह मंत्रालय की संसदीय समिति की बैठक में विपक्षी सांसदों ने बजट के कम उपयोग और नई दिल्ली में महिलाओं-बच्चों के खिलाफ बढ़ते अपराधों को लेकर सवाल उठाए। सांसदों ने दोनों मामलों में सरकार से जवाब मांगा है। गृह मंत्रालय की संसदीय समिति की बैठक गुरुवार और शुक्रवार को भाजपा सांसद राधा मोहन दास अग्रवाल की अध्यक्षता में हुई। इसमें 2025-26 के लिए गृह मंत्रालय की अनुदान मांग पर चर्चा हुई। सूत्रों के मुताबिक तृणमूल कांग्रेस के सांसद ने निर्भया फंड के बजट का उपयोग न किए जाने का मुद्दा उठाया। सांसद ने कहा कि लगभग दो-तिहाई फंड का इस्तेमाल ही नहीं किया गया है। निर्भया फंड उन परियोजनाओं पर खर्च किया जाता है, जो शहर में महिलाओं को सुरक्षित करती हैं। तृणमूल कांग्रेस के सांसद ने कहा कि सरकार ने बजट में सीमा संरचना और प्रबंधन के बजट में इजाफा किया गया। पिछले साल इस मद में 3756.51 करोड़ का आवंटन किया गया था। इस बार इसमें 1840.74 करोड़ का इजाफा किया गया है और यह अब 5597.25 करोड़ हो गया है।

## मुंद्रा के पास एक ट्रक और बस की टक्कर; पांच लोगों की मौत, 30 से अधिक घायल

**अहमदाबाद।** हादसा केरा मुंद्रा रोड पर हुआ। सातों लोगों ने टक्कर के बाद मौके पर ही दम तोड़ दिया। आशंका जताई जा रही है कि मृतकों की संख्या बढ़ भी सकती है। घायलों को नजदीकी अस्पताल ले जाया गया है। गुजरात के कच्छ में शुक्रवार को 40 लोगों को ले जा रही एक बस और ट्रक के बीच टक्कर हो गई। हादसे में पांच लोगों की मौत हो गई। सातों लोगों ने टक्कर के बाद मौके पर ही दम तोड़ दिया। आशंका जताई जा रही है कि मृतकों की संख्या बढ़ भी सकती है। हादसा केरा मुंद्रा रोड पर हुआ। घायलों को नजदीकी अस्पताल ले जाया गया है। पुलिस अधीक्षक भुज कच्छ (पश्चिमी) ने बताया कि हादसे में 30 से अधिक घायल भी हुए हैं।

## महिला आईपीएस के खिलाफ बल मुख्यालय में घूम रही शिकायत, शेयरों में सीक्रेट फंड का पैसा लगाने का आरोप

**नई दिल्ली।** महिला आईपीएस आईजी ने किस तरह से जम्मू कश्मीर में अपनी तैनाती के दौरान सीआरपीएफ में राशन खरीद के जरिए और सीक्रेट फंड का दुरुपयोग कर शेयर मार्केट में पैसा लगाया है। इस बाबत बल मुख्यालय के वरिष्ठ अधिकारी ने बताया, हां शिकायत तो है, मगर भेजने वाले का नाम नहीं है

देश के सबसे बड़े केंद्रीय अर्धसैनिक बल सीआरपीएफ में बतौर प्रतिनियुक्ति पर तैनात एक महिला आईपीएस अधिकारी, जो मौजूदा समय में आईजी के पद तैनात है, उनसे जुड़ी एक शिकायत बल मुख्यालय में घूम रही है। विश्वस्त सूत्रों के मुताबिक, सात पन्नों की यह शिकायत कई अफसरों के पास पहुंची है। यह मामला सीआरपीएफ के वरिष्ठ अधिकारियों के संज्ञान में है। हालांकि शिकायतकर्ता ने अपना नाम नहीं बताया है, इसलिए उक्त पत्र पर कार्रवाई होगी या नहीं, इस पर अभी संशय बना हुआ है। केंद्र सरकार के नियमानुसार, अगर शिकायत गुमनाम है या उसे किसी दूसरे व्यक्ति के नाम से दिया गया हो तो उस पर कार्रवाई नहीं हो सकती। ऐसे मामलों में शिकायत को फाइल कर दिया जाता है। शिकायत में लिखा है कि महिला आईपीएस आईजी ने किस तरह से जम्मू कश्मीर में अपनी तैनाती के दौरान सीआरपीएफ में राशन खरीद के जरिए और सीक्रेट फंड का दुरुपयोग कर शेयर मार्केट में पैसा लगाया है। इस बाबत बल मुख्यालय के वरिष्ठ अधिकारी ने बताया, हां शिकायत तो है, मगर भेजने वाले का नाम नहीं है। शिकायत में महिला आईपीएस अधिकारी पर कई तरह के आरोप लगे हैं। सीआरपीएफ में


**स्त्रोत**

**चार लाख से ज्यादा डिविडेंट मिला। इसे आयकर रिटर्न में वेतन के अलावा अन्य स्त्रोत से हुई आय के तौर पर दिखाया गया है।**



प्रतिनियुक्ति पर आई अधिकारी ने शेयर और स्टॉक में करीब चार करोड़ रुपये का निवेश किया है। इसके लिए फर्जी कंपनी बनाई गई। यह बात भी शिकायत में लिखी है कि वह महिला अधिकारी, छह-सात वर्ष पूर्व सीआरपीएफ में प्रतिनियुक्ति पर आई थीं। वित्तीय वर्ष 2019-20 तक उक्त अधिकारी के आयकर रिटर्न में कोई भी लंबी अवधि या छोटी अवधि के दौरान शेयरों से कोई कमाई नहीं दिखाई गई है। म्यूचुअल फंड खरीदने की कोई वित्तीय क्षमता नजर नहीं आई। ये सब बातें शिकायत में कही गई हैं। उग्रवाद ग्रस्त क्षेत्र में तैनाती के दौरान उक्त महिला अधिकारी के नियंत्रण में पर्याप्त मात्रा में सीक्रेट सर्विस फंड रहा था। यह भी आरोप है कि उस क्षेत्र में बल की सभी यूनिट, बटालियन व ग्रुप सेंटर के लिए राशन की सिंगल वेंडर से खरीददारी की गई। शिकायत में लिखा है कि 2020-21 के दौरान इस फंड से चालीस लाख रुपये म्यूचुअल फंड में निवेश किए गए। चार लाख से ज्यादा डिविडेंट मिला। इसे आयकर रिटर्न में वेतन के अलावा अन्य स्त्रोत से हुई आय के तौर पर दिखाया गया है। एमएस डिवाइस अर्थ, नाम से बंगलुरु में कंपनी खोली गई। इसे लोन दिया गया। करीब डेढ़ करोड़ रुपये से अधिक की आय हुई। इसे भी आयकर रिटर्न में दिखाया गया है।

## नेतन्याहू ने की युद्धविराम समझौते के उल्लंघन की निंदा



**यरूशलम।** इस्राइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने गाजा युद्धविराम समझौते के उल्लंघन को क्रूर और दुर्भावनापूर्ण बताया। दरअसल, हमास द्वारा भेजे गए एक शव में एक महिला की पहचान गलत पाई गई। इस घटना ने युद्धविराम के भविष्य पर सवाल खड़ा कर दिया है। वहीं, नेतन्याहू ने चेतावनी दी कि हमास को इसकी पूरी कीमत चुकानी होगी।

इस्राइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने शुक्रवार को गाजा युद्धविराम समझौते के उल्लंघन को क्रूर और दुर्भावनापूर्ण बताया। दरअसल, समझौते के तहत हमास की ओर से जिन शवों को भेजा गया, उनमें एक की पहचान गलत निकली। हमास ने जिस महिला का शव भेजा था, वह इस्राइल के दो बच्चों की मां शिरी बिबास का नहीं था। चरमपंथी संगठन ने शिरी का शव भेजने का वादा किया था।

इस घटना ने युद्धविराम के भविष्य पर सवाल खड़ा कर दिया है। 15 महीनों के युद्ध के बाद युद्धविराम समझौते के तहत शनिवार को छह और इस्राइली बंधकों को रिहा किया जाना है। हमास ने गुरुवार को इस्राइल के चार शवों को भेजा था। इस्राइली अधिकारियों के मुताबकि, इनमें शिरी बिबास के दो बच्चों कफीर और एरियल बिबास और ओडेडे लिफशिट्ज (83 वर्षीय) के शवों की पहचान सही पाई गई। जबकि चौथा शव शिरी बिबास का नहीं था, बल्कि वह गाजा की एक महिला का था।

इस पर इस्राइली प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने कहा, हम अपने सभी जीवित और मृतक बंधकों के साथ शिरी को घर लाने के लिए दृढ़ संकल्प के साथ काम करेंगे और यह सुनिश्चित करेंगे कि हमास समझौते के इस क्रूर और दुर्भावनापूर्ण उल्लंघन की कीमत चुकाए।

नेतन्याहू ने कहा कि लिफशिट्ज, एरियल और कफीर बिहास की यादें हमेशा देश के दिल में रहेगी। ईश्वर उनके खून का बदला लेगा। इसलिए हम बदला लंगे। उन्होंने कहा कि चौथा शव गाजा की एक महिला का था।

वहीं, हमास ने दावा किया कि लाइफशिट्ज, लिफशिट्ज, शिरी बिबास और उनके बेटे इस्राइल हवाई हमलों में मारे गए। लेकिन इस्राइल ने कहा कि शवों के परीक्षण से पता चला है कि दोनों लड़कों और लिफशिट्ज को हमास के लड़ाकों ने मार डाला। अमेरिकी दूत एडम बोहलर ने गलत शव की रिहाई को भयावह और युद्धविराम का स्पष्ट उल्लंघन बताया। उन्होंने कहा, अगर मैं उनकी जगह होता तो मैं सभी को रिहा कर देता।

शव की पहचान का मुद्दा बिबास परिवार की कहानी में एक चौंकाने वाला मोड़ है। बिबास परिवार हमास के कब्जे में इस्राइल बंधकों की दुर्दशा का वैश्विक प्रतीक बना है। हमास और इस्राइल के बीच जनवरी में युद्धविराम लागू हुआ, जिसके तहत बंधकों की रिहाई के बदले इस्राइली जेलों से सैकड़ों फलस्तीनियों को रिहा किया गया है।

गुरुवार को बंधकों की रिहाई से पहली बार पता चला कि हमास ने मृत बंधकों के शव लौटाए हैं।

## जी20 के विदेश मंत्रियों की बैठक में अपने चीनी समकक्ष से मिले जयशंकर, द्विपक्षीय संबंधों पर चर्चा

**जोहान्सबर्ग।** विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने जोहान्सबर्ग में अपने चीनी समकक्ष वांग यी से मुलाकात की। यह मुलाकात जी20 के विदेश मंत्रियों की बैठक के दौरान हुई। इस मुलाकात में भारत और चीन के द्विपक्षीय मुद्दों और वैश्विक भू-राजनीतिक स्थिति पर चर्चा की गई।

विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने शुक्रवार को जोहान्सबर्ग में अपने चीनी समकक्ष वांग यी से मुलाकात की। यह मुलाकात जी20 के विदेश मंत्रियों की बैठक के दौरान हुई है। दक्षिण अफ्रीका अभी जी20 की मेजबानी कर रहा है।

जयशंकर जी20 के विदेश मंत्रियों की बैठक में शामिल होने के लिए दो दिवसीय दक्षिण अफ्रीका दौरे पर हैं। उन्होंने वांग यी के साथ मुलाकात की तस्वीरों को सोशल मीडिया मंच एक्स पर साझा किया और लिखा, आज सुबह जोहान्सबर्ग में जी20 के विदेश मंत्रियों की बैठक के दौरान चीन की कम्युनिस्ट पार्टी (सीपीसी)

**समकक्ष**

**विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने शुक्रवार को जोहान्सबर्ग में अपने चीनी समकक्ष वांग यी से मुलाकात की।**

के पोलित ब्यूरो के सदस्य व विदेश मंत्री वांग यी से मुलाकात का अवसर मिला जयशंकर ने कहा कि जी20 की बैठकों ने ऐसे समय में भी बातचीत का अवसर प्रदान किया है, जब भारत-चीन संबंध के चुनौतीपूर्ण चरण में हैं। उन्होंने कहा, हमें यह भी मानना चाहिए कि एक ध्रुवीकृत दुनिया के बीच हमारे दोनों देशों ने एक संस्था के रूप में जी20 को संरक्षित और सुरक्षित करने के लिए कड़ी मेहनत की है। उन्होंने आगे कहा, भारत और चीन जी20, शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) और



ब्रिक्स के सदस्य हैं। आपसी हितों के कुछ क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दे हैं, जहां हमारे पारस्परिक लाभ के लिए दृष्टिकोणों का आदान-प्रदान जरूरी है। इस बीच, विदेश मंत्रालय ने कहा कि जयशंकर और वांग ने सीमा पर शांति प्रबंधन, कैलाश मानसरोवर यात्रा पर भी चर्चा की।

यह मुलाकात ऐसे समय में हुई है, जब भारत और चीन के बीच द्विपक्षीय मुद्दों और क्षेत्रीय चुनौतियों से निपटने को लेकर कूटनीतिक प्रयास जारी हैं। इससे पहले गुरुवार को जी20 सत्र में %वैश्विक भू-राजनीतिक स्थिति% पर चर्चा करते हुए जयशंकर ने कहा कि जी20 बहु-ध्रुवीयता की ओर बढ़ती दुनिया का प्रतीक है। उन्होंने यह भी कहा, वैश्विक भू-राजनीतिक स्थिति किसी भी परिभाषा से कठिन है। इसमें कोरोना महामारी, युद्ध की स्थितियां, वित्तीय दबाव, खाद्य सुरक्षा और जलवायु परिवर्तन जैसी कई समस्याएं शामिल हैं।

## पुतिन साफ तौर पर एक तानाशाह, जेलेंस्की पर ट्रंप के हमले के बाद बोलीं यूरोपीय संघ की शीर्ष राजनयिक

**जोहान्सबर्ग।** यूरोपीय संघ की शीर्ष राजनयिक काजा कैलास ने कहा कि वोलोदिमीर जेलेंस्की एक निष्पक्ष और स्वतंत्र चुनाव में चुने गए नेता हैं। कई देशों के संविधान युद्ध के समय चुनावों को निलंबित करने की अनुमति देते हैं, ताकि ध्यान संघर्ष पर केंद्रित किया जा सके। यूरोपीय संघ की शीर्ष राजनयिक काजा कैलास ने कहा कि उन्होंने शुरू में सोचा था कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने वोलोदिमीर जेलेंस्की को व्लादिमीर पुतिन समझा लिया था, जब उन्होंने यूक्रेनी नेता को तानाशाह कहा था। कैलास ने जी20 विदेश मंत्रियों की बैठक में भाग लेने के बाद बृहस्पतिवार को जोहान्सबर्ग में संवाददाताओं से बात की। इस दौरान उन्होंने कहा, जब मैंने यह सुना, तो मुझे लगा कि ट्रंप दोनों को मिला रहे हैं, क्योंकि पुतिन साफ तौर पर एक तानाशाह हैं। जेलेंस्की का पांच साल का कार्यकाल पिछले साल समाप्त हो गया था, लेकिन



यूक्रेनी कानून के तहत युद्ध के समय चुनाव की जरूरत नहीं होती। कैलास ने कहा, जेलेंस्की एक निष्पक्ष और स्वतंत्र चुनाव में चुने गए नेता हैं। उन्होंने यह भी कहा कि कई देशों के संविधान युद्ध के समय चुनावों को निलंबित करने की अनुमति देते हैं, ताकि ध्यान संघर्ष पर केंद्रित किया जा सके।

अमेरिकी राष्ट्रपति ने यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की पर तीखा हमला बोलते हुए कहा था कि, अमेरिका ने यूक्रेन युद्ध में यूरोप से 200 अरब डॉलर ज्यादा खर्च किए हैं। अमेरिका को इससे कोई लाभ नहीं मिल रहा है। इस दौरान ट्रंप ने जेलेंस्की पर अमेरिका को युद्ध में फंसाने का आरोप लगाया और कहा कि यह युद्ध जीता नहीं जा सकता था। उन्होंने जेलेंस्की को बिना चुनावों वाला तानाशाह कहा और दावा किया कि यूक्रेन को अमेरिका के बिना शांति समझौता करने में दिक्कत होगी।

ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर लिखा, एक साधारण कॉमेडियन, वोलोदिमीर जेलेंस्की, ने अमेरिका को 350 अरब डॉलर खर्च करने के लिए मना लिया। वह एक ऐसे युद्ध में पैसे लगवा रहे हैं, जो जीता नहीं जा सकता और जिसे शुरू करने की जरूरत ही नहीं थी। अमेरिका ने यूरोप से 200 अरब डॉलर ज्यादा खर्च किए, लेकिन अमेरिका को कुछ भी वापस नहीं मिलेगा। ट्रंप ने सवाल उठाया कि राष्ट्रपति जो बाइडन ने यूरोप से बराबर मदद क्यों नहीं मांगी, क्योंकि यह युद्ध अमेरिका से ज्यादा यूरोप के लिए महत्वपूर्ण है।

## सामाजिक न्याय क्या है; इसे वास्तविकता बनाने में संयुक्त राष्ट्र किस तरह कर रहा है मदद?



**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र के मुताबिक, सामाजिक न्याय की परिभाषा है- राष्ट्रों के भीतर और उनके बीच शांतिपूर्ण एवं समृद्ध सह-अस्तित्व का एक मूलभूत सिद्धांत। इसके मायने ये हैं कि एक ऐसा विश्व जहां समाज, समानता और एकजुटता के सिद्धांतों पर आधारित हों, मानवाधिकारों को समझा जाए व महत्व दिया जाए और प्रत्येक व्यक्ति की गरिमा को मान्यता दी जाए। हाल के वर्षों में सामाजिक न्याय, सार्वजनिक बहस का एक अहम मुद्दा बन चुका है। इसे अक्सर समानता, मानवाधिकार और सामाजिक सुधारों की चर्चाओं में उठाया जाता है, लेकिन वास्तव में सामाजिक न्याय का अर्थ क्या है, और यह मुद्दा इतना महत्वपूर्ण क्यों है? संयुक्त राष्ट्र इस सिद्धांत को स्थापित करने के लिए कई तरीकों से काम करता है। इसमें अर्थिक असमानता घटाना, शिक्षा व स्वास्थ्य सुविधाओं तक पहुंच सुनिश्चित करना तथा मानवाधिकारों की रक्षा करना शामिल है। इसका उद्देश्य एक ऐसे विश्व का निर्माण करना है, जहां सर्वजन को आगे बढ़ने के समान अवसर मिलें। सामाजिक न्याय सभी के लिए है, इसलिए संयुक्त राष्ट्र हाशिए पर रहने वाले विशिष्ट समुदायों शरणार्थियों, आदिवासियों और विकलांग व्यक्तियों और कमजोर समुदायों की आवश्यकताओं पर विशेष ध्यान देता है।

## जेलेंस्की से बहुत निराश हैं राष्ट्रपति ट्रंप

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार माइक वाल्ट्ज ने अमेरिका के वित्तीय मदद पर बढ़ते दवाब चिंता जताई है। इस दौरान उन्होंने ये भी बताया कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की से बहुत ही निराश हैं।

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की से काफी नाराज हैं। अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) माइक वॉल्ट्ज ने कहा कि राष्ट्रपति ट्रंप यूक्रेन युद्ध को जल्द खत्म करना चाहते हैं, लेकिन जेलेंस्की शांति वार्ता के लिए तैयार नहीं हो रहे हैं। माइक वॉल्ट्ज ने मीडिया से बात करते हुए कहा, राष्ट्रपति ट्रंप जेलेंस्की से इस बात को लेकर नाराज हैं कि उन्होंने अब तक शांति वार्ता का मौका नहीं लिया है।

एनएसए माइक वॉल्ट्ज ने यह भी कहा कि अमेरिका को यूक्रेन युद्ध में अरबों डॉलर खर्च करने पड़ रहे हैं, जबकि यूरोप इस युद्ध में कम



योगदान दे रहा है। उन्होंने कहा, हमने साफ कर दिया है कि अमेरिका और उसके करदाताओं पर यूक्रेन युद्ध का बोझ डालना सही नहीं है। यूरोप को अपनी रक्षा के लिए आगे आना होगा। अमेरिका की घरेलू जरूरतें भी हैं और राष्ट्रपति ट्रंप इसे साफ कर चुके हैं।

अमेरिकी एनएसए ने यह भी बताया कि राष्ट्रपति ट्रंप की मौजूदगी में रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और जेलेंस्की दोनों ने माना था कि केवल ट्रंप ही इस युद्ध को खत्म करने में मदद कर सकते हैं। इससे पहले डोनाल्ड ट्रंप ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर जेलेंस्की को निशाने पर लिया। उन्होंने लिखा, एक मामूली कॉमेडियन जेलेंस्की ने अमेरिका से 350 अरब डॉलर ले लिए। यह युद्ध कभी शुरू ही नहीं होना चाहिए था और यह कभी जीता नहीं जा सकता।

ट्रंप ने यह भी आरोप लगाया कि अमेरिका ने यूरोप से 200 अरब डॉलर ज्यादा खर्च किए हैं और उसे कुछ भी वापस नहीं मिल रहा है। उन्होंने ज़ेलेंस्की पर चुनाव न कराने और यूक्रेन में भ्रष्टाचार के आरोप भी लगाए। ट्रंप ने कहा- जेलेंस्की कह रहे हैं कि अमेरिका से मिले पैसे का आधा हिस्सा गायब हो गया है। वह चुनाव नहीं करा रहे हैं और यूक्रेन की जनता में उनकी लोकप्रियता कम हो गई है।

# 20 वर्ष में भी हम वन ट्रिलियन इकॉनमी तक नहीं पहुंच सकते : डॉ. रागिनी

- प्रतिवर्ष गरीबी रेखा के नीचे जा रही है 6 करोड़ की आबादी
- मिडिल क्लास सेविंग जीएसडीपी का 50 से 5.1 प्रतिशत पर आ गई
- आर्थिक असमानता में विश्वगुरु बन चुका है हमारा देश

अवधनामा संवाददाता

**जौनपुर।** उत्तर प्रदेश विधानसभा में सपा की मछलीशहर की विधायक डॉ. रागिनी सोनकर ने बजट सत्र में सरकार द्वारा पेश किए गए बजट की बारिकियों की बखिया उधेड़ दी। ऐसे- ऐसे सवाल आंकड़ों के साथ दागे जिसकी कल्पना सरकार और वित्त मंत्री को नहीं थी। अभी तक चिकित्सा, ऊर्जा, जल संसाधन और खेल विभाग उनके रडार पर था। आज उन्होंने बजट की कमियों को पकड़कर सरकार के होश उड़ा दिए। विधायक डॉ. रागिनी सोनकर ने कहा



**प्रदेश की 6 करोड़ की आबादी प्रतिवर्ष गरीबी रेखा के नीचे** चली जा रही है। मेरा प्रश्न जो था वो अर्थव्यवस्था से लेकर के था कि वन ट्रिलियन इकॉनमी प्रदेश कब तक पहुंचा दे और साथ ही साथ मेरा प्रश्न था कि वो कौन कौन से विभाग है जो सबसे ज्यादा और सबसे कम योगदान कर रहे हैं और उनको किस तरीके से उनके कॉन्ट्रीब्यूशन को बढ़ाया जाएगा। आज स्थिति यह है कि आने वाले 20 से पचीस सालों में भी हम वन् ट्रिलियन इकॉनमी तक नहीं पहुंच सकते हैं। हमे ट्वेंटी परसेंट ग्रोथ रेट की आवश्यकता है और यहाँ हमारा ग्रोथ रेट 10 पर्सेंट तक पहुंच पाया है। मेरा आपसे प्रश्न ये है कि गरीबी रेखा के नीचे जा रहे लोग को ऊपर उठाने के लिए सरकार की कोई नीति आने वाली है? मैं आपसे दूसरा यह सवाल करना चाहूंगी कि एग्रीकल्चर डिपार्टमेंट को 4 गुना काम करना पड़ेगा, हमारे इंडस्ट्री डिपार्टमेंट को साढे 3 गुना काम करना पड़ेगा और एम्प्लॉयमेंट रेड को 4 गुना काम करना पड़ेगा। जब आप 2017 से 2025 तक उस ग्रोथ रेट को नहीं कवर कर पाए हैं तो आगे आने वाले समय में आप वन ट्रिलियन इकॉनमी कैसे बनाएंगे।

कि उत्तर प्रदेश की सरकार वन ट्रिलियन इकॉनमी का दावा कर रही है, यह सरकार, वहीं वे अपने हर वादे में डबल इंजन की तरह फेल भी होती जा रही है। सरकार देश को विश्वगुरु बनाने की बात कर रही हैं, लेकिन आज आर्थिक असमानता में देश विश्वगुरु बन चुका है। आज अमीर और अमीर होता। चला जा रहा है गरीब और गरीब। ये मैं नहीं स्वयं सरकार के आंकड़े बताते हैं कि आज पूरे देश में 60 करोड़ लोग हैं जो कि सरकारी राशन पर आश्रित हैं। प्रति वर्ष 6 करोड़ लोग ऐसे हैं जो आपकी गरीबी रेखा से नीचे चलते चले जा रहे हैं। आरबीआई का आंकड़ा ये बता रहा है। कि आज से 2010, 2011 में जो मिडिल क्लास की आमदनी थी। सेविंग थी, वो जीएसडीपी का 50 प्रतिशत हुआ करती थी और इस समय में 5.1 प्रतिशत पर आ गई है। आज गरीब और मिडल क्लास की पाकेट में कोई पैसा नहीं है । अगर मैं बात करूं महिलाओं की तो नियमित वेतनभोगी महिलाएं 22 प्रतिशत थी, वह गिर कर 16 प्रतिशत पर आ चुकी हैं।

## उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड ने आउटलेट खोला

**आजमगढ़।** उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड ने उत्तर प्रदेश के आजमगढ़ के कप्तानगंज में अपने नए बैंकिंग आउटलेट के उद्घाटन की घोषणा की। इस लॉन्च के साथ, बैंक ने उत्तर प्रदेश में 220 बैंकिंग आउटलेट और देश भर में 1057 आउटलेट खोल दिए हैं। कप्तानगंज के निवासियों को बचत खाते, चालू खाते, सावधि जमा और आवर्ती जमा सहित बैंकिंग उत्पादों के व्यापक सूट से लाभ होगा। बैंक विभिन्न ऋण उत्पाद भी प्रदान करता है, जैसे आवास ऋण, व्यवसाय ऋण, संपत्ति के खिलाफ ऋण, ऋण, बीमा और निवेश उत्पाद। बैंक का बुनियादी ढांचा, डिजिटल बैंकिंग क्षमताएं और एटीएम नेटवर्क एक सहज बैंकिंग अनुभव सुनिश्चित करते हैं। विस्तार पर टिप्पणी करते हुए, उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड के एमडी और सीईओ, श्री गोविंद सिंह ने कहा, कप्तानगंज में हमारे नए बैंकिंग आउटलेट का शुभारंभ उत्तर प्रदेश में वित्तीय समावेशन को आगे बढ़ाने के लिए हमारी प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है। अपनी समृद्ध कृषि विरासत और तमसा नदी से निकटता के लिए जाना जाने वाला कप्तानगंज में विकास की महत्वपूर्ण संभावनाएं हैं।

# समय प्रबंधन सफलता की पहली सीढ़ी : डॉ. रसिकेश

अवधनामा संवाददाता

- समय प्रबंधन और जॉब इंटरव्यू विषय पर हुआ व्याख्यान

**जौनपुर।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के केंद्रीय प्रशिक्षण एवं प्लेसमेंट प्रकोष्ठ द्वारा एक शुक्रवार को एक विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। इसका विषय समय प्रबंधन और जॉब इंटरव्यू पर केंद्रित थी, जिसमें प्रबंधन संकाय के वरिष्ठ शिक्षक डॉ. रसिकेश ने छात्रों का मार्गदर्शन किया। यह आयोजन केंद्रीय प्रशिक्षण एवं प्लेसमेंट प्रकोष्ठ / इनक्यूबेशन सेंटर में संपन्न हुआ। डॉ. रसिकेश ने समय प्रबंधन की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सफलता प्राप्त करने के लिए समय का सही उपयोग करना अत्यंत आवश्यक है। डॉ. रसिकेश ने कहा कि जो समय का सद्उपयोग नहीं करेगा वह असफलता को प्राप्त करेगा। उन्होंने छात्रों को अपने दैनिक कार्यों को प्राथमिकता देने और उचित योजना बनाकर कार्य करने की सलाह दी। इसके साथ ही, उन्होंने जॉब इंटरव्यू की तैयारी के विभिन्न पहलुओं पर भी चर्चा की। उन्होंने बताया कि एक सफल इंटरव्यू के लिए आत्मविश्वास, संचार कौशल और उचित बॉडी लैंग्वेज का होना अनिवार्य है। छात्रों को प्रभावी रिज्यूम निर्माण, साक्षात्कार के दौरान पूछे जाने वाले संभावित प्रश्नों तथा उत्तर देने की सही तकनीक के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। इस विशेष व्याख्यान में बड़ी संख्या में विश्वविद्यालय के छात्रों ने भाग लिया और अपने संदेहों को स्पष्ट किया। छात्रों ने इस सत्र को अत्यंत ज्ञानवर्धक और उपयोगी बताया। कार्यक्रम के समापन पर केंद्रीय प्रशिक्षण एवं प्लेसमेंट प्रकोष्ठ के निदेशक प्रो. अविनाश डी. पाथर्डिकर ने सभी छात्रों, आयोजकों और विशेष रूप से डॉ. रसिकेश को उनके बहुमूल्य योगदान के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने छात्रों को इस प्रकार के सत्रों का अधिकतम लाभ उठाने की सलाह दी और भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रमों के आयोजन का आश्वासन दिया। कार्यक्रम श्याम त्रिपाठी , आदित्य पांडे, दिव्यांशु संजय, रुद्रांश चतुर्वेदी, श्रेया मिश्रा, शिवांश श्रीवास्तव, हरी ओम साहू, आर्यन पाण्डेय, आयुष गुप्ता समेत कई छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## निरंकारी मिशन के 'प्रोजेक्ट अमृत' का तृतीय चरण

**बांदा।** रविवार को बांदा में प्रोजेक्ट अमृत कार्यक्रम के तहत स्वच्छ जल, स्वच्छ मन परियोजना को साकार रूप देने के लिए केन नदी आरती घाट को स्वच्छ करने का कार्य प्रातः 7 बजे से 10 बजे तक संत निरंकारी मिशन के सेवादारों व श्रद्धालुओं द्वारा क्षेत्रीय संचालक डॉ सुरेश सिंह जी के मार्ग दर्शन में किया जाएगा। इसके अलावा अमृत परियोजना का क्रियान्वयन बांदा जोन के सभी शाखाओ में किया जाएगा। यह जानकारी बांदा जोन के जोनल इंचार्ज डॉ दर्शन सिंह जी द्वारा दी गई।

इसी क्रम में संत निरंकारी मिशन की सेवा भावना और मानव कल्याण के संकल्प को साकार करने हेतु 'प्रोजेक्ट अमृत' के अंतर्गत 'स्वच्छ जल, स्वच्छ मन' परियोजना के तृतीय चरण का भव्य शुभारंभ रविवार, 23 फरवरी 2025 को परम श्रद्धेय सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज एवं सत्कार योग्य निरंकारी राजपिता रमित जी के पावन सान्निध्य में यमुना नदी के छठ घाट, आई.टी.ओ., दिल्ली पर किया जाएगा। इस परियोजना का उद्देश्य जल संरक्षण एवं स्वच्छता के प्रति जागरूक करना है, ताकि भावी पीढ़ियों को निर्मल जल और स्वस्थ पर्यावरण का वरदान प्राप्त हो सके।

# डीएम ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सतहरिया का किया औचक निरीक्षण

अवधनामा संवाददाता

**जौनपुर।** जिलाधिकारी डॉ0 दिनेश चंद्र के द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सतहरिया का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने उपस्थिति पंजिका, ओपीडी रजिस्टर, और दवाओं के स्टाक रजिस्टर को देखा। दंत चिकित्सक डॉ. सर्वजीत अनुपस्थित पाए गए, जिस पर नाराजगी व्यक्त करते हुए उनका स्पष्टीकरण लेने के निर्देश दिए गए। ओपीडी कक्ष के निरीक्षण के दौरान पाया गया कि डॉ. अनुपम के द्वारा ओपीडी देखी जा रही थी, डॉ0 अनुपम ने जिलाधिकारी को अवगत कराया कि उनके द्वारा कुल 84 मरीज अब तक देखे जा चुके हैं। जिलाधिकारी ने उनसे पूछा कि वर्तमान समय में किस तरह के मरीज अधिक संख्या में आ रहे है ,जिस पर डॉ अनुपम ने बताया कि इस समय बुखार, कफ और फंगल इन्फेक्शन के मरीज अधिक की संख्या में आ रहे है। जिलाधिकारी के द्वारा दवाओं की उपलब्धता के संबंध में जानकारी



प्राप्त की गई, स्वास्थ्य केंद्र पर पर्याप्त दवाएं उपलब्ध मिली। उन्होंने एक्स-रे कराने आई मरीज दिव्या और डिलीवरी के लिए आई पूनम से सीएचसी में इलाज के संबंध में जानकारी ली। जिलाधिकारी ने लेबर वार्ड में स्टाफ नर्स आकांक्षा से पूछा कि इस महीने कितनी डिलीवरी हुई है जिस पर उन्होंने बताया कि कल 24 डिलीवरी स्वास्थ्य केंद्र पर कराई गई है। जिलाधिकारी ने सभी को निर्देश दिया कि समय से स्वास्थ्य केन्द्र पर उपस्थित होकर मरीजों का अच्छे से ईलाज किया जाए।आशा कार्यकर्ताओं से वार्ता करते हुए उनके कार्यो के संबंध में जानकारी प्राप्त की और मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित किया कि आशा कार्यकर्ताओं को बैठने के लिए कुर्सियों की व्यवस्था करें। उन्होंने निर्देश दिए सभी लोग ईमानदारी से कार्य करते हुए सौपे गये दायित्वों का शत प्रतिशत निर्वहन करें। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि मरीजों के बेडशीट समय से बदल दिये जाये और स्वास्थ्य केन्द्र पर सफाई होती रहे। इस अवसर पर फार्मासिस्ट बृजेश, स्टाफ नर्स सीमा एक्स रे टेक्निशियन सविता, वार्ड बाय विनय और अनिल लैब टेक्नीशियन विकास सहित अन्य उपस्थित रहे।

## क्लाइमेट चेंज के सम्बन्ध में कार्यशाला सम्पन्न

**बांदा।** जिलाधिकारी कार्यालय के महर्षि वामदेव सभागार में यूनीसेफ द्वारा प्रेषित अधिकारियों द्वारा, अपर जिलाधिकारी ( वि0/ रा0 ) की मौजूदगी में आपदा प्रबंधन( क्लाइमेट चेंज ) के सम्बन्ध में कार्यशाला सम्पन्न हुई। जिसमें जनपद के विविध विभागों के अधिकारियों द्वारा कार्यशाला में प्रतिभाग किया। आज की मीटिंग में मुख्य चिकित्साधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला बेसिक शिक्षा विभाग के कर्मचारी, अधिशाषी अभियंता जल संसाधन, जल निगम, अधिशाषी अधिकारी केन प्रखण्ड, अधिशाषी अधिकारी सिंचाई प्रखण्ड तृतीय, जनपद की समस्त सी पी डी पी ओ, एवं खण्ड शिक्षा अधिकारियों ने शिरकत किया।

आज की कार्यशाला में डा0 चन्द्र पाल एम ओ मेडिसिन, विमल कुमार वर्मा वी पी जे एन एल आर, किशन कुमार मिश्रा खण्ड शिक्षाधिकारी बिसंडा, प्रवीण कुमार सहायक बेसिक शिक्षा अधिकारी नगर क्षेत्र , राजेश कुमार सहायक बेसिक शिक्षा अधिकारी कमसिन, संतोष कुमार वर्मा सहायक बेसिक शिक्षा अधिकारी बबेरू, प्रियांशी सी पी डी पी ओ बिसंडा, राय साहब यादव सी पी डी पी ओ बबेरू आदि मौजूद रहे।

# राजेश कुमार यादव अध्यक्ष व वीरेंद्र सिंह बने मंत्री

अवधनामा संवाददाता

**जौनपुर।** कंपोजिट विद्यालय मीरापुर विकासखंड खुटहन के प्रधानाध्यापक संजय सिंह,व चैन बहादुर यादव कंपोजिट जमीन बस्ती को यूटा खुटहन जौनपुर का संरक्षक नियुक्त किया गया। और प्रधानाध्यापक संजय सिंह के प्रति विशेष आभार आप द्वारा यूटा का चुनाव संपादित कराया गया।राजेश कुमार यादवअध्यक्ष व वीरेंद्र सिंह बने मंत्री।यूनाइटेड टीचर्स एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष संजय सिंह के नेतृत्व में चुनाव अधिकारी चंद्रेश यादव, कोषाध्यक्ष डॉआशीष कुमार सिंह, व अध्यक्ष शाहगंज इकाई प्रमोद शुक्लाकी मौजूदगी व देख रेख में खुटहन इकाई का चुनाव कंपोजिटविद्यालय मीरापुर में बृहस्पतिवार को सपन्न हुआ। जिसमे राजेश कुमार यादव को अध्यक्ष निर्वाचित किया गया व वीरेंद्र सिंह मंत्री निर्वाचित हुए। इसी क्रम में राम सहाय यादव को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, अनिल कुमार गौतम को कोषाध्यक्ष, श्रीमती संतोषी मौर्य कोमहिला उपाध्यक्ष, अरुण कुमार पाठक संयुक्त मंत्री, मोहम्मद तारिक, श्रीकांत निषाद,




रमेश चंद्र, को संगठन मंत्री बनाया गया। संदीप कुमार यादव को प्रवक्ता जंग बहादुर यादव, सर्वजीत यादव, आनंद कुमार गौतम, राकेश कुमार यादव को उपाध्यक्ष पद शुभम मालवीय को ऑडिटर पद कीजिम्मेदारी सौंपी गयी है। जिला अध्यक्ष संजय सिंह ने अपने उद्बोधन में कहा शिक्षक समाज का प्रहरी होता है हम शिक्षकों के प्रति बहुत बड़ी जिम्मेदारी है कि अपने विद्यालय में आने वाले सभी बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करना सही दिशा में ले जाना उनके भविष्य की नीव तैयार करना। हम बच्चों को शिक्षा ही नहीं प्रदान करते बल्कि समाज और राष्ट्र के निर्माता भी है समाज को सही दिशा में ले जाएं और उसे सुधारने में अपना सहयोग प्रदान करें। यूटा का मुख्य उद्देश्य है।हम सभी शिक्षकों के हितों की रक्षा करें। और उनकी समस्याओं का समाधान करें। और उन्हें सही दिशा में ले जाएं मैं आप सभी से आग्रह करता हूं कि आप सभी यूटा से जुड़कर हमारे सहयोग से हम शिक्षकों की हितों की रक्षा करें। जिला मंत्री लक्ष्मी नारायण तिवारी ने कहा यूटा एक ऐसा संगठन है जिसमें सबको समाहित करने की अद्भुत क्षमता है जिला कोषाध्यक्ष डॉ आशीष सिंह ने कहा भ्रष्टाचार को मिटाने के लिए हमें अपने नैतिक दायित्व के प्रति सजग रहने की आवश्यकता है तभी हम भ्रष्टाचार को पूरी तरह से समाप्त कर सकते हैं। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ उपाध्यक्ष चंद्रेश यादव ने किया। इस मौके पर जिला मंत्री लक्ष्मी नारायण तिवारी वरिष्ठ उपाध्यक्ष चंद्रेश यादव कोषाध्यक्ष डॉ आशीष सिंह, संजीव कुमार मिश्रा, आनंद पाठक, राधे मोहन तिवारी, राममिलन यादव, संगठन मंत्री यशवंत सिंह, मनोज सिंह, दिनेश सिंह,अध्यक्ष आनंद सिंह, अध्यक्ष प्रमोद शुक्ला, अध्यक्ष कृष्ण पांडे, अध्यक्ष विनोद कुमार सिंह अध्यक्ष प्रदीप कुमार सिंह अध्यक्ष संतलाल अध्यक्ष जितेंद्र मिश्रा अध्यक्ष सरोज सिंह अध्यक्ष अजय मिश्रा प्रवक्ता सत्य प्रकाश मिश्रा, संयुक्त महामंत्री प्रदीप कुमार सिंह उपाध्यक्ष राय साहब सिंह, डॉ विपिन मिश्रा, राजकुमार सिंह, निशा मिश्रा, संगठन मंत्री रजनीश सिंह, प्रभाकर उपाध्याय, संजय सिंह शैलेंद्र सिंह,लेखाकार विजय बहादुर यादव समेत समस्त शिक्षक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# किसी भी स्थिति में निजीकरण स्वीकार्य नहीं है: प्रभु नारायण

अवधनामा संवाददाता

**आजमगढ़।** विकसित भारत के लिये निजीकरण नहीं, सार्वजनिक क्षेत्र में बिजली प्राथमिक आवश्यकता ऊर्जा मंत्री के निजीकरण के वक्तव्य से बिजली कर्मियों में भारी आक्रोश उत्तर प्रदेश के ऊर्जा मंत्री मा श्री अरविंद कुमार शर्मा द्वारा आज विधानसभा में बिजली के निजीकरण के पक्ष में दिए गए वक्तव्य से बिजली कर्मियों में भारी आक्रोश व्याप्त हो गया है।

संघर्ष समिति ने कहा है कि विकसित भारत के लिए बिजली का निजीकरण नहीं अपितु सार्वजनिक क्षेत्र में बिजली उद्योग को रखा जाना प्राथमिक आवश्यकता है, क्योंकि निजी क्षेत्र के लिए बिजली एक व्यापार है और सार्वजनिक क्षेत्र के लिए बिजली एक सेवा है। आगरा में टोरेंट पॉवर कंपनी का प्रयोग इसका प्रत्यक्ष प्रमाण है। संघर्ष समिति के पदाधिकारियों ने कहा कि ऊर्जा मंत्री ने विधानसभा में स्वयं स्वीकार किया




है कि निजी घरानों के साथ बहुत महंगी दरों पर बिजली खरीद के करार उप्र में बिजली की दुर्दशा का बहुत बड़ा कारण है। उन्होंने कहा कि बहुत महंगी दरों पर निजी घरानों से बिजली खरीदने के कारण पॉवर कारपोरेशन को लगातार घाटा उठाना पड़ रहा है। इसका उत्तरदायित्व सरकार और प्रबंधन का है, कर्मचारियों का नहीं। उन्होंने कहा कि निजीकरण के बाद भी 25-25 वर्ष के लिए किए गये लॉन्ग टर्म बिजली खरीद करारों में कोई बदलाव नहीं किया जा सकता। स्वाभाविक है कि निजी कम्पनी महंगे बिजली खरीद करारों की भरपाई के लिए बिजली की दरें बढ़ाएगा। निजी क्षेत्र महंगी दरों पर बिजली खरीद कर सस्ते दाम पर उपभोक्ताओं को कभी नहीं देगा। आगरा इसका उदाहरण है।

## बृजेश राय अध्यक्ष विजय सिंह बने जिला मंत्री

**आजमगढ़।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ शर्मा गुट आजमगढ़ का जिला कार्यकारिणी का वार्षिक निर्वाचन प्रतिभा निकेतन स्कूल में उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ जनपद मऊ के जिला अध्यक्ष एवं निर्वाचन अधिकारी जय नारायण द्विवेदी की देखरेख में संपन्न हुआ। निर्वाचन अधिकारी जय नारायण द्विवेदी ने बताया कि जिला अध्यक्ष पद पर जनता इंटर कॉलेज ठेकमा बिजौली के प्रवक्ता बृजेश राय एवं जिला मंत्री पद पर जनता इंटर कॉलेज निजामाबाद के प्रवक्ता विजय कुमार सिंह तथा कोषाध्यक्ष पद पर जनता इंटर कॉलेज अंबारी के प्रवक्ता परशुराम यादव तथा आय-व्यय निरीक्षक पद पर हनुमान नगर बैजाबारी के अध्यापक संतोष कुमार का निर्विरोध निर्वाचन किया गया। निर्वाचन अधिकारी ने आगे बताया कि उपाध्यक्ष पद पर विनय कुमार शुक्ला, सर्वेश्वर पांडे, आफाक अहमद, राजेश भारती कमलेश राय, सुनील यादव एवं प्रेमशिला राय तथा संयुक्त मंत्री पद पर सुनील यादव, अमरनाथ यादव, संतोष गुप्ता, रमेश कुमार, संतोष दुबे एवं अनामिका राय का निर्विरोध निर्वाचन

# जनता दल यूनाइटेड ने दिया ज्ञापन

अवधनामा संवाददाता

**बांदा।** जनता दल यूनाइटेड के पदाधिकारियों ने जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचे और जिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार को संबोधित ज्ञापन भेजा, और बताया कि हमीरपुर जिले में पत्रकारों पर हो रहे लगातार हमलों की घटनाएं अत्यंत चिंताजनक हैं। हाल ही में बिंवार थाना क्षेत्र के उमरी गांव में पत्रकार के अपहरण व उसके साथ की गई निर्मम मारपीट की घटना ने प्रदेश में कानून व्यवस्था की स्थिति पर गंभीर प्रश्नचिह्न खड़ा कर दिया है। मामले के अनुसार, ग्राम प्रधान कपिल वर्मा ने अपने गुर्गो के साथ मिलकर संबंधित पत्रकार का अपहरण कर उसे गौशाला में बंधक बनाया और बेल्ट व डंडों से बेरहमी से पीटा। इस जघन्य अपराध के बावजूद पुलिस द्वारा न तो पीड़ित का मेडिकल कराया गया और न ही एफआईआर दर्ज की गई। यह स्थिति न्याय व्यवस्था की निष्क्रियता को दर्शाती है। यह कोई अकेली घटना नहीं हैय बीते एक वर्ष में हमीरपुर जिले में यह दूसरी बड़ी



घटना है, और संपूर्ण बुंदेलखंड क्षेत्र में पत्रकारों के ऊपर जानलेवा हमले और झूठे मुकदमों का दर्ज होना एक आम प्रवृत्ति बनती जा रही है। ऐसे में यह आवश्यक है कि सरकार इस गंभीर विषय पर संज्ञान ले और दोषियों के खिलाफ कठोरतम कार्रवाई सुनिश्चित करे। ग्राम प्रधान कपिल वर्मा और उसके सहयोगियों पर तत्काल प्रभाव से कड़ी कानूनी कार्यवाही की जाए। पीड़ित पत्रकार का शीघ्रता से मेडिकल परीक्षण कराया जाए और निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर सख्त धाराओं में एफआईआर दर्ज की जाए। हमीरपुर जिले सहित संपूर्ण बुंदेलखंड में पत्रकारों की सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु विशेष कार्ययोजना बनाई जाए। यदि इस मामले में शीघ्र आवश्यक कार्रवाई नहीं की गई तो हम मजबूर होकर आयुक्त महोदय कार्यालय, बांदा एवं पुलिस उप महानिरीक्षक कार्यालय में उग्र धरना-प्रदर्शन करने के लिए बाध्य होंगे। शालिनी सिंह पटेल प्रदेश अध्यक्ष जनता दल यूनाइटेड महिला प्रकोष्ठ यूपी, दिव्यांग प्रकोष्ठ जदयू जिला अध्यक्ष बांदा श्रीराम प्रजापति, जिला महासचिव दिव्यांग प्रकोष्ठ जदयू बांदा बिहारी लाल, पूनम देवी तहसील अध्यक्ष दिव्यांग प्रकोष्ठ जदयू बांदा, शमशेर सिंह, प्रमोद, भोला चुन्नीलाल, महेश मोहन निषाद ,सोनू वर्मा आदि लोग उपस्थित थे।

## आयुक्त चित्रकूट धाम ने किया जिला चिकित्सालय बांदा का आकस्मिक निरीक्षण

**बांदा।** आयुक्त चित्रकूट धाम मंडल बांदा अजीत कुमार द्वारा जिला चिकित्सालय बांदा का आकस्मिक निरीक्षण किया गया, निरीक्षण के दौरान मुख्य चिकित्सा अधीक्षक एवं डॉक्टर एस0डी0



त्रिपाठी एवं स्टाफ उपस्थित मिले, इस दौरान अस्पताल की सिटी स्कैन मशीन खराब पाई गई उसे तत्काल ठीक कराए जाने के साथ ही दवाइयों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित कराई जाए, अस्पताल में डॉक्टर्स एवं पैरामेडिकल स्टाफ का ड्यूटी चार्ट उपलब्ध रहे और इसके साथ ही आउटसोर्सिंग स्टाफ का मानदेय समय से दिया जाए द्य सभी वार्डों में साफ सफाई का विशेष ध्यान रखा जाए ऑक्सीजन प्लांट की मरम्मत शीघ्र कराई जाए निरीक्षण में वेंटीलेटर क्रियाशील पाए गए द्य निरीक्षण के दौरान एडिशनल कमिश्नर भगवान शरण एवं अन्य स्टॉप उपस्थित रहे।

## मदरसतुल मदीना का दीक्षांत समारोह संपन्न

**बांदा।** कल शहर के रॉयल मैरिज हाल के सामने मदरसतुल मदीना का पहला दीक्षांत समारोह /तकसीम इस्नाद इज्तेमा संपन्न हुआ, जिसमें 19 नाजरा व 02 हुफ्फाज को सनद वितरित की गई इस समारोह के मुख्य अतिथि प्रख्यात मौलाना हजरत सैयद खुस्तर रब्बानी थे। इस अवसर पर दावत इस्लामी इण्डिया के मुबल्लिग मो. वसीक ने इल्म और कुरान के बारे में अच्छी जानकारी दी। इनके अलावा मेराज अहमद ने भी बयान किया और मो. उवेश अत्तरी उन्नाव, शाहनवाज कालपी,महमूद बहराइच ने बेहतरीन नात पाक पढ़ीं। बयान के दौरान दीनी सवाल भी किए गए जिसने अंसार अहमद एडवोकेट ने तीनों सवालों के जवाब दिए जिनको इनाम भी दिया गया। इस मौके पर हाजी मुईन अहमद,मुख्य हज ट्रेनर अल्हाज गुलाम मुस्तफा, हाजी जाहिद अली, आजम एडवोकेट ,इजहार पुइयन, उमर अली, रहबर रब्बानी, इकराम व तमाम शहर के आम व खास लोगों ने शिरकत की।

## डीएम, एसपी ने बामदेवेश्वर मन्दिर परिसर में सुरक्षा व्यवस्था व तैयारियों का लिया जायजा

**बांदा।** आगामी 26 फरवरी को महाशिवरात्रि पर्व के दृष्टिगत आज दिनांक 21.02.2025 को जिलाधिकारी बांदा श्रीमती जे0 रीभा व पुलिस अधीक्षक बांदा श्री अंकुर अग्रवाल द्वारा थाना कोतवाली नगर क्षेत्रान्तर्गत स्थित बामदेवेश्वर मन्दिर का निरीक्षण किया गया। इस दौरान मन्दिर परिसर में साफ-सफाई, रोशनी, सीसीटीवी कैमरा आदि की व्यवस्थाओं के साथ-साथ सुरक्षा व्यवस्था के सम्बन्ध में जायजा लेकर सभी व्यवस्थाओं को समय से पूरा करने के साथ ही मन्दिर आने व जाने हेतु मार्ग निर्धारण करने के सम्बन्ध में भी निर्देशित किया गया जिससे कि श्रद्धालुओं के दर्शन करने एवं आवागमन में किसी भी प्रकार की असुविधा ना हो।

# विभागीय योजनाओं के क्रियान्वयन तेजी लायें

अवधनामा संवाददाता

**आजमगढ़।** मंडलायुक्त विवेक ने कहा कि सभी विभागीय अधिकारी शासन स्तर से वीसी में प्राप्त होने वाले निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि विभागीय योजनाओं के क्रियान्वयन में जो बेहतर स्थिति हो, उसका पालन करें। उन्होंने कहा कि यदि कहीं संशय/संदेह की स्थिति आए तो तत्काल दूसरे जनपद के अधिकारियों से परामर्श करें तथा उच्चाधिकारियों को अवगत कराते हुए आवश्यक कार्यवाही कराएं।

मंडलायुक्त विवेक ने उक्त निर्देश आज मंडलायुक्त सभागार आजमगढ़ में सीएम डैश बोर्ड पर प्राप्त मंडल के समस्त जनपदों की विभागीय ग्रेडिंग एवं रैंकिंग की समीक्षा के दौरान



समस्त विभागीय अधिकारियों को दिए। उन्होंने सीएम डैशबोर्ड पर ग्रेड ई, डी एवं सी ग्रेड आने वाले विभागों को तत्काल अपनी ग्रेडिंग एवं रैंकिंग में सुधार लाने के निर्देश दिए। उन्होंने जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी आजमगढ़ को पूर्वदशम छात्रवृत्ति में ग्रेड सी से ई होने पर तत्काल डाटा फीड कराते हुए रैंकिंग में सुधार लाने के निर्देश दिए।

मंडलायुक्त ने दैनिक विद्युत आपूर्ति ( शहरी ) में विभाग का ग्रेड ई आने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त किया। उन्होंने मुख्य अभियंता को कठोर चेतावनी देते हुए स्पष्टीकरण प्राप्त करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि दैनिक विद्युत आपूर्ति में तत्काल निर्धारित रोस्टर के अनुसार विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित किया जाए। कृषि विभाग के अंतर्गत फसल अवशेष प्रबंधन में ई ग्रेड प्राप्त होने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए उप निदेशक कृषि से स्पष्टीकरण प्राप्त करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा की फसल अवशेष प्रबंधन यंत्रो में प्राप्त आवेदनो में सब्सिडी देते हुए पोर्टल पर डाटा फीड कराएं, ताकि विभाग की रैंकिंग में सुधार हो सके। मंडलायुक्त ने ग्राम्य विकास विभाग को भवन निर्माण में लक्ष्य के अनुरूप कार्य करते हुए विभाग की ग्रेडिंग में सुधार लाने के निर्देश दिए। नमामि गंगे ( जल जीवन मिशन ग्रामीण ) की समीक्षा में विभाग के अधिकारी के अनुपस्थित होने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए वेतन रोकने तथा स्पष्टीकरण प्राप्त करने के निर्देश दिए। उन्होंने तीनों जिलों के मुख्य विकास अधिकारियों को रोड रेस्टोरेशन के कार्यो एवं गुणवत्ता की जांच कर शासन को रिपोर्ट प्रेषित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि रोड रेस्टोरेशन कार्य की गुणवत्ता की जांच टीपीआई से करायें। मंडलायुक्त ने पर्यटन विभाग का बलिया में सी ग्रेड आने पर कार्यदायी संस्था पर कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा की कार्यदायी संस्था की शिथिलता का शासन को अवगत कराने हेतु मंडलायुक्त की तरफ से प्रमुख सचिव पर्यटन को पत्र प्रेषित करने के निर्देश क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी को दिए। मंडलायुक्त ने प्राथमिक शिक्षा में मध्यान्ह भोजन एवं छात्रों की उपस्थिति में बलिया, मऊ, आजमगढ़ की ई ग्रेड आने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त किया। उन्होंने मुख्य विकास अधिकारी को मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रधानों, ब्लॉक, ग्राम पंचायतों के साथ बैठक करने के निर्देश दिये।

## अधिवक्ताओं ने राष्ट्रपति को संबोधित सौंपा ज्ञापन

**आजमगढ़।** केंद्र सरकार द्वारा अधिवक्ताओं के विरुद्ध ले गए कानून के विरुद्ध आज सेंट्रल बार एसोसिएशन आजमगढ़ मंडल के अधिवक्ताओं द्वारा राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन मंडल आयुक्त आजमगढ़ को, तथा केंद्रीय विधि मंत्री भारत सरकार को संबोधित



जिलाधिकारी आजमगढ़ को सौंपा गया। ज्ञापन के माध्यम से मांग की गई है कि सरकार द्वारा जो कानून लाया गया है वह मनमाना ,निरंकुश ,और तानाशाही रवैए को प्रदर्शित करता है,इस कानून के माध्यम से सरकार हम अधिवक्ताओं को गुलाम बनाना चाह रही है, अधिवक्ता वादकारी के बीच अविश्वास पैदा किया जा रहा है इससे अधिवक्ता स्वतंत्र हो कर अपना कार्य नहीं करेगा,अधिकारियों कर्मचारियों पर नियंत्रण न कर पाने वाली सरकार अधिवक्ताओं को नियंत्रित करना चाह रही है क्यो कि अधिवक्ता वर्ग ही हर अन्याय के विरुद्ध मुखर होकर अपनी आवाज उठाता है, यही सरकार को खल रहा है, हम अधिवक्ता इसे स्वीकार नहीं करेंगे, आज के कार्यक्रम का नेतृत्व अध्यक्ष जयप्रकाश राय व मंत्री शेषमणि तिवारी एडवोकेट ने किया इस अवसर पर सेंट्रल बार एसोसिएशन के सभी अधिवक्ता उपस्थित रहे।

## स्कोडा ऑटो इंडिया के पहले ब्रांड सुपरस्टार बने रणवीर सिंह




**लखनऊ।** स्कोडा ऑटो इंडिया ने हाल ही में अपनी पहली सब-4-मीटर एसयूवी काइलैक पेश करने के फौरन बाद, अब एक और उपलब्धि हासिल की है। कंपनी ने पावरहाउस रणवीर सिंह को अपना पहला 'ब्रैंड सुपरस्टार' घोषित किया है। यह भागीदारी अपने साथ स्को डा के अंदाज़ वाले और लोगों पर आधारित कैम्पेटन लेकर आ रही है, जिनमें रणवीर सिंह स्कोडा ऑटो इंडिया के प्रशंसकों तथा ग्राहकों को आकर्षित करेंगे। स्कोडा ऑटो इंडिया के ब्रैंड डायरेक्टरर पेट्र जैनेबा ने इस भागीदारी के बारे में कहा, ''काइलैक के समय मैंने वादा किया था कि 'पिक्चर अभी बाकी है'। हम भारत में अपने 25 वर्षों का उत्सैव मना रहे हैं और इसके एक नये युग की शुरुआत करने के लिये प्रतिबद्ध हैं। इसमें सिर्फ विश्व5-स्तंरीय उत्पादों को लॉन्च नहीं किया जाएगा, बल्कि व्यवसाय के हर पहलू को नयापन दिया जाएगा, जैसे कि अपने ग्राहकों और प्रशंसकों से जुड़ने का हमारा तरीका। यह पूरी दुनिया में होता है और भारत में तो कारें और फिल्में लोगों को बहुत भावुक कर देती हैं और उन्होंने जोड़ने का काम करती हैं। और इसलिये भारत में अपने इतिहास में पहली बार हमें रणवीर सिंह को स्को?डा ऑटो इंडिया का पहला 'ब्रैंड सुपरस्टार' बनाने पर बड़ा गर्व हो रहा है। रणवीर पर्दे पर और पर्दे के पीछे भी प्रतिभा एवं उत्साहि का भंडार हैं। उनका व्यािक्तित्व बड़ी मजबूती से हमारी लगन और स्वाभाव दिखाता है। यह घोषणा ऐसे वक्त में हो रही है, जब हम दुनिया में अपनी उत्कृष्टता के 130 वर्षों का उत्सव मना रहे हैं। यह भागीदारी हमारे उत्पादों, नेटवर्क तथा ग्राहकों के लिये और भी कई सौगातें लेकर आएगी। हम यूरोप के बाहर स्कोडा के लिये सबसे महत्वपूर्ण बाजार के तौर पर अपनी स्थिति को मजबूत करना चाहते हैं। स्कोडा ऑटो इंडिया के पहले ब्रैंड सुपरस्टासर रणवीर सिंह ने कहा, ''मैं स्कोडा ऑटो इंडिया का पहला ब्रैंड सुपरस्टाइर बनकर उत्सारहित हूँ। यह गठजोड़ उत्कृष्टता के लिये हमारी साझा प्रतिबद्धता दिखाता है। मैं भारत में स्कोडा ऑटो इंडिया की तरक्की् में योगदान देने की उम्मीटद करता हूं। स्कोडा ऑटो के पास बहुत अलग-अलग तरह के एवं रोमांचक प्रोडक्ट्स् हैं। यह उत्पाद भारत के बढ़ते बाजार में ऑटोमोटिव के शौकीनों और बड़ी संख्या में ग्राहकों के काम आते हैं। ब्रैंड अपनी मजबूत विरासत और लोकप्रिय गाड़ियों के साथ ऑटोमोटिव उद्योग में लगातार नए मानक स्थाआपित कर रहा है।

## सैमसंग इनोवेशन कैम्पस का उद्घाटन

**बेंगलुरु।** सैमसंग आरएण्डडी इंस्टिट्यूट इंडिया, बैंगलोर (एसआरआई-बी) ने सैमसंग के प्रमुख वैश्विक नागरिकता कार्यक्रम सैमसंग इनावेशन कैम्पस (एसआईसी) का उद्घाटन किया है। यह उद्घाटन कर्नाटक के पहले ऑल-वूमन्स इंजीनियरिंग कॉलेज, गीता शिशु शिक्षण संघ (जीएसएसएस) इंस्टिट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एण्ड टेक्नोलॉजी फॉर वूमन, मैसूर में हुआ है। यह पहल स्टेम में जेंडर इक्वैलिटी को बढ़ावा देने और टेक्नोलॉजी में महिला लीडर्स की नई पीढ़ी तैयार करने के लिये सैमसंग की अटूट प्रतिबद्धता दिखाती है।

एसआईसी प्रोग्राम सितंबर 2022 में लॉन्च हुआ था और इसमें एक विस्तृत पाठ्यक्रम होता है, जो प्रमुख टेक्नोलॉजी कौशल पर फोकस करता है। इनमें आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस/ मशीन लर्निंग, बिग डाटा और कोडिंग एवं प्रोग्रामिंग शामिल हैं। यह विशेष तौर पर सैमसंग के वैश्विक शोध एवं विकास विशेषज्ञों द्वारा डिजाइन किये जाते हैं, ताकि भारत के युवाओं को उद्योग के लिये तैयार किया जा सके। इस पहल में नामित होने वाले विद्यार्थियों को कक्षा के भीतर विशेषज्ञ ऑफलाइन एवं ऑनलाइन प्रशिक्षण लेने का मौका मिलेगा। वे एसआरआई-बी और जीएसएसएस इंस्टिट्यूट के मेंटर्स के मार्गदर्शन में अभिनव परियोजनाओं पर काम करेंगे।

एसआरआई-बी के कॉर्पोरेट वाइस प्रेसिडेंट और मैनेजिंग डायरेक्टर मोहन राव गोली ने कहा, ''सैमसंग में हमारा मानना है कि सभी को समान अवसर मिलने से नए विचारों को बढ़ावा मिलता है। कर्नाटक के पहले महिला इंजीनियरिंग कॉलेज में सैमसंग इनोवेशन कैंपस (एसआईसी) का उद्घाटन करते हुए हमें बहुत खुशी हो रही है। इस जगह पर, प्रतिभाशाली विद्यार्थी खोज और प्रयोग करते हुए, टेक्नोलॉजी की सीमाओं को पार करेंगे। सरकार के #DigitalIndia और #MakeinIndia अभियानों के अनुसार, इससे विद्यार्थी देश के भीतर टेक्नोलॉजी में प्रगति करने के लिए सशक्त होंगे। हमें उम्मीद है कि भविष्य में महिला लीडर तैयार होंगी, जो टेक्नोलॉजी से दुनिया को बनाएंगी, नए विचार लाएंगी और बदलाव लाएंगी।

## क्रॉम्पटन ने लॉन्च किया टेकविदहार्ट, अब स्मार्ट और बिजली बचाने वाले समाधानों के साथ हर दिन होगा आसान

**मुम्बई।** क्रॉम्पटन ग्रीव्स कंज़्यूमर इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड, जो उपभोक्ता इलेक्ट्रिकल उत्पादों की जानी-मानी कंपनी है, लगातार नए आविष्कार कर रही है। ये नए प्रोडक्ट्स बिजली की बचत करने वाले, बेहतर काम करने वाले और पर्यावरण के अनुकूल हैं, जिससे ग्राहकों को बेहतरीन अनुभव मिलता है। आज कंपनी ने टेकविदहार्ट लॉन्च किया, जो दिखाता है कि वे ग्राहकों की ज़रूरतों को ध्यान में रखकर भारत में ही प्रोडक्ट्स बना रहे हैं।



टेकविदहार्ट क्रॉम्पटन के उस मिशन को दिखाता है, जिसमें उपभोक्ताओं के लिए स्मार्ट, भरोसेमंद और बेहतर काम करने वाले समाधान बनाए जाते हैं।

## टाटा एआईजी का नया विथ यू लाइक फैमिली, विथ यू ऑलवेज़ कम्पैन, परिवार के सदस्यों बीच के निःस्वार्थ प्यार का सम्मान

**नई दिल्ली।** भारत की एक अग्रणी जनरल इन्शुरन्स कंपनी टाटा एआईजी जनरल इन्शुरन्स कंपनी लिमिटेड ने अपना नया ब्रांड कैम्पेन शुरू किया है विथ यू लाइक फैमिली, विथ यू ऑलवेज़, हर परिवार में एक दूसरे के प्रति प्यार और देखभाल की भावना होती है, अक्सर बिना कुछ बोले एक दूसरे का अटूट साथ देता है परिवार, बहुत अच्छे से खयाल रखता है द्य इस अनकहे लेकिन गहराई से महसूस किए जाने वाले प्यार को इस कैम्पेन में दर्शाया गया है। यह कैम्पेन ज़ोर देता है कि चाहे कुछ भी हो जाए, आपकी ज़िन्दगी में हर कदम पर आपके प्रियजन हमेशा आपका साथ देंगे। इसी मुद्दे को ज़िन्दगी के अलग-अलग चरणों में दर्शाने के लिए पिता और पुत्र के रिश्ते का इस्तेमाल किया गया है, एक ऐसा रिश्ता जिसके बारे में बहुत कम बोला और कहा जाता है।

टीबीडब्ल्यूए द्वारा विकसित, कैम्पेन फिल्म में ज़िन्दगी के अलग-अलग चरणों में पिता और पुत्र के बीच के अलग-अलग किस्से दिखाए गए हैं। यह फिल्म दिखाती है कि कैसे समय के साथ देखभाल और जिम्मेदारी कैसे विकसित होती है। फिल्म की शुरूआत होती है, एक पिता अपने छोटे बेटे को सुरक्षापूर्ण आलिंगन दे रहे हैं, यह सीन दिखाता है कि पिता बिना कुछ बोले ज़िन्दगी भर के लिए बेटे को समर्थन देते रहेंगे।

## केएल डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटी के शोधार्थी को प्रतिष्ठित न्यूरोकैमिस्ट्री फ्रांस ट्रैवल अवार्ड प्राप्त हुआ



**नई दिल्ली।** केएल डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटी को यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि बायोटेक्नोलॉजी की पीएचडी स्कॉलर लक्ष्मी सौम्या एमानी को प्रतिष्ठित न्यूरोकैमिस्ट्री फ्रांस ट्रैवल अवार्ड मिला है। आंध्र प्रदेश से इस सम्मान को पाने वाली एकमात्र छात्रा लक्ष्मी 14 से 24 अगस्त तक अमेरिका में एक अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में भाग लेंगी। यह पुरस्कार उन्हें एक प्रसिद्ध शोध संस्थान की यात्रा का अवसर देगा, जहां वे न्यूरोलॉजिकल डिसऑर्डर पर अपना नवाचारपूर्ण शोध जारी रखेंगी और क्षेत्र के शीर्ष वैज्ञानिकों के साथ सहयोग करेंगी। सम्मेलन के दौरान, लक्ष्मी अपने शोध निष्कर्षों को वैश्विक विशेषज्ञों के साथ साझा करेंगी और 25 अगस्त को भारत लौटेंगी। अपने मेंटर डॉ. जगन्नाथ राव, जो केएल डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटी के प्रो-चांसलर हैं, के नेतृत्व में लक्ष्मी पार्किंसंस रोग के लिए नए उपचार विकसित करने पर शोध कर रही हैं। वह कर्क्यूमिन ग्लाइकोसाइड का उपयोग करके इस बीमारी के समाधान पर काम कर रही हैं। उनका न्यूरोसाइंस के प्रति जुनून और संकाय का सहयोग उन्हें न्यूरोडीजेनेरेटिव बीमारियों के समाधान खोजने के लिए प्रेरित करता है। इससे पहले, उन्हें 2023 में अमेरिका की एनवायर्नमेंटल म्यूटाजेनेसिस एंड जीनोमिक्स सोसाइटी द्वारा न्यू इन्वेस्टिगेटर ट्रैवल अवार्ड से सम्मानित किया गया था। उन्होंने शिकागो में श्वस्न्स अवार्ड सेरेमनी में अपना शोध प्रस्तुत किया था।केएल डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटी के प्रो-चांसलर डॉ. जगन्नाथ राव ने कहा, हम विश्वविद्यालय में इंटरडिसिप्लिनरी रिसर्च को बढ़ावा देने और नवाचार को प्रोत्साहित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

## टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने लैंड क्रूज़र 300 की बुकिंग शुरू की

**बरेली।** टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने लैंड क्रूजर 300 की बुकिंग शुरू करने की घोषणा की। यह प्रतिष्ठा, शक्ति और दमदार क्षमता का प्रतीक है। 70 से अधिक वर्षों की विरासत पर बना, लैंड क्रूजर 300 टोयोटा की इंजीनियरिंग उत्कृष्टता की परम अभिव्यक्ति है। इसे लक्जरी चाहने वालों और ऑफ-रोड उत्साहियो की अपेक्षाओं को पूरा करने के लिए डिज़ाइन किया गया है।बेजोड़ विश्वसनीयता, प्रभावशाली उपस्थिति और बेहतरीन प्रदर्शन के लिए मशहूर, लैंड क्रूजर 300 टोयोटा की वैश्विक श्रृंखला की प्रमुख एसयूवी है। नवीनतम संस्करण में एक क्रांतिकारी नया प्लेटफ़ॉर्म, उन्नत पावरट्रेन, अत्याधुनिक सुरक्षा सुविधाएँ और शानदार इंटीरियर शामिल हैं, जो लक्जरी, शक्ति और ऑफ-रोड प्रभुत्व का एक सहज मिश्रण सुनिश्चित करता है। बढ़ी हुई शक्ति और ऑफ-रोड क्षमताओं के साथ प्रदर्शन का एक नया युग लैंड क्रूजर 300 दो अलग-अलग ग्रेड्स - जेडएक्स (ZX) और जीआर-एस (GR-S) में उपलब्ध है। ये एक ट्विन-टर्बोचार्ज्ड वी6 इंजन से संचालित है, जो अपने पूर्ववर्ती की तुलना में बेहतर दक्षता, उच्च टॉर्क आउटपुट और बढ़ी हुई ईंधन अर्थव्यवस्था प्रदान करता है। 10-स्पीड ऑटोमैटिक ट्रांसमिशन (एटी) के साथ जोड़ा गया,



एसयूवी निर्बाध त्वरण और अनुकूलित पावर डिलीवरी प्रदान करता है, जिससे हर ड्राइव एक रोमांचक अनुभव बन जाता है।

## युवा निवेशकों के लिए और भी आसान होगी रिटायरमेंट प्लानिंग

**लखनऊ।** प्रोटीयन ईगव टेक्नोलॉजिस लिमिटेड नेशनल पेंशन स्कीम और अटल पेंशन योजना के खातों को संचालित करने वाली सबसे बड़ी सेंट्रल रिकॉर्डकीपिंग एजेंसी ने अपने पेंशन मैनेजमेंट ऐप एनपीएस बाय प्रोटीयन को एक नया स्वरूप देते हुए इसमें कई नई विशेषताएं जोड़ी हैं ख़ास तौर पर आज की डिजिटली जागरूक नयी पीढ़ी के लिए जिसमें कई नए फीचर भी हैं। चाहे आप पहले से एनपीएस से जुड़े हैं या अपना रिटायरमेंट प्लानिंग का सफ़र एनपीएस के साथ अभी शुरू कर रहे हों, यह नया ऐप आपको एक स्थान पर सभी समाधान देगा। इस अवसर पर प्रोटीयन ईगव टेक्नोलॉजीस लिमिटेड के एमडी और सीईओ श्री सुरेश सेठी ने बताया कि प्रोटीयन में हमारा लक्ष्य यही है कि हम समाज के सभी वर्गों को शामिल करते हुए उन्हें वित्तीय प्रबंधन की मुख्य धारा से जोड़ें। 2024-25 के बजट के माध्यम से सरकार ने यह स्पष्ट किया है कि वह पेंशन स्क्रीम को देश के कोने-कोने तक पहुंचाना चाहते हैं नेशनल पेंशन सिस्टम और अटल पेंशन योजना की सबसे बड़ी सेंट्रल रिकॉर्डकीपिंग एजेंसी होने के नाते हम इसे क्षेत्र में अपना विस्तार करने के एक सुनहरे अवसर के रूप में देखते हैं। हमारे ऐप का यह नया और बेहतर वर्जन एक ऐसे समय पर आया है जब भारत के युवा अपने निवेश को अलग-अलग क्षेत्रों में डायवर्सिफाय कर रहे हैं और अपना रिटायरमेंट भी जल्दी प्लान करना शुरू कर रहे हैं। यह नया ऐप ग्राहकों को अपनी नए युग की डिजिटल ऑनबोर्डिंग प्रक्रिया, गोल प्लानिंग और सरल लॉग इन के साथ-साथ कई नवीन सुविधाओं का एक सहज अनुभव प्रदान करेगा।

## ब्रिटानिया टोस्टी श्रद्धालुओं को दे रहा शानदार अनुभव

**लखनऊ।** परफेक्ट क्रन्च और फ्लेवर से युक्त ब्रिटानिया का टोस्टी रोज़मर्रा में चाय के स्वाद को कई गुना बढ़ा देता है, चाय के हर घूंट के साथ स्वादिष्ट अनुभव प्रदान कर आपकी सुबह की क़रारी शुरूआत करता है। इस अवसर पर युधिष्ठर श्रृंगी, चीफ़ बिज़नेस ऑफिस ब्रेड केक एण्ड रस्क, ब्रिटानिया ने कहा, ''ब्रिटानिया टोस्टी के साथ हम देश भर के उपभोक्ताओं को स्वादिष्ट एवं आरामदायक अनुभव प्रदान करना चाहते हैं। दुनिया के सबसे बड़े समागम महाकुंभ 2025 ने हमें ब्राण्ड के वादे 'क़रारी शुरूआत, चाय और टोस्टी के साथ' पर, खरे उतरने का अवसर प्रदान किया है। हमें गर्व है कि हम उपभोक्ताओं की सुबह की शुरूआत का अभिन्न हिस्सा हैं और आने वाले समय में भी उन्हें ऐसी ही क़रारी शुरूआत का आनंद प्रदान करते रहेंगे।'' 'चाय और टोस्टी के साथ क़रारी शुरूआत' के वादे के साथ ब्रिटानिया टोस्टी देश भर में कई कस्टमर टचपॉइन्ट्स के माध्यम से उपलब्ध है और महाकुंभ 2025 भी ऐसा ही एक महत्वपूर्ण पल है। लाखों श्रद्धालु शांति और अध्यात्म की तलाश में इस भव्य मानव समागम में पहुंच रहे हैं, और ब्रिटानिया टोस्टी उनकी दिन की शुरूआत के लिए गरमा-गरम और परिचित अनुभव प्रदान कर रहा है। आकर्षक ब्राण्ड कम्युनिकेशन्स के ज़रिए श्रद्धालु ब्रिटानिया टोस्टी के अलग-अलग स्वादों का जान रहें हैं और चाय व रस्क का आनंद ले रहे हैं।

## बजाज आलियांज़ जनरल इंश्योरेंस ने ग्लोबल इंश्योरेंस एक्सीलेंस अवॉड्र्स (जीआईईए) की लॉन्चिंग की घोषणा की

लखनऊ/पुणे। भारत की प्रमुख प्राइवेट जनरल इंश्योरेंस कंपनी में से एक बजाज आलियांज़ जनरल इंश्योरेंस ने ग्लोबल इंश्योरेंस एक्सीलेंस अवॉड्र्स (जीआईईए) की लॉन्चिंग की घोषणा की, जिसका उद्देश्य एशिया, मिडल ईस्ट और नॉर्थ अफ्रीका में जनरल इंश्योरेंस और हेल्थ इंश्योरेंस के एडवाइज़र्स के उत्कृष्ट योगदान को सराहना और सम्मानित करना है। इंडस्ट्री में विश्वसनीय नाम और इस इवेंट में पार्टनर, एशिया इंश्योरेंस रिव्यू (एआईआर), वर्ष 2025 के अवॉड्र्स की देखरेख और संचालन करेगी, जिससे इवेंट की विश्वसनीयता और अधिक बढ़ गई है और अंतर्राष्ट्रीय विशेषज्ञता भी जुड़ गई है।बजाज आलियांज़ जनरल इंश्योरेंस द्वारा आयोजित इस इवेंट में भारत और अंतरराष्ट्रीय स्तर की इंश्योरेंस इंडस्ट्री के उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले एडवाइज़र्स को ग्यारह अलग-अलग अवॉर्ड कैटेगरी में सम्मानित किया जाएगा। अवॉड्र्स का मूल्यांकन इंटरनेशनल इंश्योरेंस इंडस्ट्री विशेषज्ञ के एक प्रतिष्ठित पैनल द्वारा किया जाएगा, 2025 के लिए जीआईईए अवॉर्ड की लॉन्चिंग पर, बजाज आलियांज़ जनरल इंश्योरेंस के एमडी और सीईओ, श्री तपन सिंघल ने कहा, एडवाइज़र्स इंश्योरेंस इंडस्ट्री के गुमनाम हीरो हैं, जो अपने कस्टमर के सबसे मुश्किल समय में उनके साथ खड़े रहते हैं, उन्हें मार्गदर्शन, सहायता और पूरा समर्थन प्रदान करते हैं। उनके योगदान पर अक्सर ध्यान नहीं दिया जाता है लेकिन सच यह है कि वे इंश्योरेंस सेक्टर की रीढ़ हैं, और उनके शानदार प्रयासों को सम्मानित करने का समय आ गया है। ग्लोबल इंश्योरेंस एक्सीलेंस अवॉड्र्स (जीआईईए) के साथ, हमारा उद्देश्य अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहुंच और प्रभाव को बढ़ाकर उत्कृष्टता को पहचानने के लिए बेंचमार्क को बेहतर बनाना है। इस एडिशन के लिए अवॉड्र्स पार्टनर के रूप में एशिया इंश्योरेंस रिव्यू के साथ पार्टनरशिप करके हमें खुशी हो रही है, इससे इस पहल में विश्वसनीयता के साथ-साथ विशेषज्ञता भी आएगी। उनकी वैश्विक विशेषज्ञता और प्रतिष्ठा से जीआईईए अवॉड्र्स को विश्वसनीयता मिलेगी। साथ मिलकर, हम वैश्विक स्तर पर एडवाइज़र्स के असाधारण योगदान का सम्मान करने के लिए तत्पर हैं। यह पहल सामान्य इंश्योरेंस इंडस्ट्री में उत्कृष्टता, नवाचार और नेतृत्व को बढ़ावा देने के लिए हमारी अटूट प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

## लगातार चौथे दिन टूटा बाजार, सेंसेक्स 424 अंक गिरा

**नई दिल्ली।** शुक्रवार को भारतीय बेंचमार्क सूचकांक लाल निशान पर बंद हुए, जिससे लगातार तीसरे सप्ताह भी गिरावट जारी रही। बाजार में गिरावट हैवीवेट वित्तीय और ऑटोमोबाइल शेयरों में कमजोरी के कारण दिखी। अमेरिकी टैरिफ से जुड़ी चिंताओं के कारण निवेशकों की धारणा कमजोर बनी हुई है। 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 424.90 अंक या 0.56 प्रतिशत गिरकर 75,311.06 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 623.55 अंक या 0.82 प्रतिशत गिरकर 75,112.41 अंक पर आ गया। एनएसई निफ्टी 117.25 अंक या 0.51 प्रतिशत गिरकर 22,795.90 पर आ गया। बीते चार कारोबारी दिनों में बीएसई का सूचकांक 685.8 अंक या 0.90 प्रतिशत गिरा, जबकि निफ्टी 163.6 अंक या 0.71 प्रतिशत गिरा।

## फैंस की ताकत! सनम तेरी कसम दोबारा रिलीज के बाद भी चार्ट्स पर सुपरहिट होकर दिलों पर राज कर रही है

**नई दिल्ली।** सनम तेरी कसम, जो एक पसंदीदा रोमांटिक ड्रामा फिल्म है, 7 फरवरी 2025 को दोबारा सिनेमाघरों में रिलीज हुई। यह इसकी पहली बार हुई रिलीज के नौ साल पूरे होने का खास मौका था। पहली बार जब यह रिलीज़ हुई थी, तब बॉक्स ऑफिस पर कुछ ख़ास कमाल नहीं कर पाई। लेकिन समय के साथ, फिल्म को एक खास फैनबेस मिला, जहां लोग इसकी भावनात्मक कहानी और सुरीले संगीत से गहराई से जुड़ गए। फिल्म की बढ़ती लोकप्रियता के कारण, फैंस ने इसकी दोबारा रिलीज की मांग की, क्योंकि उन्हें लगा कि यह फिल्म बड़े पर्दे पर एक और मौका पाने के लायक है। सनम तेरी कसम की फिर से रिलीज ने पूरे भारत में धूम मचा दी, यह साबित करते हुए कि फैंस की ताकत किसी भी फिल्म को रातो- रात सुपरहिट करा सकती है। कई महीनों से फैंस फिल्म के मुख्य अभिनेता हर्षवर्धन राणे को मैसेज कर रहे थे और इस पसंदीदा रोमांटिक ड्रामा को दोबारा रिलीज करने की मांग कर रहे थे। जिस वजह से 23 जनवरी 2025 को राणे ने



इंस्टाग्राम पर पोस्ट किया और फैंस से कहा कि वे प्रोड्यूसर्स को टैग करें और अपनी बात जोर से रखें। इसका नतीजा जबरदस्त रहा। राणे की पोस्ट पर 40,000 से ज्यादा कमेंट्स आए, जिसमें फैंस ने फिल्म को दोबारा रिलीज करने पर ज़ोर दिया। फैंस की इतनी बड़ी मांग देखकर प्रोड्यूसर्स को यकीन हो गया और उन्होंने सनम तेरी कसम को फिर से बड़े पर्दे पर लाने का फैसला किया। फिल्म के दोबारा रिलीज होते ही, यह बॉक्स ऑफिस पर जबरदस्त हिट रही। वर्ष 2016 में इसने ?9 करोड़ की कमाई की थी, लेकिन 17 फरवरी 2025 तक इसकी कमाई ?36 करोड़ पहुंच गई। खास बात यह है कि 2025 की दोबारा रिलीज से ही फिल्म ने ?27 करोड़ कमा लिए। यह शानदार सफलता फैंस की जबरदस्त ताकत, अच्छी कहानी की अहमियत, गहरी भावनात्मक जुड़ाव और बेहतरीन अभिनय को साबित करती है। इस बड़ी सफलता का एक अहम कारण हिमेश रेशमिया का सुरीला और सदाबहार संगीत है, जिसने फिल्म को फैंस के दिलों में ज़िंदा रखने में बड़ी भूमिका निभाई है। फिल्म के गाने आज भी दुनियाभर के फैंस के दिलों में बसते हैं, जो इसकी गहरी भावनात्मक छाप और लंबे समय तक रहने वाले प्रभाव को साबित करते हैं। स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म्स पर भी इसका संगीत बेहद लोकप्रिय बना हुआ है। स्पॉटिफाई पर एल्बम के 9 में से 8 गाने प्रतिष्ठित टॉप 200 लिस्ट में शामिल हो चुके हैं।

## बुनियादी ढांचे के विस्तार से आएगा यूपी में बड़ा आर्थिक बदलावः अंशुमान मैगजीन



**लखनऊ।** अंशुमान मैगजीन, चेयरमैन और सीईओ भारत, दक्षिण-पूर्व एशिया, मध्य पूर्व और अफ्रीका, सीबीआरई ने कहा। ''उत्तर प्रदेश के राज्य बजट की सबसे बड़ी बात बुनियादी ढांचे के विस्तार, तकनीकी क्षेत्र में प्रगति और बड़े आर्थिक बदलाव की दिशा में ठोस कदम लेना है। इससे उत्तर भारत में विकास के मुख्य इंजन के तौर पर राज्य की स्थिति मजबूत होगी। आगरा-लखनऊ से गंगा एक्सप्रेसवे के लिए 900 करोड़ रु. के आवंटन और विंध्य एक्सप्रेसवे (50 करोड़ रु.), गंगा एक्सप्रेसवे एक्सटेंशन (50 करोड़ रु.) और बुंदेलखंड रीवा एक्सप्रेसवे (50 करोड़ रु.) के लिए शुरुआती प्रावधान किए जाने से इस क्षेत्र में संपर्क सुविधा बहुत बढ़ेगी जिससे नए निवेश गलियारे बनेंगे। इसके अलावा रक्षा औद्योगिक गलियारे के लिए 461 करोड़ रु.के आवंटन से उत्तर प्रदेश मजबूती के साथ औद्योगिक और रक्षा विनिर्माण का बड़ा केंद्र बन कर उभरेगा।इस बजट में तकनीकी पर पूरा ध्यान दिया गया है जिसका प्रमाण लखनऊ में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस सिटी के लिए 5 करोड़ का और साइबर सुरक्षा प्रयासों के तहत एक टेक्निकल ट्रांसलेशनल रिसर्च पार्क के लिए 3 करोड़ रु. का प्रावधान किया जाना है।

इसमें एक दूरदर्शी दृष्टिकोण दिखता है जो इनोवेशन और डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन को बढ़ावा देगा। एक मजबूत डिजिटल इन्फ्रास्ट्रक्चर की बढ़ती मांग के मद्देनजर आठ डेटा सेंटर पार्क बनाने की योजना है, जिसके परिणामस्वरूप यह राज्य तकनीक प्रधान निवेशों के लिए और आकर्षक हो जाएगा। इससे दुनिया के डेटा सेंटर हब के रूप में भारत की स्थिति भी मजबूत होगी।

## शिव नाडर फाउंडेशन और इलिनोइस टेक ने भारतीय छात्रों के लिए नई छात्रवृत्ति की घोषणा की

**नई दिल्ली।** शिव नाडर फाउंडेशन और इलिनोइस इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (इलिनॉय टेक), शिकागो ने एक समझौता किया है जिसके तहत शिव नाडर फाउंडेशन की परोपकारी पहल विद्याज्ञान स्कूल के प्रतिभाशाली छात्रों को इलिनोइस टेक में उच्च गुणवत्ता वाली स्नातक शिक्षा पाने का अवसर मिलेगा। यह साझेदारी शिक्षा की मदद से सभी वर्गों के छात्रों का जीवन बदलने और एक समान अवसरों वाले वैश्विक शैक्षिक समुदाय बनाने की दोनों संस्थानों की प्रतिबद्धता को दिखाती है।





विद्या ज्ञान ग्रामीण क्षेत्रों के होनहार छात्रों को चुनकर एक साथ लाता है और उन्हें मुफ्त में उच्च गुणवत्ता वाली आवासीय मिडिल और हाई स्कूल शिक्षा देता है, ताकि वे भविष्य के दिग्गज बन सकें। इस नई साझेदारी के तहत, विद्या ज्ञान के दो छात्र राज द्विवेदी और विजय प्रताप सिंह पहले ही इलिनोइस टेक में प्रथम वर्ष के छात्र के रूप में शामिल हो चुके हैं। वे अपने जिले से अमेरिका में उच्च शिक्षा पाने वाले पहले छात्र बने हैं।

सुंदर महालिंगम, एचसीएल ग्रुप और शिव नाडर फाउंडेशन के प्रेसिडेंट ऑफ स्ट्रैटजी ने कहा, ÷विद्याज्ञान, जो शिव नाडर फाउंडेशन की एक सराहनीय पहल है और इलिनोइस टेक के बीच यह साझेदारी शिक्षा की मदद से जीवन बदलने के हमारे साझा दृष्टिकोण का सबूत है। प्रतिभाशाली प्रथम पीढ़ी के छात्रों के लिए सुनहरे अवसरों को देकर हम उन्हें उत्कृष्टता और वैश्विक अनुभव की राह पर ला रहे हैं। यह साझेदारी हमारे इस संकल्प को दिखाती है कि हम ऐसे दिग्गजों को तैयार करें जो समाज में सकारात्मक बदलाव लाएं और अपने समुदाय में विकास की लहर पैदा करें। हम मिलकर विश्वस्तरीय शिक्षा तक पहुंच बना रहे हैं और समावेश व समानता को सतत विकास के मुख्य आधार के रूप में आगे बढ़ा रहे हैं।

मलिक सुंदरम, इलिनोइस टेक के वाइस प्रेसिडेंट फॉर एनरोलमेंट मैनेजमेंट एंड स्टूडेंट अफेयर्स ने कहा, विद्याज्ञान के छात्रों को सपोर्ट करने के लिए शिव नाडर फाउंडेशन के साथ इस साझेदारी को औपचारिक रूप देने पर हम बेहद उत्साहित हैं।

## धोनी के बालों का भरोसेमंद राज गार्नियर ब्लैक नेचुरल्स



**नई दिल्ली।** जब पावर कपल एमएस धोनी और साक्षी एक साथ आते हैं, तो आपको पता चल जाता है कि कुछ खास होने वाला है इस बार, यह अवसर स्वाभाविक रूप से शानदार दिखने के लिए है, जिसका श्रेय गार्नियर ब्लैक नेचुरल्स को जाता है! अपने नवीनतम टीजर में, उनके बीच की चंचल नोक-झोंक ने सुर्खियां (और आपका दिल) चुरा ली। जब साक्षी धोनी को उनके अंतहीन कैंडिड इंटरव्यू को लेकर चिढ़ाती हैं, तो वह खुद को यह बताने से नहीं रोक पातीं कि कैसे किसी ने हाल ही में उनसे पूछा था कि वह 43 साल की उम्र में भी 30 साल के कैसे दिखते हैं। उनका जवाब? बालों का कलर और दाढ़ी का कलर÷। लेकिन रुकिए-साक्षी तुरंत बताती हैं कि वह ही उनके बालों को रंगती है, ताकि क्रेडिट गेम में पीछे न रहे! इसलिए, जब वह उनसे पूछती हैं, आप कौन सा रंग इस्तेमाल करते हैं?, तो धोनी अपनी चिरपरिचित मुस्कान बिखेरते हुए, बिल्कुल धोनी स्टाइल में कहते हैं, मैं अभी अपने सभी सीक्रेट्स नहीं बता सकता। और यह रहा धोनीवर्स और इसके भरोसेमंद राज जो केवल कुछ चुनिंदा लोग ही जानते हैं! अब, जबकि हम सभी ने क्रिकेट के मैदान पर एमएस धोनी के शांत, सोचसमझकर लिए गए निर्णय देखे हैं! लेकिन जब बात उनके बालों की आती है, तो मैदान के बाहर भी धोनी को चौम्पियन घोषित किया जाता है। और याद रखें, धोनीवर्स और इसके भरोसेमंद राज हर पल जीत का एहसास दिलाने में महत्वपूर्ण हैं।

## कोका-कोला इंडिया का नया कदम, सफाई साथियों को बनाएगा आत्मनिर्भर

**प्रयागराज।** कोका-कोला इंडिया ने अपने फाउंडेशन आनंदना के जरिये एसएलएमजी बेवरेजेस और सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय के साथ साझेदारी की है। इसके तहत सफाई साथियों की जिन्दगी में सार्थक बदलाव लाया जाएगा। प्रयागराज में महाकुंभ के शुभ अवसर पर एसएलएमजी बेवरेजेस ने कचरा बीनने वाले 10 लोगों को कमाई करने के अवसर प्रदान किये । महाकुंभ में हुए पायलट प्रोग्राम के तहत, सफाई साथियों को कोका-कोला इंडिया का रिटेलर बनने की नई भूमिका मिली। उन्होंने हाइड्रेशन कार्ट्स चलाई और लाखों आगंतुकों को सेवा दी। यह पहल स्थानीय समुदायों को सशक्त करने और समावेशी आर्थिक वृद्धि को बढ़ावा देने के लिये राज्य सरकार की सोच के मुताबिक है। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय (एमओएसजेई) समाज के कमजोर वर्गों को सशक्त करने के लिये काम कर रहा है। इस मंत्रालय ने अपनी 'नमस्ते' योजना के तहत कूड़ा बीनने वालों को लक्षित लाभार्थी समूह के रूप में जोड़ा है। यह योजना सफाई साथियों को आगे




बढ़ाने का एक तरीका है। इससे उन्हें कचरा उठाने के अलावा अपना खुद का व्यवसाय शुरू करने का मौका मिलेगा। इस योजना के तहत, उन्हें दुकानों और बाजारों में काम करने का प्रशिक्षण दिया जाएगा, जिससे वे आत्मनिर्भर बन सकेंगे और सम्मान के साथ जीवन जी सकेंगे। इससे उनकी आर्थिक स्थिति भी सुधरेगी।

कोका-कोला आइएनएसडब्लूए में पब्लिक अफेयर्स, कम्युनिकेशंस और सस्टेनेबिलिटी की वाइस प्रेसिडेंट देवयानी राज्य लक्ष्मी राणा ने कहा, ''सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय और एसएलएमजी बेवरेजेस के साथ हमारी साझेदारी एक बदलाव लाने के लिए हुई है, जिसमें कामगारों को उद्यमी बनाया जाएगा। उन्हें यह अवसर देकर हम उत्तर प्रदेश राज्य में सार्थक सामाजिक प्रगति कर रहे हैं। जब व्यवसाय, सरकार और समुदाय मिलकर काम करते हैं, तब स्थायी बदलाव के लिये एक महाशक्ति का निर्माण होता है।''

# कुशीनगर मदनी मस्जिद के एक पक्षकार की हार्टअटैक से मौत

अवधनामा ब्यूरो

- लखनऊ में इलाज के दौरान की अंतिम सांस
- बीते 8 फरवरी को प्रशासन द्वारा मस्जिद ध्वस्तीकरण से काफी आहत थे
- हाटा मदनी मस्जिद के पक्षकार व जामा मस्जिद के सेक्रेटरी थे शाकिर अली खान


मरहूम शाकिर अली खान

**कुशीनगर।** हाटा नगर निवासी व मदनी मस्जिद कमेटी के प्रमुख पक्षकार व जामा मस्जिद के सेक्रेटरी शाकिर खान की शुक्रवार भोर में हार्ट अटैक से मौत हो गई। वह 60 वर्ष के थे, गुरुवार की दोपहर उन्हें सीने में दर्द होने पर गोरखपुर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। यहां से लखनऊ रेफर कर दिया गया। लखनऊ में इलाज के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया। शाकिर अली के इंतकाल की खबर मिलते ही मदनी मस्जिद के पास लोगों की भीड़ जुट गई। शाकिर की मौत के बाद पुलिस भी अलर्ट हो गई है।

बता दें कि नगर के करमहा चौराहा स्थित मदनी मस्जिद पर हुए प्रशासन की तरफ से कार्रवाई पर सुप्रीम कोर्ट ने रोक लगा दी है। बुलडोजर की कार्रवाई के बाद मस्जिद कमेटी की ओर से सुप्रीम कोर्ट में अवमानना याचिका दाखिल की थी। उस पर सुनवाई करते हुए कोर्ट ने मस्जिद पर आगे से कोई भी तोड़फोड़ की कार्रवाई करने पर रोक लगाते हुए अधिकारियों से जवाब तलब किया है।

करीब 20 वर्षों से निर्माणाधीन हाटा की मदनी मस्जिद के एक हिस्से को प्रशासन ने सरकारी जमीन पर बना होना बताते हुए बीते 9 फरवरी को प्रशासन बुलडोजर लगा कर तोड़वा दिया था। हालांकि, मस्जिद कमेटी की ओर से प्रशासन पर आरोप लगाया गया था कि प्रशासन ने बगैर उन्हें पूर्व सूचना दिए मस्जिद पर बुलडोजर चला दिया। जबकि, प्रशासन की ओर से जारी प्रेस नोट में मस्जिद कमेटी को तीन बार नोटिस देने की बात कही गई थी। इसी मामले को लेकर मस्जिद कमेटी ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। इस पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को मस्जिद पर आगे से किसी भी तोड़फोड़ की कार्रवाई से रोक लगाते हुए कुशीनगर जिला प्रशासन के अधिकारियों से जवाब तलब किया गया है। बताया जा रहा कि मस्जिद के एक हिस्सा ध्वस्त होने से शाकिर अली खान पुत्र हाजी हमीद खान काफी आहत थे। सात भाइयों में सबसे बड़े थे। इनके परिवार के कई लोगों की भी तबियत खराब चल रही है। सदमे से पक्षकार शाकिर अली खान की मौत होने का परिजन आरोप लगा रहे है। शाकिर अली अपने पिछले एक बेटा व छः अविवाहित बेटियां को छोड़ दुनिया से चल बसे। इनके मौत से मुस्लिम समाज व शुभ शुभचिंतक काफी दुख में है। शुक्रवार दोपहर बाद नमाज ए जनाजा पढ़ी गई। इस दौरान लोगों का जनसैलाब उमड़ पड़ा था। प्रशासन भी अलर्ट मोड में थी।

## राष्ट्रीय लोक अदालत की सफलता हेतु समस्त विभागों की प्री-ट्रायल बैठक

**देवरिया।** उप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निर्देशानुसार तथा जनपद न्यायाधीश/ अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवरिया श्री देवेन्द्र सिंह के आदेशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवरिया के तत्वावधान में राष्ट्रीय लोक अदालत की सफलता हेतु समस्त विभागों के साथ मध्यस्थता एवं सुलह समझौता केन्द्र (ए0डी0आर0 सेन्टर), देवरिया में प्री-ट्रायल बैठक आहूत की गयी। सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण/अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, देवरिया श्री मनोज कुमार तिवारी द्वारा निर्देशित किया गया, कि समस्त विभाग चिन्हित किये हुये मामलें को संदर्भित करें तथा अधिक से अधिक संख्या में मामलों को लोक अदालत के दिन लगाकर मामलों का निस्तारण करावें। उन्होनें समस्त उपस्थित अधिकारगण को निर्देशित किया, कि लोक अदालत की सफलता हेतु प्रचार-प्रसार को व्यापक स्तर पर करें तथा लोगो के बीच जन जागरूकता हेतु विधिक साक्षरता एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन करना सुनिश्चित करें।

# डॉक्टर की लापरवाही से प्रसूता की मौत, परिजनों ने काटा बवाल

अवधनामा ब्यूरो


सिंह मैक्स अस्पताल व रोते बिलखते महिला के परिजन

- हाटा नगर स्थित सिंह वाई मैक्स हॉस्पिटल में भर्ती कराए थे परिजन

**कुशीनगर।** हाटा कोतवाली क्षेत्र के एक निजी अस्पताल में डाक्टरों की लापरवाही से प्रसूता की मौत हो गई। महिला के मौत से परिजन आक्रोशित हो गए और अस्पताल में ही जमकर बवाल काटा। उधर डॉक्टर व स्टॉफ मौके से अस्पताल का ताला लगाकर फरार हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने लोगों को शांत कराया।

मिली जानकारी के अनुसार हाटा नगर के वार्ड नंबर 17 निवासी सुमन उम्र 25 वर्ष को प्रसव पीड़ा से दर्द होने पर परिजन नजदीकी आशा के साथ सीएचसी ले गए जहां से चिकित्सकों ने रेफर कर दिया। आशा के कहने पर परिजन नगर के एक निजी अस्पताल सिंह वाई मैक्स हॉस्पिटल ले गए जहां आपरेशन से महिला ने बच्ची को जन्म दिया। इसके बाद अचानक महिला की तबियत बिगड़ने लगी जिससे अस्पताल में ही महिला ने दम तोड़ दिया। महिला के मौत के बाद परिजन आक्रोशित हो गए और डाक्टरों की लापरवाही से हुई मौत का आरोप लगाते हुए अस्पताल में तोड़फोड़ व घंटों बवाल काटे। उधर मौका देख अस्पताल संचालक स्टाफ सहित ताला बंद कर फरार हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने परिजनों को शांत कराया। इसके बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्ट के लिए भेज दिया। इस संबंध में हाटा कोतवाल सुशील कुमार शुक्ला ने बताया कि तहरीर के आधार पर अस्पताल संचालक पर मुकदमा दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

# दुल्हन के भाई का हत्यारा गिरफ्तार

अवधनामा संवाददाता

- आला कत्ल चाकू बरामद
- डांस करने के विवाद में दुल्हन के भाई को चाकू लगने से हो गई थी मौत
- हाटा कोतवाली क्षेत्र के पैकौली लाला गांव का मामला


पुलिस गिरफ्त में आरोपी

**हाटा, कुशीनगर।** कोतवाली क्षेत्र के पैकौली लाला में बुधवार की रात एक शादी समारोह में डांस पर नाचने को लेकर हुए विवाद में चाकू लगने से दुल्हन का भाई गंभीर रूप से घायल हो गया था जिसे इलाज हेतु ले जाते समय रास्ते में मौत हो गई। परिजन के तहरीर पर पुलिस मुकदमा दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई में जुट थी शुक्रवार को पुलिस ने हत्यारे को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। बता दें कि कोतवाली क्षेत्र के पैकौली लाला गांव में लाल मोहन पासवान की बेटी की शादी देवरिया के रूद्रपुर के जोगिया के रामकरण के लड़के राहुल के साथ 19 फरवरी बुधवार की रात लग्नानुसार हो रही थी। द्वार पूजा व जयमाल भी हो चुका था। इसी बीच डीजे पर डांस को लेकर घराती व बराती में विवाद हो गया जिसमें चाकूबाजी से दुल्हन का भाई अजय घायल हो गया था। जिसका इलाज हेतु ले जाए जा रहे रस्ते में ही मौत हो गई। जबकि चार अन्य घायल हो गए थे। इस संबंध में पुलिस तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज आवश्यक कार्रवाई में जुट गई थी। शुक्रवार को हमले में शामिल वर पक्ष के अभियुक्त अभिषेक पासवान पुत्र राम जनम पासवान निवासी जोगिया बुजुर्ग थाना रुद्रपुर जनपद देवरिया को गिरफ्तार कर उसके निशान देशी पर घटना में प्रयुक्त आला कत्ल एक चाकू बरामद किया गया। बरामदगी व गिरफ्तारी के आधार पर उपरोक्त मुकदमे में धारा 4/25 आर्म्स एक्ट की बढ़ोत्तरी कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तार करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक सुशील कुमार शुक्ला थाना कोतवाली हाटा, उ.नि. संतराज यादव, धीरेन्द्र प्रताप सिंह, पंकज सिंह आदि शामिल रहे।

# हाटा विधायक ने सदन में उठाया केवाईसी से जुड़ा मामला

अवधनामा संवाददाता


हाटा विधायक मोहन वर्मा

**हाटा, कुशीनगर।** बजट सत्र के चौथे दिन हाटा विधायक मोहन वर्मा ने जनहित से जुड़ा मामला सदन में उठाया। विधानसभा अध्यक्ष के अनुमती मिलने के पश्चात केवाईसी का मामला विधायक ने उठाया। विधायक मोहन वर्मा ने सदन को अवगत कराया कि सर्व विदित है कि उम्र दराज वृद्ध जनों की बैंक में केवाईसी नहीं हो पाने के चलते उनके वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन अथवा दिव्यांग पेंशन समय से नहीं मिल पा रहा है। उम्र बढ़ने के साथ उंगलियों के निशान मिट जाते हैं। थंब इंप्रेशन के बावजूद मशीन उंगलियों के निशान को स्कैन कर पाने में असफल हो जाता है तथा अधिकतर ग्रामीण लोगों के आधार में रजिस्टर्ड नंबर या तो खो गए है या तो बदल गए है, जिससे ओटीपी उस रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर पर पहुंचता है, लेकिन वह मोबाइल नंबर दूसरे के नाम से रजिस्टर्ड हो जाने के कारण ओटीपी नहीं मिल पाता, जिसके चलते आधार में संशोधन भी नहीं हो पाता। जिससे उनके बैंक से जरूरी काम-काज बाधित हो जाता हैं तथा वृद्ध जन बैंक का चक्कर काटने लगते हैं। उनके बैंक खातों का केवाईसी तक नहीं हो पाता है। इससे गरीब और जरूरतमंद लोग जैसे वृद्ध, विधवा व दिव्यांगजन को परेशानियों से होकर गुजरना पड़ता है। अक्सर जनसुनवाई के दौरान अथवा क्षेत्र भ्रमण के दौरान इस तरह की समस्या सामने आ रही है। आधार कार्ड मोबाइल नंबर परिवर्तन के लिए उत्तर प्रदेश के प्रत्येक विधान सभा क्षेत्र में आधार संशोधन केन्द्र खोलने की आवश्यकता है। यह लोक महत्व से जुड़ा एक गंभीर मुद्दा है। यह मुद्दा केवल किसी एक जनपद से नहीं अपितु पूरे प्रदेश से जुड़ा है। जिस पर तुरंत कार्यवाही की मांग करता हूं।

# अप्रैल से शुरू हो जाएगा पासपोर्ट कार्यालय मिलेगी सुविधाएं : आरपीएन सिंह

## रविंद्रनगर धुस पर बने पासपोर्ट कार्यालय का राज्यसभा सांसद ने किया निरीक्षण

अवधनामा ब्यूरो


पासपोर्ट कार्यालय का निरीक्षण करते राज्यसभा सांसद आरपीएन सिंह

**कुशीनगर।** राज्यसभा सांसद आरपीएन सिंह ने शुक्रवार को रविंद्रनगर धूस स्थित सांसद जनसुनवाई केंद्र के भवन में बने पासपोर्ट कार्यालय का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने वहां की तैयारियों का जायजा लिया और मौजूद संबंधित अधिकारियों से कार्यालय की व्यवस्था और सेवाओं के संचालन को लेकर जानकारी ली।

राज्यसभा सांसद ने मौके से विदेश मंत्रालय से संपर्क कर पासपोर्ट कार्यालय शुरू होने की जानकारी हासिल की। उन्होंने कहा कि सब कुछ ठीक रहा तो अप्रैल महीने से कुशीनगर जिले का पासपोर्ट कार्यालय का संचालन शुरू हो जाएगा। इससे यहां के लोगों को पासपोर्ट के लिए परेशान नहीं होना पड़ेगा। निरीक्षण के दौरान राज्यसभा सांसद आरपीएन सिंह ने कहा कि नए पासपोर्ट कार्यालय के शुरू होने से क्षेत्र के लोगों को बड़ी सुविधा मिलेगी। अब उन्हें पासपोर्ट बनवाने के लिए गोरखपुर आदि दूर-दराज के शहरों का रुख नहीं करना पड़ेगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि कार्यालय की सभी सुविधाएं सुचारू रूप से संचालित हों और आवेदकों को किसी भी तरह की परेशानी न हो, इसका ख्याल रखा जाए। अत्याधुनिक संसाधनों से यह कार्यालय लैस होगा और प्रतीक्षारत आवेदकों की सूची को वरीयता के आधार पर डिस्प्ले भी किया जाएगा। रास सांसद आरपीएन सिंह ने विदेश मंत्री एस जयशंकर और केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया का आभार जताया। मौके से ही उन्होंने मोबाइल के जरिए विदेश मंत्रालय से संपर्क किया और कार्यालय को शुरू करने की जानकारी ली। इस दौरान बताया गया कि मंत्रालय को रिपोर्ट मिल चुका है। जल्द ही रिहर्सल करने बाहर से टीम जाएगी। अप्रैल महीने में इसका वृहद शुभारंभ कर दिया जाएगा, जिसके बाद लोगों के कार्यालय खुला रहेगा। डाक घर देवरिया के अधीक्षक अजय कुमार पांडेय ने बताया कि पासपोर्ट कार्यालय में सर्वर आदि के उपकरण आ चुके हैं। यह कार्यालय अत्याधुनिक संसाधनों से लैस होगा। पहले 50 आवेदकों को एक दिन में पासपोर्ट बनाने की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। अगर आवेदकों की संख्या बढ़ती है तो उसी हिसाब से मैनपॉवर और संसाधन भी बढ़ाए जाएंगे।

## अधिवक्ता अधिनियम संशोधन बिल 2025 को लेकर वकीलों ने किया प्रदर्शन



अवधनामा संवाददाता

**अमेठी।** शुक्रवार को बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश के आह्वान पर अधिवक्ताओं ने तहसील परिसर में जोरदार प्रदर्शन किया। अधिवक्ता अधिनियम संशोधन बिल 2025 के विरोध में वकीलों ने बिल की प्रतियां जलाकर विरोध जताया। बार एसोसिएशन के अध्यक्ष शिव मूर्ति तिवारी और सचिव भूपेंद्र शुक्ला ने इस बिल को अधिवक्ताओं की स्वतंत्रता पर हमला बताया। उन्होंने सरकार से बिल वापस लेने की मांग की। बार काउंसिल ऑफ इंडिया के निर्देश पर 25 फरवरी से सभी उपनिबंधक कार्यालयों में दस्तावेज लेखन रोका जाएगा। वकीलों ने चेतावनी दी है कि अगर 28 फरवरी तक सरकार ने बिल वापस नहीं लिया तो व्यापक आंदोलन किया जाएगा। प्रदर्शन के दौरान अधिवक्ताओं ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। उन्होंने कहा कि अगर मांगें नहीं मानी गई तो प्रदेशव्यापी हड़ताल की जाएगी। इससे न्यायिक कार्य पूरी तरह ठप हो जाएंगे। अधिवक्ता संघ के पदाधिकारियों ने सरकार से अपील की है कि वकीलों के हितों को ध्यान में रखते हुए इस विधेयक को तुरंत रद्द किया जाए। इस अवसर पर राकेश कुमार पाण्डेय, बृजेश पांडेय, गिरिजा शंकर तिवारी, प्रमोद कुमार राव, सचेन्द्र कुमार आदि मौजूद रहे।

# अनीता सिंह को हराकर रीना सिंह बनी जिला पंचायत सदस्य, अयोध्या प्रसाद चुने गए अगोना के प्रधान

अवधनामा संवाददाता



**मुसाफिरखाना/तिलोई।** जिला पंचायत वार्ड नं 3 के सदस्य और ग्राम पंचायत अगोना में ग्राम प्रधान के पद के चुनाव के बाद मतगणना शुक्रवार को सम्पन्न हुई। रीना सिंह जिला पंचायत सदस्य निर्वाचित हुई हैं। तिलोई विकास खंड की ग्राम पंचायत अगोना में अयोध्या प्रसाद ग्राम प्रधान पद पर निर्वाचित घोषित किए गए हैं।

जिला पंचायत वार्ड 3 के 30 बूथों की मतगणना जगदीशपुर के ए एच इंटर कालेज में कई गयी। यहां कुल 3133 मत पड़े थे। मतगणना समाप्त होने पर अखिलेशा देवी को 1226 मत, अनीता सिंह को 985 मत और रीना सिंह को 816 मत प्राप्त हुए। जबकि 106 मत अवैध पाए गए। मुसाफिरखाना के 44 बूथों की मतगणना ब्लाक सभागार में की गई। यहां कुल मिलाकर 7890 मत डाले गए थे। सात राउंड में मतगणना पूरी होने के बाद अखिलेशा देवी को 1021 मत, अनीता सिंह को 3071 मत और रीना सिंह को 3549 मत प्राप्त हुए जबकि 249 मतों को अवैध घोषित किया गया। इस प्रकार मुसाफिरखाना और जगदीशपुर में हुई 74 बूथों की मतगणना के बाद अंतिम परिणाम के मुताबिक विजयी रीना सिंह को कुल 4365 मत प्राप्त हुए जबकि इनके निकटतम प्रतिद्वंद्वी अनीता सिंह को 4056 मत मिले। अंतिम पायदान पर रही अखिलेशा देवी को मात्र 2247 मत ही प्राप्त हुए। कुल 355 मत अवैध पाए गए। अपर जिलाधिकारी न्यायिक दिनेश कुमार मिश्र ने रीना सिंह को जीत का प्रमाण पत्र प्रदान किया। रीना सिंह से अधिक बधाईयां उनके देवर अभय सिंह को मिली।जीत की खुशी में समर्थकों ने अभय सिंह को मालाएं पहनाई और लड्डू खिलाकर बधाई और शुभकामनाएं दीं।

## नये छात्रावास की सौगात

**रायबरेली।** एम्स रायबरेली में नर्सिंग और पैरामेडिकल छात्राओं के लिए नया छात्रावास बनने जा रहा है। यह सौगात एनटीपीसी ने दिया है। ऊंचाहार एनटीपीसी अपनी कॉरपोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी (सीएस आर) के तहत इस प्रोजेक्ट को पूरा करेगी। इस संबंध में एनटीपीसी और एम्स के बीच एक समझौता हुआ है। एनटीपीसी की तरफ से मानव संसाधन विभाग प्रमुख रूमा डे शर्मा और एम्स की ओर से कार्यकारी निदेशक डॉ. अरविंद राजवंशी ने करार पर हस्ताक्षर किए। इस बनने वाले सात मंजिला छात्रावास में कुल 65 कमरे होंगे। यह सुविधा नर्सिंग और पैरामेडिकल की छात्राओं को आवासीय सहायता प्रदान करेगी। इस पहल से रायबरेली की स्वास्थ्य सेवाओं को और मजबूती मिलेगी। समझौते के दौरान ऊंचाहार परियोजना प्रमुख अभय कुमार श्रीवास्तव, प्रियदर्शनी लेडीज क्लब की अध्यक्ष अनुपमा श्रीवास्तव, सीएमओ डॉ. मधु सिंह और एम्स की डीन डॉ. नीरज कुमारी समेत दोनों संस्थाओं के कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे।

# पड़ौली उपचुनाव में शिवांगी सिंह ग्राम प्रधान निर्वाचित


पडौली के निर्वाचित प्रधान शिवांगी सिंह

अवधनामा संवाददाता

- 923 मत पाकर शिवांगी ने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी निशा को 351 मतों से हराया

**कप्तानगंज, कुशीनगर।** विकास खण्ड कप्तानगंज के ग्राम पंचायत पडौली के प्रधान पद के उप चुनाव का मतगणना ब्लाक सभागार में सम्पन्न हुई। जिसमें शिवांगी सिंह पत्नी रूद्र प्रकाश सिंह अपने निकटतम प्रत्याशी निशा देवी पत्नी अंकित पाण्डेय को 351 मतों से पराजित कर प्रधान पद पर काबिज हुई। उपचुनाव के मैदान में दो प्रत्याशी अपने अपने भाग्य आजमा रहे थे। प्रधान पद शती देवी पत्नी विद्या प्रकाश सिंह के मृत्यु के उपरांत रिक्त हुआ था। शुक्रवार को ब्लाक सभागार कप्तानगंज में आर ओ सत्येन्द्र यादव, ए.आरो.आदित्य शर्मा के देखरेख में मतगणना सुबह 8 बजे से प्रारम्भ हुई। मतगणना लगभग 12.30 बजे पूर्ण हुई कुल मतदाता 2752 थे। जिसमे 1532 मत पड़े थे। जिसमे 37 मत अवैध पाया गया जहां शिवांगी सिंह पत्नी रूद्र प्रकाश सिंह को 923 मत मिला, वहीं निकटतम प्रत्यासी निशा देवी पत्नी अंकित पाण्डेय को 572 मत मिला जिसमे शिवांगी सिंह अपने निकटतम प्रत्याशी निशा देवी को 351 मतों से पराजित कर प्रधान पद पर जीत हासिल की। शिवांगी सिंह के विजयी होने पर उनके समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ पड़ी तथा फुल मालाओं से जोरदार स्वागत किए। इस दौरान एडीओ पंचायत रविन्द्र कुमार, संतराज यादव, विरेन्द्र गुप्ता, रोहित सिंह सहित, अन्य समर्थक गण मौजूद रहे।

## प्रशिक्षण से महिला प्रधानों मे विकसित होगा नेतृत्व क्षमता : अजीत तिवारी

**लार।** राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान के अंतर्गत विकासखंड लार में महिला प्रधानों के क्षमता संवर्धन दो दिवसीय प्रशिक्षण का उद्घाटन हुआ। इस अवसर पर उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए खण्ड विकास अधिकारी संतोष कुमार ने कहा कि महिला सशक्तिकरण तथा महिला उत्थान के लिए महिलाओं का यह प्रशिक्षण मील का पत्थर साबित होगा। महिलाएं अपने अधिकारों तथा कर्तव्यों को जानने के बाद अपनी ग्राम पंचायत को सशक्त और सक्षम ग्राम पंचायत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे, तथा स्वतंत्र रूप से अपने ग्राम पंचायत के निर्णय में भागीदारी सुनिश्चित कर सकेंगी साथ ही जेंडर आधारित भेदभाव को दूर करने में समाज में अग्रणी भूमिका निभा सकेंगी। इसके पश्चात राज्य प्रशिक्षक अजीत तिवारी ने पंचायत की संरचना,पंचायती राज व्यवस्था ग्राम सभा तथा ग्राम पंचायत की बैठक कोरम गणपूर्ति तथा सूचना के साथ-साथ समितियां उसके गठन उसके कार्य दायित्व एवं कोरम के संदर्भ में उपस्थित ग्राम प्रधानों को विस्तार से जानकारी प्रदान किया।

# महाकुंभ अमृत गंगा सम्मान से अखिलेंद्र शाही सम्मानित




**देवरिया अवधनामा संवाददाता।** गंगा विश्व धरोहर मंच, नीला फाउंडेशन, रसायन विज्ञान विभाग सी एम पी डिग्री कॉलेज प्रयागराज के संयुक्त तत्वाधान में आयोजन हुआ। डॉ शंभू नौटियाल संयोजक गंगा विश्व धरोहर मंच एवं रेडक्रॉस उत्तर प्रदेश के संयुक्त तत्वाधान में गंगा संवाद राष्ट्रीय संगोष्ठी का विशाल कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी उत्तर प्रदेश की महासचिव डॉ हिमा बिंदु नायक, उपसभापति अखिलेंद्र शाही, महासचिव हरीश चंद्र शर्मा, रेडक्रॉस उत्तराखंड, डॉ रवींद्र शर्मा, मेला प्रभारी जयप्रकाश शुक्ला, महाकुंभ लेखाकार आरती श्रीवास्तव, रेडक्रॉस उत्तर प्रदेश , शंभू नौटियाल संयोजक गंगा विश्व धरोहर मंच आदि के संयुक्त दिशा निर्देशन में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम उपस्थिति जनों द्वारा गंगा विश्व धरोहर विषय पर चर्चा परिचर्चा की गई एवं उपस्थित जनों को गंगा को स्वच्छ बनाए रखने हेतु जागरूक किया गया। तत्पश्चात अखिलेंद्र शाही, जय प्रकाश शुक्ला, आरती श्रीवास्तव, रजनीश शर्मा, अधिवक्ता अनुराग सक्सेना, हरियांक सिंह, हीरांगिनी अनुराग, दीपिका सिंह, अंशिका श्रीवास्तव, अमृत लाल असिस्टेंट कमिश्नर सेंट जान एंबुलेंस झारखंड को गंगा विश्व धरोहर मंच, नीला फाउंडेशन, रसायन विज्ञान विभाग सी एम पी डिग्री कॉलेज प्रयागराज द्वारा सम्मानित किया गया।

# सांसद राहुल गांधी पहुंचे रायबरेली

अवधनामा संवाददाता

- अमर शहीद वीरा पासी सेवा संस्थान द्वारा आयोजित कार्यक्रम में पहुंचे राहुल गांधी




**रायबरेली।** जिले में अपने दो दिवसीय दौरे पर आए सांसद राहुल गांधी शुक्रवार को डलमऊ तहसील क्षेत्र के ग्राम सभा भीरा गोविंदपुर पहुंचे। जहां पर उन्होंने अमर शहीद वीरा पासी सेवा संस्थान के द्वारा आयोजित कार्यक्रम में भाग लिया। राहुल गांधी भीरा गोविंदपुर 12 बज कर 28 मिनट पर पहुंचे थे । इसी दौरान सर्वप्रथम राहुल गांधी ने बीरा पासी की जन्मस्थली भूमि पर निर्मित प्रतिमा पर माल्यार्पण किया इस दौरान पास में स्थित भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। कार्यक्रम के दौरान सांसद राहुल गांधी ने अमर शहीद वीरा पासी सामाजिक सेवा संस्थान के कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर वापस लौट गये । इस मौके पर जिला अध्यक्ष पंकज तिवारी पूर्व विधायक अशोक सिंह पूर्व प्रत्याशी सुधा द्विवेदी जिला सचिव संजय श्रीवास्तव ब्लॉक अध्यक्ष विनोद प्रताप सिंह जिला सचिव राजेंद्र मिश्रा चंद्रकांत द्विवेदी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

**6 वर्ष बीते नहीं पूरा किया वादा** – अमर शहीद वीरा पासी सेवा संस्थान संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष धीरज पासी ने कहा कि लगभग 6 वर्ष पूर्व, पूर्व सांसद सोनिया गांधी के प्रतिनिधि कल शर्मा ने कहा था कि वीरा पासी जन्मस्थली भूमि पर विशाल प्रतिमा व वीरा पासी द्वार का निर्माण कराने के लिए निधि से धन आवंटित किया जाएगा जिससे क्षेत्र का गौरव और वीरा पासी की पहचान बढ़ सके लेकिन अभी तक वादा पूरा नहीं किया गया। **कार्यकर्ताओं से नहीं मिले राहुल गांधी**– भीरा गोविंदपुर निवासी सूरजवती ने कहा कि वह पार्टी की सदस्य हैं सरकार द्वारा जारी किए गए बजट से असंतुष्ट हैं इस पर राहुल गांधी से मिलकर अपनी बात रखना चाहती थी मुलाकात ना होने से नाराजगी देखी गई।

सरोज कुमारी भीरा गोविंदपुर ने कहा कि वह राहुल गांधी से मिलकर गांव में विकास करवाने के लिए को लेकर बात करना चाहती थी, लेकिन मायूस लौट गई।

## महाशिवरात्रि पर्व की तैयारियों का लिया जायजा

**देवरिया अवधनामा संवाददाता।** महाशिवरात्रि पर्व को लेकर शुक्रवार को जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या एवं पुलिस अधीक्षक विक्रांत वीर ने दुग्धेश्वरनाथ मंदिर, रुद्रपुर, कचहरी रोड स्थित शिव मंदिर, देवरिया तथा सोमनाथ मंदिर, देवरिया का निरीक्षण किया। उन्होंने श्रद्धालुओं की सुविधा एवं सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए की जा रही बैरिकेडिंग व्यवस्था का जायजा लिया। दुग्धेश्वरनाथ मंदिर, रुद्रपुर के निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने नगर पंचायत को मजबूत बैरिकेडिंग लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने पार्किंग व्यवस्था, हेल्प डेस्क, महिला एवं पुरुषों के लिए अलग प्रवेश एवं निकासी द्वार सहित अन्य व्यवस्थाओं की समीक्षा की और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने चढ़ावे के जल की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित कराने, श्रद्धालुओं की सहायता के लिए अनाउंसमेंट की व्यवस्था करने तथा लाउडस्पीकर पर शिव भजन प्रसारित करने के निर्देश भी दिए।



# संविलियन विद्यालय लक्ष्मनपुर शंकरपुर का डीएम ने किया निरीक्षण

- गणित व अंग्रेजी में छात्राओं ने दिखायी प्रतिभा
- छात्रा मुस्कान व सोनी को डीएम ने दी शाबाशी



**अवधनामा संवाददाता**

**बहराइच।** परिषदीय विद्यालयों के शिक्षण कार्य की गुणवत्ता, शिक्षक-शिक्षिकाओं व छात्र-छात्राओं की उपस्थिति, मध्यान्ह भोजन, निःशुल्क पुस्तक एवं ड्रेस वितरण, आधार फीडिंग, विद्यालय परिसर की साफ-सफाई तथा भवन इत्यादि का जायज़ा लेने के उद्देश्य से जिलाधिकारी मोनिका रानी ने विकास खण्ड रिसिया अन्तर्गत पीएम श्री संविलियन विद्यालय लक्ष्मनपुर शंकरपुर का औचक निरीक्षण किया। विद्यालय के निरीक्षण के दौरान डीएम ने कक्षा 08 की छात्रा मुस्कान से ब्लैक बोर्ड पर गुणा से सम्बन्धित प्रश्न हल करवाया जबकि कक्षा 07 की छात्रा से अंग्रेज़ी में ऐलीफेन्ट लिखने को कहा। बच्चों द्वारा सही उत्तर देने पर डीएम ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए सभी छात्र-छात्राओं से ताली बजवाकर बच्चों की हौसला अफज़ाई की। विद्यालय के निरीक्षण के दौरान प्रभारी प्रधानाध्यापक अजय कुमार शर्मा ने बताया कि विद्यालय में सहायक अध्यापक अमित कुमार व सरिता शर्मा तथा शिक्षा मित्र सुमन यादव व वसीम अली तैनात है। छात्र-छात्राओं के नामांकन एवं उपस्थिति में बाबत जानकारी करने पर बताया गया कि प्राथमिक स्तर पर 45 छात्र व 52 छात्राएं कुल 97 बच्चे पंजीकृत है जिसमें से 24 छात्र व 30 छात्राएं उपस्थित हैं। इसी प्रकार जूनियर स्तर 85 छात्र व 92 छात्राएं कुल 177 बच्चे पंजीकृत है जिसमें से 41 छात्र व 51 छात्राएं उपस्थित हैं। डीएम ने विद्यालय परिसर का निरीक्षण करते हुए डीएम ने नवनिर्मित कक्ष-कक्षा, दिव्यांग शौचालय, किचेन गार्डेन, रसोई घर का निरीक्षण कर एमडीएम में तैयार की गई तहरी की गुणवत्ता को परखा तथा रसोई घर में उपलब्ध बर्तनों व उपकरणों तथा प्रयोग में लाये जाने वाले खाद्य पदार्थों के बारे में भी जानकारी प्राप्त की।

## वालंटिर्यस ने की कुष्ठ आश्रम की साफ सफाई

**शिकोहाबाद।** एके कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना की दोनो इकाइयो का संयुक्त चतुर्थ एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें स्वच्छता के प्रति लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से रैली निकाली। इसके बाद वालंटियर्सने कुष्ठ आश्रम में पहुंच कर आश्रम परिसर की साफ सफाई की। राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी डॉ संजीव कुमार यादव व विमल कुमार के मार्गदर्शन में चतुर्थ एक दिवसीय शिविर आयोजित किया गया। जिसकी शुरुआत एनएसएस गीत के साथ की गई। कार्यक्रम के अगले चरण में प्राचार्य प्रोफेसर दीदार सिंह यादव तथा कार्यक्रम अधिकारियों द्वारा एनएसएस ध्वज दिखाकर नशामुक्ति व स्वच्छता जागरुकता अभियान के तहत रैली को रवाना किया। दोनो कार्यक्रम अधिकारी तथा अन्य शिक्षक साथियो के सहयोग से रैली महाविद्यालय से गणेश कुष्ठ आश्रम के लिये रवाना हुई।

## लूट-चोरी की योजना बनाता बाल अपचारी पुलिस गिरफ्त में

**अवधनामा संवाददाता**

**फिरोजाबाद।** थाना नारखी पुलिस टीम द्वारा एक बाल अपचारी को पुलिस अभिरक्षा में व एक अभियुक्त को लूट/चोरी की योजना बनाते हुए गिरफ्तार किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद फिरोजाबाद द्वारा रोकथाम जुर्म व कानून एवं शान्ति व्यवस्था बनाये रखने हेतु चलाये गये चौकिंग अभियान के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक नगर के पर्यवेक्षण में व क्षेत्राधिकारी टूण्डला के नेतृत्व में थाना नारखी पुलिस टीम द्वारा 01 अभियुक्त दीपक पुत्र किताब सिंह निवासी बछगाँव थाना नारखी जनपद फिरोजाबाद को गिरफ्तार किया गया है व 02 नफर बाल अपचारी को असन चौराहे के पास बनी दुकानो के पीछे थाना क्षेत्र नारखी जनपद फिरोजाबाद से 21.02.2025 को चोरी की योजना बनाते हुए पुलिस अभिरक्षा में लिया गया है, कब्जे से हथौडा, सुम्मी, पेचकस, चाबी का गुच्छा (तीन चाबी), आरी का ब्लेड साबुत तथा आरी का ब्लैड टूटा बरामद हुए। बरामदगी व गिरफ्तारी के आधार पर उक्त घटना के सम्बन्ध में थाना हाजा पर मुअसं 41/25 धारा 313 बीएनएस पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तार करने वाली थाना नारखी पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार शर्मा, निरीक्षक अपराध दिनेश कुमार वर्मा, उ.नि. गौरव कुमार चौहान, उ.नि. विजय चौधरी, उ.नि. विशाल सोरान, उ.नि. अनेक भारद्वाज सम्मिलित रहे।

# जनपद में बनाएं मॉडल सोलर गांवः सीडीओ

**अवधनामा संवाददाता**

**फिरोजाबाद।** मुख्य विकास अधिकारी शत्रोहन वैश्य की अध्यक्षता में पीएम सूर्य घर योजना, सामूहिक विवाह योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, महाशिवरात्रि के अवसर पर सफाई व्यवस्था, गांव में पुस्तकालय और खेल के मैदान के संचालन की स्थिति, अंत्येष्टि स्थल के संचालन की स्थितियों की समीक्षा विकास भवन सभागार कक्ष में की गई। पीएम सूर्य घर योजना के अंतर्गत जनपद में एक मॉडल सोलर गांव बनाया जाए, इसके लिए एक जिला स्तरीय कमेटी गठित की जाए, जो घर-घर जाकर ग्राम वासियों एवं ग्राम पंचायत सदस्यों को पीएम सूर्य योजना एवं अन्य सौर योजनाओं के संबंध में जागरूक कर सकें, मुख्य विकास अधिकारी ने बताया कि इस योजना हेतु प्रत्येक मॉडल सोलर ग्राम के लिए भारत सरकार द्वारा रुपए एक करोड़ वित्तीय सहायता का प्रावधान किया गया है, इसमें सार्वजनिक प्रयोजनों के लिए शत-प्रतिशत वित्तीय सहायता सरकारी समितियां एवं श्रम सहायता समूह कोऑपरेटिव सोसायटी तथा डेयरी, मत्स्य पालन आदि के लिए 10 प्रतिशत धनराशि लाभार्थी संस्था से लिया जाएगा और शेष वित्तीय सहायता केंद्र सरकार द्वारा प्रदान की जाएगी। मुख्य विकास अधिकारी ने इसके अतिरिक्त आयुष्मान कार्ड को शीघ्र अति शीघ्र बनाने हेतु निर्देशित किया जिससे इसका लाभ जरूरतमंदों को मिल सके, इसके अलावा प्रत्येक ग्राम में पुस्तकालय और खेल के मैदानों का निर्माण हो, जिसके लिए मुख्य विकास अधिकारी ने निर्देशित किया, उन्होंने कहा कि जिलाधिकारी का निर्देश है कि प्रत्येक ग्राम में पुस्तकालय और खेल के मैदान अवश्य निर्मित हो, इसमें किसी भी प्रकार की कोई लापरवाही न हो, इसके अलावा फार्मर रजिस्ट्री का कार्य भी प्राथमिकता के तौर पर कराया जाएं, परियोजना निदेशक सुभाष चंद्र त्रिपाठी ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास सर्वे का कार्य लगातार चल रहा है, परंतु कुछ ब्लॉक इसमें लापरवाही बरत रहे हैं, मुख्य विकास अधिकारी ने उन ब्लॉकों को निर्देशित करते हुए कहा कि जहां पर कार्य की प्रगति ठीक नहीं है, वहां की स्थितियां यदि शीघ्र ठीक नहीं कराई गई, तो उन पंचायतों के सचिव, खंड विकास अधिकारियों पर कार्यवाही कराई जाएगी, इस अवसर पर सभी 9 विकास खण्डों के 18 प्रधानों को मुख्य विकास अधिकारी के द्वारा प्रशस्ति पत्र व चेक देकर सम्मानित किया गया, इस अवसर पर जिला पंचायत अधिकारी, परियोजना निदेशक, खादी ग्रामोद्योग अधिकारी आदि मौजूद रहें।

## महाशिवपुराण भागवत का आज से शुभारंभ

**मैनपुरी।** भीमसेन मंदिर से कलश यात्रा का शुभ आरंभ हुआ इस कलश यात्रा में 1100 कलश का प्रावधान किया गया यह कलश यात्रा 1ः00 बजे भीमसेन मंदिर के प्रांगण से शुरू हुई इस यात्रा में माता बहनों ने बड़े उत्साह से और जोर-शोर से भाग लिया महाराज जी कौशिक जी महाराज का रस फूलों से सजाकर और कैरतों पर अलग-अलग कार्यक्रम हुए एक पर सुंदरकांड दूसरे पर तांडव नृत्य और बैंड बाजे के साथ पूरे शहर में यह कलश यात्रा निकाली गई महाराज जी का स्वागत जगह-जगह किया गया लगभग 101 स्थान पर महाराज जी का फूल माला चढ़कर और आरती पूजन करके स्वागत किया गया कल 1ः00 बजे से इस कथा का डायरेक्ट संस्कार चैनल पर प्रसारण किया जाएगा इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए संयोजक कौशलेंद्र दीक्षित और सचिव संदीप चतुर्वेदी ने बहुत मेहनत और कोशिश की है वैसे तो पूरी कमेटी ही कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए प्रयासरत है संजीव भाई जी गया प्रसाद दुबे किशन दुबे अशोक गुप्ता पप्पू बीनू बंसल आलोक गुप्ता साधना गुप्ता राधा रानी दुबे सीमा चौहान आज ने इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए बहुत कोशिश की है कल 1:00 बजे से शिव पुराण का प्रारंभ हो जाएगा और 4:00 बजे इसका समापन है।

# ग्रामीणों की समस्याओं के समाधान का दिया आश्वासन



**अवधनामा संवाददाता**

**शिकोहाबाद।** रामपाल सिंह यादव (प्रभारी उत्तर प्रदेश एवं महाराष्ट्र, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ओबीसी, सदस्य भारत सरकार) के भरतपुर आगमन पर उनका भव्य स्वागत किया गया। सर्किट हाउस, भरतपुर में प्रकाश चंद्र सैनी (भरतपुर नगर), ओम प्रकाश शर्मा (भरतपुर), रामदयाल चौधरी (जीवट, भरतपुर), लक्ष्मण सिंह (ललिता मुड़िया), राकेश (एडवोकेट) सहित अन्य गणमान्य नागरिकों ने अंग वस्त्र और चांदी का मुकुट पहनाकर उनका सम्मान किया। इस दौरान ग्रामीणों ने ग्राम मुडिया ललिता, तहसील वैर में पानी की विकराल समस्या सहित अन्य जनहित से जुड़ी समस्याओं से उन्हें अवगत कराया। इसके पश्चात रामपाल सिंह यादव भरतपुर जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचे, जहां उन्होंने ग्रामीणों की पानी की समस्या को प्राथमिकता से उठाया। उन्होंने बताया कि ग्राम मुडिया ललिता में पीने के पानी की कोई व्यवस्था नहीं है, जिससे ग्रामीणों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। इस मुद्दे पर जिलाधिकारी ने गंभीरता दिखाई और जल्द समाधान का आश्वासन दिया। इसके बाद विभिन्न स्थानों पर रामपाल सिंह यादव का गर्मजोशी से स्वागत हुआ। कार्यक्रम के दौरान कैलाश शर्मा एडवोकेट, चंद्रप्रकाश शर्मा (जिला मंत्री, भरतपुर) और कैलाश शर्मा की पत्नी ने अपने निवास, विधायक कॉलोनी, भरतपुर में उनका सम्मान किया। उन्होंने अपने निवास पर रामपाल सिंह यादव का स्वागत कर उन्हें भोजन भी कराया। इस अवसर पर उपस्थित जनसमूह ने रामपाल सिंह यादव का आभार जताया और आशा व्यक्त की कि उनके प्रयासों से ग्राम मुडिया ललिता समेत अन्य प्रभावित क्षेत्रों की समस्याओं का शीघ्र समाधान होगा।


रेलयात्री कृपया ध्यान दें!

# महाकुम्भ मेला विशेष रेलगाड़ियां

**महाकुम्भ मेला–2025** के दौरान रेलयात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे द्वारा नियमित रेलगाड़ियों के अलावा विभिन्न विशेष रेलगाड़ियों का भी संचालन किया जा रहा है। इन विशेष रेलगाड़ियों का तिथिवार विवरण निम्नानुसार हैः–

**दिनांक 22.02.2025 (शनिवार) को चलने वाली विशेष रेलगाड़ियाँ**

| विशेष गाड़ी सं. | स्टेशन से | प्रस्थान समय | स्टेशन तक | आगमन समय | ठहराव |
|---|---|---|---|---|---|
| 04210 | प्रयागराज संगम | 11:15 | जौनपुर जं. | 14:00 | प्रयाग जं., फाफामऊ जं., फूलपुर, जंघई जं. एवं मड़ियाहूँ स्टेशन |
| 04209 | जौनपुर जं. | 14:15 | प्रयागराज संगम | 17:15 | |
| 04202 | प्रयागराज संगम | 12:20 | आलमनगर | 17:00 | प्रयाग जं., कुण्डा हरनामगंज, ऊंचाहार जं., रायबरेली जं., बछरावां एवं उतरेटिया जं. स्टेशन |
| 04201 | आलमनगर | 19:15 | प्रयागराज संगम | 23:25 | |
| 04206 | प्रयागराज संगम | 13:30 | अयोध्या कैंट | 17:00 | प्रयाग जं., माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुल्तानपुर स्टेशन |
| 04205 | अयोध्या कैंट | 08:45 | प्रयागराज संगम | 12:15 | |
| 04251 | प्रयाग जं. | 20:30 | अयोध्या कैंट | 23:55 | फाफामऊ जं., माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुल्तानपुर स्टेशन |
| 04252 | अयोध्या कैंट | 15:45 | प्रयाग जं. | 19:55 | |
| 04253 | फाफामऊ जं. | 11:15 | अयोध्या कैंट | 14:45 | माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुल्तानपुर स्टेशन |
| 04254 | अयोध्या कैंट | 06:15 | फाफामऊ जं. | 10:15 | |
| 04255 | प्रयाग जं. (रिंग रेल) | 05:35 | प्रयाग जं. (रिंग रेल) | 21:30 | फाफामऊ जं., मऊ आइमा, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., चिलबिला जं., खुन्डौर, सुल्तानपुर, कूड़ेभार, खजुरहट, भरतकुण्ड, अयोध्या कैंट, सलारपुर, सोहावल, देवराकोट, बड़ा गाँव, रुदौली, रौजागाँव, पटरंगा, दरियाबाद, सैदखानपुर, सफदरगंज, रसौली, बाराबंकी जं., सफेदाबाद, मल्हौर, लखनऊ, उतरेटिया जं., मोहनलालगंज, कनकहा, निगोहाँ, श्रीराजनगर, बछरावाँ, कुनियनगंज, हरचन्दपुर, गंगागंज, राय बरेली जं., रूपामऊ, फुरसतगंज, जायस, बनी, गौरीगंज, तालाखजुरी, अमेठी, मिसरौली, माँ चंडिका देवी धाम अन्तू, जगेशरगंज, चिलबिला जं., माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., शनिदेव धाम बिशनाथगंज, मऊ अइमा, सेवाइत व फाफामऊ जं. स्टेशन |
| 04526 | बठिण्डा | 04:30 | फाफामऊ जं. | 23:55 | रामपुरा फूल, बरनाला, धुरी जं., पटियाला, राजपुरा जं., अंबाला कैंट जं., यमुनानगर जगाधरी, सहारनपुर जं., रूड़की, लक्सर जं., नजीबाबाद जं., मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर, हरदोई, लखनऊ जं. एवं रायबरेली जं. स्टेशन |
| 04065 | फाफामऊ जं. | 23:30 | दिल्ली जं. | 13:40 | रायबरेली जं., लखनऊ, हरदोई, शाहजहाँपुर, बरेली, रामपुर, मुरादाबाद, अमरोहा, गजरौला जं., गढ़मुक्तेश्वर, हापुड़, गाजियाबाद एवं नई दिल्ली स्टेशन |
| 04661 | फाफामऊ जं. | 06:30 | अमृतसर | 04:15 | रायबरेली जं., लखनऊ शाहजहाँपुर, बरेली जं., रामपुर, मुरादाबाद, अमरोहा, गजरौला, गढ़मुक्तेश्वर, हापुड़, मेरठ सिटी, मुजफ्फरनगर, देवबंद, सहारनपुर, यमुनानगर जगाधरी, अम्बाला छावनी, राजपुरा, सरहिंद, ढंडारी कलां, जालंधर सिटी एवं ब्यास स्टेशन |
| 04612 | फिरोजपुर कैंट | 13:25 | फाफामऊ जं. | 11:30 | फरीदकोट, कोट कपूरा, बठिंडा, धुरी जं., पटियाला, राजपुरा जं., अंबाला कैंट जं., सहारनपुर जं., रूड़की, मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर, लखनऊ जं. एवं रायबरेली जं. स्टेशन |
| 04621 | अयोध्या धाम जं. | 10:00 | अमृतसर जं. | 08:45 | लखनऊ, शाहजहाँपुर, बरेली, मुरादाबाद, नजीबाबाद जं., सहारनपुर, अंबाला कैंट जं., धुरी जं., लुधियाना जं., जलंधर सिटी एवं जंडियाला स्टेशन |
| 08253 | बिलासपुर जं. | 08:15 | वाराणसी | 10:00 | राजपुर जं.,दुर्ग, राजनांदगांव, गोंदिया जं., बालाघाट जं., नैनपुर जं., जबलपुर, कटनी, मैहर, सतना, मानिकपुर जं., प्रयागराज छिवकी, मिर्जापुर एवं चुनार स्टेशन |
| 02417 | सूबेदारगंज | 21:35 | दिल्ली जं. | 08:55 | फतेहपुर, गोविंदपुरी, इटावा, टूंडला एवं अलीगढ स्टेशन |
| 02418 | दिल्ली जं. | 09:30 | सूबेदारगंज | 19:40 | |
| 05011 | गोरखपुर जं. | 14:30 | अयोध्या कैंट | 19:35 | सहजनवा, मगहर, खलीलाबाद, बस्ती, बभनान, स्वामी नारायण छपिया, मसकनवां, मनकापुर जं. एवं अयोध्या धाम जं. स्टेशन |
| 05012 | अयोध्या कैंट | 21:50 | गोरखपुर जं. | 04:30 | |
| 04117 | प्रयागराज जं. | 22:20 | अयोध्या कैंट | 03:20 | प्रयाग जं., फाफामऊ जं., मऊ आइमा, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुल्तानपुर स्टेशन |
| 04118 | अयोध्या कैंट | 05:15 | प्रयागराज जं. | 10:15 | |
| 04111 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 06:00 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 18:50 | प्रयागराज रामबाग, झूँसी जं., हंडिया खास, ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, भदोही, जंघई जं., मड़ियाहूँ, जफराबाद जं., जौनपुर जं., शाहगंज जं., अकबरपुर, गोशाईगंज, अयोध्या धाम जं., अयोध्या कैंट, सुल्तानपुर , माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., मऊ आइमा, फाफामऊ जं. एवं प्रयाग जं. स्टेशन |
| 04112 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 06:30 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 21:00 | |
| 04113 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 17:30 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 07:45 | प्रयागराज रामबाग, झूँसी जं., हंडिया खास, ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, भदोही, जंघई जं., मड़ियाहूँ, जफराबाद जं., जौनपुर जं., शाहगंज जं., अकबरपुर, गोशाईगंज, अयोध्या धाम जं., अयोध्या कैंट, सुल्तानपुर, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., मऊ आइमा, फाफामऊ जं. एवं प्रयाग जं. स्टेशन |
| 04114 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 17:45 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 08:00 | |
| 04120 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 13:30 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 04:00 | प्रयाग जं., फाफामऊ जं., मऊ आइमा, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., सुल्तानपुर, अयोध्या कैंट, अयोध्या धाम जं., गोशाईगंज, अकबरपुर, शाहगंज जं., जौनपुर जं., ज़फराबाद जं., मड़ियाहूँ, जंघई जं., भदोही, बनारस, माधोसिंह, ज्ञानपुर रोड, हंडिया खास, झूँसी जं. एवं प्रयागराज रामबाग स्टेशन |
| 05104 | प्रयागराज रामबाग (रिंग रेल) | 10:30 | प्रयागराज रामबाग (रिंग रेल) | 04:30 | झूसी जं., ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, भदोही, जंघई जं., मां बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., चिलबिला जं., सुल्तानपुर जं., खजुरहट, अयोध्या कैंट, अयोध्या धाम जं., मनकापुर जं., स्वामी नारायण छपिया, बभनान, बस्ती, खलीलाबाद, गोरखपुर जं., चौरी चौरा, गौरी बाजार, देवरिया सदर, भटनी जं., सलेमपुर जं., बेलथरा रोड, मऊ जं., दुल्लहपुर जं. औड़िहार जं., सारनाथ, वाराणसी सिटी, वाराणसी जं., बनारस, माधोसिंह, ज्ञानपुर रोड और झूसी जं. स्टेशन |
| 05150 | गोरखपुर जं. | 19:30 | झूसी जं. | 04:00 | चौरी चौरा, गौरी बाजार, देवरिया सदर, भटनी जं., सलेमपुर जं., लार रोड, बेलथरा रोड, इन्दारा जं., मऊ जं., दुल्लहपुर, औड़िहार जं., वाराणसी सिटी, वाराणसी जं., बनारस एवं ज्ञानपुर रोड स्टेशन |
| 05149 | झूसी जं. | 11:15 | गोरखपुर जं. | 20:00 | |
| 05152 | गोरखपुर जं. | 23:45 | झूसी जं. | 08:00 | चौरी चौरा, गौरी बाजार, देवरिया सदर, भटनी जं., सलेमपुर जं., लार रोड, बेलथरा रोड, इन्दारा जं., मऊ जं., दुल्लहपुर, औड़िहार जं., वाराणसी सिटी, वाराणसी जं., बनारस एवं ज्ञानपुर रोड स्टेशन |
| 05151 | झूसी जं. | 15:15 | गोरखपुर जं. | 23:45 | |
| 05101 | झूँसी जं. (रिंग रेल) | 09:00 | झूँसी जं. (रिंग रेल) | 04:15 | ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, वाराणसी जं., वाराणसी सिटी, सारनाथ, औडिहार जं., गाजीपुर सिटी, युसूफपुर, चित बड़ागांव, बलिया, सुरेमनपुर, छपरा, छपरा कचहरी, मढ़ौरा, मशरख, दिघवा दुबौली, सिधवलिया, रतन सराय, गोपालगंज, थावे, हथुआ, सीवान, मैरवा, भाटपार रानी, भटनी, सलेमपुर, बेलथरा रोड, इंदारा, मऊ, दुल्लहपुर, जखनियां, औड़िहार, सारनाथ, वाराणसी सिटी, वाराणसी जं., बनारस, माधोसिंह एवं ज्ञानपुर रोड स्टेशन |
| 05102 | झूँसी जं. (रिंग रेल) | 14:30 | झूँसी जं. (रिंग रेल) | 09:00 | |
| 09802 | बनारस | 14:45 | सोगरिया | 15:45 | वाराणसी, चुनार जं., मिर्जापुर,, प्रयागराज छिवकी, मानिकपुर जं., मझगवां, जैतवार, सतना, मैहर, झुकेही, कटनी, रीठी, बांदकपुर, दमोह, पथरिया, गणेशगंज, गिरवर, सागर, नरयावली, खुरई, बीना मालखेड़ी, मुंगावली, अशोक नगर, गुना, रुठियाई, छबड़ा गुगोर, अटरू, बारां एवं अन्ता। |
| 01034 | मऊ जं. | 23:50 | छत्रपति शिवाजी महाराज(टर्मि.) | 14:30 | आजमगढ़, शाहगंज जं., वाराणसी, चुनार, मिर्जापुर, प्रयागराज छिवकी, मानिकपुर जं., सतना, मैहर, कटनी, जबलपुर, नरसिंहपुर, पिपरिया, इटारसी जं., बानापुरा, हरदा, खिरकिया, छनेरा, तलवड़िया, खंडवा जं., भुसावल जं., जलगांव जं., मनमाड जं., नासिक रोड, इगतपुरी, कल्याण जंक्शन, ठाणे और दादर स्टेशन |
| 01456 | मऊ जं. | 23:50 | पुणे जं. | 15:45 | आज़मगढ़, शाहगंज जं., वाराणसी जं., चुनार जं., मिर्जापुर, प्रयागराज छिवकी, मानिकपुर जं., सतना, मैहर, कटनी, जबलपुर, नरसिंहपुर, पिपरिया, इटारसी जं., बानापुरा, हरदा, खिरकिया, छनेरा, तलवड़िया, खंडवा, भुसावल जं., जलगांव, मनमाड जं., बेलापुर, अहमदनगर एवं दौंड कॉर्ड लाइन स्टेशन |
| 09371 | डॉ. अम्बेडकर नगर | 13:45 | बलिया | 19:15 | इंदौर जं., उज्जैन जंक्शन, शुजालपुर, संत हिरदाराम नगर, विदिशा, गंज बासौदा, बीना जं., ललितपुर, विरांगना लक्ष्मीबाई झांसी, उरई, गोविन्दपुरी, फतेहपुर, प्रयागराज जं., मिर्जापुर, चुनार जं., वाराणसी जं., जौनपुर जं., औड़िहार जं. एवं गाजीपुर सिटी स्टेशन |
| 03409 | मालदा टाउन | 20:45 | प्रयागराज रामबाग | 17:15 | न्यू फरक्का जं., बरहरवा जं., साहिबगंज जं., कहलगांव, भागलपुर, सुल्तानगंज, जमालपुर जं., अभयपुर, किऊल जं., मोकामा, बाढ़, बख्तियारपुर जं., राजेंद्र नगर, पटना जं., दानापुर, आरा, बक्सर, पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., वाराणसी जं. एवं बनारस स्टेशन |
| 06002 | गोमती नगर | 03:45 | पुरट्चि तलैवर डॉ. एम. जी. रामचंद्रन सेंट्रल | 23:55 | अयोध्या धाम जं., वाराणसी जं., चुनार जं., मिर्जापुर, प्रयागराज छिवकी जं., मानिकपुर जं., सतना जं., मैहर, कटनी जं., जबलपुर, नैनपुर, बालाघाट जं., गोंदिया जं., बल्हारशाह, सिरपूर कागजनगर, वरंगल, खम्मम, विजयवाड़ा जं., न्यू गुंटूर, तेनाली जं., चीराला, ओंगोल, नेल्लूर एवं गुडूर जं.स्टेशन। |
| 05295 | दरभंगा जं. | 21:00 | झूँसी | 10:00 | समस्तीपुर जं., ढ़ोली, मुज़फ्फरपुर जं., हाजीपुर जं., सोनपुर जं., दिघवारा, छपरा, बलिया, गाजीपुर सिटी, औड़िहार जं., वाराणसी जं. एवं ज्ञानपुर रोड स्टेशन |
| 07086 | आजमगढ़ | 19:45 | विजयवाड़ा | 07:30 | शाहगंज जं., वाराणसी जं., प्रयागराज छिवकी, मानिकपुर जं., सतना, मैहर, कटनी, जबलपुर, नरसिंहपुर, पिपरिया, इटारसी जं., नागपुर, चंद्रपुर, बल्हारशाह, सिरपुर कागजनगर, मंचिर्याल, रामगुंडम, वरंगल एवं खम्मम स्टेशन |
| 04815 | जोधपुर जं. | 16:20 | पाटलिपुत्र | 02:00 | गोटन, मेड़ता रोड जं., डेगाना जं., बड़ी खाटू, छोटी खाटू, डीडवाना, लाडनूं, सुजानगढ़, रतनगढ़ जं., चूरू, सादुलपुर जं., लोहारू, सतनाली, महेंद्रगढ़, रेवाडी जं., गुड़गांव, दिल्ली कैंट, दिल्ली जं., गाजियाबाद, अलीगढ जं., टूंडला जं., इटावा जं., गोविंदपुरी, फतेहपुर, प्रयागराज जं., मिर्जापुर, पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा एवं दानापुर स्टेशन |
| 09139 | विश्वामित्री | 08:35 | बलिया | 20:30 | वडोदरा जं., गोधरा जं., दाहोद, रतलाम जं., नागदा जं., उज्जैन जं., शुजालपुर, संत हिरदाराम नगर, विदिशा, गंज बासौदा, बीना जं., ललितपुर, वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी जं., उरई, गोविंदपुरी, फतेहपुर, प्रयागराज जं., मिर्जापुर, चुनार, वाराणसी, जौनपुर जं., औडिहार जं. और गाजीपुर सिटी स्टेशन। |
| 05207 | बरौनी जं. | 16:30 | झूँसी | 05:30 | बछवारा जं., विद्यापतिधाम, शाहपुर पटोरी, महनार रोड, देसरी, अक्षयवट राय नगर, हाजीपुर जं., सोनपुर जं., छपरा, बलिया, गाजीपुर सिटी, औड़िहार जं., वाराणसी और ज्ञानपुर रोड स्टेशन। |
| 07107 | तिरुपति | 20:55 | बनारस | 15:45 | गुडूर जं., नेल्लूर, ओंगोल, चीराला, तेनाली जं., विजयवाड़ा जं., एलुरु, ताडेपल्लिगुडेम, निडदवोल जं., राजमुंद्री, समालकोट जं., अन्नवरम, इलामंचिली, अनाकापल्ले, दुव्वाडा, पेंदुर्ती, कोट्टावलसा, विजयनगरम जं., बोब्बिली, पार्वतीपुरम, रायगढ़ा, मुनिगुड़ा, केसिंगा, टिटलागढ़, बलांगीर, बरगढ़ रोड, संबलपुर जं., झारसुगुड़ा जं., राउरकेला, हटिया, रांची, मुरी जं., बरका काना, तोरी, लातेहार, बरवाडीह जं., डाल्टनगंज, गढ़वा रोड जं., जपला, सोन नगर, डेहरी ऑन सोन, सासाराम, भभुआ रोड, चंदौली मझवार, पं. दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन, काशी एवं वाराणसी स्टेशन |
| 08588 | विशाखपट्टणम | 22:20 | गोरखपुर जं. | 19:30 | विजयनगरम जं., श्रीकाकुलम रोड, पलासा, ब्रह्मपुर, छत्रपुर, बालुगाँव, खोरधा रोड जं., भुवनेश्वर, नराज मार्थापुर, ढेंकानाल, अनुगुल, बोइण्डा, रेढ़ाखोल, सम्बलपुर सिटी, झारसुगुड़ा रोड, रायगढ़, चाँपा, बिलासपुर जं., पेन्ड्रा रोड, अनूपपुर जं., शहडोल, उमरिया, कटनी, मैहर, सतना, मानिकपुर जं., प्रयागराज छिवकी, मिर्ज़ापुर, चुनार, वाराणसी जं., जौनपुर जं., मऊ जं. एवं देवरिया सदर स्टेशन। |

**दिनांक 23.02.2025 (रविवार) को चलने वाली विशेष रेलगाड़ियाँ**

| विशेष गाड़ी सं. | स्टेशन से | प्रस्थान समय | स्टेशन तक | आगमन समय | ठहराव |
|---|---|---|---|---|---|
| 04210 | प्रयागराज संगम | 11:15 | जौनपुर जं. | 14:00 | प्रयाग जं., फाफामऊ जं., फूलपुर, जंघई जं. एवं मड़ियाहूँ स्टेशन |
| 04209 | जौनपुर जं. | 14:15 | प्रयागराज संगम | 17:15 | |
| 04202 | प्रयागराज संगम | 12:20 | आलमनगर | 17:00 | प्रयाग जं., कुण्डा हरनामगंज, ऊंचाहार जं., रायबरेली जं., बछरावां एवं उतरेटिया जं. स्टेशन |
| 04201 | आलमनगर | 19:15 | प्रयागराज संगम | 23:25 | |
| 04206 | प्रयागराज संगम | 13:30 | अयोध्या कैंट | 17:00 | प्रयाग जं., माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुल्तानपुर स्टेशन |
| 04205 | अयोध्या कैंट | 08:45 | प्रयागराज संगम | 12:15 | |
| 04251 | प्रयाग जं. | 20:30 | अयोध्या कैंट | 23:55 | फाफामऊ जं., माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुल्तानपुर स्टेशन |
| 04252 | अयोध्या कैंट | 15:45 | प्रयाग जं. | 19:55 | |
| 04253 | फाफामऊ जं. | 11:15 | अयोध्या कैंट | 14:45 | माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुल्तानपुर स्टेशन |
| 04254 | अयोध्या कैंट | 06:15 | फाफामऊ जं. | 10:15 | |
| 04255 | प्रयाग जं. (रिंग रेल) | 05:35 | प्रयाग जं. (रिंग रेल) | 21:30 | फाफामऊ जं., मऊ आइमा, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., चिलबिला जं., खुन्डौर, सुल्तानपुर, कूड़ेभार, खजुरहट, भरतकुण्ड, अयोध्या कैंट, सलारपुर, सोहावल, देवराकोट, बड़ा गाँव, रुदौली, रौजागाँव, पटरंगा, दरियाबाद, सैदखानपुर, सफदरगंज, रसौली, बाराबंकी जं., सफेदाबाद, मल्हौर, लखनऊ, उतरेटिया जं., मोहनलालगंज, कनकहा, निगोहाँ, श्रीराजनगर, बछरावाँ, कुनियनगंज, हरचन्दपुर, गंगागंज, राय बरेली जं., रूपामऊ, फुरसतगंज, जायस, बनी, गौरीगंज, तालाखजुरी, अमेठी, मिसरौली, माँ चंडिका देवी धाम अन्तू, जगेशरगंज, चिलबिला जं., माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., शनिदेव धाम बिशनाथगंज, मऊ अइमा, सेवाइत व फाफामऊ जं. स्टेशन |
| 04525 | फाफामऊ जं. | 06:30 | बठिण्डा जं. | 01:10 | रायबरेली जं., लखनऊ, हरदोई, शाहजहाँपुर जं., बरेली जं., मुरादाबाद जं., नजीबाबाद जं., लक्सर जं., रूड़की, सहारनपुर जं., यमुनानगर जगाधरी, अंबाला कैंट जं., राजपुरा जं., पटियाला, धुरी जं., बरनाला और रामपुरा फूल स्टेशन |
| 04528 | अम्ब अन्दौरा | 22:05 | फाफामऊ जं. | 18:00 | ऊना हिमाचल, नंगल डैम, आनंदपुर साहिब, रूपनगर, मोरिंडा जं., चंडीगढ़ जं., अम्बाला कैंट जं., यमुनानगर जगाधरी, सहारनपुर जं., रूड़की, नजीबाबाद जं., मुरादाबाद जं., बरेली जं., शाहजहाँपुर, लखनऊ और रायबरेली जं. स्टेशन |
| 04316 | देहरादून | 08:10 | फाफामऊ जं. | 23:50 | हरिद्वार, नजीबाबाद जं., मुरादाबाद जं., बरेली जं., लखनऊ एवं रायबरेली जं. स्टेशन |
| 04613 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 03:50 | फाफामऊ जं. | 04:25 | शहीद कैप्टन तुषार महाजन, जम्मू तवी, कठुवा, पठानकोट कैंट, जलंधर कैंट, लुधियाना जं., अंबाला कैंट जं., सहारनपुर जं., रुड़की, मुरादाबाद, बरेली, लखनऊ जं. एवं राय बरेली जं. स्टेशन |
| 04611 | फाफामऊ जं. | 19:30 | फिरोज़पुर कैंट | 16:45 | राय बरेली जं., लखनऊ जं., शाहजहान पुर, बरेली, मुरादाबाद, रुड़की, सहारनपुर जं., अंबाला कैंट जं., राजपुरा जं., पटियाला, धुरी जं., बठिंडा जं., कोट कपूरा एवं फरीदकोट स्टेशन |
| 02418 | दिल्ली जं. | 09:30 | सूबेदारगंज | 19:40 | अलीगढ, टूंडला, इटावा, गोविंदपुरी एवं फतेहपुर स्टेशन |
| 02421 | सूबेदारगंज | 21:35 | दिल्ली जं. | 08:55 | फतेहपुर, गोविंदपुरी, इटावा, टूंडला एवं अलीगढ स्टेशन |
| 05011 | गोरखपुर जं. | 14:30 | अयोध्या कैंट | 19:35 | सहजनवा, मगहर, खलीलाबाद, बस्ती, बभनान, स्वामी नारायण छपिया, मसकनवां, मनकापुर जं. एवं अयोध्या धाम जं. स्टेशन |
| 05012 | अयोध्या कैंट | 21:50 | गोरखपुर जं. | 04:30 | |
| 04117 | प्रयागराज जं. | 22:20 | अयोध्या कैंट | 03:20 | प्रयाग जं., फाफामऊ जं., मऊ आइमा, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुल्तानपुर स्टेशन |
| 04118 | अयोध्या कैंट | 05:15 | प्रयागराज जं. | 10:15 | |
| 04111 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 06:00 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 18:50 | प्रयागराज रामबाग, झूँसी जं., हंडिया खास, ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, भदोही, जंघई जं., मड़ियाहूँ, जफराबाद जं., जौनपुर जं., शाहगंज जं., अकबरपुर, गोशाईगंज, अयोध्या धाम जं., अयोध्या कैंट, सुल्तानपुर , माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., मऊ आइमा, फाफामऊ जं. एवं प्रयाग जं. स्टेशन |
| 04112 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 06:30 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 21:00 | |
| 04113 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 17:30 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 07:45 | प्रयागराज रामबाग, झूँसी जं., हंडिया खास, ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, भदोही, जंघई जं., मड़ियाहूँ, जफराबाद जं., जौनपुर जं., शाहगंज जं., अकबरपुर, गोशाईगंज, अयोध्या धाम जं., अयोध्या कैंट, सुल्तानपुर, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., मऊ आइमा, फाफामऊ जं. एवं प्रयाग जं. स्टेशन |
| 04114 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 17:45 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 08:00 | |
| 04120 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 13:30 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 04:00 | प्रयाग जं., फाफामऊ जं., मऊ आइमा, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., सुल्तानपुर, अयोध्या कैंट, अयोध्या धाम जं., गोशाईगंज, अकबरपुर, शाहगंज जं., जौनपुर जं., ज़फराबाद जं., मड़ियाहूँ, जंघई जं., भदोही, बनारस, माधोसिंह, ज्ञानपुर रोड, हंडिया खास, झूँसी जं. एवं प्रयागराज रामबाग स्टेशन |
| 05104 | प्रयागराज रामबाग (रिंग रेल) | 10:30 | प्रयागराज रामबाग (रिंग रेल) | 04:30 | झूसी जं., ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, भदोही, जंघई जं., मां बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., चिलबिला जं., सुल्तानपुर जं., खजुरहट, अयोध्या कैंट, अयोध्या धाम जं., मनकापुर जं., स्वामी नारायण छपिया, बभनान, बस्ती, खलीलाबाद, गोरखपुर जं., चौरी चौरा, गौरी बाजार, देवरिया सदर, भटनी जं., सलेमपुर जं., बेलथरा रोड, मऊ जं., दुल्लहपुर जं. औड़िहार जं., सारनाथ, वाराणसी सिटी, वाराणसी जं., बनारस, माधोसिंह, ज्ञानपुर रोड और झूसी जं. स्टेशन |
| 05150 | गोरखपुर जं. | 19:30 | झूसी जं. | 04:00 | चौरी चौरा, गौरी बाजार, देवरिया सदर, भटनी जं., सलेमपुर जं., लार रोड, बेलथरा रोड, इन्दारा जं., मऊ जं., दुल्लहपुर, औड़िहार जं., वाराणसी सिटी, वाराणसी जं., बनारस एवं ज्ञानपुर रोड स्टेशन |
| 05149 | झूसी जं. | 11:15 | गोरखपुर जं. | 20:00 | |
| 05152 | गोरखपुर जं. | 23:45 | झूसी जं. | 08:00 | चौरी चौरा, गौरी बाजार, देवरिया सदर, भटनी जं., सलेमपुर जं., लार रोड, बेलथरा रोड, इन्दारा जं., मऊ जं., दुल्लहपुर, औड़िहार जं., वाराणसी सिटी, वाराणसी जं., बनारस एवं ज्ञानपुर रोड स्टेशन |
| 05151 | झूसी जं. | 15:15 | गोरखपुर जं. | 23:45 | |

**रेल यात्रा के दौरान ज्वलनशील वस्तुएं जैसे पटाखे, पेट्रोल, मिट्टी का तेल एवं गैस सिलेंडर आदि लेकर कभी यात्रा न करें।**

रेलयात्रियों से अनुरोध है कि किसी भी अन्य सूचना और विस्तृत समय–सारणी की जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाईन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट **https://enquiry.indianrail.gov.in** अथवा **NTES App** देखें।

**उत्तर रेलवे**

हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

पर हमें फॉलो करें


CMYK

# अधिवक्ताओं ने शांति मार्च निकाला

**बिल का पुतला फूंका, न्यायिक कार्य से विरत रहे**



**अवधनामा ब्यूरो**

**इटावा।** जिलाधिकारी के माध्यम से प्रधानमंत्री भारत सरकार को प्रस्तावित अधिवक्ता संशोधन 2025 के ड्राफ्ट के विरोध ज्ञापन सैकड़ों अधिवक्ताओं की मौजूदगी में डीबीए अध्यक्ष अनिल कुमार गौर, महामंत्री देवेंद्र पाल तथा सिविल बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अनिल कुमार तिवारी महामंत्री अरुण कुमार गुप्ता तथा कार्यकारणी के तमाम पदाधिकारी के साथ ज्ञापन सौंपा, इससे पहले क्रोधित अधिवक्ताओं ने उक्त ज्ञापन के विरोध में गगन चुंबी नारे लगाते हुए उक्त बिल को अधिवक्ता विरोधी बताया।

उक्त जानकारी प्रेस को देते हुए डीबीए के मीडिया प्रभारी मनोज कुमार दीक्षित व रूपेन्द्र सिंह चौहान ने संयुक्त रूप से प्रेस को देते हुए बताया अधिवक्ता अधिनियम 1961 में संशोधन कर नया कानून लाने की तैयारी की जा रही है और अधिवक्ता संशोधन बिल 2025 का ड्राफ्ट बनाया गया है।

उक्त बिल पास होकर कानून में तब्दील कर दिया जाएगा। प्रस्तावित अधिवक्ता बिल 2025 में धारा 4 व 9, धारा 24ए, धारा 35ए, धारा 36, धारा 49ए धारा, 49ए(1)के प्रस्तावित संशोधन के अलावा भी ऐसे प्रावधान प्रस्तावित किए गए हैं जो अधिवक्ता हित को प्रत्यक्ष रूप से प्रभावित कर रहे हैं। अधिवक्ताओं के संवैधानिक अधिकार अनुच्छेद 19, अधिवक्ता किस स्वतंत्रता अनुच्छेद 21 जीवन और स्वतंत्रता का सीधे तौर पर हनन करता है। ज्ञापन में कहा गया है कि उक्त प्रस्तावित संशोधन से भविष्य में बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश, समस्त बार एसोसिएशन एवं अधिवक्ताओं की मौलिक स्वतंत्रता एकता अखंडता को खंडित करने तथा दमन करने के आशय को परिलक्षित करता है। उक्त अधिवक्ता संशोधन 2025 के विरोध में शुक्रवार को इटावा कचहरी के अधिवक्ता ने न्यायिक कार्य नहीं किया तथा ड्राफ्ट की प्रति का पुतला जलाकर विरोध जताया, इससे पहले अधिवक्ताओं ने शांतिपूर्ण तरीके से मार्च निकालकर अपना विरोध प्रदर्शन किया। इस अवसर पर कचहरी के सैकड़ों अधिवक्तागण मौजूद रहे।

## चिकित्सक द्वारा पैसे मांगने की जांच तय, टीम गठित करने की बात आई सामने

**मुस्कुरा हमीरपुर।** मुस्करा ब्लॉक क्षेत्र के बिहूनी कला गांव के नवीन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में एक चौंकाने वाला मामला प्रकाश आया है। यहां तैनात एक चिकित्सक द्वारा मरीजों से दवाओं के पैसे वसूलने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। वीडियो में स्पष्ट दिखाई दे रहा है कि चिकित्सक अपनी सीट पर बैठकर मरीजों को दवाएं दे रहा है। उनसे पैसे वसूल रहा है। एक मरीज द्वारा तीस रुपए बाद में देने की बात कहने पर चिकित्सक ने उसे जाने से रोक दिया और 600 रुपए की मांग की। इस घटना की गंभीरता को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग में हड़कंप मच गया है। हमीरपुर के मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) डॉ. गीतम सिंह ने तत्काल संज्ञान लेते हुए मामले की जांच के आदेश दिए हैं। उन्होंने एक विशेष टीम गठित करने की बात कही है। यह घटना मुस्करा ब्लॉक क्षेत्र के सरकारी अस्पताल की है। जहां नियमानुसार मरीजों को मुफ्त दवाएं मिलनी चाहिए। जांच के बाद दोषी चिकित्सक के खिलाफ उचित कार्रवाई की जाएगी।

# एडवोकेट अमेंडमेंट बिल के विरोध में वकीलों का ज्ञापन



**अवधनामा संवाददाता।**

**मौदहा/हमीरपुर।** 21 फरवरी मौदहा बार ने एडवोकेट अमेंडमेंट बिल 2025 के विरोध में राज्य पाल को संबोधित एक ज्ञापन एसडीएम को सौंपा है। बार अध्यक्ष बृजकिशोर त्रिवेदी व महामंत्री वीरेंद्र प्रजापति की अगुवाई में दिये ज्ञापन में वकीलों ने मांग की है कि अधिवक्ता व उसके परिवार के लिये एडवोकेट प्रोटैक्शन एक्ट का प्राविधान किया जाये। परिषदों में निवार्चित सदस्यों के अतिरिक्त कोई समाहित न किये जायें व उनके लोकतांन्त्रिक स्वरूप को यथावत रखा जाये। काउंसिलो के सदस्य या सुझाव पर सुझाव दिया गया कि संशोधन समाप्त हो जाए। पूरे प्रदेश के अधिवक्ता विशेषकर उत्तर प्रदेश बार काउन्सिल मांग करती है कि प्रदेश के अधिवक्ताओं का 10 लाख का मेडिक्लेम व किसी अधिवक्ता की मृत्यु होने पर 10 लाख रूपये की बीमा राशि प्रदान की जाये। पंजीकरण के समय प्रत्येक अधिवक्ता से लिये जा रहे 500 रू0 के स्टाम्प की राशि प्रादेशिक परिषदो को वापिस की जाये व राज्य सरकार द्वारा विधिक स्टाम्प विक्री से प्राप्त धनराशि का 2 प्रतिशत अधिवक्ताओं की कल्याणकारी योजनाओं पर खर्च किया जाये जैसा कि केरल सरकार द्वारा किया जा रहा है। नियम बनाने का अधिकार पूर्व में जो एडवोकेट एक्ट में प्राविधान था उसको उसी प्रकार रखा जाये। केन्द्र सरकार द्वारा रेग्यूलेशन बनाने की जो बाते कही गयी है उसे तुरन्त समाप्त किया जाये। एडवोकेट्स अमेंडमेन्ट बिल 2025 को तुरन्त वापस लिया जाये अन्यथा अधिवक्तागण पूरे देश में इस लड़ाई को लड़ने की रणनीत बनाने पर बाध्य होंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### दो अधिवक्ताओं के निधन पर सेवाश्रम अधिवक्ता संघ ने दी अश्रुपूरित श्रद्धांजलि




**इटावा, अवधनामा ब्यूरो।** सेवाश्रम अधिवक्ता संघ द्वारा कचहरी परिसर में आयोजित शोक सभा में सेवाश्रम प्रमुख चौधरी अमित त्रिपाठी एडवोकेट ने नम आंखों से कहा कि दोनों युवा अधिवक्ताओं का आकस्मिक निधन अधिवक्ता संघ की अपूर्णनीय क्षति है मन बहुत द्रवित है शोक सभा की अध्यक्षता अधिवक्ता संघ जिलाध्यक्ष अवनीश यादव एडवोकेट ने की। जिलाध्यक्ष श्री यादव ने कहा की काल के क्रूर हाथों ने हमारे दो भाइयों जागृत शुक्ला एडवोकेट और असीम राज यादव एडवोकेट को हमसे जुदा कर दिया है संकट की इस घड़ी में हम सभी शोकाकुल परिजनों के साथ है शोक सभा में अधिवक्ता संघ पूर्व जिलाध्यक्ष सुबोध त्रिपाठी एडवोकेट, जिला उपाध्यक्ष, विनोद सविता एडवोकेट, अरुण गौतम एडवोकेट, राजकिशोर कुशवाह एडवोकेट, आशुतोष दीक्षित एडवोकेट, कमलेश मिश्रा एडवोकेट, पवन मिश्रा एडवोकेट, रमेश कुमार एडवोकेट, अजीत यादव एडवोकेट, नरेंद्र राजपूत एडवोकेट, सेवाश्रम मंत्री मोनिका अग्निहोत्री, अर्पण यादव, के पी कुशवाह, राजन, एम पी सिंह मनोज यादव समेत तमाम अधिवक्ताओं ने नम आंखों से दो मिनट का मौन धारण कर भावभीनी श्रद्धांजलि देते हुए दिवंगत आत्माओं को श्रीचरणों में स्थान प्रदान करने हेतु ईश्वर से प्रार्थना की।

### घर में घुसकर मारपीट करने के मामले में चार नामजद

**मौदहा हमीरपुर।** गांव के चार लोगों ने दम्पत्ति के साथ घर में घुसकर गाली गलौज और मारपीट की जिसपर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम छिरका निवासी राजेश पुत्र शिवपाल ने कोतवाली में दिए शिकायती पत्र में बताया कि बीते बुधवार की शाम वह अपने परिवार के साथ घर में था तभी गांव के राकेश पुत्र दुर्गा, दुर्गा पुत्र बेनी,जुमरी पुत्र सिक्का और कपिलदेव पुत्र जुमरी आदि घर में घुसकर आ गए और गाली गलौज तथा मारपीट करने लगे पीड़ित ने बताया कि उसकी पत्नी बीच बचाओ करने आई तो उक्त लोगों ने उसके साथ भी मारपीट की।पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने चारों आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### पारिवारिक जमीन को लेकर भाईयों में विवाद

**मौदहा हमीरपुर।** पारिवारिक आरा मशीन की जमीन को लेकर पारिवारिक लोगों के बीच विवाद हो गया जिसपर दोनों पक्षों ने एक दूसरे के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया है हालांकि उक्त जमीन का पहले से भी मुकदमा चल रहा है। बिंवार कस्बे निवासी नीतू पत्नी राजकुमार ने थाने में पारिवारिक आरा मशीन जिसपर मुकदमा चल रहा है को लेकर हुई मारपीट के मामले में संतोष, धर्मेंद्र और जीतू के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया है।तो वहीं दूसरे पक्ष के संतोष कुमार ने भी इसी मामले को लेकर दूसरे पक्ष पर आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया है।पुलिस दोनों मामले की जांच कर रही है।

### नगरपालिका द्वारा कराया जा रहा घटिया निर्माण



**मौदहा हमीरपुर।** इस समय कस्बे में विकास की चकाचौंध बढ़ती जा रही है जिसकी चमक में हो रहा घटिया निर्माण भी लोगों को दिखाई नहीं दे रहा और जिम्मेदारों की शह पर खुलेआम घटिया निर्माण किया जा रहा है हालांकि अधिशासी अधिकारी ने जानकारी से इनकार किया है। इस समय कस्बे के कपसा रोड और छिमौली रोड में नगरपालिका द्वारा नाले का निर्माण कराया जा रहा है जिसमें खुलेआम प्रतिबंधित डस्ट का प्रयोग कर सरकारी धन के बंदरबांट करने का काम किया जा रहा है।इस सम्बंध में अधिशासी अधिकारी सीमा तोमर ने बताया कि उन्हें मामले की जानकारी नहीं है लेकिन अगर ऐसा है तो वह तत्काल जेई को जांच के लिए भेज रही हैं और स्वयं भी मौके पर जाकर निर्माण कार्य की गुणवत्ता की जांच करेंगी।

### चोरों ने दूकान से चोरी किए टायर

**सुमेरपुर हमीरपुर।** नेशनल हाईवे में पेट्रोल पंप के बगल से अज्ञात चोर बीती रात दुकान का पीछे से दरवाजा तोड़कर ट्रक के टायर चोरी करके फरार हो गए। कैथी निवासी विजयकरन ने बताया कि उसकी कस्बे के पेट्रोल पंप के बगल में हाईवे किनारे टायर की दुकान है। बीती रात वह दुकान बंद करके घर चला गया था। अज्ञात चोरों ने पीछे का दरवाजा तोड़कर ट्रक के टायर चोरी करके फरार हो गए। पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

# थाना कोतवाली में इटावा पुलिस का हुआ सम्मान



**एसएसपी एएसपी नगर, सीओ नगर एवं प्र0नि0थाना कोतवाली मय पुलिस टीम को किया गया सम्मानित**

**अवधनामा ब्यूरो**

**इटावा।** ठाकुर नरसिंह जी महाराज अस्तल मंदिर के पुजारी, संचालक एवं अधिवक्ताओं द्वारा थाना कोतवाली परिसर में पुलिस सम्मान समारोह आयोजित किया गया। मंदिर के पुजारी महंत जगदीश नारायण आचार्य एवं संचालक/अधिवक्तागण द्वारा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार, अपर पुलिस अधीक्षक नगर अभयनाथ त्रिपाठी, क्षेत्राधिकारी नगर रामगोपाल शर्मा एवं प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाल विक्रम सिंह मय पुलिस टीम को स्मृति चिन्ह, शॉल तथा रामचरित मानस भेंट कर सम्मानित किया गया तथा इटावा पुलिस की कार्यशैली की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुये एसएसपी का विशेष धन्यवाद ज्ञापित किया। उल्लेखनीय है कि दिनांक 11/12.02.2025 की रात्रि को ठाकुर नरसिंह जी महाराज अस्तल मंदिर के गर्भगृह से प्राचीन मूर्ति श्री राधिका जी, सुदर्शन चक्र , 02 लड्डू गोपाल, 01 गरुड़ भगवान तथा 01राधाकृष्ण की मूर्ति मय वस्त्र एवं जेवरात अज्ञात चोर चोरी कर ले गये है। सूचना पर तत्काल थाना कोतवाली पर सुसंगत धाराओं मे अभियोग पंजीकृत किया गया था। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन मे उक्त चोरी की घटना के शीघ्र अनावरण हेतु थाना कोतवाली से पुलिस टीमो का गठन किया गया तथा दिनांक 15.02.2025 को इसी क्रम मे कार्यवाही करते हुये थाना कोतवाली पुलिस टीम द्वारा चोरी की घटना का मात्र 45 घंटो मे अनावरण करते हुये 05 अभियुक्तों को गिरफ्तार करते हुये शत प्रतिशत बरामदगी की गयी थी।

## जाम के झाम से नहीं मिल रहा छुटकारा

**सुमेरपुर/हमीरपुर।** नेशनल हाईवे का जाम पिछले 24 घंटे से कस्बा वासियों के लिए नासूर बना हुआ है। शुक्रवार को सुबह जाम के कारण स्कूली वाहन समय पर स्कूल नहीं पहुंच सके हैं। सीबीएसई बोर्ड का पेपर होने के कारण अभिभावकों को निजी साधन से दूसरे मार्गो से छात्राओं को परीक्षा केंद्र तक पहुंचाने के लिए मजबूर हुए है। जाम में परिवहन निगम की बसें, एंबुलेंस आदि भी फंसी रही। पिछले 24 घंटे से वाहनों के रेंगने के कारण कस्बावासी हलकान है। लोगों को कस्बे के अंदर ही आवागमन दिक्कतें हो रही हैं। बृहस्पतिवार को दोपहर 2:00 बजे से नेशनल हाईवे में लगा जाम शुक्रवार को सुबह नासूर बन गया। कस्बे से लेकर मुख्यालय तक लगे जाम के कारण स्कूली वाहन समय पर नहीं पहुंच सके। सीबीएसई बोर्ड का पेपर होने के कारण अभिभावक स्कूली वाहनों से छात्राओं को उतार कर निजी वाहनों से देवगांव, सौंखर, सिमनौडी आदि मार्गो से मुख्यालय पहुंचाया। जाम में रोडवेज बसों के साथ एंबुलेंस आदि फंसी रहने से लोग परेशान रहे। हाईवे जाम होने से कस्बा से गुजरा बांदा मार्ग भी जाम का शिकार रहा। इससे कस्बा वासी हलकान रहे। सीबीएसई की परीक्षा देने जा रही छात्रा अंशिका, कियाना, अफ़ान, आरुष गुप्ता, सक्षम, अभिषेक, अभय आदि ने बताया जाम के कारण समय से पहुंचने के लिए निजी साधनों से अभिभावकों के साथ परीक्षा केंद्र पहुंचे है।

# पानकुँवर इंटरनेशनल स्कूल में पुरस्कार वितरण समारोह संपन्न



**अवधनामा ब्यूरो**

**इटावा।** पानकुँवर इंटरनेशनल स्कूल में विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को शुक्रवार को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार प्रदान किए गए। इसके अतिरिक्त, शत-प्रतिशत उपस्थिति (हंड्रेड परसेंट अटेंडेंस) और श्रेष्ठ छात्र (बेस्ट स्टूडेंट)पुरस्कार भी वितरित किए गए। समारोह की विशेष बात यह रही कि वार्षिक परीक्षाओं की तैयारी में सभी विषयों का अध्ययन पूरा कर चुके विद्यार्थियों को भी प्रोत्साहन स्वरूप सम्मानित किया गया, जिससे अन्य छात्र-छात्राओं का आत्मविश्वास बढ़े और वे प्रेरित हो सकें। कार्यक्रम के दौरान लगभग 125 विद्यार्थियों को पुरस्कार प्रदान किए गए। विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ.कैलाश चंद्र यादव ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं न केवल बच्चों के व्यक्तित्व विकास में सहायक होती हैं बल्कि उनके आत्मविश्वास को भी मजबूत करती हैं। उन्होंने कहा कि पानकुँवर इंटरनेशनल स्कूल विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है और इसी उद्देश्य से विद्यालय में समय-समय पर इस प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। इस अवसर पर प्रधानाचार्य ने यह भी अवगत कराया कि विद्यालय 23 फरवरी 2025 को अपना प्रथम वार्षिकोत्सव मनाने जा रहा है। उन्होंने क्षेत्रवासियों से अपील की कि वे अपने बच्चों के साथ इस कार्यक्रम में भाग लें, बच्चों को आशीर्वाद प्रदान करें और विद्यालय के शिक्षकों व प्रबंधन समिति का उत्साहवर्धन करें।

## सैफई में हमारा आंगन-हमारे बच्चें उत्सव का आयोजन

**सैफई, इटावा।** हमारा आंगन हमारे बच्चें आयोजन का मुख्य उद्देश्य अधिक से अधिक बच्चों को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ना है। यह बात बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ राजेश कुमार ने कही। ब्लॉक सभागार में आयोजित हमारा आंगन-हमारे बच्चे कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे बेसिक शिक्षा अधिकारी ने बच्चों को मोमेंटो देकर सम्मानित भी किया। उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, शिक्षक व विद्यालय प्रबंध समिति के जिम्मेदार इस दिशा में सार्थक पहल करना सुनिश्चित करें। खंड शिक्षा अधिकारी सैफई नवाब वर्मा द्वारा अपने उद्बोधन में कहा कि छोटे बच्चों में शिक्षा के प्रति उनका उत्साह बना रहें बच्चों को इस प्रकार शिक्षा दी जाए जिससे कि उनके मानसिक क्षमता का विकास हो तथा शिक्षा के प्रति उनका उत्साह बना रहे। श्री अमिताभ बच्चन राजकीय इंटर कॉलेज सैफई के प्रधानाचार्य जितेंद्र प्रताप सिंह ने अपने उद्बोधन बताया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत परिषदीय स्कूलों में बेसिक शिक्षा विभाग और बाल विकास विभाग की ओर से नौनिहालों को शिक्षा से जोड़ने की पहल की जाएगी। अभिभावकों को पूर्व प्राथमिक एवं बुनियादी शिक्षा में उनकी एवं घर की भूमिका से अवगत कराया जाएगा। कार्यक्रम में सहायक वित्त एवं लेखाधिकारी राज कुमार यादव, श्रीमती संगीता सीडीपीओ सैफई, मीनाक्षी पांडे एसआरजी, नोडल संकुल शिक्षक, आंगनबाड़ी कार्यकत्री मौजूद रहे।

## सदर विधायक भूपेश चौबे ने विधानसभा में बजट सत्र में राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा



**जनपद सोनभद्र को प्लास्टिक मुक्त किया जाए:**

**सोनभद्र/लखनऊ।** सदर विधायक भूपेश चौबे ने अपने अभिभाषण के दौरान कहा कि जनपद सोनभद्र में प्राकृतिक संपदा से भरपूर जिला है यहां पर अनेकों नदी नाले पहाड़ और प्रसिद्ध देवस्थान हैं, यह जिला पर्यटन के दृष्टि से भरपूर है जिले को पर्यटन जिला घोषित किया जाए जनपद में प्लास्टिक मुक्त पंचायत अभियान चलाकर जनपद के हर गांव गली को प्लास्टिक मुक्त किया गया व जनपद को प्लास्टिक मुक्त जिला घोषित किया जाए भाषण के दौरान अपने विधानसभा की बातों को रखा की कोन व चतरा ब्लॉक में जनपद के नौजवान को खेलने कूदने के लिए बड़ा स्टेडियम बनाया जाए साथ ही डाला नगर पंचायत में भी एक बड़ा स्टेडियम बनाया जाए खनन क्षेत्र का विस्तारिकरण करने के लिए धारा 20 का प्रकाशन अविलंब कराया जाए आगे कहा कि जो बजट 2025-26 पेश किया गया है , यह बजट प्रदेश की चौमुखी विकास को गतिमान करने वाला है, यह बजट नए उत्तर प्रदेश के नवीन सपनों तथा गरीब किसान महिला एवं युवाओं को सशक्त बनाने की दिशा में एक नया अध्याय लिखेगा माननीय वित्त मंत्री जी द्वारा प्रस्तुत किया गया यह बजट उत्तर प्रदेश के इतिहास में सबसे बड़ा बजट है प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के दूरदृष्टि सोच वाला बजट है, मैं इस ऐतिहासिक बजट के लिए जनपद वासियों व अपने विधानसभा वासियों की तरफ से माननीय वित्त मंत्री जी का आभार प्रकट करते हैं।

## एनटीपीसी विंध्याचल में साईलो स्टेज 4 परिसर में नए मोबाइल वेइब्रिज का किया गया उद्घाटन



**सोनभद्र/विंध्यनगर।** एनटीपीसी विंध्याचल में साईलो स्टेज 4 परिसर में नए मोबाइल वेइब्रिज का उद्घाटन किया गया। इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम में एनटीपीसी विंध्याचल के कार्यकारी निदेशक ई. सत्य फणी कुमार मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर संजीब कुमार साहा, महाप्रबंधक (ऑपरेशंस एंड मेंटेनेंस), ए.जे. राजकुमार, महाप्रबंधक (मेंटेनेन्स एंड एडीएम), विभाग प्रमुखों और स्टेशन प्रबंधन टीम के सदस्य भी उपस्थित रहे। साईलो स्टेज 4 परिसर में पहले से ही रेल लोडिंग के लिए एक वेइमेन्ट सुविधा मौजूद है। अब नया ट्रक वेइब्रिज स्थापित होने से बल्कर लोडिंग और मूवमेंट में सुधार होगा, जिससे स्टेशन के ऐश उपयोग गतिविधियों की कार्यक्षमता में काफी वृद्धि होगी।

## दलित युवती से मारपीट कर जेवरात और नकदी छीनी

**सुमेरपुर हमीरपुर।** बीती रात अज्ञात लोगों ने पंधरी गांव में घर में घुसकर दलित युवती को बेरहमी से पीटा। युवती के बेहोश होने पर अलमारी का ताला तोड़कर नकदी सहित जेवरात लेकर फरार हो गए। भागते समय भाई की आ जाने पर हमलावरों ने उसे भी मारापीट कर भागने में सफल रहे। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने डाक्टरी परीक्षण कराकर मामले की जांच शुरू की है। युवती का दावा है कि उसने एक युवक को पहचान लिया। पुलिस घटना को संदिग्ध मान रही है। घटना के समय उसके परिजन शादी समारोह में दूसरे मकान पर गए हुए थे। पंधरी गांव निवासी लक्ष्मी देवी अनुरागी ने बताया कि वह बृहस्पतिवार की रात 10:30 बजे घर पर अकेली थी। तभी पांच लोग घर के अंदर घुस आए।

# 41 परीक्षा केंद्रों में परीक्षा देंगे 30,261 परीक्षार्थी

**अवधनामा संवाददाता**

**परीक्षार्थियों के लिए आवश्यक दिशा निर्देश जारी**

**हमीरपुर।** यूपी बोर्ड परीक्षा 2025 के लिए इस बार जिले में कुल 41 परीक्षा केन्द्र बनाये गये है, जिनमें हाईस्कूल के 15161 एवं इण्टरमीडिएट के 15100 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे। बोर्ड परीक्षा के लिए हमीरपुर तहसील में 18 परीक्षा केन्द्र, मौदहा तहसील में 12 परीक्षा केन्द्र और राठ तहसील में 8 परीक्षा केन्द्र व सरीला तहसील में 3 परीक्षा केन्द्र बनाये गये है। परीक्षा की मॉनीट्रिंग हेतु जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय में बनाए गए कन्ट्रोल रूम से की जाएगी। जिसका मोबाइल नम्बर 05282222082 है। इस साल उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद की परीक्षाए 24 फरवरी से शुरू होकर 12 मार्च तक चलेंगी। परीक्षा दो पालियो में होगी प्रथम पाली 8:30 से 11:45 तक एवं द्वितीय पाली 02:00 से 5:15 तक आयोजित होगी जबकि परीक्षार्थियों को आधा घंटे पहले परीक्षा केंद्र में पहुंचने का निर्देश दिया गया है। बोर्ड परीक्षाओं के लिए जिला विद्यालय निरीक्षक ने परीक्षार्थियों को निम्न दिशानिर्देश जारी किए हैं,स्मार्ट वाच,कैल्कुलेटर,मोबाइल फोन सहित अन्य इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस पूर्णतया प्रतिबंधित है।और परीक्षार्थियों के लिए वाहन पार्किंग स्थल पर ही अपने वाहनों को पार्क करना होगा।परीक्षा उत्तर पुस्तिका में लाल इंक का प्रयोग वर्जित है। प्रत्येक परीक्षार्थी उत्तर पुस्तिका के प्रत्येक पृष्ठ पर सबसे नीचे अपना अनुक्रमांक एवं उत्तर पुस्तिका कमांक अनिवार्य रूप अंकित करना चाहिए।अनुचित साधन का प्रयोग करने पर परीक्षार्थी के विरुद्ध विधिक कार्यवाही या जुर्माने का प्रावधान हो सकता है। हाईस्कूल स्तर के परीक्षार्थी ओ.एम.आर. सीट पर नीले या काले बाल प्वाइन्ट पेन का ही प्रयोग करे तथा इसमे किसी भी प्रकार की फ्लूड या कटिंग का प्रयोग न किया जाये। प्रत्येक परीक्षार्थी अपनी स्वयं चेकिंग करने के बाद ही परीक्षा केन्द्र पर प्रवेश करे। परीक्षार्थी प्रवेश पत्र या लेखन सामग्री को लेकर ही प्रवेश करे। परीक्षा केन्द्र पर अभिभावको द्वारा अनावश्यक भीड़ न लगाई जाये। यदि कोई सामग्री अभिभावक या परीक्षार्थी द्वारा लाई गई है तो उसे निश्चित क्लास रूम में जमा करना सुनिश्चित करें।

# अधिवक्ताओं ने जुलूस निकाल किया प्रदर्शन

**अवधनामा ब्यूरो**



**सोनभद्र।** अधिवक्ताओं ने शुक्रवार को तहसील परिसर में जुलूस निकालते हुए कलेक्ट पर पहुंचकर अपनी विभिन्न मांग पत्र देते हुए बुलंद की आवाज किया विरोध प्रदर्शन वही सोनभद बार एसोसिएशन अध्यक्ष अरुण कुमार मिश्रा ने बताया कि शासन बनाये रखने कि लिये निर्भीक एवं स्वतंत्र न्याय के तंत्र का होना अति आवश्यक है। अधिवक्ता न्याय के स्व का पहिया माना जाता है उसे ह्द्धद्धद्मऱ्ह श्द्ध ह्लद्धद्र ष्टश्छ्ह्ल का दर्जा प्राप्त होता है। बाबा साहब अम्बेडकर ने सवैधानिक उपचारों को संविधान की आत्मा माना था। इन उपचारों की परिकल्पना अधिवक्ताओं के बगैर संभव नहीं है। नीति-निर्देशक तत्वों में यह राज्य का कर्तव्य है कि वह व्यवस्थपिका को न्यायपालिका से अलग रखने के लिये प्रतिबंद्ध रहेगा। ऐसा लगता है कि अधिवक्ता अधिनियम में संशोधन संविधान के इस आधारभूत संरचना पर हमला करने की नियत से लाये गये हैं। ऐसे समय में जब केन्द्रीय विधि मंत्री, अधिवक्ताओं के लिये मेडिक्लेम /जीवन बीमा प्रदान करने की घोषणा कर चुके हैं व पूरे देश का अधिवक्ता समाज एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट की राह जोह रहा था, जिसका प्रारुप तैयार करने बार कौंसिल आफ उत्तर प्रदेश लगभग 6 माह पूर्व सरकार को प्रषित किया जा चुका है। इन संशोधनों में इस बिन्दु का वर्णन तक न होने से अधिवक्ताओं में मायूसी की लहर छा गयी है। साथ ही इन संशोधनों के स्वरुप, लक्षण व नियत पर प्रश्नचिन्ह स्वाभाविक रुप से उठ खड़े हुए हैं। राजस्थान के विधान मण्डल द्वारा पारित एडवोकेट प्राटेक्शन एक्ट को राज्यपाल ने राष्ट्रपति की सहमति न प्रदान हाने के कारण रोक दिया गया है, जिससे पता चलता है कि वर्तमान सरकार एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट नहीं करना चाहती है। इस संशोधनों द्वारा अधिवक्तओं की सर्वोच्च संस्था भारतीय विधिज्ञ परिषद को केन्द्र सरकार द्वारा बाध्यकारी निर्देश देने के प्राविधान से धारा 49 (बी) से पूरी संस्था की स्वायत्तता व स्वतंत्रता खतरे में आ गयी है। इतिहास साक्षी है कि अधिवक्ता समाज लोकतन्त्र का अनन्य व सजग प्रहरी है, चाहे देश का स्वतंत्रता संग्राम आन्दोलन हो या आपातकाल की विभीषिका अधिवक्ताओं ने ही लोकतन्त्र को अक्षुण्ण बनाये रखा है। शासन की नियत या निदेशन जो भी हो, वह सर्वोच्च संस्था को पंगु बनाने के लिये एक खतरनाक शुरुआत है।

सर्वोच्च संस्था के निर्वाचित स्वरुप का जानबूझकर शरण किया गया है। भारतीय विधिज्ञ परिषद में 5 नामित सदस्यों का प्राविधान संस्था में अनावश्यक व किसी साजिश की ओर संकेत करता है। द्वारा परिषद के सभी सदस्य व पदाधिकारियों पर एक 5 सदस्यीय कमेटी का शिकंजा रखा गया है। इन 5 सदस्यों की कमेटी में परिषद का सिर्फ एक ही सदस्य है और इसमें बहुमत न्यायाधीशों का है।। यह कमेटी उपरोक्त के व्यवसायिक या अन्य कदाचार (Professional Mis&onduct) पर बाध्यकारी निर्णय देगा, जो दिखने में दमनकारी प्रतीत होता है। यह संशोधन स्वतंत्र संस्था पर कुखराघात है, इससे आम अधिवक्ताओं के हित की रक्षा कर पाना परिषद के लिये असंभव है।

# संशोधन विधेयक को तुरन्त वापस लिया जाए



**अवधनामा ब्यूरो**

**सोनभद्र।** डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन सोनभद्र की अध्यक्ष एड जगजीवन सिंह के नेतृत्व में अधिवक्तागण जिलाधिकारी सोनभद्र के माध्यम महामहिम राष्ट्रपति महोदय न्यू दिल्ली को नौ सूत्रीय ज्ञापन पत्र सौंपा। डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन सोनभद्र के अध्यक्ष जगजीवन सिंह ने कहा कि कानून मंत्रालय द्वारा जारी अधिवक्ता प्रोटेक्शन एक्ट संशोधन बिल कहीं से भी अधिवक्ताओं के हित में नहीं है। इस संशोधन बिल में केंद्र सरकार अधिवक्ताओं पर पूरी तरह से अंकुश लगाने का प्रयास कर रही है। इसे तुरन्त वापस लिया जाए। वरिष्ठ उपाध्यक्ष पवन कुमार सिंह ने कहा कि उन्होंने कहा कि संशोधित बिल में बार काउंसिल ऑफ इंडिया में 1961 अधिनियम की धारा 4 में प्रस्तावित संशोधन के अनुसार केंद्र सरकार द्वारा नामित 3 सदस्य होंगे। जिससे स्पष्ट है कि सरकार अधिवक्ताओं पर पूरी तरह से अपना अंकुश रखना चाहती है। पूर्व अध्यक्ष श्यामविहारी यादव ने कहा कि इस बिल में न्यायालय के काम से बहिष्कार करने पर रोक लगाने का प्रावधान है। कोर्ट के काम से बहिष्कार या न्यायालय के कामकाज या कोर्ट परिसर में बाधा डालने के सभी आह्वान धारा 35ए(1) के अनुसार निषिद्ध हैं। ऐसे अधिवक्ता प्रताड़ित होने पर या अधिवक्ता अपने हित के लिए अपनी आवाज नहीं उठा सकता है। यानी अधिवक्ता अपने ऊपर जुल्म का विरोध भी नहीं कर सकता है। सरकार के इस संशोधित बिल का एक मात्र उद्देश्य केवल अधिवक्ताओं के हित को प्रभावित करने वाला है। यह संशोधित बिल किसी भी प्रकार से अधिवक्ता हित के नहीं है और अधिवक्ता समाज इस बिल का पुरजोर विरोध करेगा और यदि जरूरत पड़ी तो इसके खिलाफ सड़क से लेकर संसद तक आंदोलन भी करेगा। संचालन महामंत्री एड प्रदीप कुमार मौर्य ने किया। इस अवसर पर राजेश यादव एड, प्रदीप कुमार, सुरेश सिंह कुशवाहा,राजेश कुमार मौर्य एड, चंद्रप्रकाश सिंह, वीरेंद्र कुमार राव, अशोक कनौजिया, आकृति निर्भया एड, सरस्वती देवी, फूल सिंह, मृगराज सिंह, सुधीर कुमार, आदि लोग उपस्थित रहे।

# महाकुम्भ का 40वां दिन, श्रद्धालुओं का संगम स्नान जारी, सड़कों पर भारी ट्रैफिक

## शिवरात्रि के लिए ट्रैफिक की रणनीति में बदलाव... सात प्रमुख मार्गों पर तैनात किए सात वरिष्ठ अफसर



त्रिवेणी संगम में स्नान के लिए श्रद्धालु प्रयागराज पहुंच रहे हैं। महाकुम्भ का आज 40वां दिन है। श्रद्धालुओं का संगम स्नान जारी है। शहर की सड़कों पर भारी ट्रैफिक देखने को मिल रहा है।

अवधनामा ब्यूरो

- स्नानार्थियों की संख्या 58 करोड़ पार लगातार छठे दिन एक करोड़ श्रद्धालु
- 65 करोड़ पार कर सकती है संख्या

**महाकुम्भ/लखनऊ।** महाशिवरात्रि के पर्व को सकुशल संपन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन ने कमर कस ली है। पर्व पर जनपद में ट्रैफिक की व्यवस्था सुचारू हो, इसके लिए रणनीति में बदलाव किया गया है। जनपद की ओर आने वाले सात प्रमुख मार्गों पर ट्रैफिक प्रबंधन की जिम्मेदारी संभालने के लिए सात वरिष्ठ पुलिस अफसरों को इन मार्गों पर तैनात किया गया है। यूपी के डीजीपी प्रशांत कुमार ने शुक्रवार को यह बातें कहीं। वह शुक्रवार को मेला क्षेत्र में पुलिस और प्रशासनिक अफसरों के साथ बैठक करने के बाद मीडिया को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि जनपद की ओर आने वाले सात प्रमुख मार्गों पर ऐसे बिंदु चिन्हित किए गए हैं जहां पर जाम लगता है या ट्रैफिक का दबाव ज्यादा होने पर वाहनों की रफ्तार धीमी हो जाती है। इन प्वाइंटों पर पुलिस के सात वरिष्ठ अफसरों को तैनात किया गया है। यह अफसर अपने-अपने रूट की ट्रैफिक व्यवस्था को संभालेंगे और उच्चाधिकारियों से कोऑर्डिनेट कर जनपद में श्रद्धालुओं के आवागमन को सुचारू बनाएंगे। उन्होंने बताया कि ट्रैफिक मैनेजमेंट को लेकर शुक्रवार को मेला और प्रयागराज कमिश्नरेट पुलिस के अफसरों संग विस्तृत चर्चा भी की गई है।

श्रद्धालुओं के आने का यही क्रम रहा तो अनुमान है कि महाकुम्भ में स्नानार्थियों की संख्या 65 करोड़ भी पार हो जाएगी। महाकुम्भ का आखिरी स्नान पर्व महाशिवरात्रि 26 फरवरी को हैं। पिछले तीन दिन से सवा करोड़ से अधिक श्रद्धालु स्नान को आ रहे हैं। मेले के बचे छह दिनों में शनिवार और रविवार का अवकाश शामिल है। बचे हुए दिनों में रोजाना सवा करोड़ से भी अधिक लोगों के स्नान करने की उम्मीद है।

महाकुम्भ और संगम के प्रति श्रद्धा अब भी उफान पर है। हर पग संगम की ओर चले आ रहे हैं। वहीं, फाल्गुन महीने में भी लगातार छठे दिन त्रिवेणी तट पर पुण्य की डुबकी लगाने वाले श्रद्धालुओं की संख्या एक करोड़ पार कर गई। वहीं, मेला प्रशासन का दावा है कि अब तक 58 करोड़ से ज्यादा श्रद्धालु पतित पावनी गंगा में स्नान कर चुके हैं।

### अखिलेश पानी की गुणवत्ता को लेकर गैरजिम्मेदाराना टिप्पणी कर रहे हैं



महाकुम्भ पर सपा प्रमुख अखिलेश यादव की टिप्पणी पर केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने कहा कि पिछले 10 वर्षों में कोई भी ऐसा आयोजन हुआ है जिस पर भारत को गर्व हो... विपक्ष ने उस पर गैरजिम्मेदाराना टिप्पणी की है, कुंभ दुनिया भर के लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र बन गया है, ऐसे समय में वे पानी की गुणवत्ता को लेकर गैरजिम्मेदाराना टिप्पणी कर रहे हैं... नहाने के पानी, नदी के पानी, पीने के पानी और पीने योग्य पानी के लिए दुनिया के अपने अलग-अलग मानक हैं और मुझे लगता है कि अखिलेश यादव उन्हें नहीं समझते हैं।

### 1800 किलो वजनी कढ़ाई में दो लाख लोगों के लिए बना हलवा

कुंभनगरी एक अनोखे रिकॉर्ड की भी साक्षी बनी। सेक्टर-1 स्थित विम बार के पंडाल में 1800 किलो वजन और साढ़े छह फीट ऊंची कढ़ाई में दो लाख लोगों के लिए दस हजार किलो हलवा बनाया गया। इसे दुनिया की सबसे बड़ी कढ़ाई के तौर पर दर्ज किया गया। इसमें तैयार हलवा करीब दो लाख श्रद्धालुओं के बीच वितरित हुआ। जाने-माने शेफ विष्णु मनोहर की अगुवाई में इसमें हलवा बनाने का काम शुरू हुआ। एक दर्जन से अधिक कार्यकर्ताओं की मदद से सीढ़ी लगाकर कढ़ाई तक पहुंच बनाई गई। महा कढ़ाई में हलवा बनाने में करीब 1300 किलो घी का इस्तेमाल हुआ। इसके बाद एक विम की टिकिया की मदद से कढ़ाई को कुछ समय में चमका भी दिया गया। इस दौरान सबसे बड़ी कढ़ाई होने का प्रमाणपत्र भी वर्ल्ड रिकॉर्ड ऑफ इंडिया की ओर से दिया गया।



### नेपाल के पत्रकारों का दल कल महाकुम्भ की भव्यता दिव्यता एवं प्रबंधन का अनुभव पूरी दुनिया तक पहुचायेगा: जयवीर सिंह



**लखनऊ।** वैश्विक स्तर पर प्रयागराज में आयोजित महाकुम्भ की भव्यता, गरिमा एवं विशिष्ट प्रबंधन की जानकारी पूरे विश्व तक पहुंचाने के लिए पर्यटन विभाग व्यापक प्रचार प्रसार कर रहा है। इसी कड़ी में नेपाल राष्ट्र के वरिष्ठ पत्रकारों का फैम ट्रिप आयोजित किया गया है। इसके तहत 06 वरिष्ठ पत्रकारों का यह दल कल प्रयागराज पहुंचकर महाकुम्भ की दिव्यता एवं भव्यता की नजदीक से देखेगा। यह जानकारी प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि नेपाल के पत्रकार महाकुम्भ का विशेष आकर्षण, टेंट सिटी, ज्वायराइड और हेरीटेज वाक आदि का अनुभव करेंगे। इसके साथ ही वाटर लेजर शो का विहंगम दृश्य देखने के बाद 23 फरवरी को नेपाल वापस लौटेगे। महाकुम्भ में अब तक लगभग 54 करोड़ श्रद्धालु श्रद्धा की डुबकी लगा चुके हैं। महाकुम्भ के अंत तक यह संख्या 60 करोड़ के पार जाने की संभावना है। राज्य सरकार श्रद्धालुओं को सुरक्षित भ्रमण एवं स्नान की व्यवस्था के लिए पूरी तरह मुस्तैद है। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि भारत और नेपाल की संस्कृति और परंपराएं गहराई से जुड़ी हुई हैं। इस फैम ट्रिप के माध्यम से हम महाकुम्भ के आध्यात्मिक और सांस्कृतिक महत्व को प्रदर्शित करना चाहते हैं, जिससे अधिक से अधिक लोग इस भव्य पर्व का अनुभव करें और आध्यात्मिक आनंद प्राप्त करें।

## कारागार मंत्री ने आदर्श कारागार में बंदियों को कराया महास्नान

- प्रदेश की जेलों में बंद कैदियों को संगम त्रिवेणी के पवित्र जलसे कराया गया महास्नान
- जेलों में स्थापित किया गया कुम्भ कलश
- प्रदेश सरकार बंदियों की सोच में सकारात्मक परिवर्तन लाने, परिवार व समाज के लिए उपयोगी बनाने का कर रही प्रयास



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार की अनूठी पहल के तहत आज लखनऊ स्थित आदर्श कारागार में महाकुम्भ-2025 के पवित्र त्रिवेणी संगम जल से बंदियों के महास्नान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रदेश कि प्रत्येक जेल में कुम्भ कलश स्थापना हेतु विशेष वाहक द्वारा प्रयागराज संगम से पवित्र जल लाया गया था। इस पहल का मुख्य उद्देश्य उन बंदियों को धार्मिक एवं आध्यात्मिक शांति प्रदान करना था, जो महाकुम्भ में प्रयागराज जाकर आस्था की डुबकी नहीं लगा सकते।

बंदियो के महास्नान कार्यक्रम की शुरुआत कारागार मंत्री दारा सिंह चौहान द्वारा आदर्श कारागार पर की गई। तदोपरान्त सभी जेलों में एक साथ इसका आयोजन आध्यात्मिक शांति एवं सकारात्मकता के माहौल में हुआ। मंत्री द्वारा पवित्र गंगा जल एवं कलश का विधिवत पूजन किया गया। पूजन के बाद, बंदियों को त्रिवेणी संगम के जल से महास्नान कराया गया, जिससे उनकी धार्मिक आस्थाओं का सम्मान हुआ।

इस अवसर पर कारागार मंत्री जी ने बन्दियों को हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के कुशल निर्देशन में प्रयागराज में विश्व के सबसे बड़े धार्मिक समागम महाकुम्भ-2025 का आयोजन किया गया है। महाकुम्भ-2025 में विभिन्न पर्वों सहित 58 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं के आस्था की डुबकी लगा चुके हैं। इस अध्यात्मिक महापर्व में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए संगम के स्नान का फल प्राप्त कराने के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई है। देश-विदेश के श्रद्धालु तथा विशिष्ट लोग महाकुम्भ के पवित्र जल में डुबकी तथा पूजा अर्चना कर रहे हैं। वर्तमान सरकार की मंशा यही है कि जो बंदी प्रयागराज नहीं जा सकते, उन्हें जेल में ही आस्था की डुबकी का अवसर प्रदान किया जाए। यह हमारी सनातन परंपरा का प्रतीक है।

कारागार मंत्री ने कहा कि कैदियों के महास्नान कार्यक्रम से कैदियों की धार्मिक आस्था मजबूत होगी। यह पहल उनके जीवन में सकारात्मकता लायेगी और मील का पत्थर साबित होगी। प्रदेश सरकार कैदियों के कल्याण करने के साथ उनकी सुरक्षा व्यवस्था तथा उनकी आस्था का सम्मान कर रही है। प्रमुख पवित्र त्यौहारों पर जेलों में चाहे उत्सव मनाने का कार्यक्रम हो या फिर नवरात्रि के अवसर पर कैदियों को फल देने की व्यवस्था हो अथवा संगम के पवित्र जल से कैदियों को महास्नान कराने का कार्यक्रम हो इन सभी कार्यों से बंदियों की सोच में सकारात्मक परिवर्तन लाने की अनूठी पहल सरकार कर रही है। जिससे कि वे आने वाले समय में अपने परिवार और समाज के लिए उपयोगी हो सके।

इस अवसर पर प्रमुख सचिव कारागार अनिल गर्ग, पुलिस महानिदेशक कारागार, पी0वी0 रामाशास्त्री, धर्मेन्द्र सिंह अपर महानिरीक्षक (प्रशा0), रामधनी, उप महानिरीक्षक कारागार, लखनऊ परिक्षेत्र, शशिकान्त सिंह, वरिष्ठ अधीक्षक (मु0), बृजेन्द्र सिंह, जेल अधीक्षक, आदर्श कारागार, लखनऊ व अन्य अधिकारी /कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

वर्तमान समय में लगभग 90 हजार बंदी प्रदेश की कारागारों में निरुद्ध हैं। संगम के पवित्र जल से स्नान के इच्छुक कैदियों के लिए यह व्यवस्था सकुशल संपन्न हुई।

### राजेश अडानी पहुंचे प्रयागराज

गौतम अडानी के भाई राजेश अडानी ने कहा, हमें बहुत अच्छे दर्शन हुए। हम धन्य महसूस कर रहे हैं। प्रशासन बहुत अच्छा काम कर रहा है। हम पूरे परिवार के साथ यहां आए हैं और हम यहां आकर धन्य महसूस कर रहे हैं। हमने देश की समृद्धि के लिए प्रार्थना की।

## रमज़ान में सुरक्षा और सफाई की समुचित व्यवस्था की मांग

- 28 फरवरी को चांद हुआ तो उसी रात से तरावीह शुरू हो जाएगी
- जामा मस्जिद ईदगाह में तरावीह की नमाज रात 8 बजे होगी : खालिद रशीद

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** माहे मुबारक रमजान की तैयारियों को लेकर इस्लामिक सेंटर ऑफ इंडिया के पदाधिकारियों व उलमा की ऐशबाग ईदगाह में जिला और पुलिस प्रशासन के अधिकारियों के साथ बैठक हुई। इमाम ईदगाह मौलाना खालिद रशीद फरंगी महली की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में मौलाना खालिद रशीद ने रमजान के दौरान शहर में विशेष कर मुस्लिम इलाकों में सुरक्षा और सफाई की समुचित व्यवस्था की मांग की। उन्होंने कहा कि अगर 28 फरवरी को चांद हुआ तो उसी रात से तरावीह शुरू हो जाएगी और पहला रोजा 1 मार्च को होगा। 28 को चांद न होने पर तरावीह 1 मार्च से शुरू होगी और पहला रोजा 2 मार्च को होगा। मौलाना ने मस्जिदों के आस-पास सफाई का विशेष ध्यान रखने और इफ्तार व सेहरी के वक्त निर्बाध बिजली आपूर्ति और जलापूर्ति की भी मांग की। मौलाना ने कहा कि जामा मस्जिद ईदगाह में तरावीह की नमाज रात 8 बजे होगी, जिसके लिए सुरक्षा और सफाई की व्यवस्था की जाए। इसी के साथ ऐशबाग, बिल्लौचपुरा, अकबरी गेट, नक्खास, मौलवीगंज, गोलागंज, अमीनाबाद, कसाईबाड़ा, मछली मुहाल, हुसैनाबाद, डालीगंज, खदरा, खुर्रम नगर सहित अन्य मुस्लिम बहुल इलाकों में यातायात व्यवस्था सही की जाए। बैठक में डीसीपी पश्चिमी विश्वजीत श्रीवास्तव ने कहा कि इस वर्ष पहले से बेहतर व्यवस्था करने का प्रयास होगा। रमजान में शांति भंग करने वालों को छोड़ा नहीं जाएगा और कड़ी कार्रवाई होगी।

## यूनिटी पी जी कॉलेज में मातृ भाषा दिवस समारोह का आयोजन

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** यूनिटी पी जी कॉलेज लखनऊ की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के सात दिवसीय विशेष शिविर के तृतीय दिवसः मातृ भाषा दिवस समारोह का आयोजन किया गया, जिस में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयंसेवकों के साथ साथ महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने भी भाग लिया। प्रातः 09:00 बजे राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयंसेवक महाविद्यालय परिसर में एकत्र हुए, तत्पश्चात् प्रातः वंदन के उपरांत 09:30 बजे से मातृ भाषा दिवस समारोह प्रारम्भ हुआ। सर्वप्रथम कविता प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिस में स्वयंसेवकों ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया। इस के बाद चित्र कला प्रतियोगिता का आयोजन हुआ, जिस में स्वयंसेवकों द्वारा हमारी मातृ भाषा के महत्व व उस के भव्य स्वरूप को चित्र के माध्यम से उकेरने का प्रयास किया गया। तदोपरांत स्वयंसेवकों द्वारा भोजन ग्रहण किया गया। भोजनावकाश के उपरांत शिविर के द्वितीय सत्र में दोपहर 02:00 बजे से वाद विवाद प्रतियोगिता एवं गायन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिताओं में स्वयंसेवकों द्वारा अत्यधिक उत्साह का प्रदर्शन किया गया। 03:30 बजे के लगभग समारोह के समापन के उपरांत स्वयंसेवकों को जलपान करा कर आज के दिवस का समापन किया गया। आज होने वाली विभिन्न प्रतियोगिताएं महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ सुनील धवन, राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी डॉ ज्ञानेश कुमार धुरिया, डॉ दीनार फातिमा एवं महाविद्यालय के अन्य शिक्षकों की उपस्थिति में संपन्न हुईं। प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले स्वयंसेवकों को सात दिवसीय विशेष शिविर के समापन के अवसर पर प्रमाण पत्र प्रदान किए जाएंगे।



### अतुल शाक्य ने समर्थकों सहित थामा कांग्रेस का हाथ

**लखनऊ।** कांग्रेस की नीतियों और विचारधारा में आस्था और राहुल गांधी के देश और संविधान की रक्षा के लिए किये जा रहे संघर्ष से प्रेरित होकर मोहनलालगंज के शिक्षाविद अतुल शाक्य ने अपने समर्थकों सहित कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की। प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने श्री शाक्य के गले में कांग्रेस तिरंगा पट्टिका पहना कर और सदस्यता कार्ड देकर पार्टी में शामिल कराया। इस मौके पर मीडिया विभाग के वाइस चेयरमैन मनीष श्रीवास्तव हिंदवी मौजूद थे।

### 28 तक खुला रहेगा पोर्टल

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने व्यापक जनहित के दृष्टिगत वित्तीय वर्ष 2024-25 हेतु प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना (पीएमएमएसवाई) के अन्तर्गत संचालित परियोजनाओं में लाभार्थियों के लिए ऑनलाइन आवेदन हेतु पोर्टल दिनांक 22 फरवरी, 2025 से 28 फरवरी, 2025 की मध्य रात्रि 12:00 बजे तक खोले रखे जाने के सम्बंध में महानिदेशक मत्स्य, उ0प्र0 लखनऊ को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं।

### आर.डी.एस.ओ. द्वारा श्री सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला'जी की जयंती के अवसर पर साहित्यिक संगोष्ठी का आयोजन



**लखनऊ।** आर.डी.एस.ओ. में सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला'जी की जयंती के अवसर पर साहित्यिक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी का आरंभ निराला जी के चित्र पर माल्यार्पण करके किया गया। तत्पश्चात, संगठन के कार्मिकों द्वारा 'निराला' जी के व्यक्तित्व और कृतित्व, 'निराला' जी क्रांति और विद्रोह के कवि के रूप में, 'निराला' जी एक उपन्यासकार के रूप में आदि विषयों पर विचार प्रस्तुत किए गए। साहित्यिक संगोष्ठी के वक्ताओं को राजभाषा अधिकारी द्वारा स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। साथ ही विश्व हिंदी दिवस के अवसर पर दिनांक 10.01.2025 को आयोजित हिंदी स्लोगन प्रतियोगिता के विजेताओं को भी पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम का संचालन विधि अधिकारी एवं पूर्व राजभाषा अधिकारी श्री अखिलेश उपाध्याय द्वारा किया गया।

### जश्ने जैनब का आयोजन आज

**लखनऊ।** आल इंडिया शिया हुसैनी फण्ड की ओर से शनिवार को शिया पी.जी. कॉलेज में जश्ने जैनब आयोजित होगा। शनिवार को रात 8 बजे विक्टोरिया स्ट्रीट स्थित शिया पी.जी. कॉलेज के सईदुल मिल्लत हॉल में तिलावते कलामे पाक से महफिल का आगाज होगा।जश्ने जैनब की महफिल से पहले शुक्रवार को फण्ड की ओर से शिया कॉलेज के गेट पर संस्था का शिविर लगाया गया। संस्था के विक्टोरिया स्ट्रीट स्थित शिया पी.जी. कॉलेजविक्टोरिया स्ट्रीट स्थित शिया पी.जी. कॉलेजशिविर पर मौलाना जहीर अब्बास और संस्था के पदाधिकारियों ने नज़्र दिलाई।

## एन.पी.टी.एल मेंटर्स के लिए हैंड्स-ऑन प्रशिक्षण आयोजित



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय, लखनऊ में स्वयं मेंटर्स के लिए एक विशेष हैंड्स-ऑन प्रशिक्षण कार्यक्रम माननीय कुलपति प्रो. जे. पी. पांडेय की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य शिक्षकों को स्वयं ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के प्रभावी उपयोग हेतु आवश्यक कौशल प्रदान करना था। इस कार्यक्रम की संयोजक डॉ. रुचिता सुजय चौधरी, नोडल अधिकारी, स्वयं रहीं। उन्होंने प्रशिक्षण सत्र का नेतृत्व किया और उपस्थित शिक्षकों को स्वयं प्लेटफॉर्म पर पाठ्यक्रम प्रबंधन, ऑनलाइन शिक्षण तकनीकों और आकलन प्रणाली से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान कीं। साथ ही, उन्होंने मेंटर्स द्वारा छात्र पंजीकरण में आने वाली चुनौतियों का समाधान भी किया, जिससे प्लेटफॉर्म के सुचारू संचालन में मदद मिलेगी। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम कुलसचिव डॉ. महेश कुमार के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। प्रशिक्षण सत्र में विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों के शिक्षकों ने भाग लिया। सत्र के दौरान प्रतिभागियों को ऑनलाइन कोर्स रजिस्ट्रेशन, स्वयं गाइडलाइंस, मेंटर की ज़िम्मेदारियों के बारे में अवगत कराया गया। साथ ही मूल्यांकन पद्धतियों को लागू करने और छात्रों की प्रगति पर निगरानी रखने के तरीकों पर व्यावहारिक अनुभव दिया गया। डॉ. रुचिता सुजय चौधरी ने स्वयं प्लेटफॉर्म की उपयोगिता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह भारत सरकार की एक महत्वपूर्ण पहल है, जो शिक्षकों और विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण ऑनलाइन शिक्षा उपलब्ध कराने में सहायक है। उन्होंने इस प्रशिक्षण के माध्यम से सभी प्रतिभागियों को डिजिटल शिक्षा के प्रति जागरूक और सशक्त बनाने पर जोर दिया। कार्यक्रम के समापन पर प्रतिभागियों ने इस प्रशिक्षण को अत्यंत लाभकारी बताया। विश्वविद्यालय प्रशासन ने भी इस तरह के और प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने की प्रतिबद्धता जताई। इस अवसर पर डॉ काज़िम, डॉ शचींद्र, डॉ नसीब, डॉ आफ़रीन सहित समस्त शिक्षक उपस्थित रहे।

### इस्तकबाले माहे रमज़ान 23 फरवरी को

**लखनऊ।** रमजान का महीना शुरू होने वाला है। इस महीने में जहन्नुम के दरवाजे बंद कर दिए जाते हैं और नेकियों का सवाब बढ़ा दिया जाता है। यह वह पवित्र महीना है जिसमें पवित्र कुरान को संरक्षित पट्टिका से उतारा गया था। रमज़ान के पवित्र महीने के स्वागत की तैयारियाँ रजब के महीने से ही शुरू हो जाती हैं। इस सम्बन्ध में रविवार 23 फरवरी को दोपहर बाद खदरा स्थित मंसूरी समाज के प्रदेश स्तरीय नेता मासूम अली मंसूरी के आवास पर रमजान के मुबारक महीने के स्वागत में जलसा और विशेष नात इजलास का आयोजन किया गया है। इस जलसे में सैफुर्रहमान (नया-ए-सहायक-ए-सम) और मोइनुद्दीन खान (हरदोई) विशेष अतिथि के रूप में भाग लेंगे। जबकि मौलाना अब्दुल्ला अब्बास नदवी और मौलाना दिलावर हुसैन नदवी रमजान महीने की फजीलत बयान करेंगे। कार्यक्रम के संयोजक मासूम अली मंसूरी ने बताया कि इस अवसर पर साहिबे दीवान शायर मिर्जा शारिक लहरपुरी की अध्यक्षता में एक विशेष नात सेशन का भी आयोजन किया गया है, जिसमें शारिक लहरपुरी के अलावा इरफान लखनवी, डॉ. हारून रशीद, यकनी फैजाबादी, कारी हसनैन, मौलाना कमर सीतापुरी, अकील गाजीपुरी एवं अन्य आमंत्रित शायर अपनी कविताएं पेश करेंगे।

## पीएनबी ने खुदरा ऋण पर ब्याज दरों में किया संशोधन

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) ने 10.02.2025 से प्रभावी विभिन्न ऋण उत्पादों पर अपनी ब्याज दरों में संशोधन की घोषणा की है। दरों में यह समायोजन, बदलती बाजार स्थितियों के अनुकूल होते हुए प्रतिस्पर्धी वित्तीय समाधान प्रदान करने की बैंक की प्रतिबद्धता के अनुरूप है। संशोधित दरें होम लोन, कार लोन, शिक्षा और व्यक्तिगत ऋण सहित कई उत्पादों पर लागू होती हैं, जिससे यह सुनिश्चित होता है कि ग्राहकों को विविध वित्तपोषण विकल्प मिलते रहें।

**गृह ऋणः** पीएनबी ने अपने गृह ऋण की ब्याज दरों को संशोधित कर एवं प्रमुख शुल्क माफ करके घर के स्वामित्व को अधिक सुलभ बना दिया है:

पीएनबी डिजी होम लोनः 8.15 प्रतिशत प्रति वर्ष से शुरू होने वाली आकर्षक ब्याज दर के साथ, ग्राहक 5 करोड़ रुपये तक का गृह ऋण डिजिटल रूप से कहीं से भी प्राप्त कर सकते हैं। ईएमआई 744 रुपये प्रति लाख से शुरू होती है, जिससे घर का वित्तपोषण अधिक किफायती हो जाता है। यह योजना शून्य प्रसंस्करण शुल्क और दस्तावेज़ीकरण शुल्क के साथ शून्य पूर्व भुगतान शुल्क प्रदान करती है। ग्राहक https://digihome/pnb. co.in/pnb /hl/ पर लॉग इन करके ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के माध्यम से आसानी से आवेदन कर सकते हैं।

पीएनबी होम लोनः यह पारंपरिक होम लोन योजना 744 रुपये प्रति लाख की ईएमआई के साथ 8.15 प्रतिशत प्रति वर्ष से शुरू होने वाले ब्याज दर की पेशकश करती है। ग्राहक 31 मार्च 2025 तक अग्रिम प्रसंस्करण शुल्क और दस्तावेज़ीकरण शुल्क की पूर्ण छूट का लाभ उठा सकते हैं। इसके अतिरिक्त, उधारकर्ता व्यक्तिगत जरूरतों के लिए 25 लाख रुपये तक का ओवरड्राफ्ट या 1 करोड़ रुपये तक का सावधि ऋण प्राप्त कर सकते हैं। यह ऋण योजना 31 मार्च 2025 तक गृह ऋण टेकओवर के लिए कानूनी और मूल्यांकन शुल्क पर 50 प्रतिशत की छूट भी प्रदान करती है।

पीएनबी जेन-नेक्स्ट होम लोन योजनाः यह योजना विशेष रूप से वेतनभोगी प्रोफेशनल्स जैसे कि आईटी प्रोफेशनल्स, सार्वजनिक क्षेत्र के कर्मचारियों और 40 वर्ष तक की आयु वाले सरकारी कर्मचारियों के लिए डिज़ाइन की गई है। 8.15 प्रतिशत प्रति वर्ष की शुरुआती ब्याज दर वाली यह योजना उधारकर्ताओं को उनकी पात्रता के 1.25 गुना तक ऋण लेने की अनुमति देती है। 30 वर्ष तक की पुनर्भुगतान अवधि के साथ, यह योजना उधारकर्ताओं को वित्तीय फ्लेक्सिबिलिटी प्रदान करती है। 60 महीने तक की मोरेटोरियम पीरियड भी उपलब्ध है। प्रसंस्करण शुल्क और दस्तावेज़ीकरण शुल्क पर पूरी छूट 31 मार्च 2025 तक उपलब्ध है।

### ईसाले सवाब के लिए के लिए मजलिस आज

**लखनऊ।** स्वर्गीय हसन असगर रिजवी और उनकी पत्नी स्वर्गीय अख्तर बानो और स्वर्गीय नाजिम हुसैन तकवी के ईसाले सवाब के लिए के लिए शनिवार को मजलिस होगी। स्वर्गीय हसन असगर के ईसाले सवाब की मजलिस शनिवार को तहसीनगंज स्थित जामा मस्जिद में होगी। बाद नमाजे मगरिबैन होने वाली मजलिस को मौलाना हसनैन बाकरी जौरासी खिताब करेंगे। वहीं स्वर्गीय नाजिम हुसैन तकवी के ईसाले सवाब की मजलिस विक्टोरिया स्ट्रीट के बजाजा स्थित मस्जिद मरहूम अशरफ हुसैन एडवोकेट में शाम 7:30 बजे होगी। मजलिस में काजी मोहम्मद असद मर्सिया पेश करेंगे। वहीं महिलाओं की मजलिस स्वर्गीय के आवास पर शाम 7:30 बजे होगी।

स्वर्गीय जिया काजिम के ईसाले सवाब के लिए मजलिसे चेहलुम रविवार को आयोजित होगी। स्वर्गीय के पुत्र सनी जिया ने बताया कि विक्टोरिया स्ट्रीट के गाजी मण्डी स्थित इमामबाड़ा बारगाह-ए-इमामे रजा में बाद नमाजे मगरिबैन होने वाली मजलिस को नौगावां सादात से आए प्रो. मौलाना काजिम अस्करी नजफी खिताब करेंगे।